नहीं	82	37.3 प्रतिशत
योग	220	100.0

आरेख क्रं. -3



उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाता से सोशल मीडिया के उपयोग से आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानियां आई है, के बारे मे जानने का वर्गीकरण करने पर 220 उत्तरदाताओं में से पर 138 उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि उत्तरदाता से सोशल मीडिया के उपयोग से आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानियां आई है, जिसका 62.7 प्रतिशत है जबकि 82 उत्तरदाताओं ने अस्वीकार किया है जिसका 37.3 प्रतिशत है जो कि सबसे कम है। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं का कहना है कि उत्तरदाता से सोशल मीडिया के उपयोग से आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानियां आती है।

सारिणी क्रं.-4: उत्तरदाता से सोशल मीडिया के उपयोग से आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानियां आई है, के बारे मे जानने का वर्गीकरण

उत्तरदाता	आवृत्ति	प्रतिशत
सिरदर्द	152	69.1 प्रतिशत
आंखों पर चश्मा	32	14.6 प्रतिशत
डिप्रेशन	26	11.8 प्रतिशत
घबराहट	10	4.5 प्रतिशत
योग	220	100.0

आरेख क्रं. -4



उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाता से हां तो किस प्रकार की है, के बारे मे जानने का वर्गीकरण करने पर 220 उत्तरदाताओं में से 152 उत्तरदाताओं के सिर में दर्द होता है जिसका 69.1 प्रतिशत है जो कि सबसे अधिक है जबकि 32 उत्तरदाताओं को आंखों में चश्मा लगा हुआ है जिसका 14.6 प्रतिशत है। उसी प्रकार 26 उत्तरदाताओं को डिप्रेशन जैसी बीमारी है जिसका 11.8 प्रतिशत है जबकि 10 उत्तरदाताओं को घबराहट होती है जिसका 4.5 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं को सिरदर्द की परेशानी होती है।

निष्कर्ष :

1. खरगोन जिले के महाविद्यालयीन अध्ययनरत छात्रों में सोशल मीडिया अर्थात मोबाइल, लेपटॉप आदि के अधिक उपयोग से मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है, जिसमें 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड रहा है जबकि 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया के अधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड रहा है।
2. खरगोन जिले के महाविद्यालयीन अध्ययनरत उत्तरदाता छात्रों में से 75.9 प्रतिशत उत्तरदाता छात्रों के अनुसार सोशल मीडिया के अधिक उपयोग से छात्रों के शैक्षणिक स्तर में भी गिरावट आ रही है जबकि 24.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार सोशल मीडिया के अधिक उपयोग करने के बावजूद छात्रों के शैक्षणिक स्तर में कोई गिरावट नहीं आ रही है।
3. उत्तरदाता छात्रों में से 62.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनके स्वास्थ्य में कई प्रकार की परेशानियां आयी है, जबकि 37.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनके स्वास्थ्य पर किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आयी है।
4. खरगोन जिले के अधिकांश 69.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं को सोशल मीडिया के अधिक उपयोग से सिरदर्द की परेशानी हो रही है। इसके साथ ही साथ 14.6 प्रतिशत लोगों को आंखों में चश्मा भी लग गया है एवं 11.8 प्रतिशत लोग डिप्रेशन जैसी बीमारी से भी ग्रसित हो गये है। इसके अलावा 4.5 प्रतिशत लोगों को घबराहट भी महसूस होती है।

सुझाव :

1. सोशल मीडिया अर्थात मोबाइल, लेपटॉप आदि अधिक उपयोग करने से उससे निकेलने वाली उच्च रेडिऐशन के कारण स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है इसके अलावा आज की युवापीढी मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से पढाई और अन्य गतिविधियों से दूर होते जा रहे है।
2. युवावर्ग से लेकर सभी वर्ग के लोग आजकल सोशल मीडिया के आदि हो गये है, इसमें लोग लंबे समय तक इससे जुडे रहते है, जिससे युवा छात्रवर्ग पर अपनी शिक्षा एवं सामाजिक संबंधों से प्रभावित हो रहे है एवं छोटे से लेकर बडे उम्र तक के लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड रहा है।

अत: इससे बचने के लिये उचित सीमा तक और सावधानीपूर्वक तथा संतुलित तरीके के साथ ही आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिये। जिससे इसके नकारात्मक प्रभाव से बचा जा सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दीपाली आर. मिस्त्री, युवाओं में सोशल नेटवर्किंग और उनके संचार, उनके मतभेद समाधान कौशल, 4 दिसम्बर 2014,
2. गीतांजलि नायडू और सुनील अग्रवाल, सोशल नेटवर्किंग साइट्स का चेन्नई एवं कोयम्बटूर के कॉलेज और छात्रों अन्त: व्यैक्तिक सम्बंधो पर प्रभाव का 2013
3. कोठारी गुलाब, ***'मीडिया और संस्कृति'***, अगस्त 4, 2009, गुलाब कोठारीज ब्लॉग
4. 'मीडिया का जनजीवन पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव':- रामसुमेटप्रत्याशा जैन, सोशल नेटवर्किंग साइट्स का भारत के युवाओं पर प्रभाव 2011
5. शबनम एस. माहत, सोशल नेटवर्किंग साइट्स का युवाओं पर प्रभाव 2014

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उपयोगितावाद की वर्तमान प्रांसगिकता

सीता नुवाल*

* एम.ए. (राजनीति विज्ञान)महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

प्रस्तावना – उपयोगितावाद एक आचार सिद्धांत है, जिसकी मान्यता है कि कोई भी आचरण तभी नैतिक है, जब वह अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख की अभिवृद्धि करता है। जब सामाजिक राजनीतिक निर्माण में उपयोगितावादी नैतिकता का प्रयोग किया जाता है, तो इसका उद्देश्य समग्र रूप से समाज की बेहतरी होता है। उपयोगितावाद सही और गलत का निर्धारण करने के लिए एक तर्क आधारित दृष्टिकोण है।

यद्यपि उपयोगितावाद के निशान प्राचीन यूनानी दर्शन में भी पाए जाते थे, पर जेरेमी बेंथम और जे.एस. मिल द्वारा किए गये योगदान के कारण इसे लोकप्रिय बनाया गया था। इस अवधारणा ने 19वीं सदी के पहले भाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उपयोगितावाद के संदर्भ में उसकी वर्तमान प्रांसगिकता को देखते हुए प्रत्येक सरकार ऐसी नीतियां बनाने के लिए बाध्य है। जो अधिकतम संख्या के लिए अधिकतम लाभ दे सके। जो सरकार कुछ लोगो के लाभ के लिए काम करती है। वह सरकार बिलकुल भी अच्छी सरकार नहीं कहीं जाती है एवं ना हीं वह सरकार ज्यादा समय तक स्थिर रह पाती है। क्यों कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जहां बहुमत द्वारा सरकार बनाई जाती है और अगर सरकार को लंबे समय तक स्थिर रहना है तो उनको बहुमत का हित तो सोचना हि पड़ेगा। और अगर अधिकतम व्यक्ति किसी सरकार की नीतियों से लाभांन्वित होते है। तो वह सरकार अधिकतम समय तक अपना कार्यकाल पूर्ण कर पाती है। और वह सरकार हि न्यायपूर्ण एवं परोपकारी कहलाती है।

भारत में करीब 70प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। यानी भारत की दो तिहाई से ज्यादा आबादी गांवों में हि निवास करती है। और जहां ज्यादा कल्याण की जरूरत है, एवं सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाने पर सर्वाधिक कल्याण होगा एवं अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम हित भी हो जायेगा। जिससे देश के ग्रामीण परिवेश में भी लोगो को लाभ मिलेगा।

राजनीतिक दर्शन में, उपयोगितावाद सरकार के अधिकार एवं व्यक्तिगत अधिकारों की पवित्रता को उनकी उपयोगिता पर आधारित करता है, इस प्रकार प्राकृतिक कानून , प्राकृतिक अधिकार या सामाजिक अनुबंध के सिद्धांत के लिए एक विकल्प प्रदान करता है, इस प्रकार किस तरह की सरकार सबसे अच्छी है, यह सवाल बन जाता है, की किस तरह कि सरकार के सबसे अच्छे परिणाम होते है। इससे यह निष्कर्ष निकलता हैं कि लोकतांत्रिक सरकार के परिणाम दीर्घकालिक एवं सर्वोत्तम होते है। एक ऐसा आकलन जिसके लिए मानव स्वभाव और व्यवहार के बारे में तथ्यात्मक आधार की आवश्यकता होती है। आम तौर पर उपयोगितावादीयों ने इसका समर्थन किया है, लोकतंत्र को सरकार के हित को सामान्य हित के साथ जोड़ने का एक तरीका माना गया है। उन्होंने इस आधार पर दूसरों के लिए समान स्वतंत्रता के साथ संगत अधिकतम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए तर्क दिया है, कि व्यक्ति आम तौर पर अपने कल्याण के लिए सबसे अच्छे न्यायाधिश होते है और उन्होंने शांति पूर्ण राजनीतिक प्रकियाओं के माध्यम से प्रगतिशील सामाजिक परिवर्तन की संभावनाओं और वांछनीयता में विश्वास किया है।

आज व्यवयायिक नैतिकता कि औपचारिक संहिता का होना पहले से कही अधिक महत्वपूर्ण है। किसी व्यवसाय को बढ़ने बढ़ाने के लिए उसे न केवल अपनी निचली रेखा को बढ़ाने की आवश्यकता होती है बल्कि उसें सामाजिक रूप से जिम्मेदार होने की प्रतिष्ठा भी बनानी चाहिएं। जो समाज के लिए उपयोगी है, वह शुभ है, और शुभ वहीं है जो समाज को सुख प्रदान करता है। उपयोगितावाद के सुखवाद के सिंद्धात में बेंथम ने सुखों के केवल मात्रात्मक भेद को माना है, वहीं मिल ने मात्राात्मक के साथ साथ गुणात्मक भेद भी माना है।

नैतिक मापदण्डों के अनुसार देखे तो समानता व स्वतंत्रता को पूर्णतः लागू किया जाना चाहिए। वर्तमान संदर्भ में देखे तो महिलाओं की भूमिका को बहूत हासिये पर रखी गयी। उन्हें पूर्णतः समानता एवं स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है एवं महिलाऐ अभी भी पुरूषों के अधिन है, एवं स्वयं के अधिकारों के लिए लड़ना या आवाज उठाना नहीं जानती है। सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करवा कर महिलाओं को अपने हित एवं कल्याण के लिए जागरूक करके अधिकतम व्यक्तियों को सुख मिलेगा एवं इससे सरकार की प्रासंगिकता और ज्यादा बढ़ेगी।

उपयोगितावादी मानते है, कि वहीं कर्म शुभ है, जो सिर्फ व्यक्ति विशेष के हित में न होकर व्यापक सामाजिक हित के पक्ष में होता है।

उपयोगितावाद का मुख्य संदर्भ लोकतंत्र में माना जाता है, लोकतंत्रों का उदाहरण प्राचीन यूनान और रोम में मिलते है, जहॉ प्रभुसत्ता संपूर्ण जन-समुदाय के हाथों में रहती थी, इसके गुण है, देश-प्रेम, समानता में विश्वास और सर्व-हित के लिए व्यक्तिगत सुख के त्याग की भावना लोगो में निहित होती हैं।

उपयोगितावाद जैसा सिद्धांत कई तरह की शासन पद्धति में प्रांसगिक हो सकता है, प्रथम विश्व के देशों में उपयोगितावाद कई वर्षो से चला आ रहा है। यह सिद्धांत किसी भी शासन पद्धति में भी पाया जा सकता है, बशर्ते

वहां भी अधिकतम लोगो का हित देखा जाता हों। यह किसी एक शासन पद्धति की विशेषता नहीं है, बल्कि अनेक शासन पद्धतियों में प्रांसगिक बनाया जा सकता है।

तृतिय दुनिया के देश एशिया, लैटिन अमेरिका, और कैरिबियन के सभी देश और ओशिनिया के कुछ राज्य और क्षेत्र शामिल है। जो की 20वीं सदी के आखिरी आधे हिस्से में देशों के रूप में वर्गिकृत किये गये है। जो की आर्थिक रूप से अविकसित थे और जिनका प्रमुख विश्व देशो कि शक्तियों से बहूत कम या कोई संबंध नहीं था। इन देशों में उपयोगितावाद धिरे-धिरे अपने पॉव मतबूत कर रहा है। क्यों कि इन देशों में लोगो को स्वतंत्रता, समानता और मताधिकार जैसे अधिकार भी कई वर्षो बाद दिये गये है। पहले ये देश उपनिवेशों के शिकार थे और फिर इनसे आजाद होने के बाद अलग-अलग देशों ने अपने सामाजिक परिपेक्ष्य के अनुरूप शासन पद्धतियॉ अपनाई और लोगो को अधिकार दिये।

उपयोगितावाद का सिद्धांत जीवन के अधिकतम लोगो द्धारा यथासंभव पीड़ामुक्त बनाने पर केंद्रित है। सामान्यत: यह एक प्रशंसा योग्य लक्ष्य की भॉति लगता है। परंतु यदि सभी इस जीवन में अधिकतम सुख की प्राप्ति के लिये ही जीवन का व्यापक दृष्टिकोण संकीर्ण /धुंधला हो जाएगा।

राजनीतिक दायित्व के लिए उपयोगितावादी दृष्टिकोण ने दैवीय अधिकारों, प्राकृतिक अधिकारों और सामाजिक अनुबंध के सिद्धांतों को ध्वस्त कर दिया। इस अवधारणा ने व्यक्ति को राज्य से पहले रखा। यह परोपकारी है, लेकिन अहंकारी नहीं है। वर्तमान में उपयोगितावाद की अवधारणा सभी कानूनों की मूल अवधारणा बन गई है। वास्तव में वर्तमान लोकतांत्रिक सरकार सबसे बड़े सदस्य को सबसे अधिक खुशी के सिद्धांत पर आधारित है, हांलाकि अवधारणा खामियों से मुक्त नहीं है, लेकिन सिद्धांतो के कार्यान्वयन में उन्हें कम किया जा सकता है। सुखवाद एक विचारधारा है जो तर्क देती है, कि सुख की खोज करना और दुख से बचना ही कल्याण का एकमात्र धटक है।

मानव जाति दो संप्रभु स्वामियों के बीच में है, बेंथम के अनुसार प्रकृति ने ही मानव जाति के दो संप्रभु स्वामियों, अर्थात दर्द और खुशी के शासन में रखा है, इसलिए उन्होने कहा कि यह राज्य का कर्त्तव्य है या राज्य व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि वह अपने सुख को अधिकतम करे और दर्द को कम से कम करें। इसके अलावा उनके अनुसार उपयोगिता किसी भी वस्तु में वह गुण है, जिसके द्धारा वह लाभ, फायदा, खुशी, पैदा करती है या शरारत, दर्द बुराई को होने से रोकती है।

सरकार का काम समाज की खुशी को बढ़ावा देना है। अगर कोई गड़बड़ी होती है, तो राज्य के पास दोषियों को दंडित करने का भी पूरा अधिकार है। वर्तमान संदर्भ में देखे तो दण्ड देने के लिये कई तरह के कानून बनाये गये है। जो कि विभिन्न देशों के संविधान के अनुसार अपनी अपनी दंड संहिता के तहत दण्डित किया जाता है। उपयोगितावाद के मुताबिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक फैसलों में समाज की भलाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

उपयोगितावाद के मुताबिक, अगर कोई काम, कानुन या नीति से मानव सुख बढ़ाता है या मानव पीड़ा कम होती है। तो वह नैतिक रूप से अच्छा है। उपयोगितावादी मानते है कि वही कर्म शुभ है जो सिर्फ व्यक्ति विशेष के हित में न होकर व्यापक सामाजिक हित के पक्ष में होता है। यदि यह संभव नहीं तो वह कार्य शुभ है, जो अधिकतम व्यक्तियों को अधिकतम सुख प्रदान करने में सहायक है।

निष्कर्षत-भारत जैसे देश के लिए लोक कल्याणकारी राज्य की धारणा को फलीभूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना है, एवं समाज के निचले स्तर पर स्थित व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार करना है, यह सिद्धांत न केवल भारत बल्कि अन्य विकासशील देशों में भी सदैव उपयोगी साबित होगा।

उपयोगितावाद परिणामवाद का एक संस्करण है, जो कहता है कि किसी भी कार्य के परिणाम ही सही और गलत का एकमात्र मानक है। कोई सरकार अगर लंबे समय तक सत्ता पर काबिज रहती है। तो इसका तात्पर्य यही है कि उसके कार्य और प्रणालियां इतनी अच्छी एवं लाभदायक साबित हुई जिसके परिणामस्वरूप वह सरकार वापस सत्ता में आ पाती है, इसलिए उपयोगितावाद या तो पूरी मानवता या सभी संवेदनशील प्राणियों के हितों को समान रूप से मानता है। उपयोगितावाद को सामाजिक कल्याण अर्थशास्त्र, न्याय के सवालों, वैश्विक गरीबी के के संकट, और मानवता के लिए अस्तित्वगत जोखिमों से बचने के महत्व पर लागू किया गया है। अंतत: वही कर्म शुभ है जो सिर्फ व्यक्ति विशेष के हित में न होकर व्यापक सामाजिक हित के पक्ष में होता है, एवं अधिकतम व्यक्तियों को सुख प्रदान किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उपयोगितावाद- ओ.पी. गाबा
2. www.wikipedia.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का सिंहावलोकन

डॉ. लोकेश कुमार शर्मा*

* एसोशिएट प्रोफेसर, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के एक प्रमुख विचारक, संगठनकर्ता और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनकी विचारधारा 'एकात्म मानववाद' ने भारतीय समाज और राजनीति पर गहरा प्रभाव डाला। उपाध्याय का दृष्टिकोण था कि भारत की विकास यात्रा को पश्चिमी मॉडल के अनुरूप नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उनका 'एकात्म मानववाद' एक ऐसी विचारधारा है जो व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक जीवन के समन्वय की बात करती है। यह विचारधारा भारत के पारंपरिक और आधुनिक तत्वों के बीच एक संतुलन स्थापित करने का प्रयास करती है।

एकात्म मानववाद का सिद्धांत – 'एकात्म मानववाद' का अर्थ है मानव का एकीकृत दृष्टिकोण, जिसमें व्यक्ति, समाज, और प्रकृति का सामंजस्यपूर्ण संबंधा होता है। यह विचारधारा मानव को एक जीवित इकाई के रूप में देखती है, जो अपने सामाजिक, आर्थिक, और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक संतुलित जीवन जीने की कोशिश करता है। उपाध्याय ने इस सिद्धांत के माध्यम से एक ऐसी समाज व्यवस्था की कल्पना की, जिसमें न केवल आर्थिक विकास हो, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास भी हो।

एकात्म मानववाद के चार प्रमुख तत्व हैं

1. **व्यक्ति**: उपाध्याय का मानना था कि व्यक्ति किसी समाज की मूल इकाई है। व्यक्ति का सर्वांगीण विकास, जो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, और आध्यात्मिक स्तर पर होता है, समाज के विकास का आधार होना चाहिए। इस दृष्टिकोण में व्यक्ति का केवल भौतिक विकास नहीं, बल्कि उसकी आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति भी महत्वपूर्ण है।
2. **समाज:** समाज को व्यक्तियों का एक संगठित समूह माना जाता है, जो अपने सदस्यों के व्यक्तिगत और सामूहिक हितों के संरक्षण और उन्नति के लिए काम करता है। उपाध्याय ने समाज को एक 'जीवित इकाई' के रूप में देखा, जिसमें विभिन्न अंगों के बीच एक प्राकृतिक संतुलन होना चाहिए। उन्होंने समाज के प्रत्येक अंग को एक-दूसरे पर निर्भर और सह-अस्तित्व में मान्यता दी।
3. **राष्ट्र:** उपाध्याय का मानना था कि राष्ट्र केवल भूगोल और राजनीति की एक इकाई नहीं है, बल्कि यह एक जीवित इकाई है, जिसमें एक विशेष सांस्कृतिक, धार्मिक, और ऐतिहासिक अनुभवों का समावेश होता है। उनका मानना था कि भारत का राष्ट्रवाद उसकी सांस्कृतिक एकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। एकात्म मानववाद के अनुसार, राष्ट्र के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और विकास के सभी प्रयासों को राष्ट्र की सेवा में लगाया जाना चाहिए।
4. **धर्म:** उपाध्याय ने धर्म को व्यक्ति और समाज की आत्मा के रूप में देखा। उनके अनुसार, धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक मार्गदर्शक सिद्धांत है, जो व्यक्ति के कार्यों, विचारों और व्यवहारों को नियंत्रित करता है। धर्म के इस व्यापक दृष्टिकोण में नैतिकता, सत्य, और न्याय का महत्व होता है। उन्होंने कहा कि धर्म के बिना कोई भी समाज या राष्ट्र अपनी दिशा और उद्देश्य को खो देता है।

पश्चिमी विचारधारा के प्रति उपाध्याय की आलोचना – दीनदयाल उपाध्याय ने पश्चिमी विचारधाराओं की तीखी आलोचना की, विशेष रूप से व्यक्तिवाद और साम्यवाद के संदर्भ में। उनका मानना था कि पश्चिमी विचारधाराओं ने मानव जीवन के केवल भौतिक पहलुओं पर जोर दिया और आध्यात्मिक और नैतिक तत्वों की उपेक्षा की।

1. **व्यक्तिवाद की आलोचना:** उपाध्याय के अनुसार, व्यक्तिवाद ने समाज के सामूहिक हितों की उपेक्षा की और इसे स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा के आधार पर संचालित किया। इस दृष्टिकोण में व्यक्ति की स्वतंत्रता को इतना अधिक महत्व दिया गया कि इससे समाज में असमानता और असंतोष बढ़ा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिवाद ने समाज को विभाजित किया और इसका संतुलन बिगाड़ा।
2. **साम्यवाद की आलोचना:** साम्यवाद के बारे में उपाध्याय का कहना था कि इस विचारधारा ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अधिकारों का दमन किया और राज्य को सर्वोच्च सत्ता बना दिया। उन्होंने साम्यवाद को मानव स्वाभाविकता के खिलाफ बताया, क्योंकि यह विचारधारा केवल आर्थिक समानता पर ध्यान केंद्रित करती है और आध्यात्मिक और नैतिक विकास की उपेक्षा करती है।

उपाध्याय का मानना था कि इन दोनों विचारधाराओं ने मानवता को उसके वास्तविक उद्देश्य से भटका दिया और उसे केवल भौतिक संपन्नता की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद इन पश्चिमी विचारधाराओं का एक सशक्त विकल्प है, जो मानव जीवन के सभी पहलुओं को संतुलित करता है और व्यक्ति, समाज, और राष्ट्र के बीच एक संतुलन स्थापित करता है।

आर्थिक दृष्टिकोण – दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का आर्थिक दृष्टिकोण भी अद्वितीय था। उनका मानना था कि आर्थिक विकास का उद्देश्य केवल भौतिक समृद्धि नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए।

1. **स्वदेशी:** उपाध्याय ने 'स्वदेशी' की अवधारणा को महत्वपूर्ण स्थान दिया। उनका मानना था कि भारत जैसे देश के लिए आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण है। स्वदेशी के माध्यम से उन्होंने यह सुझाव दिया कि भारत को अपने आर्थिक विकास के लिए अपने संसाधनों, उद्योगों और कृषि पर निर्भर रहना चाहिए। उन्होंने विदेशी आयात और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रभाव के खिलाफ आवाज उठाई और कहा कि स्वदेशी के माध्यम से ही भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सकता है।

2. **न्यायमूलक अर्थव्यवस्था:** उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास की नीतियाँ ऐसी होनी चाहिए, जो समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को लाभान्वित करें। उनका दृष्टिकोण था कि समाज में किसी भी प्रकार की असमानता और शोषण को समाप्त किया जाना चाहिए।

3. **धर्म और अर्थ:** उपाध्याय ने धर्म और अर्थ (आर्थिक जीवन) के बीच एक समन्वय की बात की। उनका मानना था कि आर्थिक जीवन को धर्म के मार्गदर्शन में संचालित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म का पालन करते हुए व्यक्ति को अपने आर्थिक गतिविधियों का संचालन करना चाहिए, जिससे वह न केवल व्यक्तिगत लाभ कमा सके, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी उपयोगी हो सके।

राजनीतिक दृष्टिकोण – दीनदयाल उपाध्याय का राजनीतिक दृष्टिकोण भारतीय राजनीतिक परंपराओं और मूल्यों पर आधारित था। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति को विदेशी मॉडल्स पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुरूप विकसित किया जाना चाहिए।

1. **राज्य और धर्म:** उपाध्याय का मानना था कि राज्य को धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि राज्य धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करे। उन्होंने धर्म को राजनीति से अलग नहीं माना, बल्कि कहा कि धर्म राजनीति का मार्गदर्शन कर सकता है। धर्म का पालन करने वाले राज्य को न्याय, सत्य, और नैतिकता के सिद्धांतों पर चलना चाहिए।

2. **राज्य की भूमिका:** उपाध्याय का मानना था कि राज्य का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सेवा करना और उनके जीवन की गुणवत्ता को सुधारना होना चाहिए। उन्होंने राज्य को एक 'सेवक' के रूप में देखा, जो नागरिकों की भलाई के लिए काम करता है। उनका मानना था कि राज्य को न तो अत्यधिक केंद्रीकृत होना चाहिए और न ही अत्यधिक विकेंद्रित। इसके बजाय, उन्होंने एक संतुलित और सेवा-प्रधान राज्य की वकालत की।

3. **ग्राम स्वराज:** उपाध्याय का मानना था कि भारत की राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था का आधार ग्राम होना चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सिद्धांत का समर्थन किया और कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने से ही देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वराज के माध्यम से ही भारतीय समाज के सभी वर्गों का समन्वय और विकास हो सकता है।

भारतीय संस्कृति के महत्व की वकालत – दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को मानवता की महान धारोहर माना, जो सहिष्णुता, सह-अस्तित्व, और सार्वभौमिक भाईचारे की भावना पर आधारित है। उनका मानना था कि भारतीय संस्कृति में निहित मूल्य किसी भी विदेशी विचारधारा से कहीं अधिक श्रेष्ठ और व्यापक हैं।

उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति को केवल धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन-दर्शन के रूप में देखा। उनके अनुसार, भारतीय संस्कृति का उद्देश्य व्यक्ति और समाज के सभी स्तरों पर संतुलन और समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने भारतीय समाज की विविधता को स्वीकार करते हुए कहा कि इस विविधता में ही एकता की भावना छिपी हुई है।

1. **धर्म और संस्कृति का समन्वय:** उपाध्याय का मानना था कि धर्म और संस्कृति एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। भारतीय संस्कृति की मूलभूत अवधारणाएँ धर्म से उत्पन्न हुई हैं, जो जीवन के हर पहलू में समाहित हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में धर्म का मतलब केवल धार्मिक अनुष्ठान या पूजा नहीं है, बल्कि यह जीवन की नैतिक और आध्यात्मिक दिशा को निर्धारित करता है।

2. **संस्कृति का संरक्षण:** उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण और पुनरुद्धार की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका मानना था कि आधुनिकता और पश्चिमीकरण के प्रभाव के कारण भारतीय समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दूर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखना चाहिए और उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना चाहिए।

3. **समन्वित जीवन का विचार:** एकात्म मानववाद का मुख्य उद्देश्य एक समन्वित जीवन की स्थापना करना है, जिसमें व्यक्ति, समाज, और राष्ट्र के बीच संतुलन हो। उपाध्याय ने इस समन्वय को भारतीय संस्कृति की विशेषता के रूप में देखा। उनके अनुसार, भारतीय संस्कृति में जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और समन्वय की भावना निहित है, जो व्यक्ति को एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है।

आधुनिक संदर्भ में एकात्म मानववाद – दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांतों का आधुनिक समय में भी विशेष महत्व है। यह विचारधारा केवल एक ऐतिहासिक या सांस्कृतिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आज के समय में भी प्रासंगिक है, जब समाज विभिन्न चुनौतियों और परिवर्तनों का सामना कर रहा है।

1. **सामाजिक और आर्थिक न्याय:** एकात्म मानववाद के सिद्धांत आधुनिक समाज में सामाजिक और आर्थिक न्याय की स्थापना में सहायक हो सकते हैं। उपाध्याय का मानना था कि समाज के सभी वर्गों को विकास के लाभों का समान रूप से लाभ मिलना चाहिए। आज के समय में, जब असमानता और गरीबी जैसी समस्याएँ व्याप्त हैं, एकात्म मानववाद का दृष्टिकोण एक ऐसा मार्ग दिखा सकता है, जिससे इन चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

2. **पर्यावरण और सतत विकास:** उपाध्याय के विचारों में प्रकृति और मानव के बीच एक संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। आधुनिक समय में, जब पर्यावरणीय संकट बढ़ रहे हैं, एकात्म मानववाद का दृष्टिकोण सतत विकास की दिशा में मार्गदर्शन कर सकता है। यह दृष्टिकोण विकास के उन मॉडलों को प्रोत्साहित करता है, जो पर्यावरण की सुरक्षा और संतुलन को बनाए रखते हुए समाज की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

3. भारतीयता और वैश्वीकरण: एकात्म मानववाद भारतीयता के सिद्धांतों पर आधारित है, लेकिन यह वैश्विक संदर्भ में भी अपनी प्रासंगिकता रखता है। उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और मूल्य को वैश्विक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना। उनका मानना था कि भारतीय संस्कृति का संदेश केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्व मानवता के लिए भी उपयोगी है। आधुनिक समय में, जब वैश्वीकरण के चलते सांस्कृतिक एकरूपता का खतरा है, एकात्म मानववाद भारतीय पहचान को संरक्षित करने में सहायक हो सकता है।

4. मानवता का एकीकृत दृष्टिकोण: एकात्म मानववाद का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है मानवता का एकीकृत दृष्टिकोण। यह विचारधारा बताती है कि व्यक्ति का विकास समाज और राष्ट्र के विकास के साथ जुड़ा हुआ है। उपाध्याय का मानना था कि जब तक समाज और राष्ट्र के हितों को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक व्यक्ति का वास्तविक विकास संभव नहीं है। यह दृष्टिकोण आज के समय में भी प्रासंगिक है, जब व्यक्तिगत स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा के चलते सामाजिक समरसता में कमी आ रही है।

निष्कर्ष – दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' भारतीय समाज और राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण विचारधारा है, जिसने समाज के समग्र विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। यह विचारधारा केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं पर आधारित नहीं है, बल्कि यह आधुनिक समय की चुनौतियों और आवश्यकताओं का भी समाधान प्रदान करती है। एकात्म मानववाद का मुख्य उद्देश्य मानवता के हर पहलू में संतुलन और समन्वय स्थापित करना है। यह विचारधारा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के बीच के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करती है और उन्हें एक–दूसरे के पूरक के रूप में देखती है।

आज के समय में, जब समाज विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, एकात्म मानववाद का दृष्टिकोण एक सशक्त समाधान प्रस्तुत करता है। यह न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि वैश्विक मानवता के लिए भी एक मार्गदर्शक सिद्धांत हो सकता है।

दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद एक ऐसा विचार है, जो व्यक्ति और समाज के बीच के संबंधों को संतुलित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह विचारधारा हमें यह सिखाती है कि कैसे एक सशक्त और संतुलित समाज की स्थापना की जा सकती है, जो न केवल भौतिक समृद्धि पर आधारित हो, बल्कि नैतिकता, आध्यात्मिकता और सामाजिक न्याय पर भी केंद्रित हो।

इस प्रकार, एकात्म मानववाद न केवल उपाध्याय के समय में, बल्कि आज के समाज में भी अत्यधिक प्रासंगिक है। यह हमें एक ऐसा मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो मानवता के समग्र विकास और समाज के समन्वित प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Upadhyay, D. (1965). Ekatma Manavavad [Integral Humanism]. Bharatiya Jana Sangh Publications.
2. Sharma, R. (2013). Integral Humanism: Philosophy of Deendayal Upadhyay. Macmillan Publishers India.
3. Goel, B. (1992). Deendayal Upadhyay: A Life Dedicated to Nation and Culture. Prabhat Prakashan.
4. Rao, V. (2005). The Political Philosophy of Deendayal Upadhyay: A Critical Analysis. SAGE Publications.
5. Tiwari, S. (2002). Deendayal Upadhyay: Vichar Evam Darshan [Thought and Philosophy]. Rajkamal Prakashan.
6. Kaur, M. (2017). Indian Political Thought: Themes and Thinkers. Pearson Education India.
7. Jaffrelot, C. (1996). The Hindu Nationalist Movement and Indian Politics: 1925 to the 1990s. Penguin Books.
8. Bhatt, S. C. (2001). Indian Political Thinkers: Modern Indian Political Thought. Indus Publishing Company.
9. Pandey, R. K. (2018). Philosophy of Integral Humanism and its Contemporary Relevance. Concept Publishing Company.
10. Das, G. (2010). India Unbound: The Social and Economic Revolution from Independence to the Global Information Age. Anchor Books.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

चाइल्ड-फ्री-बाय-चॉइस अवधारणा एवं आधुनिक भारतीय परिवार-एक सिंहावलोकन

डॉ. कलिका डोलस*

* प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत

शब्द कुंजी – भारतीय परिवार, आधुनिकता,चाइल्ड, बायचॉइस।

प्रस्तावना – आधुनिक भारतीय परिवारों की संरचना अत्यंत तेजी से परिवर्तित हो रही है। ये परिवार सामान्यत: आधुनिक पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित है एवं स्वयं को तथाकथित आधुनिक कहलाना पसंद करते है। भारतीय परम्परागत सांस्कृतिक मूल्यों एवं इन परिवारों में एक अजीब सा विभेद हर क्षेत्र में देखने को मिलता है।

भारतीय संस्कृति में मानव की औसत आयु 100 वर्ष मानकर मानव जीवन को सोद्देश्य बिताने के लिए चार आश्रम की व्यवस्था की गई थी – ब्रम्हचर्य, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम एवं सन्यास आश्रम –

ब्रम्हाचर्य – 25 वर्ष की आयु तक – विद्या अर्जन का समय
गृहस्थाश्रम – 25 से 50 वर्ष तक – परिवार निर्माण एवं संतानोत्पत्ति
वानप्रस्थाश्रम – 50 से 75 वर्ष – पारिवारिक जिम्मेदारियो से मुक्ति का समय
सन्याश्रम – 75 से 100 वर्ष – सांसारिक माया से निवृत्ति, वनगमन एवं प्रभुस्मरण में जीवन व्यतीत करने का समय

मानव जीवन की संपूर्णता के लिये सभी चारों आश्रम महत्वपूर्ण है। यहॉ केवल गृहस्थ आश्रम की चर्चा करेंगे क्योंकि हमारे शीर्षक का संबंध इसी आश्रम से है। जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया गया है कि गृहस्थाश्रम का मुख्य प्रयोजन परिवार बनाना एवं संतानोत्पत्ति मात्र था जिससे परिवार एवं देश को आगे बढ़ाया जा सके। यही आयु युवावस्था कहलाती है एवं युवावस्था ही संतानोत्पत्ति के लिए आदर्श अवस्था है इस आयु में जन्में बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होते है। इस आयु के पूर्व अथवा बाद में जन्में बच्चे किसी प्रकार विकृति के साथ जन्म ले सकते है 20-21 वर्ष आयु के पूर्व लड़की स्वयं ही अपरिपक्व होती है अत: इस आयु में यदि वह संतान को जन्म देती है तो वह किसी विकार का शिकार हो सकती है एवं इसी प्रकार 50 वर्ष के बाद यदि महिला किसी बच्चे को जन्म देती है तो वह भी किसी विकृति के साथ जन्म ले सकता है अत: संतानोत्पत्ति की सही एवं आदर्श आयु 25 से 50 वर्ष तक योग्य है।

भारत में इसी आयु में विवाह हो जाते थे एवं प्राचीन समय में हर परिवार में 10 से 15 बच्चे तक होते थे परंतु जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता को देखते हुए बच्चों की संख्या कम हो गई एवं विगत 50-60 के दशक में हर परिवार में 5-6 संताने हो गई। इस समय तक परिवार की महिलाऍं घर में रहती थी वें कामकाज के सिलसिले में बाहर नही जाती थी परंतु कालान्तर में महिला शिक्षा के प्रति जागरूकता को देखते हुए महिला काफी पढ़ी लिखी होने लगी। साथ ही बढ़ती हुई मंहगाई एवं महिला शिक्षा के उन्नत स्तर के कारण परिवार की महिलाओं ने रोजगार के क्षेत्र में कदम रखा, यहॉ से आधुनिक परिवार की महिलाओं ने नौकरी करना प्रारंभ किया परिणाम स्वरूप जीवनशैली बदली एवं बच्चों की संख्या भी। उस पर से एकल परिवार ने समस्या को और बढ़ा दिया। बच्चों की देखभाल की समस्या खड़ी हुई अत: बच्चों की संख्या सिमटकर 2 पर आ गई। 'हम दो हमारे दो' का नारा दिया गया। लगभग 90 के दशक तक यही कल्चर आधुनिक परिवारों में देखने को मिला। सन् 2000 से इस कल्चर में और परिवर्तन आया। अब दोनो पति पत्नि कामकाजी हो गए, परिवार एकल हो गए, काम के घंटे बढ़ गए, इन सबकी गाज गिरी परिवार में बच्चों की संख्या पर कि उन्हें कौन देखेगा अत: बच्चों की संख्या सिमटकर एक हो गई है।

अब वर्तमान में इससे भी आगे बढ़कर एक नई अवधारणा ने जन्म लिया है जिसे चाइल्ड फ्री नाम दिया गया, जिसमें लड़का-लड़की विवाह तो करते है परंतु वे पहले ही तय कर लेते है (परिस्थितियों को देखते हुए) कि वे बच्चे को जन्म नहीं देंगे। और चाइल्ड फ्री-बाय-चॉइस आंदोलन ने जन्म लिया।

अब सवाल उठता है कि यह आंदोलन क्या है एवं इसके क्या सुपरिणाम अथवा दुष्परिणाम है।

चाइल्ड फ्री बाय च्वाइस – वर्तमान में प्रचलित यह एक ऐसा टर्म है जो उन लोगों को परिभाषित करने के लिए उपयोग की जाती है जो बच्चों को जन्म देना नही चाहते है इसमें वे लोग भी आते है जो बच्चों को जन्म देने में असमर्थ है अथवा क्षमता होने के बाद भी जन्म नहीं देना चाहते।

इस अवधारणा ने अमेरिका में जन्म लिया। परंतु शनै: शनै यह विचारधारा पूरे विश्व के युवाओं में बहुत तेजी से बढ़ रही है। 1970 के दशक में अमेरिका में यह प्रारंभ हुआ परंतु आज भी यह आंदोलन गति पकड़ रहा है जिसके कारको एवं परिणामों से हमें अवगत होना है। मेनेजमेंट गुरू श्री एन.रघुराजन ने अपने एक लेख के माध्यम से लिखा है 'हालांकि हर दशक में हमेशा ही कुछ लोग ऐसे रहे है जिन्होंने माता-पिता बनने की जिम्मेदारी यानी पैरेंटहुड से बाहर रहने का विकल्प चुना, लेकिन लग रहा है कि 1970 के दशक के 'चाइल्ड-फ्री-बाय-चॉइस' आंदोलन की अब दूसरी सबसे बड़ी लहर आ रही है और यह न केवल अमेरिका में हो रहा है, जहॉं से आंदोलन शुरू हुआ था, बल्कि वहां रहने वाले युवा भारतीय जोड़ो के बीच और उन लोगों में भी हो रहा है, जो उच्च शिक्षित है, या जिन्होंने पश्चिमी सभ्यता में कुछ साल बिताए है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि कम शिक्षित अमेरिकियों के उच्च शिक्षित अमेरिकियों की तुलना में ज्यादा बच्चे होने की संभावना थी। आंकड़े बताते हैं कि धनी अमेरिकी अपना पहला

बच्चा बहुत बाद में करते हैं। और जो लोग इन दोनों सवालों का जवाब स्पष्ट 'ना' में देते हैं, वे पैरेंटहुड से बाहर आना ही बेहतर समझते हैं। और सवाल ये हैं- 1. क्या हम रिश्तों में उतना ही समय दे पाएंगे जितना हम पहले देते थे। 2. और हमारा बच्चा होगा, तो क्या हम तब भी उसी शहर में आराम से रह सकेंगे, जिससे हम प्यार करते हैं और रिटायरमेंट व यात्रा के लिए पर्याप्त पैसा बचा पाएंगे?

संक्षेप में, यही वो हिसाब-किताब है, जो अमेरिका में अधिकांश युवा जोड़ों के दिमाग में चल रहा है, जो कि 35-40 साल की उम्र में पहुंचने से पहले अपनी सालाना आमदनी का कम से कम पांच गुना बचाना चाहते हैं। इस हिसाब-किताब का सीधा नतीजा ये हुआ कि 2012 की तुलना में 2022 में अमेरिका में ढाई लाख से थोड़े से ज्यादा बच्चे कम जन्मे। और ये आर्थिक रूप से बुद्धिमान जोड़े युवाओं की बढ़ती आबादी का हिस्सा हैं और पैरेंटहुड से बाहर निकल रहे हैं और जो खुद को अपनी पसंद से चाइल्ड फ्री माता-पिता के रूप में बताते हैं। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूज़ॉम ने यह कहते हुए प्रजनन दर में गिरावट को राज्य के बजट में संरचनात्मक जोखिम के रूप में प्रकाश डाला कि आने वाले वर्षों में इसके सामाजिक और श्रम बल दोनों नतीजे हो सकते हैं। गिरती जन्म दर का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ा है, जिससे ताइवान जैसे देश को बच्चों के पालन-पोषण संबंधी पहल में 3 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं और कई देश बेबी-बोनस देने की भी तैयारी कर रहे हैं। इस डर को यह कहकर खारिज न करें कि भारत इस समस्या का सामना कभी नहीं करेगा। ज्यों-ज्यों ज्यादा पढ़े-लिखे बच्चे अवसरों की तलाश में विकसित देशों में बसने की कोशिश कर रहे हैं, जन्मदर भी उनकी क्लास के हिसाब से शिफ्ट होगी- मेरा मतलब है कि अमीर, मध्यवर्ग और गरीब वर्ग खासकर अगर महामारी के बाद आर्थिक रूप से स्टेबल नवविवाहितों की मानसिकता को देखें तो।

विदेश में बसी पीढ़ी, पिछली पीढ़ी द्वारा बनाई संपत्ति-जमीन की तुलना में हाथ में नकदी के बारे में ज्यादा चिंतित है और माता-पिता के बाद अपने नाम पर ट्रांसफर कराने का इंतजार भी नहीं कर रही है। विचित्र कारणों से उन्हें अचल संपत्ति में दिक्कत दिखती है। कई उत्तर भारतीय राज्यों में लोग जमीन-संपत्ति बेचकर बच्चों के साथ स्थाई रूप से कनाडा या अमेरिका में बस रहे हैं। जैसे कुछ फिल्में वक्त से आगे होती हैं, ये जानकारी भी वैसी ही है क्योंकि आकड़े चौकाने वाले नहीं है। पर अगर इस उठा-पटक को नजरअंदाज किया तो जितना भी पैसा इकट्ठा कर लें, इसका उस पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

यू.के. जनरेशन एंड जेंडर सर्वे के अनुसार यू.के. में 18-59 वर्ष की आयु के 7000 लोगों पर किए सर्वेक्षण में पाया कि पिछले एक दशक से ब्रिटेन में जन्म दर में गिरावट आ रही है उन्होंने यह भी पाया कि -

1. जनरेशन जेड (18 से 25 वर्ष की आयु) के 15 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वे निश्चित रूप से संतान पैदा करने का इरादा नही रखते इसकी तुलना 200 से 2000 में इसी आयु वर्ग में यह प्रतिशत 10-15 था। निश्चित ही इस सोच में वृद्धि हो रही है।
2. इसी प्रकार वृद्ध मिलोनियलस (35 से 41 वर्ष) में से भी लगभग एक तिहाई का कहना है कि वे निश्चित रूप से संतान को जन्म देना नही चाहते।

चाइल्ड फ्री रहने के कारण - समाज में तेजी से बढ़ते यह बदलाव अभी माइक्रो लेवल पर है परंतु यदि तुरंत इस सोच एवं प्रवृत्ति पर विचार विमर्श नही किया गया तो दुष्परिणाम हो सकते है।

1. अत्यधिक जनसंख्या या जनसंख्या में कमी लाने के लिए
2. पर्यावरण की स्थिति को देखते हुए
3. समयाभाव
4. युद्ध की विभीषिका
5. अभिभावकों का कामकाजी होना
6. अत्यधिक मंहगाई का होना
7. व्यक्तिगत स्वतंत्रता को महत्व देना
8. जिम्मेदारियों से बचना
9. लाइफ एनजॉय करना
10. अनेक लड़कियों में टोकोफोबिया (गर्भावस्था) का डर है
11. सपनों अथवा महत्वाकांशा में बाधक
12. वित्तीय मुद्दे
13. स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे
14. जन्म विरोधी धारणा (यह विश्वास की मानव जीवन कष्टों से भरा है और बच्चों को दुनिया में लाना इसमें वृद्धि करना है।)

पिछले कुछ वर्षो में चाइल्ड फ्री या संतानहीनता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण से भी काफी बदलाव आया है। प्राचीन समय में यदि किसी महिला, पुरूष या विवाहित दंपति को संतान नही हुई तो समाज उन्हें अच्छी नजर से नही देखता था तथा बिना सोचे समझे यह निष्कर्ष निकाल लिया जाता था कि इस दंपति में कोई कमी है। अर्थात यह माना जाता था कि विवाह का मतलब मातृत्व है। श्रीपर्णा कहते है कि 'समाज में ऐसे लोग अधिक है जो विवाह को प्रजनन संस्था के रूप में देखते है।'

परंतु अब समाज के दृष्टिकोण में थोड़ा ही सही परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस संदर्भ में लेखिका अंबरदार कहती है कि समाज में यह विचारधारा भी देखने को मिल रही है कि 'बच्चे पैदा करने की इच्छा का अभाव किसी दोष का संकेत नही है। यह पूरी तरह से सामान्य है कि कुछ लोग पुरूष और महिला दोनो अपने जीवनकाल में बच्चे नहीं चाहते। मै उन सभी लोगों को विनम्रतापूर्वक सलाह देना चाहुँगा जो बच्चे न चाहने के कारण अपराधबोध या शर्म महसूस करते है वे अपने दिल की सुने और अपने आंतरिक अंर्तज्ञान को सुने' हो सकता है आपके मन में अपने जीवन के लिए और कोई दृष्टिकोण हो अपनी इच्छाओं का पालन न करना अपने आपके साथ अन्याय होगा।

उपसंहार -हांलाकि इस विकल्प को आज भी समाज में अपरम्परागत माना जाता है परंतु यह बदलाव अभी बड़ी मात्रा में आधुनिक भारतीय परिवारों में देखा जाने लगा है एवं पीढ़ियों के बीच कलह या विवाद का यह एक बड़ा कारण है। नवदंपति संतान नही चाहते है एवं पिछली पीढ़ी (दादा-दादी, नाना-नानी) संतान चाहते है। एवं इस हेतु अपने बच्चों पर दबाव बनाते है जिससे कलहपूर्ण स्थिति निर्मित होती है। उनके दृष्टिकोण को न समझते हुए माता पिता कहते है कि ये सारी समस्याएॅ हमने भी झेली है लेकिन क्या हमने तुम्हें जनम नही दिया, कौन सी कमी रखी तुम्हें पालने में। जन्म होगा तो बच्चा कैसे भी करके पल ही जाएगा आदि आदि। फंडा यह है कि माता-पिता बनने से बचना अभी आसान लग सकता है, पर इसकी गारंटी नहीं कि यह व्यक्तिगत जीवन में नई समस्याओं की तरफ नही ले जाएगा, चाहे अकेलापन हो या दुनियाभर में बढ़ रहा कामगारों का संकट। अत: इस मुद्दे पर चिंतन करने की महती आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अहा जिंदगी - अप्रैल 2020.
2. इंडिया टुडे सेप्टेम्बर 2019.
3. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन

डॉ. अशोक कुमार*

* सहायक प्राध्यापक, पैरामाउंट इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, टटीरी, बागपत (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी के युग में मूल्य संकट हमारे सामने एक चुनौती के रूप में खड़ा है। मानव जीवन में मूल्यों का विशिष्ट महत्व है, जो उसके व्यक्तित्व, उपलब्धि, रूचि, अभिव्यक्ति आदि को प्रभावित करते हैं। उन्हीं के अनुरूप वह अपने व्यवहार को प्रस्तुत करता है। कुछ व्यक्तिगत मूल्य होते हैं, जिनका जन्म अनुभव के साथ–साथ होता है क्योंकि अनुभव के आधार पर ही कुछ सामान्य सिद्धांतों का निर्माणा करता है, जो धीरे–धीरे जीवन दर्शन का रूप ले लेते हैं।

शिक्षकों में मूल्य उनके व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण पहलू तथा जीवन के पथ प्रदर्शक होते हैं प्रत्येक मानव जीवन में कुछ ना कुछ अनुभव प्राप्त करता है यह अनुभव समय की गति के साथ–साथ बढ़ते जाते हैं इन्हीं अनुभवों में से सिद्धांत जन्म लेते हैं जो मानव व्यवहार को निर्देशित करते हैं जिन शाश्वत मूल्यों में व्यक्ति का जीवन परमसुख कर और आनंदमई हो सकता है वह व्यक्ति स्वता ही प्राप्त कर सकता है और उसके ज्ञान बोध और प्रतिबद्धता में निहित होता है व्यक्ति अपने अपने उत्कर्ष के लिए स्वयं उत्तरदाई होता है और यह संभावना भी उसमें निहित होती है समस्त शैक्षिक प्रयास इसी सत्यता की प्राप्ति की ओर अग्रसर होते हैं आदर्श मानव की संकल्पना मूल्यों के साथ जुड़ी होती है मूल्यों का स्वरूप अंतिम रूप से गत्यात्मक ताकि अवधारणा को जन्म देता है जिस के अनुरूप मानव जीवन को अनुवादित करना जीवन का लक्ष्य हो जाता है।

हमारे अध्यापक जितने मूल्यवान होंगें, ठीक वैसे ही मूल्यवान हमारे बालक अर्थात् विद्यार्थी होंगें। मनुष्य के जीवन में मूल्य एक ऐसी आचार संहिता है अथवा सद्गुणों का समूह है, जिसे अपनाकर व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकता है।

भारतीय धर्म ग्रन्थों में मूल्यों के लिये यशील शब्द अनेक स्थानों पर प्रयुक्त हुआ है। यह शब्द मूल्य का पर्याय नहीं वरन् समीपी शब्द है। शील 'सर्वत्रभूषणं' का कार्य करता है। कहीं–कहीं शील शब्द चरित्र के लिये प्रयुक्त हुआ है। मूल्य मानव अस्तित्व में किसी महत्वपूर्ण वस्तुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। मूल्य जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। अत: शिक्षकों में मूल्यों का होना अति आवश्यक है। मूल्य मानव अस्तित्व में किसी महत्वपूर्ण वस्तुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। मनुष्य जीवन पर्यन्त सीखता जाता है तथा परिपक्व होता है। वह ऐसे अनुबन्ध प्राप्त करता है, जो उसके व्यवहार को निर्देशित करते हैं। ये निर्देशक जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। उन्हें मूल्य कहा जा सकता है।

अध्यापक के हाथों में बच्चों का भविष्य छिपा होता है। वह जैसे चाहे, बच्चों को बना सकता है क्योंकि अध्यापक ही बालकों से प्रत्यक्ष सम्बन्ध रखता है। अत: अध्यापक को प्रभावशाली होना चाहिए। अध्यापक की प्रभावशीलता का प्रभाव बच्चों पर प्रत्यक्ष व परोक्ष दोनों रूपों में पड़ता है। एक बालक के सर्वांगीण विकास में अध्यापक की अहम् भूमिका होती है।

एक अध्यापक की प्रभावशीलता उसके अकादमिक ज्ञान एवं व्यवसायिक ज्ञान पर भी निर्भर करती है। अध्यापक स्वयं को आदर्श रूप में प्रस्तुत कर सकता है। एक बालक के सर्वांगीण विकास में अध्यापक द्वारा दी गई प्रेरणा और दण्ड का बहुत बड़ा योगदान होता है। अभिप्रेरणा बालक को बहुत ज्यादा प्रभावित करती है। एक बालक विद्यालय में सबसे ज्यादा अध्यापक के सम्पर्क में रहता है और सबसे ज्यादा अध्यापक से ही प्रभावित होता है। अत: शिक्षक प्रभावशीलता का बालक पर गहरा असर ;प्रभावद्ध पड़ता है। अध्यापक के हाव–भाव–परिणामों का पृष्ठपोषण एवं उसका किसी के प्रति दृष्टिकोण विद्यार्थी को अधिक प्रभावित करता है। अध्यापक की प्रभावशीलता में उसके व्यक्तिगत गुण भी शामिल हैं। साथ ही साथ पाठ योजना की तैयारी, प्रस्तुतीकरण एवं कक्षा–कक्ष प्रबन्धन भी अध्यापक की प्रभावशीलता है।

शिक्षक प्रभावशीलता एक स्कूल प्रणाली शिक्षा नीति पहल है जो छात्र सीखने में सुधार के संदर्भ में एक शिक्षक के प्रदर्शन की गुणवत्ता को मापती है । यह कई तरह के तरीकों का वर्णन करता है, जैसे कि अवलोकन, छात्र मूल्यांकन, छात्र कार्य के नमूने और शिक्षक कार्य के उदाहरण, जिनका उपयोग शिक्षा नेता शिक्षक की प्रभावशीलता को निर्धारित करने के लिए करते हैं।

शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रमों के लिए अभियान दौड़ से लेकर शीर्ष तक है जहां राज्यों को शिक्षक की प्रभावशीलता के आधार पर शैक्षिक नीतियों को पूरा करने के लिए अंक दिए गए थे। यह नीति राज्यव्यापी शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रमों के उद्भव का आधार थी।

शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रम अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग होते हैं। आमतौर पर, एक शिक्षक प्रभावशीलता कार्यक्रम अवलोकन और आकलन के एक चक्र का वर्णन करता है जो एक शैक्षणिक वर्ष के दौरान शिक्षकों के विभिन्न समूहों पर लागू होता है। नए शिक्षकों का मूल्यांकन अधिक बार किया जाता है और अनुभवी शिक्षकों का मूल्यांकन कई वर्षों के चक्रों में किया जाता है। मूल्यांकन किए गए शिक्षकों के पास अघोषित कक्षा

टिप्पणियों के अलावा मूल्यांकनकर्ता के साथ कई अनुसूचित कक्षा अवलोकन और सम्मेलन होते हैं। मूल्यांकन के उद्देश्य का एक विवादास्पद पहलू शिक्षकों को यह निर्धारित करने में मदद करना है कि उनकी प्रथाओं में क्या प्रभावी है और शिक्षकों को अधिक प्रभावी बनने में मदद करने के लिए उन्हें प्रतिबिंबित करने और अपने अभ्यास को बदलने का माध्यम प्रदान करता है।

शिक्षक प्रभावशीलता के –स्कूल प्रणाली में उपयोग की जाने वाली एक विधि है जो कक्षा के अवलोकन, छात्र कार्य नमूने, मूल्यांकन स्कोर और शिक्षक कलाकृतियों सहित आकलन के कई उपायों का उपयोग करती है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि किसी विशेष शिक्षक का छात्र के सीखने के परिणामों पर प्रभाव पड़ता है। जबकि स्कूलों ने कई वर्षों से शिक्षक मूल्यांकन प्रथाओं और नीतियों का उपयोग किया है, शिक्षक प्रभावशीलता नीतियों का उद्भव इन मौजूदा प्रथाओं को रूब्रिक और परीक्षण स्कोर के साथ जोड़ता है ताकि शिक्षकों के काम पर अधिक मजबूत दृष्टिकोण प्रदान किया जा सके।

शिक्षक प्रभावशीलता से संबंधित अध्ययन

अवस्थी (2013) ने माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता एवं कार्य सन्तुष्टि का उनके शैक्षिक अनुभव के सन्दर्भ में अध्ययन किया और निष्कर्ष में माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर पाया है। माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों मे ं कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर होता है। माध्यमिक स्तर के गैर–सरकारी विद्यालय में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर होता है। माध्यमिक स्तर के गैर–सरकारी विद्यालय में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर होता है। माध्यमिक स्तर केसरकारी विद्यालय में कार्यरत उच्च अनुभवी एवं अल्प अनुभवी शिक्षकों की व्यावसायिक सन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं पाया है।

गोयल (2014) ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रभाव का अध्ययन किया और पाया कि प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् शिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं है। नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्र शिक्षको की शिक्षक प्रभावशीलता में अधिक अन्तर नहीं है पर नियमित शिक्षकों का शैक्षिक स्तर उच्च होने के कारण शिक्षामित्र शिक्षकों से नियमित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता थोड़ी अधिक है। प्राथमिक विद्यालय मे अध्यापनरत् नियमित शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्र शिक्षिकाओं की कार्यसन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं है। प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् नियमित शिक्षक–शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर नहीं है अर्थात् शिक्षक प्रभावशीलता अधिकतर समान है। उच्च कार्यसन्तुष्टि एवं निम्न कार्यसन्तुष्टि वाले नियमित शिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी शिक्षक प्रभावशीलता पर सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि उच्च कार्य सन्तुष्टि वाले नियमित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता एवं निम्न कार्यसन्तुष्टि वाले शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता लगभग समान है।

कुमार(2015) ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र केउच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में आत्मविश्वास एवं शिक्षक प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन किया और पाया कि शहरी क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का आत्मविश्वास स्तर ग्रामीण क्षेत्र केशिक्षकों केआत्मविश्वास स्तर से अधिक है व शहरी क्षेत्र की शिक्षिकाओं का आत्मविश्वास स्तर ग्रामीण स्तर की शिक्षिकाओं से अधिक पाया गया। शहरी क्षेत्र के शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता भी अपेक्षाकृत अधिक पायी गयी। शहरी क्षेत्र की शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता भी अपेक्षाकृत कम पायी गयी।

यादव (2015) ने माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं मे ं शिक्षक प्रभावशीलता एवं आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन किया व पाया कि शिक्षकों व शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता में विभिन्नता नहीं पायी जाती है और शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की शिक्षक प्रभावशीलता स्वतन्त्र वितरित नहीं पायी गयी है।

तिवारी (2017) ने वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक–शिक्षिकाओं तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता सम्बन्ध का अध्ययन किया व पाया कि वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता में अत्यन्त निम्न ऋणात्मक सह–सम्बन्ध है तथा स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षिकाओं के तनाव तथा शिक्षकप्रभावशीलता में निम्न धनात्मक सह–सम्बन्ध है, अर्थात् वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का व्यक्तिगत तनाव बढ ने के साथ उनकी शिक्षक प्रभावशीलता घट रही है तथा स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का व्यक्तिगत तनाव बढ़ने पर उनकी शिक्षक प्रभावशीलता भी बढ़ रही है एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं के तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता में सामान्य ऋणात्मक सह–सम्बन्ध है, अर्थात् शिक्षिकाओं का व्यक्तिगत तनाव बढ़ने के साथ उनकी शिक्षक प्रभावशीलता घट रही है।

राव एवं सिंह(2020) ने माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन किया गया है जिसमें सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। इस शोध हेतु कानपुर नगर में स्थित माध्यमिक स्तर के समस्त विद्यालयों के समस्त शिक्षकों की जनसंख्या से 50 महिला एवं 50 पुरूष शिक्षकों को स्तरीकृत यादच्छिक न्यादर्शन विधि द्वारा न्यादर्श के रुप में चयनित किया गया हैं। सांख्यिकीय टी–परीक्षण द्वारा मध्यमानों की सार्थकता द्वारा प्रदत्तों का विश्लेषण कर परिकल्पनाओं का परीक्षण किया गया तथा 1. माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् पुरूष तथा महिला शिक्षकों की प्रभावशीलता का स्तर असमान है तथा पुरुष शिक्षकों की अपेक्षा महिला शिक्षकों की प्रभावशीलता सार्थकत: अधिक है। 2. माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् सरकारी एवं गैर–सरकारी शिक्षकों की प्रभावशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। 3. माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों व प्रशिक्षित परास्नातक शिक्षकों की प्रभावशीलता में सार्थक अन्तर नहीं है।

अध्ययन का औचित्य– प्रस्तुत शोध अध्ययन में संदर्भ साहित्य की समीक्षा के पश्चात शोध में यह पाया गया कि अभी तक जो अध्ययन हुए हैं अवस्थी (2013) ने माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता एवं कार्य सन्तुष्टि का उनके शैक्षिक अनुभव के सन्दर्भ में अध्ययन किया गोयल (2014) ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी

शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रभाव का अध्ययन किया और पाया कि प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत् शिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि में सार्थक अन्तर नहीं है। कुमार (2015) ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र केउच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में आत्मविश्वास एवं शिक्षक प्रभावशीलता का तुलनात्मक अध्ययन किया यादव (2015) ने माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं में शिक्षक प्रभावशीलता एवं आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन किया तिवारी (2017) ने वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता सम्बन्ध का अध्ययन किया राव एवं सिंह(2020) ने माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन किया गया है लेकिन अशासकीय स्तर के विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की शिक्षण प्रभावशीलता पर शोध कार्य नहीं हुआ है। इसलिए प्रस्तुत शोध की आवश्यकता प्रतिपादित होती है।

शोध का शीर्षक- अशासकीय माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन

अध्ययन के उद्देश्य:

1. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
2. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
3. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
4. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
5. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन करना।

परिकल्पना:

1. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
5. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

शोध विधि : प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श : प्रस्तुत शोध अध्ययन में मेरठ मंडल के समस्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयो में कार्यरत समस्त अध्यापक शोध की जनसंख्या है। प्रस्तुत शोध में बागपत जनपद से 300 अध्यापकों को न्यादर्श चयन हेतु याद्दच्छिक प्रतिचयन की लाटरी विधि का प्रयोग किया गया ग्रामीण एवं नगरीय परिवेश मे कार्यरत 150-150 अध्यापकों एवं अध्यापिकाओ को न्यादर्श हेतु चयनित किया गया।

उपकरण - प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा शोध उपकरण प्रस्तुत अध्ययन हेतु तथ्यो के एकत्रीकरण हेतु डा0 प्रमोद कुमार व डा0 डी0 एन0 मुथा द्वारा निर्मित मापनीकृत शिक्षण प्रभावशीलता मापनी उपकरण का प्रयोग किया किया गया है।

सांख्यिकी विश्लेषण एवं व्याख्या :

1. अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्यमान,मानक विचलन,टी मान को दर्शाने वाली तालिका-1

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्तांको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	सार्थकता
	N	M	SD	T value	df 298
कार्यरत अध्यापकों	150	287.7	17.21	**1.455**	असार्थक
कार्यरत अध्यापिकाओं	150	290.5	16.1		

(0.05 सार्थकता स्तर)

उपरोक्त तालिका 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के 150 कार्यरत अध्यापकों एवं 150 कार्यरत अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 287.7 तथा 290.5 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 17.21 तथा 16.1 प्राप्त हुआ। 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चातपरिगणित t परीक्षण का मान 1.455पाया गया। जो कि मुक्तांश 298 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी'।

2 अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्यमान,मानक विचलन,टी मान को दर्शाने वाली तालिका-2

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्तांको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	सार्थकता
	N	M	SD	T value	df 148
कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों	75	284.2	14.96	1.446	असार्थक
कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं	75	287.85	15.92		

(0.05 सार्थकता स्तर)

उपरोक्त तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के 75 कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं 75 कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 284.2 तथा 287.85 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 14.96 तथा 15.92 प्राप्त हुआ। 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 1.446पाया गया। जो कि मुक्तांश 148 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी' ।

3 अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलताके मध्यमान,मानक विचलन, टी मान को दर्शाने वाली तालिका– 3

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्तांको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	सार्थकता
	N	M	SD	T value	df 148
कार्यरत शहरी अध्यापकों	75	295	13.85	1.141	असार्थक
कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं	75	292.24	15.71		

(0.05 सार्थकता स्तर)

उपरोक्त तालिका 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के 75 कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं 75 कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 295 तथा 292.24 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 13.85 तथा 15.71प्राप्त हुआ। 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 1.141पाया गया। जो कि मुक्तांश 148 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी' ।

4 अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलताके मध्यमान,मानक विचलन, टी मान को दर्शाने वाली तालिका–4

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्तांको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	सार्थकता
	N	M	SD	T value	df 148
कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों	75	284.2	14.96	3.209	सार्थक
कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं	75	289.43	15.71		

(0.05 सार्थकता स्तर)

उपरोक्त तालिका 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के 75 कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं 75 कार्यरत शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 284.2 तथा 289.43 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 14.96 तथा 15.71 प्राप्त हुआ। 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 3.209पाया गया। जो कि मुक्तांश 148 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरतग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे असमानता पायी गयी' ।

5 अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलताके मध्यमान,मानक विचलन, टी मान को दर्शाने वाली तालिका–5

समूह	अध्यापकों की संख्या	प्राप्तांको का मध्यमान	मानक विचलन	टी का मान	सार्थकता
	N	M	SD	T value	df 148
कार्यरत शहरी अध्यापकों	75	295	13.85	2.934	सार्थक
कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं	75	287.85	15.92		

(0.05 सार्थकता स्तर)

उपरोक्त तालिका 5 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के 75 कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं 75 कार्यरत ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 295 तथा 287.85 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 13.85 तथा 15.92 प्राप्त हुआ। 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए t परीक्षण का प्रयोग किया गया गणना के पश्चात परिगणित t परीक्षण का मान 2.934पाया गया। जो कि मुक्तांश

148 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे असमानता पायी गयी'।

निष्कर्ष:

1. निष्कर्ष के रूप में अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है' को स्वीकृत किया जाता है। अत:निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी।

2. निष्कर्ष के रूप में अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना' 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता है। अत:निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी'।

3. निष्कर्ष के रूप में अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को स्वीकृत किया जाता' है। अत:निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे समानता पायी गयी।

4. निष्कर्ष के रूप में अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अंतर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को अस्वीकृत किया जाता' है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण अध्यापकों एवं शहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे असमानता पायी गयी तथाग्रामीण अध्यापकों की अपेक्षाशहरी अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलताअधिकपायी गयीं।

5. निष्कर्ष के रूप में अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में सार्थक अंतर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है को अस्वीकृत किया जाता' है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरतशहरी अध्यापकों एवं ग्रामीण अध्यापिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता में मे असमानता पायी गयी तथा ग्रामीण अध्यापिकाओं की अपेक्षा शहरी अध्यापकों की शिक्षण प्रभावशीलता अधिक पायी गयीं

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. अवस्थी, डी. (2013) . केन्द्रीय, नवोदय तथा उ0 प्र0 बोर्ड संचालित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रभावशीलता तथा प्रतिबद्धता का तुलनात्मक अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
2. अवस्थी, यू. (2013) . माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षिकाओं की शिक्षण प्रभावशीलता एवं कार्य सन्तुष्टि का उनके शैक्षिक अनुभव के सन्दर्भ में अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. फिल . की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
3. गोयल, एस. (2014) प्राथमिक विद्यालय में अध्यापनरत नियमित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों की कार्यसन्तुष्टि का उनकी शिक्षण प्रभावशीलता पर प्रभाव का अध्ययन (अप्रकाशित). (एम. फिल . की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध).शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
4. कुमार, एस. (2015) शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं मे आत्मविश्वास एवं शिक्षक प्रभावशीलता (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध).शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
5. तिवारी, एस. (2017) . वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं के तनाव एवं शिक्षक प्रभावशीलता के सम्बन्ध का अध्ययन (अप्रकाशित). . (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
6. यादव, वी. (2015) माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं में शिक्षक प्रभावशीलता एवं आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन. (अप्रकाशित). (एम. एड. की उपाधि हेतु लघु शोध-प्रबन्ध). शिक्षा विभाग, छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0, कानपुर, भारत।
7. राव गौरव एवं सिंह सृष्टि(2020) माध्यमिक स्तर पर अध्यापनरत् शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन शिक्षा शोध मंथन Shiksha Shodh Manthan A Half Yearly International Refereed Journal of Education Vol.4, No.1(A), April 2020 ISSN : 2395–728X

****

निमाड़ का नामकरण एवं ऐतिहासिकता के संदर्भ में

डॉ. मोतीलाल अवाया*

* सहा. प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत के मध्य में स्थित होने के कारण मध्यप्रदेश अपने नाम को चरितार्थ करता है इसकी भौगोलिक स्थिति 18°–26°.30 उ. अक्षांश 74°–84°.30 उ.पू. देशांतर के मध्य है। देश के 7 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और बिहार से इसकी सीमा मिली हुई है। वर्तमान मध्य प्रदेश स्वातन्त्र्योत्तर भारत की देन है। ब्रिटिश शासन काल में सेंट्रल प्राविंसेज और बरार एक प्रांत आवश्य था, किंतु उसकी सीमाएं आज के मध्यप्रदेश से नितांत भिन्न थी। महाकौशल तथा बरार के जिले इसके अंतर्गत थे। इसके बीच–बीच में बघेलखंड और छत्तीसगढ़ की रियासतें थी। उत्तर तथा पश्चिम में अन्य छोटी–छोटी रियासतें थी, जो सम्मिलित रूप से सेंट्रल इंडिया के नाम से जानी जाती थी। सन् 1947 में सेंट्रल प्राविंस और बरार में बघेलखंड, छत्तीसगढ़, की रियासतों को मिलाकर मध्यप्रदेश का राज्य बना जो एक पार्ट 'ए' स्टेट थी। इसकी राजधानी नागपुर थी। उसी समय उत्तर में स्थित रियासतों को मिलाकर विंध्य प्रदेश पार्ट 'सी' स्टेट तथा पश्चिम की रियासतों को जोड़कर मध्य भारत नामक पार्ट 'बी' स्टेट बनी। भोपाल पृथक राज्य था जो पार्ट 'सी' स्टेट थी भारत के मध्य में अवस्थित मध्यप्रदेश सतपुड़ा और विंध्याचल पर्वतमालाओं के मध्य स्थित है। नर्मदा सबसे प्रमुख नदी है। मध्यप्रदेश भारत का प्रमुख राज्य है यह प्रदेश 6 सांस्कृतिक क्षेत्र मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, बघेलखंड, महाकौशल एवं चंबल में विभक्त है।

नर्मदा तट पर स्थित माहिष्मती के परवर्ती प्रदेश या 'निमाड़' का प्राचीन नाम अनुप था इसे गौतमीबलश्री के नासिक अभिलेख में अनूप देश के सातवाहन नरेश गौतमी(द्वितीय शती ई.) के विशाल राज्य का एक अंग बताया गया है। कालिदास ने इंदुमती के स्वयंवर के प्रसंग में माहिष्मती नरेश प्रतीत को अनूपराज कहा है।

'तामग्रतस्तामरसान्तराभामनूराजस्यगुणैरनूनाम् विधायसृष्टिं ललितां
विधातुर्जगाद भूयः
सुदतीं सुनन्दा।'

रघुवंश में इस प्रकार माहिष्मति का वर्णन है। गिरनार स्थित रूद्रदामन् के प्रसिद्ध अभिलेख में इस प्रदेश को रूद्रदामन् द्वारा विजित बताया गया है –

'स्ववीर्यार्जितानाममनुरक्त प्रकृतिनां आनर्त सुराष्ट्र श्वभ्रभरूकच्छ
सिंधुसौबीर
कुकुरापरान्त निषादादीनाम्'

अनुप या अनूप का शाब्दिक अर्थ 'जल के समीप' स्थित देश है।

मध्यप्रदेश के पश्चिमी अंचल में स्थित एक हिस्सा 'निमाड़' कहलाता है। पौराणिक काल में अनूपदेश कहलाने वाला यह एक भाग था। जिसका प्रागैतिहासिक काल से वर्तमान तक का इतिहास महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा है।

निमाड़ नाम का इतिहास भी अत्यंत विवाद पूर्ण है। पद्मश्री राम नारायण उपाध्याय के अनुसार 'निमाड' नाम का अनुमान है कि उत्तर भारत और दक्षिण भारत का का संधि स्थल होने से आर्य, अनार्यो की मिश्रित भूमि रहा होगा और इसी नाते इसका नाम 'निमार्य' (नीम आर्य) पड़ा होगा। नीम का अर्थ भी निमाड़ी में 'आधा' होता है इसी 'निमार्य' का नाम बदलते बदलते 'निमार' और 'निमाड' हो जाना स्वाभाविक है।

दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि निमाड़ मालवा से नीचे की ओर 'बसा' है। मालवा से निमाड़ की और आने में निरंतर नीचे की ओर उतरना होता है। इस तरह 'निम्न–गामी' होने से इसका नाम 'निमानी' और उससे बदल कर 'निमारी' और 'निमाडी' हो गया होगा।

मेरे विचार अनुसार इसके हिंदू शब्द होने में तनिक भी संदेह नहीं है निमाड़ में प्रवेश करने वाला प्रथम मुसलमान शासक सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी था। जो 1291 ईस्वी में यहां आया यदि 'निमाड' मुसलमानी नाम होता, तो इस भाग का नाम सन 1291 के पश्चात ही पढ़ना चाहिए था। जबकि 11वीं शताब्दी में आने वाले अरब यात्री अलबरूनी ने भी अपने यात्रा वर्णन में इस प्रदेश का नाम 'निमाड़' प्रांत लिखा है।

कुछ लोग इसका पूर्व नाम 'नीमवाड़' प्रांत बतलाते हैं। जिसका अर्थ है नीम (एक वृक्ष) का प्रदेश इस प्रदेश में नीम के अधिक वृक्ष देखकर इसके नामकरण के संबंध में यह अनुमान लगाया जाता है।

यद्यपि यह तर्क अधिक पुष्ट है। फिर भी संतोषजनक नहीं जान पड़ता। इस संबंध में 'भवतीकृत' उत्तररामचरितम की कुछ पंक्तियां भी विचारणीय है। विंध्य के समीप जाने पर लक्ष्मण ने सीता से कहा–

'एष विघ्नयाटवीमुखे विरोधसरोध:।'

अर्थात धरती माता के निम्नांचल में बसा होने से ही इसका नाम यनिमाड़ पड़ा होगा।

कुछ लोग फारसी के 'नीम' शब्द से 'निमाड़' बनाना बताते हैं उनके मताअनुसार फारसी में 'नीम' का अर्थ 'आधा' होता है। इस भूभाग ने नर्मदा नदी का 'आधा' भाग अपने आंचल में छुपा रखा है। इसलिए इसे 'निमाड़' कहते हैं।

दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि 'निमाड़' मालवा राज्य का दक्षिणी

भाग है। जिसे हम 'निम्न भाग' भी कह सकते हैं 'वाड़' का अर्थ 'स्थान' है। जैसा कि हम भारवाड, काठियावाड़ आदि नाम से देखते हैं। अत: इसके पूर्व का नाम 'निम्नवाड़' होना चाहिए जो लोकवाणी में 'निमाड़' हो गया है।

निमाड़ की भूमि एक ऐसे स्थान पर है। जहां कई जातियों और जनजातियों की संस्कृतियाँ आयी और गयी। आर्य, अनार्य, शक, शीथियन, सातवाहन, राजपूत, मुगल, मराठा आदि संस्कृतियों के इस स्मृति चिन्ह यहां के जनजीवन कला और वाचिक परंपरा के अवशेष के रूप में आज भी देखे जा सकते हैं।

प्रांत निमाड़ के संबंध में निश्चित रूप से कुछ ज्ञात नहीं है। किंतु यह अनुमान लगाया जा सकता है, कि पुराने प्रांत 'निमाड़' का यह नाम ऐसा इसलिए पड़ा था कि नर्मदा नदी पर स्थित 'नेमावर' नामक स्थान (जो अब देवास जिले में है) प्रांत निमाड़ की राजधानी था। प्रसिद्ध अरबी लेखक अलबरूनी ने भी 'नेमावर' का उल्लेख 'नामावर' के नाम से किया है। 'निमाड' नाम कतिपय पुस्तकों में 'निमाउड़' के रूप में भी लिखा गया है। कालांतर में तथा कई अवस्थाओं से गुजरने के बाद 'नीमाउड़', 'नेमावड़' या 'निमाड़' नाम सरल रूप में निमाड़ हो गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विजयैन्द्र कुमार माथुर : ऐतेहासिक स्थानावली
2. ई.सी. सचौ : अलबरूनी इण्डिया
3. सी.पी. एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट
4. रामनारायण उपाध्याय : निमाड़ का सांस्कृति इतिहास
5. ज्ञान सम्पदा : म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी
6. डॉ. प्रमिला कुमार : म.प्र. एक भौगोलिक अध्ययन
7. रघुवंश

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मेघदूत में प्रयुक्त दार्शनिक तत्त्व

डॉ. गरिमा शर्मा *

* सहायक आचार्य (विद्या संबल योजना के तहत), राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजसमन्द (राज.) भारत

प्रस्तावना – देववाणी के सनातन श्रृंगार महाकवि कालिदास संस्कृत वाङ्मय के रससिद्ध कवीश्वर हैं। उनकी रचनाओं में भारतीय संस्कृति का प्रधान संवाहक होता है, अतएव साहित्य में किसी भी देश की संस्कृति का प्रतिबिम्ब होना नितान्त स्वाभाविक है। संस्कृति के समुचित प्रसार एवं प्रचार के दृष्टिकोण से महाकवि का समग्र काव्य अखण्ड शिव सन्देश है। लोक कल्याण एवं राष्ट्रमंगल की मधुमय पयस्विनी प्रवाहित करने वाले ऐसे महान क्रान्तदर्शी मनीषी कवि की कृतियों में संस्कृति के प्राणभूत आध्यात्मिक तत्त्वों का सागर है। 'दर्शन' भारतीय मनीषियों की आत्मनिधि है, महामनीषी कालिदास का काव्य भी तत्त्वपर्येषणा से युक्त है।

'काव्य' और 'दर्शन' दोनों ही जीवन के चरमलक्ष्य आनन्दानुभूति की प्रतिपत्ति में पर्यवसित दृष्टिगोचर होते हैं, क्योंकि जीवन में दु:ख–सुख का अबाध नेमिचक्र और विश्व की अत्यन्त विषमता मनुष्यमात्र को विश्व के मूल सत्य की पर्येषणा के लिए अभिप्रेरित करती है।

'कविर्मनीषीपरिभू: स्वयम्भू:'[1] की चरितार्थता भी इसी में निहित है कि क्रान्तदर्शी कवि न होकर केवल सहृदयजनों के रंजनार्थ, प्रत्युत लोककल्याण की मंगलभावना से भावित होकर भी काव्य की सृष्टि करे और उसकी यह मंगलकामना ऐहिक – अभ्युदय एवं आमुष्मिक नि:श्रेयस् का मूलाधार बने।

यद्यपि महाकवि कालिदास की कृतियों में समुपलब्ध दार्शनिक तत्त्वों का विश्लेषणात्मक विवरण सर्वाधिक रघुवंशम् व कुमारसम्भवम् में ही किया गया है तथापि 'मेघदूतम्' खण्डकाव्य में भी दर्शनशास्त्र की कतिपय अवधारणाओं / अंगों का विवेचन किया गया है।

मेघदूत में आए दार्शनिक तत्त्वों का विवरण इस प्रकार है–

प्रमाण मीमांसा → अनुमान प्रमाण

महाकवि कालिदास ने अनुमान प्रमाण के सम्बन्ध में 'मेघदूत' खण्डकाव्य के 'उत्तरमेघ' में अनुमान शब्द का प्रयोग किया है। अनुमान शब्द का प्रयोग करते समय 'तर्क' व 'शङ्के' पद का व्यवहार किया है। शास्त्रों में अनुमान विद्या के लिए 'तर्क' शब्द का प्रयोग किया जाता है। यतर्क' शब्द का प्रयोग पर्याप्त प्राचीन है।[2]

महाकवि कालिदास को स्वार्थानुमान तथा परार्थानुमान के भेद से अनुमान प्रमाण का द्वैविध्य मान्य है। अपने ज्ञान का निमित्त जो अनुमान है, वह स्वार्थानुमान है तथा जब कोई स्वयं धूम से अग्नि का अनुमान करके दूसरे को उसका बोध कराने के लिए पंचावयवसम्पन्न अनुमान का प्रयोग करता है, वह परार्थानुमान है।

कवि ने 'उत्तरमेघ' में शाप के कारण विरहि नायिका की तुलना पाले की मारी कमलिनी की तरह की है।[3]

कविकृत इस श्लोक में पंचावयव सम्पन्न परार्थानुमान का स्पष्ट रूप से निर्धारण एवंविधा किया जा सकता है।

नायक (साध्य)
शाप के दुर्वह दिवस (हेतु)
जब–जब सूर्य की किरणों से विकसित
होना– अर्थात् कमलिनी (अन्वयव्याप्ति)
जब–जब पाले की मार पड़ने से
कमलिनी का मुर्झा जाना (व्यतिरेकव्याप्ति)
नायकी नायक का प्राण है। (उपनय)
नायकी नायक का प्राण नहीं है। (निगमन)

इसी प्रकार महाकवि कालिदास ने उत्तारमेघ में नायक (यक्ष) के माधयम से नायिका(यक्षिणी) की मनोव्यथा को अनुमान प्रमाण के द्वारा ही ज्ञात किया है।[4] अनुमान प्रमाण के लिए 'शङ्के' पद का प्रयोग दृष्टिगत है।

श्लोक में नायक (यक्ष) के द्वारा अभूतपूर्व वियोग के कारण यक्षिणी की दीन–दशादि का मेघ के समक्ष अनुमान किया गया है।

प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप – कालिदास ने प्रमाण के रूप में अन्त:करण की वृत्ति का उल्लेख किया है। मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार–इन चार वृत्तिरूपों में विभाजित मन को ही 'अन्त:करण' संज्ञा दी जाती है। अन्त:करण अज्ञानजन्य होने के कारण जड़ – स्वभाव है, इसलिए, चिदात्मा के प्रतिबिम्ब के कारण उसमें क्रियाशीलता आती है। चिति का यह प्रतिबिम्ब जब सत्त्वबहुला (प्रसन्न) बुद्धि में पड़ता है। तभी बुद्धि चितिच्छायापन्न होकर सचेष्ट हुआ करती है।

'गम्भीराया: पर्यासं सरितश्चेतसीव प्रसन्ने।
छायात्माडिप प्रकृतिसुभगो लप्स्येते ते प्रवेशम्॥'

अन्त:करण की शुद्धता – हे सज्जन। बान्धव – स्नेह के कारण युद्ध से विरत बलराम ने अपनी इच्छित स्वादवाली अपनी प्रिया के नेत्रों के प्रतिबिम्ब से चिह्नत मदिरा को छोड़कर जिस सरस्वती के जल का सेवन किया था। तुम भी उस जल का सेवन (पान) करके निर्मल अन्त:करण वाले होकर केवल रूप से (न कि हृदय से भी) श्यामरंग के हो जाओगे पवित्र स्थलों और पवित्र नदियों के सम्पर्क से भी अन्त:करण की पवित्रता आती है।

'हित्वा हालामभिमतरसां रेवतीलोचनाङ् कां
बन्धुप्रीत्या समर–विमुखो लाङ्गली या: सिषेवे।
कृत्वा तासामनिगममपां सौम्य सारस्वतीना–

मन्त: शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्ण:।।'[6]

परमतत्त्व की संधारणा

'पुण्यं यायस्त्रिभुवनगुरोधचण्डीश्वरस्य।'

(शिव ही त्रिभुवन के गुरू हैं)

परतत्त्व विवेचन के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि कालिदास को अद्वैत अभीष्ट है। महेश्वर (शिव) के रूप में इस अद्वय तत्त्व का ग्रहण उन्होंने किया है।

वेदान्त श्रुति में जिसे एकमेवाद्वितीयम् के रूप में कहा गया है जो द्यावा पृथ्वी को व्याप्त किए हैं वह जिस एक मात्र को लक्ष्य करके प्रवर्तित ईश्वर शब्द सार्थक है वही तत्त्व ही शिव शब्द से अभिहित है।

मोक्ष तत्त्व – अपने-अपने पुण्य फल से जीव आनन्दमय मोक्षप्राप्त होता है। पुण्यों की अवस्था के अनुसार मार्ग के अनेक लोकों की कल्पना भारतीय दार्शनिक एवं पौराणिक परम्परा में है। इसी दृष्टि से पुण्य-क्षय से पृथ्वी लौट आना भी मान्य रहा है।

'स्वल्पीभूतं सुचरि स्वर्गिणां गां गतानां ।

शैषै: पुण्यै हृतमिव दिव: कान्तिमत्खण्डमेकम्'[7]

पवित्र स्थलों और पवित्र नदियों के सम्पर्क से भी अन्त:करण की पवित्रता आती है।

'हित्वा.................................. .कृष्णा'[8]

पाप से मुक्ति तस्माद्............................. .र्मिहस्ता।[9]

कर्म-मीमांसा : कालिदास ने 'मेघदूत' खण्डकाव्य में जीवन में सुख-दु:ख दोनों प्रकार के भोगों का अवश्यसम्भावित्व प्रतिपादन करते हुए कर्मविपाक सिद्धान्त की इस धारणा को सुस्पष्ट करने की चेष्टा की है कि सभी प्रकार के कर्म काम, क्रोध, लोभ, मोह की भावना से ही किए जाते हैं। किसी प्राणी के प्रति किया गया उपकार अन्य किसी के प्रति अपकार रूप हो सकता है, इसलिए एक ही कर्म से शुभ तथा अशुभ दो संस्कार बनते हैं। प्रत्येक प्राणी को कर्मजन्य शुभाशुभ संस्कारों के कारण ही सुख-दु:ख दोनों ही प्रकार के भोग भोगने पड़ते हैं। मेघदूत में यह संकेत प्राप्त होता है कि सारे कर्म अविद्यादि पंचक्लेशपूर्वक किए जाने के कारण ही कर्माशयों को उत्पन्न करते हैं और उन कर्माशयों का फल जन्म, जीवनावंधि तथा सुख-दु:ख भोग रूप ही होता है।

कस्यैकान्तं..........चक्रेनेमिक्रमेण ।।[10]

निष्कर्ष : निष्कर्षतया कहा जा सकता है कि काव्य के आत्मभूत रसानुभूति को अबाध रखते हुए भी दार्शनिक विचारों की स्फुट अभिव्यक्ति करना महाकवि की ही विलक्षण काव्य प्रतिभा का नैसर्गिक वैशिष्ट्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ईशा. उ. 8
2. 'नैषा तर्केण मतिरापनेया। कठ. उ. 1/2/9 यस्तर्केण अनुसन्धत्तो स धर्म वेद नेतर:। मनु. 12 / 106 तर्काप्रतिष्ठानात्।सू.2/1/11
3. तां जानीथा: परिमितकथां जीवितं में द्वितीयं । दूरीभूते मयि सहचरे चक्रवाकी मिवैकाम्। उत्तरमेघ 2.0 गाढोत्कण्ठां गुरूषु दिवसेष्वेषु गच्छत्सु बालां । जातां मन्ये शिशिरमथितां पद्मिनीं वान्यरूपाम्।
4. सव्यापारामहनि न तथा पीडयेन्मद्वियोग: शङ्के रात्रौ गुरूतरशुचं निविनोदां सखीं ते। मत्सन्देशै: सुखयितुमलं पश्य साधवीं निशीथे। तामुन्निद्रामवनिशयनां सौधवातायनस्थ: । उत्तरमेघ श्लोक – 25
5. पूर्वमेघ श्लोक – 40
6. पूर्वमेघ श्लोक – 49
7. पूर्वमेघ श्लोक – 36
8. (मे. दू. पूर्व 30)
9. (पूर्व मेघ 49)
10. (पूर्व मेघ 50)
11. उत्तरमेघ श्लोक – 44

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

तनाव प्रबंधन में महात्मा गाँधी के सिद्धान्तों का अनुपालन

मधु तेकाम* डॉ. मंजु शर्मा **

* शोधार्थी, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - वर्तमान में शैक्षणिक स्पर्धा के कारण सफलता और विफलता यह स्थिति अधिक समय रहने पर तनाव का रूप ले लेती है। उसके बारे में सोचकर विद्यार्थी मानसिक रूप से विचलित रहते हैं, तनाव उन घटनाओं के प्रति एक सामान्य शारीरिक मानसिक और मनोविज्ञान प्रतिक्रिया है जो खतरा महसूस कराती हैं या किसी तरह से व्यक्तित्व को असंतुलित करती हैं। है, तब तंत्रिका तंत्र की हार्मोन की प्रतिक्रिया बढ़ती है। एक निश्चित बिंदू से उपर तनाव की स्थिति स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता में बड़ा नुकसान पहुँचना प्रारंभ करने लगती हैं।

तनाव उत्पन्न करने वाली स्थितियों और दबावों को तनाव कारक अथवा स्त्रोत के रूप में जाना जाता है। सामान्यत पर तनाव को नकारात्मक माना जाता है, किन्तु शिक्षा के क्षेत्र में कार्य से संबंधित तनाव को अत्यधिक प्रासंगिक माना जाता हैं। वर्तमान में तकनीकी ज्ञान संचार कौशल, सहानुभूति, शिक्षा प्रद संसाधन-भावनात्मक और पारस्पारिक संबंधो का विकास भी शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित है। फिर भी उच्च शिक्षा में तनाव वातावरण में कार्य-संबंधी तनाव के लिए शरीर चेतना दृष्टिकोण लागू किया जा सकता हैं। महात्मा गाँधी द्धारा बताया गया चिंतन मुक्त विचार का पालन करने से तनाव प्रबंध कर जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता हैं। महात्मा गाँधी जी ने सत्य, अंहिसा, प्रेम, व्यापक सहानुभूति क्षमा कर्त्तव्य परायणता जागरूकता एवं उत्तम चरित्र जैसे गुणों को तनावमुक्त जीवन की आवष्यकता माना हैं।

तनाव को अर्थ- तनाव प्रकृति का एक तथ्य है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रो से आने वाले दबाव ताकतें व्यक्ति को प्रभावित करती हैं। या तो उसके भावनात्मक या शारीरिक दोनों। व्यक्ति तनाव के प्रति विभिन्न से प्रतिक्रिया व्यक्त करता हैं। जो उस व्यक्ति के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रभावित करता है। हमारे आधुनिक जीवन में तनाव को अधिकता के कारण आमतौर पर तनाव के पहलू को अधिक देखा जा रहा है नकारात्मक अनुभव के रूप में सोचते है, किन्तु जैविक दृष्टिकोण से, तनाव एक नकारात्मक या सकारात्मक अनुभव भी हो सकता हैं।

मनोवैज्ञानिक के अनुसार:-

दो प्रकार के तनावों की संकल्पना की गई है।

(क) इयू स्ट्रेस (eustress) जिसका सामान्य अर्थ है, एक प्रकार से चुनौतीपूर्ण कार्य को करना अर्थात अपनी ईच्छा से किसी कार्य को चुनना जैसे-कि प्रतियोगी खेल खेलते समय तनाव में होता है। ये सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

(ख) विपत्ति, (distress) किसी कार्य को करते समय अधिक दबाव महसूस होना या अनियंत्रित हो जाना जो एक नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है।

तनाव के कारक:

1. **जीवन की विशेष घटनाएँ और परिवर्तन-** इस श्रेणी में किसी व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घटनाएँ सम्मिलित है, जो उसके जीवन पर चिरस्थायी समय तक प्रभाव डालती है, मुख्य घटनाएँ एवं बदलाव से व्यक्ति अत्यधिक रूप से प्रभावित होता हैं।
2. **दैनिक जीवन की परेशानियाँ-** ये वह परेशान करने वाली-निराशापूर्ण व दुख-दर्द परिस्थिति होती है, जिन का कई व्यक्ति प्रतिदिन सामना करता है। जैसे-वस्तुओं को गलत जगह पर रख देना या उनकी वस्तुएँ गुम हो जाना रख कर भूल जाना।
3. **लम्बे समय तक चिंता-** दीर्घकालिक भूमिका से तनाव जैसे-वैवाहिक जीवन में मुश्किलों का सामना करना, गरीबी में रहना, रोजगार की समस्या घरेलू हिंसा से परेशान, आर्थिक समस्या, आदि।
4. **अशांत कर देनी वाली घटनाएँ-** अभिघात से अपेक्षित, भयंकर, अत्यन्त अशांत कर देने वाली घटनाएँ होती है, जो जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ जाती हैं। जैसे-प्रिय व्यक्ति की मृत्यु होना वियोग होना घर से जाकर अलग रहना आदि।

तनाव के प्रति साधारण प्रतिक्रियाएँ:

व्यवहारात्मक प्रतिक्रियाएँ:

1. बार-बार रोना
2. चिड़चिड़ा पन होना
3. अशांत निद्रा का होना
4. बैचेनी होना
5. भय

भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ:

1. ईर्ष्या करना
2. क्रोध करना
3. लज्जित होना
4. आत्माघाती विचार करना
5. दोषी महसूस करना

संज्ञानात्मक प्रतिक्रियाएँ:

1. नकारात्मक आत्म संकल्पना
2. आत्म-आश्वासन

3. निराशावादी कथन
4. स्वयं और दूसरों के प्रति निराषावादी सोचना
5. मानसिक विकृति

अंतरवैयक्तिक प्रतिक्रियाएँ:

1. निष्क्रियता
2. झूठ बोलना
3. प्रति योगितात्मकता
4. अलग होना
5. दिखावा करना

जैविक प्रतिक्रियाएँ:

1. हमेशा थकावट रहना
2. शुष्क त्वचा होना
3. भूख न लगना
4. गलत लत लगना
5. उच्च रक्तचाप का बढ़ना या अन्य रोग होना

तनाव के लक्षण:

तनाव के भावात्मक लक्षण:

1. असानी से उत्तेजित हो जाना, बेचैनी, निराश और मूड़ी होना
2. नियंत्रण खोना या दूसरो को नियंत्रित करने की आवश्यक महसूस होना
3. मन को शांत रखने में कठिनाई होना
4. छोटी-छोटी बातों में चिंता करना या परेशान होना
5. विचारों का जल्दी-जल्दी बदलना या ध्यान केन्द्रित करने में परेशानी होना
6. जल्दी भूल जाना या याद रखने में दिक्कत होना
7. फैसले लेने में परेशानी होना
8. निराशावदी होना या केवल नकारात्मक पक्ष को सोचना
9. अपने बारे में बुरा (कम आत्मसम्मान) सोचना अकेला-बेकार और उदास होना
10. दूसरों से बचना
11. जिम्मेदारी से भागना

तनाव के शारीरिक लक्षण:

1. थकान महसूस करना
2. सिरदर्द होना
3. दस्त-कब्ज और मतली या पेट की खराबी होना
4. भूख में परिवर्तन, काम या अधिक होना
5. शरीर में दर्द और माँसपेशियों में तनाव होना
6 सीने में दर्द और दिल की धडकन तेज होना
7. अनिद्रा या सोने में मुश्किल होना
8. घबराहट, शरीर में कम्पन का होना

तनाव प्रबंधन-उपचार

1. **समय प्रबंधन-** कार्यो की एक सूची बनाकर उन्हे प्राथमिकता देना तथा कम महत्वपूर्ण कार्यो की अपेक्षा अत्यावश्यक कार्यो को प्राथमिकता देना।

2. **नियमित व्यायाम-** व्यायाम से कई लाभ मिलते है। यह रक्त संचार को बढाता हैं, मांसपेशियों को मजबूत करता है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है संगीत नृत्य खेलकूद एवं अन्य मनोरंजनात्मक गतिविधि में संलग्नता।

3. **परिवार के साथ समय बिताना-** अपने प्रियजनों को गुणवत्तापूर्ण समय देकर अपने परिवारिक रिश्तों को मजबूत करें एक साथ गतिविधियों में शामिल होने से परिवार में एकता बढ़ती है, जो चुनौति पूर्ण समय के दौरान भावनात्मक समर्थन का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं।

4. **आराम करना और आत्म-देखभाल करना-** अपने पसंदीदा शौक जैसे सैर पर जाना या फिल्म देखना आदि करके तनाव मुक्त होना

5. **दोस्तो के साथ रहना-** दोस्तो को बढ़ावा देना क्योंकि वे भलाई के लिए आवश्यक हैं। चुनौतियों का सामना भरोसेमंद दोस्तो पर भरोसा करना जो सहायता करते हैं।

6. **आध्यत्मिक गतिविधिंयों में संलग्नता -** यदि आप धार्मिक है, तो अपनी आध्यात्मिक भलाई को मजबूत करने के लिए प्रार्थना और धर्मग्रंथ पढ़ने के लिए समय व्यतीत करना।

7. **खाने-पीने के आदत पर ध्यान देना-** चाय-शराब और धूर्मपान का अत्यधिक सेवन से चिंता और भावना का बढ़ना आरामदायक नींद के लिए शाम को इन पदार्थो को पीने से बचना चाहिए।

महात्मा गाँधी जी के अनूपालन में तनाव प्रबंधन के सिद्धान्त- गाँधी जी ने मानव ह्रदय में परिवर्तन करने और उसे आध्यात्मिक दिशा में जोड़ने के लिए प्रार्थना का महत्व स्वीकार किया है। अचूक मनोविज्ञानिक संस्कार हैं। उनका मत है कि मनुष्यों के बीच ऐकता की भाव पैदा करने लिए ही आध्यात्मिक शांति जैसा दूसरा कोई सुन्दर और सबल साधना नहीं हैं।

1. जन शिक्षा के तहत गाँधी जी ने विधार्थियों एवं समस्त सेवको को क्षमताओं के अनुकूल शिक्षित करने और समुचित शिक्षा देने की सलाह दी थी।
2. मनावैज्ञानिक धारणाएं भारतीय संस्कृति के शाश्वत तत्वों पर आधारित हैं, सामान्य ज्ञान की जानकारी , पढ़ने की योग्यता को दबाना ठीक नहीं।
3. अपनी मनोवैज्ञानिक धारणाओं जैसे-त्याग, तपस्या संतोष आदि धारणाओं को कभी निषेधात्मक नहीं माना।
4. मनुष्य विश्वात्मा के साथ एकता स्थापित करता है उसे अपने अनुक्रम मारना होगा।
5. अहिंसा, सत्य और संयम का पालन करते समय सरल जीवन व्यतीत करना चाहिए।

महात्मा गाँधी ने तनाव के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान आकर्षण किया हैं। उनके अनुसार तनाव कारण देखे तो यह हमें कठिनाईयों से भरे जीवन से निकालने में साहसपूर्ण कार्यो पर जीत दिलानें में सहायक हैं।

उपसंहार- यदि विद्यार्थी महात्मा गाँधी के इन सिद्धान्तों का अनुपालन करे तो उन्हें तनाव की दूर करने में प्रेरणा मिलेगी

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. https://hi.vikspedia.in/health/mental-health
2. महात्मा गाँधी - विद्यार्थियों के शैक्षिक संतुष्टि एवं तनाव
3. https://www.swastikmedicalcenter
4. https://www.singhealth.com.sg/patient-
5. गाँधी जी के मनोवैज्ञानिक-शैक्षणिक विचार की उपादेयता
6. Research methology-CR.kothari&Gourav Garg, publication New AgInter-national(p)LTD Publishers.

नगरीय विवाहित महिलाओं के विरूद्ध पारिवारिक हिंसा : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. पूजा तिवारी*

* सह प्राध्यापक एवम विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रत्येक समाज चाहे वह कितना ही सभ्य कहलाने लगे ,परन्तु अपराध एवम हिंसा का अस्तित्व किसी न किसी रूप में वह अवश्य होता है ,किसी भी समाज की सामाजिक संस्थओं में परिवार नामक संस्था का विशेष महत्व है ,जब परिवार की परिधि में पुरूष महिलाओं के प्रति असामाजिक और कानून विरोधी व्यवहार करता है तो उसे 'दुर्व्यवहार' कहा जाता है ,किन्तु जब यह दुर्व्यवहार बढ़ जाता है तो यह अपराध की श्रेणी में आता है।भारतीय समाज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इस परिवर्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव सामाजिक संस्थाओं पर पीडीए है ,महिलाओं के विरूद्ध पारिवारिक हिंसा एक गंभीर समस्या है ,घरेलू हिंसा कानून 2005 पारित एवम लागू होने के बाद भी पारिवारिक हिंसा के प्रकरणों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है पति-पत्नी में तनाव की स्थिति का खामियाजा पत्नी को महंगा पड़ता हैं और यह स्थिति घरेलू हिंसा को जन्म देती है ,पारिवारिक हिंसा को परिवार का निजी मामला मानते हुए लगभग पूर्ण रूपेण छिपा कर रखा जाता रहा है किन्तु महिलाओं की प्रस्थिति में सुधार होने एवम शिक्षा के कारण एवम महिलाओं के सहस के कारण पारिवारिक हिंसा के मामले बाहर तक आ रहें हैं जिससे पता लगता है की यह हिंसा बहुत व्यापक है ,पारिवारिक हिंसा महिलाओं के विरूद्ध होने वाली हिंसा का प्रमुख रूप है।

शब्द कुंजी – महिला, हिंसा, नगरीय, घरेलू , उत्पीडन।

प्रस्तावना – पारिवारिक हिंसा से आशय एक परिवार के सदस्य या सदस्यों द्वारा परिवार के ही किसी सदस्य के विरूद्ध हिंसात्मक व्यवहार करना या उसे शारिरिक, मानसिक कष्ट पहुचाना है, यह हिंसा धमकी, भयभीत करना, गली देना, लात घूंसों से पिटाई करना उत्पीडन करना, प्रताड़ित करना, जबरदस्ती यौन सम्बन्ध बनाना, हत्या करना या हत्या की कोशिश करना किसी भी रूप में संभव हैं यह अक्सर महिलाओं के विरूद्ध ही की जाती है।

शोध प्रारूप – प्रस्तुत शोध पात्र में छिन्दवाड़ा नगर के कुल 50 नगरीय विवाहित महिला सुचना दात्रियों के साक्षात्कार,अनौपचारिक बातचीत, अनुसूची द्वारा प्राथमिक आकड़ों का का संकलन करके व्याख्यात्मक शोध अभिकल्प अपना कर विश्लेषण करने का प्रयास किया गया हैं, अन्य स्त्रोत के अंतर्गत विभिन्न पुस्तकें, लेख, समाचार पात्र, इन्टरनेट को रखा गया है।

उद्देश्य:

1. नगरीय विवाहित महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी ज्ञात करना।
2. हिंसा के स्वरूपों की जानकारी लेना।
3. परिवार के अन्य सदस्यों के द्रष्टिकोण को जानना।
4. पारिवारिक हिंसा के कारणों को जानना और हिंसा रोकने में सहायक बिन्दुओं पर विचार करना।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 से स्पष्ट होता है की नगरीय विवाहित महिलाओं में 82 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी प्रकार से पारिवारिक हिंसा का सामना करती हैं जबकि 18 प्रतिशत महिलाये इससे मुक्त हैं।यदि आर्थिक वर्ग की बात करें तो निम्न वर्ग की महिलाएं सर्वाधिक हिंसा से पीड़ित हैं अर्थात हिंसा का मूल कारण गरीबी है।

अनपढ़ या कम पढ़े लिखे पति ज्यादा हिंसा करते है इसी प्रकार 21 से 42 वर्ष उत्पीडक वर्ग के रूप में उभर कर सामने आया।नसे के सन्दर्भ में पाया गया की पुरे होशोहवास में रहने वाले ज्यादा हिंसा करते हैं ,नगरीय सन्दर्भ में प्रथम प्राथमिकी दर्ज करवाने हेतु 60 प्रतिशत महिलाएं इसे स्वीकार करती हैं जबकि 40 प्रतिशत महिलाएं ऐसा नही चाहती हैं।इस तालिका से साफ पता चलता है की उत्पीडन का स्वरुप सर्वाधिक शारीरिक ही होता है जो 70 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया हैं। इस प्रकार से कहा जा सकता हैं की घरेलू हिंसा में पति के साथ साथ सास ,जेठानी ,नन्द ,देवर सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहतें हैं।

हिंसा के प्रमुख कारणों में दहेज की मांग, बाँझपन, शक करना ,चरित्र हननं, अहंकार, गरीबी और पारिवारिक दबाव तथा रूप रंग भी शामिल होता हैं।

इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक है की नगरीय क्षेत्रों में संचालित परिवार परामर्श केंद्र ,पुलिस थाने ,एन .जी .ओ .एवम वन स्टॉप सेंटर अपना कर्तव्य गंभीरता से और मुस्तैदी से करें ,इसके अलावा शिक्षा ,और पुरूष मानसिकता में परिवर्तन हेतु प्रयास ,काउंसलर सेंटर में वृद्धि करना जरूरी है ,स्वयम महिलाओं को भी मुखर होना पड़ेगा क्योकि खुद की लड़ाई स्वयम लड़ना होगा ,अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा, समस्त कानून की जानकारी रखना होगा, महिलाओं को हमेशा सतर्क और सावधान रहना पड़ेगा, अपने निर्णय स्वयम लेना होगा और सबसे पहले आर्थिक रूप से

सशक्त बनना होगा तभी सामाजिक सशक्तिकरण भी होगा अब समय की मांग है की महिलाये किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन न करे ,उसके विरूद्ध आवाज उठाएं क्योकि आज के समय में भी महिलाये घरेलू हिंसा का शिकार बनती रहे, यह किसी भी सभ्य समाज ,समुदाय के लिए स्वीकार्य नही होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आहूजा ,राम ,भारतीय सामाजिक व्यवस्था ,रावत पब्लिकेशन्स दिल्ली।
2. आहूजा,राम, Crime Against Women,रावत पब्लिकेशंस ,जयपुर।
3. अग्रवाल ,अमित ,भारत में नगरीय समाज , विवेक प्रकाशन ,दिल्ली।
4. दैनिक भास्कर, मधुरिमा।
5. इन्टरनेट, द्रष्टि आई .ए .एस .घरेलू हिंसा यकारण और समाधान, मार्च 2020.

तालिका 1: सूचना दात्रियों की सामाजिक ,आर्थिक ,आयु ,शिक्षा ,उत्पीडन ,व्यसन सम्बन्धी जानकारी

क्र	सम्बन्धित परिवर्तय	आवार्तियाँ / प्रतिशत	आवार्तियाँ /प्रतिशत		समस्त प्रतिशत
1	पारिवारिक हिंसा की स्थिति	पारिवारिक हिंसा से पीड़ित महिलाये 41 (82 %)	पारिवारिक हिंसा से मुक्त महिलाएं 09(18 %)	-	योग 50 (100%)
2	आर्थिक वर्ग	उच्च 09 (18%)	मध्यम 18 (36%)	निम्न 23 (46%)	50 (100 %)
3	उत्पीड़क आयु वर्ग	18-21 वर्ष =11 (22 %)	22 -42 वर्ष =37 (74%)	43 से अधिक =2 (4 %)	50 (100%)
4	पति का शैक्षणिक स्तर	प्राथमिक =26(52 %)	माध्यमिक /इंटर =20(40%)	उच्च शिक्षित =4 (8 %)	50 (100 %)
5	मध् व्यसनी	उच्च नशा 2 (4 %)	मध्यम नशा 17 (34 %)	होशोहवास (कोई नशा नहीं ,31 (62 %)	50 (100 %)
6	प्रथम प्राथमिकी दर्ज करवाना	हाँ =30 (60 %)	नही 20 (40 %)	-	50 (100 %)
7	उत्पीडन का स्वरुप/प्रकार	शारिरिक35 (70 %)	मानसिक 15 (30 %)	-	50 (100 %)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक चुनौतियां (बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ में)

दिनेश भुगवाडे*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसी भी समाज में महिलाओं का विकास महत्वपूर्ण है शिक्षित महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती है एवं किसी भी शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने में सफल होती है महिलाओं के विकास के लिए विश्वव्यापी राष्ट्रीय प्रचार और जागरूकता कार्यक्रम चलाना अति आवश्यक है जिसमें समाज और राष्ट्र के स्वरूप एवं संतुलित विकास में महिलाओं की भूमिका और उसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है क्योंकि एक महिला अपने बच्चो के व्यक्तित्व एवं चरित्र को जिस रूप में ढालती हैं जैसा आकार प्रदान करती है वैसा ही राष्ट्र के चरित्र का निर्माण होता है देश में महिलाएं लगभग 50 करोड़ जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है जो कि समाज का बहुमूल्य अंग मानी जाती है कोई समाज महिलाओ में विद्यमान संभावना को अनदेखा कर सकता है जब महिलाएं शिक्षित एवं जागरूक नहीं होती है।

अरस्तू के अनुसार मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है सामाजिक प्राणी होने के नाते वह सामाजिक संबंधों की स्थापना हेतु व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों से संपर्क करना होता है तथा साथ ही वह अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए समूह के अन्य व्यक्तियों से संपर्क करना होता है साथ ही अन्य व्यक्तियों से क्रिया तथा अन्य क्रियाएं करता है इन सब के बावजूद भी इसे कुछ अभाव बना ही रहता है जिसे विभिन्न समस्याएं जीवन में उभर कर सामने आती है।

शब्द कुंजी–अनुसूचित जनजाति, महिलाओं/महिलाएं, जीवन, शिक्षित, जागरूकता।

प्रस्तावना – एक परिवार, समाज और देश के विकास ने महिलाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है लेकिन आज स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की कुछ समस्याएं अभी भी विद्यमान है हम इसके जीवन में कुछ परिवर्तन जरूर दिखने लगा है अभी भी कुछ अनुसूचित जनजाति ग्रामीण में निवास करती है अनुसूचित जनजाति तो नहीं पर जंगलों, पहाड़ों, बिहडो में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति अभी भी आधुनिक सभ्यता संस्कृति राजनैतिक जीवन आदि से अछूती है।

लेकिन फिर भी आज हमारे देश में सबसे ज्यादा पतन महिला का ही हो रहा है। हम सभी जानते हैं कि भारत देश पुरुष प्रधान है यहां समाज में पुरुषों का बोलबाला है यहां पुरुषों को हर क्षेत्र में प्राथमिकता दी जाती है फिर चाहे वह शिक्षा हो या घर के बाहर निकाल कर उत्पादन करने की आजादी हो इन सभी क्षेत्रों में पुरुषों को प्राथमिकता दी जाती है जबकि महिलाओं को इन क्षेत्रों में रोक–टोक का सामना करना पड़ता है शिक्षा से भी महिलाओं को वंचित रखा जाता है घर से बाहर निकाल कर उत्पादन करने की भी स्वतंत्रता नहीं दी जाती है वर्तमान में महिलाओं की स्थिति में थोडा सुधार हुआ है। लेकिन पूर्णत: नहीं।

मेकाइवर और पेज से अपनी कृति 'समाज' में लिखा है कि समाज सामाजिक संबंधों का जाल है वस्तुतरूसमाज सामाजिक समस्याओं का भी जाल है। सामाजिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक जीवन में विभिन्न समस्याएं विद्यमान रहने के कारण ही इनके समाधान में व्यक्ति अपने के निरंतर लगाए रखना है खासतौर से अन्य समस्याओं तो की जा सकती है किंतु सामाजिक समस्याएं अपने आप में कठिन और जटिल हुआ करती है मनुष्य कभी भी सामाजिक समस्याओं में पूर्णत: मुक्त नहीं रहा है।

ए. एम. रोज ने लिखा है कि सामाजिक समस्या एक ऐसी परिस्थिति है जो किसी समूह के द्वारा अपने सदस्यों के एक स्रोत के रूप में देखी जाती है इसे सामाजिक समस्या प्रमुख इसलिए माना जाता है क्योंकि यह सामाजिक वातावरण में ही पायी जाती हैं और उत्तरदायी कारणो को इस रूप में देखा जाता है कि वह पर्यावरण में ही मौजूद है। वर्ण व्यवस्था हिंदू समाज की एक विशेषता रही है। इसके आधार पर हिंदू समाज वर्णों, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्णों में विभक्त था। प्रारंभिक अवस्था में वर्ण के आधार पर ही जातियों का निर्धारण होने लगा पहले से ही समाज के प्रथम तीन वर्ग संपन्न रहे हैं। किंतुचौ वर्ग प्रारंभ से ही शोषित, दलित, पिछड़ा एवं कमजोर रहा है। अनुसूचित जनजातियों को अस्पृश्यता मानने वाले लोगों को शासन ने कानूनी रूप से अपराधी लोगों को शासन ने कानूनी रूप से अपराधी घोषित किया है। अनुसूचित जनजाति के महिलाओं स्वास्थ्य संबंधी, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए शासन ने अनेक विकास योजनाएं प्रारंभ की है। शासकीय नौकरियों में उनके लिए स्थान सुरक्षित दिए गए हैं शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए अनुसूचित जनजाति को बाहुल्य क्षेत्र को एक विशेष परियोजना के अंतर्गत लाकर जगह–जगह स्कूल खोले गए जो की महिलाओं की सुरक्षा के लिए रात के समयमें भी चलाए जाते हैं। अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को सरकार की ओर से कई तरह के सुविधा दी जाती है। इन महिलाओं को अनेक उनके स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी देने के लिए भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास परियोजना को विकास किया गया है। इसके तहत महिलाओं को स्वास्थ्य

एवं स्वच्छता एवं पौष्टिक पोषक आहार संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए आंगनबाड़ी जैसे अनेक शासकीय केंद्र खोले गए हैं।

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के संस्कारों रीति-रिवाज रहन-सहन एवं कर्मकांड विश्वास आदि को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। इन महिलाओं के जीवन संबंधी विभिन्न समस्याओं को अध्ययन का प्रमुख अंग बनाया गया है तथा अध्ययन में पूर्णतः निष्पक्षता एवं सतर्कता बढ़ती गई है।

शोध का उद्देश्य:

1. अनुसूचित जनजाति में होने वाले उत्पीड़न में महिलाओं के विचारों का अध्ययन करना ।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की पारिवारिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना ।
3. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की आवास व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करना ।
4. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में शैक्षणिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना ।
5. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में निर्धनता एवं पिछड़ेपन के कारणो की जानकारी प्राप्त करना ।
6. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन का अध्ययन करना ।
7. अनुसूचितजनजाति की महिलाओं की सामाजिक सजकता एवं अभिरुचि का मूल्यांकन करना।

शोध परिकल्पना :

1. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में सामाजिक गतिशीलता बढ़ी है।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी चुनौतियों है।
3. प्रौद्योगिकी के प्रभाव स्वरूप अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में परिवर्तन हो रहा है।

शोध महत्व

सैद्धांतिक महत्व - बड़वानी जिले की वरला तहसील के अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की समस्याओं का सामाजिक स्थिति का अध्ययन निम्नलिखित उपयोगिता पर आधारित है ।

1. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के परिवारों में व्याप्त निर्धनता रूढ़िवादिता जैसे रहन-सहन के निम्न स्तर आदि समस्याओं के कारणों की खोज की गई है।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक आर्थिक पहलुओं का अध्ययन किया गया है ।
3. प्रस्तुत शोध कार्य में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए उपाय खोजे गए हैं ।
4. इस शोध कार्य में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के पारिवारिक संरचना विवाह धार्मिक विश्वास आदि विषयों पर भी अध्ययन किया गया है ।

व्यावहारिक महत्व :

1. इस शोध कार्य में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं की जानकारी प्राप्त करना ।
2. इस शोध कार्य से प्राप्त जानकारी के आधार पर इन्हें दूर करने के प्रयास में सहायता करना।
3. धार्मिक सामाजिक तथा राजनीतिक सहभागिता की जानकारी सें इनसे संबंधित समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्राप्त होता है ।

शोध पद्धति - प्रस्तुत शोध कार्य में शोध रखते हुए निम्नलिखित पद्धतियों का उपयोग किया है ।

निदर्शन पद्धति :

1. अध्ययन को स्वरूप देने के लिए उद्देश्य परक निर्देशन के अंतर्गत बड़वानी जिले का चयन किया गया है ।
2. बड़वानी जिले में रह रहे अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का चयन प्रतिदर्शन के माध्यम से किया गया है ।

शोध उपकरण

प्रश्नावली - अध्ययन को स्वरूप प्रदान करने के लिए बड़वानी जिले के क्षेत्र में निवास कर रहे हैं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं से प्रश्नावली के माध्यम से उनकी राय और विचारों को जाने के प्रयास किए गए हैं तथ्य संकलन के लिए प्रश्नावली का उपयोग किया गया है प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पत्र के रूप में खुला प्रश्न दिया गया जिसके माध्यम से प्रतिभागियों के विचारों को भी शोध में शामिल किया गया है।

अनुसूची - कुछ प्रतिभागियों को प्रश्नावली समझने में समस्या होने के कारण उनसे राय और विचार जानने के लिए प्रश्नावली का उपयोग यहां अनुसूची के रूप में किया गया है।

तथ्य विश्लेषण एवं आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण - प्रस्तुत शोध में अध्ययन के माध्यम से यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की लोकप्रियता और कार्य पद्धति को केंद्र में रखकर यह शोध कार्य किया गया है तथ्यों और आंकड़ों को प्रश्नावली अनुसूची के माध्यम से एकत्रित कर उनका विश्लेषण किया गया है प्रस्तुत शोध बड़वानी जिले में रहने वाले अनुसूचित जनजाति की महिलाओं पर विशेष रूप से केंद्रित है अध्ययन में जिनमें विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथ्य संकलन हेतु 50 से अधिक प्रश्नावली अनुसूची को भरवाया गया है। लेकिन तथ्य विश्लेषण में 50प्रतिभागियों के मतों को शामिल किया गया है तथ्य संकलन का कार्य अक्टूबर 2024 में किया गया है। साक्षात्कार अनुसूची में कुल 3 प्रश्नों को शामिल किया गया है साक्षात्कार अनुसूची में बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से प्राप्त तथ्यों का अध्ययन हेतु केन्द्र में रखा गया है साक्षात्कार अनुसूची में विकल्प के रूप में हां, नहीं और पता नहींको तथ्य संकलन हेतु आधार बनाया गया है जो इस प्रकार है।

तालिका क्रमांक -1

1 क्या अनुसूचित जनजाति की महिलाएं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरुक है?

क्र.	न्यादर्श का चयन	संख्या	प्रतिशत
1	हा	20	40%
2	नहीं	25	50%
3	पता नही	5	10%
	योग	50	100%

विश्लेषण- तालिका क्रमांक 1 के आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि अनुसूचित जनजातिकी महिलाएं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरुक है कुल 50 उत्तरदाताओं के चुनाव में से 20 (40प्रतिशत) उत्तरदाताओ ने नकहा है कि हा जागरूकता है जबकि 25 (50प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने

कहा जागरूक नहीं है तथा 5 (10प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा ज्ञात नहीं है।

तालिका क्रमांक -2

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण कैसा है?

क्र.	न्यादर्श का चयन	संख्या	प्रतिशत
1	अच्छा	22	44%
2	सहयोगात्मक	15	30%
3	उपेक्षित	13	26%
	योग	50	100%

विश्लेषण- तालिका क्रमांक 2 के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण कैसा है कुल 50 उत्तरदाताओं में से 22(44 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज का दृष्टिकोण अच्छा है जबकि 15(30प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज का दृष्टिकोण सहयोगात्मक है तथा 13(26प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज के दृष्टिकोण अपेक्षित नहीं है।

तालिका क्रमांक-3

क्र.	न्यादर्श का चयन	संख्या	प्रतिशत
1	हा	24	48%
2	नहीं	22	44%
3	पता नहीं	4	8%
	योग	50	100%

विश्लेषण- तालिका क्रमांक 3 के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के कार्य करने की दिशाओं के संबंध में नवीन जानकारी है कुल 50 उत्तरदाताओं में से 24(48प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि कार्य करने की दशाओ के संबंध में नवीन जानकारी है जबकि 22(44प्रतिशत) ने कहा कि कार्य करने के संदर्भ में जानकारी नहीं है तथा 4(8प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

निष्कर्ष - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता है कल 50 उत्तरदाताओं में से 25% उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज जागरूकता में अभी-अभी कमी है तथा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण कैसा है के संदर्भ में 50 सदस्यों में से 44 उत्तरदाताओं ने कहा कि समाज का दृष्टिकोण अच्छा है जबकि मनुष्य जनजाति के महिलाओं के कार्य करने के दशाओं के संबंध में नवीन जानकारी है के संदर्भ में कुल 50 सदस्यों में से 48% ने कहा कि कार्य करने की दशाओं के संबंध में नवीन जानकारीहै।

सुझाव - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक चुनौतियों के लिए कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं:

शिक्षा और जागरूकता

1. **शिक्षा के अवसर प्रदान करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें और अपने जीवन में सुधार कर सकें।
2. **जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें और अपने जीवन में सुधार कर सकें।

आर्थिक सशक्तिकरण

1. **आर्थिक अवसर प्रदान करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को आर्थिक अवसर प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें।
2. **स्वावलंबन कार्यक्रम आयोजित करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए स्वावलंबन कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में सुधार कर सकें।

सामाजिक समर्थन

1. **सामाजिक समर्थन प्रदान करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को सामाजिक समर्थन प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में सुधार कर सकें।
2. **सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में सुधार कर सकें।

कानूनी संरक्षण

1. **कानूनी संरक्षण प्रदान करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को कानूनी संरक्षण प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ सकें।
2. **कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना** - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. बघेल डी.एस.(1990) भारतीय सामाजिक समस्याएं पुस्तक पुष्पराज प्रकाशन, रीवा।
2. तिवारी शिव कुमार (1998) मध्यप्रदेश के आदिवासी, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी।
3. उव्रेती एज. सी.(1970) भारतीय जनजाति ओरिएंटल प्रकाशन।
4. पटेल जी.पी.(1991) बैगा जनजाति का मानव शास्त्रीय अध्ययन।
5. डेविस किंग्सले (1973) मानव समाज किताब महल, इलाहाबाद।
6. त्रिपाठी बालिका मधुसूदन (2006) शिक्षा विद्यावती प्रकाशन साहित्य, नई दिल्ली।
7. घोष मालिनी (2002) इकोनामिक एंड पॉलीटिकल वीकली साक्षरता योग्यता और सामर्थ्य शक्ति का प्रभाव पर शोध एवं कार्य समीक्षा ट्रस्ट पब्लिकेशन, मुंबई।
8. भट्टाचार्य ए.(2015) कैरियर कर्क कैपिलिस्ट स्ट्रक्चर एंड वाइलेंस अगेंस्ट वूमेन नेशनल कन्वेंशन आन एडवोकेसी फार कैयर वर्क दिल्ली में प्रस्तुत पेपर महिला स्वावलंबन।
9. घोष जे. (2015) केयर इन दे नियो लिबरल इकोनामिक मॉडल इंटरनेशनल पॉलिसीज एंड देयर इफेक्ट्स ऑन वूमेंस इन गर्ल्स अनपेड केयर नेशनल कन्वेंशन आन एडवोकेसी फॉर केयर वर्क ने दिल्ली में प्रस्तुत पेपर।
10. एल्विन बी. (1939) द बेगा जान मूर्रे लंदन।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय ज्ञान परम्परा में ज्ञान और विज्ञान

डॉ. शिवाकान्त तिवारी*

* प्रभारी प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, मोहन बड़ोदिया, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान परम्परा में प्राचीनकाल से ही स्व–कल्याण के साथ–साथ विश्व–कल्याण की भावना से कार्य किया जाता था। भारतीय वेद ज्ञान का अपार भण्डार हैं। भारतीय शिक्षा की गुरूकुल प्रणाली प्राचीनता के साथ उत्कृष्टता को भी अपने आप में समेटे हुए थी जिसमें विद्यार्थी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास का कार्य किया जाता था। नालन्दा जैसे विश्वविद्यालयों में हजारों विद्यार्थी और शिक्षक अध्ययन और अध्यापन के कार्य में संलग्न रहते थे। विद्यार्थी और शिक्षक का अनुपात उस समय के सभी विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट स्तर का था।

It is evident from the plot Figure 1 and 2 that the observed (Y_{obs}) and calculated value with Wiener index (Y_{cal}) of chemical shift yield excellent straight lines for both chemical shift and effective nuclear charge. The results obtained in this study demonstrate that the correlating of ΔE and Z_{eff} with Wiener indices is very effective. We can say that the edge shift thus estimated indicates that topological indices of the organic molecules acting as ligands can be used for estimating edge shift theoretically.



Figure 1
For Chemical shift ΔE_k



Figure 2
For Effective Nuclear Charge Z_{eff}

Conclusion: Topological indices (Wiener) contains valuable informations about molecular structure and molecular properties. The prediction of the properties of the molecules before their synthesis should be made by topological indices. The topological understanding of molecular properties can lead to the development of new areas of present and future interest i.e. designing of new drug tracking the effect of pollutants in the environment and the prediction of carcinogenicity of a molecule.

References:-

1. Meisel A, Leonhardt G Land Szargan R, X-ray spectra and chemical binding (Springer-Verlag Berlin) 1989, p.64.
2. Weiner H.J. Am. Chem. Soc. 1947;69:17.
3. King R.B. & Rouvray D.H. (Eds) Graph theory and topology in chemistry, (Elsevier Amsterdam) vol 51, 1987, p.209.
4. Trinajstic N, chemical graph theory, (CRC press Boca Raton, Florida), Vol I & II, 1983.
5. Sakina Ashraf, Muhammad Imran, Syed Ahtsham Ul Haq Bokhary, Shehnaz Akhter Research article, Volume 8, issue 12, e12382, Dec. 2022.
6. Harry F. Graph Theory Addison Wesley: Reading, MA, 1979.
7. Zhenzhen Li, Baoyindureng Wu: Journal of Graph Theory/ volume 106, issue 3/ p. 556-580, March 2024.
8. R.N. Patel, Spectrochim. Actapart A 59 (2003)713.
9. S. Kumar, P.V. Khadikar, R.N. Patel and K.B. Pandeya, Proc.Ind.Acad.Sci.(Chem.Sci.)113 (2001) p21.
10. U.A. Palikundwar, V.B. Sapre and S.V. Moharil, Proc. of the NSJ30 (2006) 580.
11. S.K.Joshi, B.D. Shrivastava, Bhakta Darshan Shrivastava and A. Mishra, X-ray spectrum 33 (2004) 466.
12. R.K. Vyas, S.K. Joshi, B.D. Shrivastava, M.C. Shah and J. Prasad, Ind. J. of Pure & Appl. Phy. 43 (2005)509.
13. R. D. Gupta, S.K. Joshi, B.D. Shrivastava, M.C. Shah and J. Prasad, Natl.Acad. Sci. Lett.28 (1&2) (2005) 39.
14. B.K. Agrawal and L.P. Verma, J.Phys. C 3(1970) 535.
15. R.C. Kumavat, S.K. Joshi and B.D. Shrivastava, Jpn. J. Appl. Phys.32 (1993)567.
16. P.N. Koul and B.D. Padalia, X-ray Spectrom. 12(1983)128.
17. A.N. Nigam, O.P. Rajput and B.D. Shrivastava, X-ray Spectrom, 15(1986)111.
18. Giantures F.A. and Coulson C.A. Mol. Phy. 14, 223(1968).

Table 2: Chemical Shift and other X-ray Absorption Parameters for complexes used for correlation in present work

Ligands	Chemical shift ΔE_k meV			Effective nuclear charge (Zeff)			Principal absorption maxima (±0.3 eV)	Edge width (± 0.3_{eV})
	Y_{ob}	Y_{cal}	E_{mV}	Y_{ob}	Y_{cal}	Error		
I.	9.3	9.1	-.2	0.97	0.97	0.00	25.5	16.2
II.	8.8	9.0	+.2	0.94	0.98	-0.04	25.3	16.5
III.	8.3	8.2	-.1	0.90	1.03	-0.13	25.2	16.9
IV.	8.1	8.2	+.1	0.89	1.03	-0.14	24.3	16.2

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

गर्भावस्था में एनीमिया: छिंदवाड़ा जिले के विशेष संदर्भ में

संध्या गजभिये*

* सहायक अध्यापक (गृहविज्ञान) राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातक कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा(म.प्र.) भारत

शोध सारांश – गर्भावस्था के दौरान हल्का एनीमिया होना सामान्य है लेकिन आयरन या विटामिन के काम स्टार या अन्य कर्म से आपको अधिक गंभीर समस्या हो सकता है। एनीमिया के कारण आपको थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है अगर यहां गंभीर है और इसका इलाज नहीं किया जाता है तो इससे समय से पहले प्रसव जैसी गंभीर जटिल ताव का खतरा बढ़ सकता है। जब आप गर्भवती होती है तो आपको एनीमिया हो सकता है ऐसी स्थिति में आपके रक्त में आपके अतरो और आपके बच्चे तक ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य लाल रक्त कोशिकाएं नहीं होती है। गर्भावस्था के दौरान आपका शरीर आपके बच्चे के विकास में सहायता के लिए अधिक रक्त का उत्पादन करता है यदि आपको पर्याप्त आयरन या कुछ अन्य पोषक तत्व नहीं मिल रहे तो हो सकता है कि आपका शरीर इस अतिरिक्त रक्त को बनाने के लिए आवश्यक मात्रा में लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने में सक्षम न हो भारत वर्ष में आज भी एनीमिया की समस्या बनी है।

शब्द कुंजी – गर्भावस्था, एनीमिया, पोषक तत्व ,आयरन ,विटामिन।

प्रस्तावना – गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होना आम बात है लेकिन गंभीर एनीमिया होना आम नहीं है। एनीमिया लाल रक्त कोशिकाओं की कम संख्या की स्थिति है यदि पूर्ण रक्त गणना सीबीसी से पता चलता है कि आपके शरीर में ऑक्सीजन ले जाने वाली रात रक्त कोशिकाएं काम है तो आपको गर्भावस्था के दौरान एनीमिया हो सकता है। गर्भावस्था में रक्त प्लाज्मा का आयतन 30% तक बढ़ता है। संपूर्ण रक्त का आयतन 45% तक तथा प्रभावित होने वाली लाल कोशिकाओं में 40% तक वृद्धि होती है कल हीमोग्लोबिन जो गर्भावस्था के प्रारंभ में 550 mg होता है। सातवें माह में 725 mg तक बढ़ जाता है परंतु हीमोग्लोबिन का स्तर 13.4 से गिरकर 11.6 mg प्रति 100 मि.ली रक्त हो जाता है यदि 28 वे सप्ताह या उसके बाद गभेनी का हीमोग्लोबिन स्तर 10 mg/ग्राम या 100 मि.ली से कम हो तो उसे रक्त हीनता से पीड़ित माना जाता है तथा बड़े हुए रक्त आयतन की तुलना में हीमोग्लोबिन स्तर न बढ़ने से रक्त न्यूनता के जो लक्षण प्रकट होते हैं। उन्हें गर्भकालीन स्वाभाविक जगतालाप पता के नाम से जाना जाता है लोहे तथा फोलिक एसिड की कमी के कारण कुछ गरम पानियों में रक्त लापता होती है। जिसका कारण इन तत्वों को कम सेवन करना है। उचित गर्भ पोषण ना होना या अधिक उत्सर्जन होना हो सकता है। रक्तहीनता की दशा में समय पूर्व प्रसार तथा मृत्यु शिशु जन्म की संभावना अधिक होती है। अत: लोग तत्व से पूर्ण आहार के साथ इसका अमल का प्रयोग तथा लोह तत्व की गोलियों का प्रयोग किया जाए भोजन के पश्चात पान खाने से लोहे के गर्भ पोषण में सहायता मिलती है। क्योंकि छूने का क्लोरीन कार्बोनेट पर्याप्त कैल्शियम प्रदान करता है। जिसकी न्यूनता भारतीय आहार में होती है। परंतु फास्फेट की अधिकता लोहे के अवशोषण में बाधा डालती छूने के प्रयोग से कैल्शियम फास्फेट के साथ आंतों में जुड़ जाता है और लोह तत्व और शोषण के लिए मिलने लगता है।

गर्भावस्था में एनीमिया के लक्षण :

1. थकान
2. कमजोरी
3. चक्कर आना
4. काम के दौरान हल्का सांस लेने में दिक्कत
5. पीलापन
6. गंभीर एनीमिया में तेज दिल की धड़कन या लो ब्लड प्रेशर
7. बेहोशी
8. चिड़चिड़ापन
9. ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत
10. घबराहट

गर्भावस्था में एनीमिया होने पर रक्त में ऑक्सीजन ले जाने वाली लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या कम हो जाती है। इससे बूंद को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है। जिससे उसको सामान्य विकास और वृद्धि प्रभावित होती है। गर्भावस्था में एनीमिया के कुछ आम कारण यह है आयरन की कमी फोलिक एसिड की कमी विटामिन B 12 की कमी गर्भावस्था के दौरान ज्यादा रक्त स्त्राव गर्भावस्था में एनीमिया कि ज्यादातर मामलों में आहार में बदलाव करके इसे ठीक किया जा सकता है।

गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करने वाले एनीमिया के प्रकार एनीमिया के 400 से ज्यादा प्रकार है, इनमें से कुछ गर्भावस्था के दौरान ज्यादा आम है जिनमें शामिल है :

1. अल्पताज्य एनीमिया – लौह की कमी से
2. फोलिक – एसिडि की कमी से होने वाला – फोलेट अल्पताज्य एनीमिया
3. विटामिन B 12 की कमी से होने वाला एनीमिया

गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने की सबसे अधिक संभावना कैसे

होती है।

गर्भावस्था के दौरान आपके शरीर में रक्त की मात्रा 20% से 30% तक बढ़ जाती है इसका मतलब है कि आपके शरीर को ज्यादा लाल रक्त कोशिकाओं के लिए ज्यादा आयरन की जरूरत होती है। गर्भावस्था के दौरान सीमा का खतरा ज्यादा हो सकता है अगर आप

1. एक से अधिक बच्चों के साथ गर्भवती हो।
2. पर्याप्त मात्रा में आयरन का सेवन न करना।
3. लगातार गर्भ धारण होना तथा उनके बीच बहुत कम समय का अंतराल होना।
4. गर्भावस्था से पहले भारी मासिक धर्म प्रवाह का अनुभव होना।
5. सुबह की बीमारी के कारण अक्सर उल्टी होना।

गर्भावस्था में एनीमिया के जोखिम – गर्भावस्था के दौरान गंभीर या अनुपचारित को लौह अल्पता से होने वाला एनीमिया निम्नलिखित होने का जोखिम बढ़ा सकता है।

1. समय से पहले जन्मे या कम वजन वाले बच्चे
2. रक्त आधान यदि प्रसव के दौरान आप काफी मात्रा में रक्त को देते हैं
3. प्रसवोत्तर अवसाद
4. एनीमिया से पीड़ित बच्चा
5. विकासत्मक देरी वाला बच्चा

फोलेट की कमी का उपचार न की जाने पर निम्नलिखित जोखिम बढ़ सकते हैं

1. समय से पहले जन्मे या कम वजन वाले बच्चे
2. रिड़ या मस्तिष्क में गंभीर जनजाति दोष से (न्यूरल ट्यूब दोष) से ग्रस्त शिशु विटामिन बी 12 की कमी का उपचार न किए जाने से अधिक बच्चों में न्यूरल ट्यूब दोष उत्पन्न होने का खतरा भी बढ़ सकता है।

एनीमिया के लिए परीक्षण – आपकी पहले प्रश्न पूर्ण नियुक्ति के दौरान आपका रक्त परीक्षण किया जाएगा ताकि आपका डॉक्टर यहां जा सके की आपको एनीमिया है या नहीं रक्त परीक्षणों में आमतौर पर यह शामिल होते हैं।

हीमोग्लोबिन परीक्षण – यहां हीमोग्लोबिन की मात्रा को मापता है –लाल रक्त कोशिकाओं में लोग युक्त प्रोटीन जो फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के उत्तकों तक पहुंचता हैं।

हेमेटोक्रिट परीक्षण – यह रक्त के नमूने में लाल रक्त कोशिकाओं के प्रतिशत को मापता है।

यदि आपके हीमोग्लोबिन या हेमेटोक्रिट का स्तर सामान्य से कम है तो आपको आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया हो सकता है। आपका डॉक्टर या निर्धारित करने के लिए अन्य रक्त परीक्षण कर सकता है कि आपको आयरन की कमी है या आपकी एनीमिया का कोई और कारण है। भले ही आपको गर्भावस्था की शुरुआत में एनीमिया ना हो फिर भी आपका डॉक्टर संभवत आपको दूसरी या तीसरी तिमाही में एनीमिया की जांच के लिए एक और रक्त परीक्षण करने की सलाह देगा।

अध्ययन का उद्देश्य – योजना का उद्देश्य यह है कि गर्भवती महिलाओं में व्याप्त एनीमिया को रोकने और इससे बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं में एनीमिया को काम करने के लिए प्रमुख सहयोगियों के साथ मिलकर एक सशक्त संरचना तैयार की जाए। इसके लिए समन्वित गंभीर प्रयास किए जाएंगे साथ ही साथ आंगनबाड़ी केंद्रों आदि में गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार तथा फोलिक एसिड विटामिन आदि की दवाई देकर तथा शिक्षा के माध्यम से विभिन्न ग्रामीण अंचलों कस्बों तथा पिछड़े इलाकों में गर्भवती महिलाओं को जागरुक कर सके।

एनीमिया का उपचार – यदि आप अपनी गर्भावस्था के दौरान एनीमिया से पीड़ित है तो आपको अपने प्रसव पूर्व विटामिन के अलावा आयरन सप्लीमेंट और या फोलिक एसिड सप्लीमेंट लेना शुरू करना पड़ सकता है। आपका डॉक्टर यह भी सुझाव दे सकता है की आप अपने आहार में आयरन और फोलिक एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें।

इसके अलावा आपको एक निश्चित समय अवधि के बाद पुन: रक्त परीक्षण के लिए कहा जाएगा। ताकि आपका डॉक्टर यहां जा सके कि आपका हीमोग्लोबिन और हेमेटोक्रिट के स्तर में सुधार हो रहा है या नहीं विटामिन बी 12 की कमी का इलाज करने के लिए आपका डॉक्टर आपको विटामिन बी 12 अनु पूरक लेने की सलाह दे सकता है। डॉक्टर यह भी सलाह दे सकते हैं कि आप अपने आहार में अधिक पशु आधारित खाद्य पदार्थ शामिल करें जैसे: – मांस, अंडे , डेरी उत्पादन, आपका ओबी आपको एक हेमेटोलॉजिस्ट के पास भेज सकता है। जो एनीमिया रक्त संबंधी समस्याओं में माहिर डॉक्टर है विशेषज्ञ आपको पूरी गर्भावस्था के दौरान देख सकता है और आपके ओबी को एनीमिया का प्रबंध करने में मदद कर सकता है।

गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को कैसे रूप का और इलाज किया जा सकता है – प्रसवपूर्व विटामिन में आमतौर पर आयरन होता है। आयरन युक्त प्रसवपूर्व विटामिन लेने से गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को रोकने और उसका इलाज करने में मदद मिल सकती है। कुछ मामलों में आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अलग से आईरन सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दे सकता है। गर्भावस्था के दौरान आपको प्रशिक्षित 27 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है गर्भावस्था के दौरान अच्छे पोषण से आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को भी रोका जा सकता है। आयरन के आहार स्रोतों में उबला लाल मास मुर्गी और मछली शामिल है। उन विकल्पों में आयरन पानी फर्टिसाइड ब्रेकफास्ट अनाज गहरे हरे पत्तेदार सब्जियां सुख बींस और मटर शामिल है। मांस जैसे पशु उत्पादों से मिलने वाला आयरन सबसे आसानी से अवशोषित होता है। पौधों के स्रोतों और सप्लीमेंट्स से आयरन के अवशोषण को बढ़ाने के लिए उन्हें विटामिन बी से भरपूर भोजन या पे के साथ मिले जैसे सेंटर का जूस टमाटर का जूस या स्ट्रॉबेरी अगर आप सेंटर के जूस के साथ आईरन सप्लीमेंट्स लेते हैं तो कैल्शियम फोर्टीफाइड किम से बच्चे जबकि गर्भावस्था के दौरान कैल्शियम एक आवश्यक पोषक तत्व है लेकिन कैल्शियम आयरन के अवशोषण को कम कर देता है।

अध्ययन का क्षेत्र – छिंदवाड़ा जिले का परिचय छिंदवाड़ा भारतीय राज्य मध्यप्रदेश का एक जिला है इस क्षेत्र में छिंद (ताड़) के पेड़ बहुतायत में है। इसलिए इसका नाम छिंदवाड़ा पड़ा एक समय यहां शेरों की बहुत तादाद थी इसलिए इसे पहले सिहवाड़ा भी कहा जाता था यह तथ्य अधिक मनी नहीं कहा जा सकता किंतु देशी खजूर या ताड़ की बहुतायत क्षेत्र के नाम की सही व्याख्या कहीं जा सकती है।

गुरैया गांव का परिचय – गुरैया मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की छिंदवाड़ा तहसील में स्थित एक बड़ा गांव है जिसमें कुल 1321 परिवार रहते हैं 2011 की जनगणना के अनुसार गुरैया गांव की जनसंख्या 6137 है जिसमें 3136 पुरुष है जबकि 3001 महिला है गुरैया गांव में 0 – 6 आयु वर्ग के

बच्चों की संख्या 800 है जो गांव की कुल जनसंख्या का 13.04% है। गुरैया गांव का औसत लिंग अनुपात 957 है। जो मध्य प्रदेश राज्य के औसत 921 से अधिक है जनगणना के अनुसार गुरैया का बाल लिंगानुपात 970 है जो मध्यप्रदेश के औसत 918 से अधिक है। गुरैया गांव में साक्षरता दर मध्य प्रदेश की तुलना में 2011 में मध्य प्रदेश के 69.32% की तुलना में गुरैया गांव की साक्षरता दर 66.74% है। वहां तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण मेरे द्धारा किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में लगभग 8 गर्भवती महिलाओं पर 1 महिला गर्भवती माध्यमिक एनीमिया से ग्रसित पाई गई तथा आंगनबाड़ी केंद्र में 5 गर्भवती महिलाओं पर 1 गर्भवती महिला माध्यमिक एनीमिया से ग्रसित पाई गई एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 जिसमें 14 गर्भवती महिलाओं पर 1 गर्भवती महिला माध्यमिक एनीमिया से ग्रसित पाई गई है।

तालिका 1 :

केंद्र आंगनवाड़ी क्र.	**नाम**	**पति का नाम**	
1	हंसा	शुभम कराडे	माध्यमिक एनीमिया
5	प्रीति	रविंद्र	माध्यमिक एनीमिया
2	बेबी	सुखलाल मरकाम	माध्यमिक एनीमिया

निष्कर्ष – महिलाएं किसी भी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महिलाएं पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर चल रही है ऐसे में यह कहना सही होगा कि महिला और पुरुष एक गाड़ी के दो पहिए है।अगर ऐसी स्थिति में महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा नहीं होगा। तो उसे देश के विकास की गति धीमी हो जाती है। अत: राष्ट्र के विकास हेतु महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं का स्वस्थ होना जरूरी है क्योंकि अगर गर्भवती महिला स्वस्थ होगी तो वह एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे पाएगी। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में एक बड़ा रक्तताल्पता की है अत: रक्तताल्पता को दूर करने के लिए गर्भवती महिलाओं को पोषण से भरपूर आहार दिए जाएं। जिम 30 मिलीग्राम आयरन रोजाना मिट, लाल मास एंड मछली, सोयाबीन, चीज, लिवर, साबूत अनाज, गहरे हरे पत्तेदार सब्जियां तथा फोरहिफाईट अनाज दिए जाए जिससे गर्भवती महिलाओं में एनीमिया तथा और भी बीमारियों से बचाव किया जा सके एवं महिलाओं का स्वास्थ्य का स्तर ऊंचा उठ सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. https://myclevelandelinic.org
2. https://www.webmd.com
3. सामान्य एवं उपचार आत्मक पोषण, डॉ. ज्योति कुलकर्णी, डॉक्टर अरुण पलटा (शिवा प्रशासन, इंदौर)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

लोकतंत्र एवं भारतीय लोकतंत्र में महिलाएं

डॉ. श्वेता तेवानी*

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) पीएमसीओई शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

अध्ययन पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र में ऐतिहासिक तुलनात्मक पर्यविक्षणआत्मक एवं विश्लेषणआत्मक एवं अनुभवात्मक अध्ययन पद्धति का उपयोग किया गया है।

शब्द कुंजी –भारतीय समाज,लोकतंत्र,आरक्षण,वर्ण व्यवस्था।

प्रस्तावना – भारतीय शासन व्यवस्था में लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय संविधान के निर्माण के समय अपनाया गया लेकिन भारतीय लोकतंत्र में कुछ बाधाएं थी जिनके कारण भारतीय लोकतंत्र को पूर्णत: सफल बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सामाजिक व्यवस्था मे वर्ण व्यवस्था और जाति प्रथा के आधार पर अत्यधिक भेदभाव विद्यमान था। जातिगत भेदभाव को दूर कर समाज में समानता लाने के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण संबंधी प्रावधान किए जिससे कि समाज में पूरी तरह से समानता स्थापित की जा सके। सामाजिक व्यवस्था मे महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए किसी भी प्रकार के विशिष्ट प्रावधान नहीं किए गए और इसीलिए आज भी भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है। महिलाओं कि इस स्थिति का कारण पुरुषों की मानसिकता है जो कि भारतीय महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकती है और स्वयं को ऊपरी पायदान पर रखना और देखना चाहते है।

लोकतंत्र : शासन व्यवस्था या मानसिकता – वर्तमान समय में लोकतंत्र को सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली माना जाता है लेकिन लोकतंत्र सदा से ही श्रेष्ठ प्रणाली नहीं माना गया है। प्लेटो एवं राजनीति विज्ञान के जनक अरस्तु के समय में लोकतंत्र को शासन का विकृत रूप माना गया था। तत्कालीन समय में राजतंत्र ही श्रेष्ठ शासन प्रणाली मानी गई थी। सत्ता ,प्रभाव एवं शक्ति की लालसा हमेशा ही व्यक्ति को इसके दुरुपयोग के लिए प्रेरित करती है।

लोकतंत्र से अभिप्राय – लोकतंत्र को सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही तरीकों से परिभाषित किया जाता है। जिस तरह प्राचीन समय में लोकतंत्र को विकृत या नकारात्मक रूप से परिभाषित किया गया था, उसी तरह आधुनिक युग में भी लोकतंत्र को एक नकारात्मक या बुरी व्यवस्था मानने वाले अनेक विद्वान हैं।

लोकतंत्र की सर्वाधिक प्रचलित परिभाषा अब्राहम लिंकन की है–'लोकतंत्र जनता का ,जनता के लिए और जनता द्वारा किया गया शासन है।'

सीले के अनुसार– 'लोकतंत्र वह शासन है जिसमें हर व्यक्ति भाग लेता है।'

डायसी के अनुसार–'लोकतंत्र सरकार का ऐसा स्वरूप है इसमें जनता का एक बड़ा भाग शासन करता है।'

लोकतंत्र के नकारात्मक पक्ष को प्रदर्शित करते हुए सारटोरी ने लोकतंत्र को 'आडंबरमय युक्त व्यवस्था'कहा है।

लोकतंत्र को वर्तमान समय में अनेक तरीकों से प्रदर्शित किया गया है:

1. लोकतंत्र शासन का एक प्रकार है
2. एक सामाजिक व्यवस्था है
3. जीवन जीने का एक ढंग है
4. लोकतंत्र विशिष्ट वर्ग का शासन है
5. आर्थिक व्यवस्था का एक प्रकार है
6. लोकतंत्र जीवन के प्रति एक विशिष्ट दृष्टिकोण है
7. लोकतंत्र एक मानसिकता है

लोकतंत्र में मताधिकार शासन में परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण साधन होता है , मताधिकार के बल पर जनता के प्रतिनिधियों में लगातार परिवर्तन होता रहता है जिससे जनता लोकप्रिय शासन व्यवस्था स्थापित होती है। किंतु अधिकांश लोकतांत्रिक राज्य में महिलाओं को मताधिकार से वंचित रखने की व्यवस्था की गई थी। राजनीति विज्ञान के जनक अरस्तु जैसे महत्वपूर्ण विचारक भी महिलाओं को मताधिकार देने के पक्षधर नहीं थे , किंतु इन आधारों पर उनकी आलोचना निरंतर होती रही है। संसदीय प्रजातंत्र के जनक इंग्लैंड में भी महिलाओं को मताधिकार बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में ही प्राप्त हुआ है।

भारत में लोकतंत्र – सामान्यत: भारत में सदा से ही राजतंत्र शासन के स्वरूप के रूप में प्रचलित रहा है हालांकि इसमें भी जनता का कल्याण करने वाला राजतंत्र एवं राजा लोकप्रिय की श्रेणी में रखा गया था। भारत में लोकतंत्र के विचार का उद्‌भव ब्रिटिश भारत के स्वतंत्रता के प्रयासों के समय विश्व के अन्य देशों के संपर्क में आने के साथ प्रारंभ हुआ।

19वीं शताब्दी में भारत में समाज सुधारको के माध्यम से नवीन विचारों का उद्‌भव हुआ। भारतीय पुनर्जागरण के प्रणेता एवं जनक राजा राममोहन राय इनमें से सर्व प्रमुख है राजा राममोहन राय ने भारतीय समाज में विद्यमान सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें दूर करने हेतु दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हुए उसके लिए विशेष प्रयास किए भारतीय लोकतंत्र की जड़ वहीं से स्थापित होती है । राजा राममोहन राय ने महिलाओं की दशा में सुधार लाने के लिए विशेष रूप से प्रयास किए विशेषकर उनके दृष्टिकोण सती प्रथा सबसे बड़ी कुरीति भारत की समाज में विद्यमान थी और इसी में सुधार लाने के लिए उनके द्वारा इस हेतु प्रतिबंधित करने के लिए 1828 में सती प्रथा के विरोध में कानून के माध्यम से उसे

प्रतिबंधित करने का प्रयास किया गया।

लोकतंत्र केवल एक शासन का स्वरूप नहीं है वरन जीवन के प्रति एक विशिष्ट दृष्टिकोण है और एक मानसिकता है , जो कि किसी भी देश की शासन व्यवस्था को सही रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक है।

भारत में किसी प्रकार की व्यवस्था में सुधार के लिए उसे सही तरीके से लागू करने के लिए कानूनों की आवश्यकता पड़ती है , कानूनों के अस्तित्व के बिना व्यवस्था को सही रूप से संचालित नहीं किया जा सकता और ना ही दूषित व्यवस्था में सुधार लाया जा सकता है।

भारतीय लोकतंत्र में यही व्यवस्था 19वीं शताब्दी एवं बीसवीं शताब्दी में भारतीय स्वतंत्रता प्राप्ति के समय और भारतीय संविधान के निर्माण के समय एवं उसके पश्चात भी लागू रही है भारतीय सामाजिक व्यवस्था में अनेक ऐसी कुरीतियां विद्यमान थी जिनको स्वतंत्रता प्राप्ति के समय कठोर कानूनों के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया गया इन कानूनों के माध्यम से भारतीय समाज में समानता स्थापित करने का प्रयास भी किया गया। उदाहरण के लिए भारतीय समाज में विद्यमान वर्ण व्यवस्था जिसमें भारतीय समाज अलग-अलग वर्णो में बटॉ हुआ था एवं एक वर्ग के लोग पूरी तरह से वंचित और उपेक्षित माने गए थे और इनकी स्थिति में सुधार के लिए भारतीय संविधान में अनेक प्रावधान किए गए एवं इसी वर्ग के लिए समानता पर लाने के लिए आरक्षण जैसी विशिष्ट व्यवस्था भी की गई हालांकि भारतीय संविधान में यह व्यवस्था प्रारंभ में कुछ ही समय के लिए की गई थी लेकिन बाद में यह व्यवस्था आवश्यकता के अनुसार आगे के लिए भी बढ़ाई गई क्योंकि वर्ण व्यवस्था मानसिकता से संबंधित है इसीलिए आज भी इसे बनाए रखने की आवश्यकता है क्योंकि जब तक वर्ण व्यवस्था के संबंध में भारतीयों की मानसिकता पूरी तरह से परिवर्तित नहीं हो जाती तब तक यहां आरक्षण व्यवस्था को लागू रखा जाए, जिस तरह से वर्ण व्यवस्था पर आधारित सामाजिक भेदभाव व्यवस्था को कानूनों के माध्यम से समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उसी तरह से भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए भी कठोर कानूनों की आवश्यकता महसूस हो रही है।

भारतीय लोकतंत्र एवं महिलाएं - जिस तरह से भारतीय समाज में एक वर्ण पूरी तरह से वंचित और उपेक्षित था , उसी तरह महिलाएं प्रत्येक वर्ण में दोयम दर्जे का स्थान रखती थी एवं वंचित और उपेक्षित रही हैं। भारतीय समाज में ऋग्वेद काल के पश्चात महिलाओं की स्थिति कभी भी सामान्य नहीं रही। महिलाओं की स्थिति दिन प्रतिदिन बुरी से बदतर और दयनीय होती है महिलाएं अनेक प्रकार की बुराइयां एवं कुरीतियों का सामना कर रही थी इनमें से प्रमुख है:

1. सती प्रथा
2. बाल विवाह
3. महिलाओं की अशिक्षा
4. आर्थिक परनिर्भरता
5. विधवाओं की बुरी स्थिति
6. घुंघट या पर्दा प्रथा
7. दहेज प्रथा
8. महिला भ्रुण हत्या
9. महिलाओं का कार्यक्षेत्र केवल घर की चारदीवारी आदि

सती प्रथा में महिलाओं को उनके पति की मृत्यु के बाद पति की चिता के साथ जला दिया जाता था इस प्रथा को राजा राममोहन राय के विशेष प्रयासों से 1828 में कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया गया।

बाल विवाह प्रथा के अंतर्गत बचपन में ही बालिकाओं का विवाह तय कर दिया जाता था या करवा दिया जाता था जिससे शारीरिक या मानसिक रूप से परिपक्व हुए बिना ही उनके ऊपर दायित्वों का बोझ डाल दिया जाता था इस कुप्रथा पर भी बालिका विवाह की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तय की गई जिससे इस कुप्रथा को भी कानून के माध्यम से प्रतिबंधित किया गया।

बाद में समाज के अन्य वर्गों की तरह ही महिलाओं की आर्थिक परनिर्भरता उनकी दयनीय स्थिति का मुख्य कारण था यदि हम वास्तव में महिलाओं की स्थिति में किसी प्रकार का सुधार लाना चाहते है तो उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं सफल बनाने के लिए कठोर प्रयास करने चाहिए थे किंतु हमने किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया। भारतीय संविधान मे महिलाओ को समान स्तर प्रदान करने की बात तो की गई किन्तु इसके लिए कोई ठोस प्रयास नही किए गए ।

महिलाओं के लिए इस संबंध में पर्याप्त एवं महत्वपूर्ण प्रयास 73 व 74 वें संविधान संशोधन के माध्यम से उन्हें स्थानीय लोकतांत्रिक संस्थाओं में एक तिहाई प्रतिनिधित्व प्रदान कर किया गया जिसे बाद में 50% तक बढ़ाया गया। महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए यही प्रयास सर्व प्रमुख था।

यदि महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए इस आरक्षण की व्यवस्था को संविधान लागू होते ही लागू कर दिया होता तो महिलाओं की स्थिति में पूर्व सुधार आ चुका होता और महिलाओं से संबंधित अनेक सारी बुराइयों से उन्हें निजात मिल चुका होता है जैसे बाल विवाह, महिलाओं की अशिक्षा , आर्थिक परनिर्भरता , विधवाओं की दुर्दशा , पर्दा प्रथा , दहेज प्रथा , महिला भ्रुण हत्या , उनका कार्य के चार दिवारी इत्यादि समस्याएं उनको आरक्षण मिलने से और उनके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने से समाप्त हो गई होती। किंतु इस कार्य में सबसे बड़ा रोड़ा या बाधा पुरुषों की उनके प्रति मानसिकता रही है जो कि आज भी परिवर्तित नहीं हो रही है और वह महिलाओं को आगे बढ़ने या समाज स्तर पर लाने के लिए भी स्वीकार नहीं करती।

इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है एक तरफ तो हम जनगणना के समय स्त्री- पुरुष अनुपात को असंतुलित होने का गम बताते हैं किंतु साथ ही महिला आरक्षण प्रारंभ होने के बाद उन्हें 33 या 35% तक सीमित रखने का काम करते हैं क्योंकि स्त्री - पुरुष अनुपात बराबर होना चाहिए किंतु किसी भी क्षेत्र में उन्हें बराबरी का मौका देने के लिए तैयार नहीं है । न केवल 50 सदस्य बल्कि केवल 33 या 3% आरक्षण वह भी उर्ध्वाधर आरक्षण अर्थात महिलाओं को 35 या 35% से ज्यादा एक भी सीट ना मिले यही पुरुषों की दोगली मानसिकता को प्रदर्शित करता है।

उर्ध्वाधर आरक्षण के तहत यह व्यवस्था की गई है की निर्धारित आरक्षण के अतिरिक्त एक भी स्थान अतिरिक्त चाहे मेरिट में सर्वोच्च स्थान पर हो किंतु अतिरिक्त स्थान प्रदान नहीं किया जाएगा महिलाएं यदि आरक्षण प्राप्त करके भी आर्थिक रूप से सक्षम हुई तो उनकी अधिकांश समस्याओं के समाधान हो जाएगा- कन्या भ्रुण हत्या और और बाल विवाह बंद हो जाएंगे। महिला शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता स्थापित होगी तथा समाज को सशक्त आधार प्राप्त होगा।

आरक्षण का नकारात्मक पक्ष - डॉक्टर अंबेडकर द्वारा भारतीय संविधान मे आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान करते समय इस व्यवस्था को प्रारंभिक 10 वर्षों के लिए स्थापित करने के लिए कहा गया था। किंतु यह व्यवस्था

बार–बार 10 वर्षो के लिए आगे बढ़ती गई और आज भी यह व्यवस्था लागू है भारत के बुद्धिजीवियों के द्वारा यह विचार प्रकट किया गया था कि कि सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए प्रारंभिक 10 वर्ष पिछड़े वर्गो को समर्थन और सहायता देने के लिए पर्याप्त है ताकि वे अपने खुद के दम पर खड़े हो सके उनके अनुसार अधिक समय तक सहायता प्रदान करना उन्हें अक्षम बना सकता है और उन्हें आवश्यकता से अधिक सहायता पंगु बना सकती है जिसे भी सामाजिक व्यवस्था में सशक्त आधार के रूप में खड़े होने के बजाय कमजोर और दूसरों पर आधारित एवं सदैव बैसाखी की सहायता से अपने विकास के लिए दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि यदि हम आरक्षण के नकारात्मक पक्षों से भली–भांति अवगत हैं तो हम महिला आरक्षण के पक्ष में कैसे बात कर सकते हैं इसके प्रत्युत्तर में यह बताया जा सकता है कि जैसे एक सामाजिक ताने–बाने में 1 वर्ग या वर्ण की स्थिति दयनीय रही है। ठीक उसी तरह महिलाओं की स्थिति भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग या वर्ण में अर्थात चारों वर्णो में दयनीय रही है ऐसी स्थिति में सर्व प्रथम प्रयास महिलाओं की स्थिति में सुधार का ही होना चाहिए था जबकि इस संबंध में विचार नहीं किया गया।

महिला आरक्षण का एक विशिष्ट पहलू यह भी है की अधिकांश महिलाएं स्वयं समाज में अपनी स्थिति से असंतुष्ट नहीं थी भारतीय महिलाओं में महत्वाकांक्षा की अत्यधिक कमी रही है और इसी कारण वे अपनी स्थिति में अत्यधिक सुधार के लिए यह परिवर्तन लाने के लिए स्वयं ही पक्षधर नहीं रही है। किंतु आज स्थित समाज और अर्थव्यवस्था पर आधारित व्यवस्था में यह आवश्यक प्रतीत हो रहा है कि महिलाए आर्थिक आधार पर आत्मनिर्भर रहे। जिससे वे भारतीय समाज भारतीय अर्थव्यवस्था और भारतीय राष्ट्र के आधार स्तंभ के रूप में स्थापित हो और भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकें।

निष्कर्ष– अंततः यह सशक्त रूप से कहा जा सकता है कि यदि महिलाओं को कन्या भ्रुण हत्या जैसी समस्या से मुक्ति प्राप्त हो एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा मिले तो निश्चित रूप से महिलाओं को अपनी योग्यता को सिद्ध करने में किसी भी प्रकार के आरक्षण की सहायता की आवश्यकता नहीं है और महिलाएं अपनी योग्यता के दम पर पुरुषों की मानसिकता और अपने प्रति उनके दृष्टिकोण को परिवर्तित करने में भी सक्षम होंगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1 Bakshi P.M. , " The Constitution of India , with selective comments."Universal Law Publishing Co. Pvt. Ltd. ,New Delhi 2001.
2 Basu Durga Das, " Introduction to the Constitution of India.",16th edition Prentice Hall Of India Pvt. Ltd., New Delhi 1994
3 फड़िया बीएल, फड़िया कुलदीप , 'राजनीति विज्ञान', कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
4 Kashyap Subhash C., "Our Constitution : An Introduction to India's Constitution and Constitutional law." National Book Trust India New Delhi 2000
5 लक्ष्मीकांत एम. , 'भारत की राजव्यवस्था' पंचम संस्करण , McGraw Hill's Education (India) Pvt. Ltd. Chennai , 2017
6 Raja Ram Kalpana,"Indian Polity" edited 8th revised and enlarged edition, Spectrum Books Private Limited New Delhi 2001
7 श्याम सुंदर, जे .एवं शर्मा स्थिति सी पी 'यूनिफाइड राजनीति विज्ञान' ,बीए. प्रथम वर्ष, राम प्रसाद एंड संस भोपाल 2017

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर: छिंदवाड़ा जिले के विशेष संदर्भ में

संध्या गजभिये*

* सहायक अध्यापक (गृहविज्ञान) राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातक कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा(म.प्र.) भारत

शोध सारांश – ग्रामीण महिलाओं को शहरी महिलाओं की तुलना में खराब स्वास्थ्य परिणाम मिलते हैं और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच कम होती है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य प्रदाताओं की संख्या सीमित है महिला और पुरुष एक सिक्के के दो पल है। ऐसे में अगर हम बात करें महिला स्वास्थ्य की तो ग्रामीण महिला किस प्रकार के स्वास्थ्य एवं पोषण जटिलताओं से जूझ रही है इसे यहां समझने में आसानी होगी कि स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर और क्या कुछ किए जाने की आवश्यकता है।

शब्द कुंजी – ग्रामीण महिलाओं, स्वास्थ्य, पोषण, ग्रामीण क्षेत्र।

प्रस्तावना – पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर व्यापक साक्षरत्मक बदलाव देखने को मिले हैं। फिर भी ऐसे कई संदर्भ बिंदु है जहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा जिन ग्रामीण क्षेत्रों में भारत की लगभग दो तिहाई आबादी बसती है। वह कल स्वास्थ्य एवं पोषण अवसंरचना चिकित्सा अस्पताल व अन्य सुविधाओं की मात्रा एक तिहाई उपस्थित होती है जाहिर सी बात है कि यह संतुलन एक अस्वस्थ एवं कुपोषण की और इशारा करता है। लेकिन कुछ ऐसी स्वास्थ्य संस्थाएं भी है जो ग्रामीण महिलाओं में अधिक सघन है। इनमें डायरिया, टीवी ,टाइफाइड, खसरा और मलेरिया जैसे रोग शामिल है। जो अस्वच्छ पेयजल खराब रिहायशी स्थितियां तथा स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता के अभाव में उत्पन्न होते हैं। संक्रामक रोगों के साथ-साथ कैंसर जैसी प्रतव घातक बीमारी और मधुमेह हाइपरटेंशन थायराइड मोटापा जैसी जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां भी ग्रामीण महिलाओं में सघन होती जा रही है इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में मासिक स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा भी गौर करने लायक है। खाने का तात्पर्य है कि अब ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं को भी इतना बहुआयामी होना होगा कि वह एकीकृत रूप से इन जटिलताओं को हल करने में सक्षम हो सके।

मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन और पानी के साथ यदि कुछ और भी जरूरी है तो वह है भोजन। मानव ने प्रारंभिक काल से ही अपनी मूलभूत आवश्यकताओं भोजन, आवास एवं वस्त्र की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है। यद्यपि उसने प्रारंभिक काल में जीवन एक मांस भक्षी की तरह व्यतीत किया है। परंतु पाषाण काल के अंत तक उसने कृषि के विषय में जान लिया था तथा अपने आहार में मांस खाद्य पदार्थों के साथ-साथ वनस्पति खाद्य पदार्थ भी शामिल कर लिया था। मानव समाज के निर्माण में कृषि संबंधी ज्ञान ने अहम भूमिका निभाई और फिर मानव समुदाय कस्बे व शहरों का विकास प्रारंभ हुआ। जब खाद्य पदार्थों की उपलब्धता कृषि के द्वारा सुनिश्चित होने लगी तो निवास में भी स्थापितव आने लगा पौष्टिक भोजन लेना मनुष्य के शारीरिक का मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। पौष्टिक भोजन के अभाव से मानव शरीर कुपोषण रहित कई बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। महिलाओं पर इसका प्रभाव ज्यादा होता है क्योंकि कुपोषित महिला यदि किसी बच्चे को जन्म देती है तो वह बच्चा भी जन्म से कमजोर होता है और अपनी जीवन संभवत कम होती है। इसलिए सही समय पर सही पोषण प्राप्त करना बहुत आवश्यक है अन्यथा कुपोषण का कभी ना खत्म होने वाला दुष्चक्र प्रारंभ हो सकता है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 पेज 2 (2019-2021) के अनुसार गृह क्षेत्र से जुड़े कुछ आंकड़े देखे तो 6 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाली ग्रामीण महिला आबादी का मंत्र 66.8% हिस्सा ही ऐसा है। जो कभी स्कूल गया हो वहीं शहरी क्षेत्र के लिए यहां आंकड़ा 82.5% है इसके अलावा अगर उन्नत स्वच्छता सुविधाओं की बात करें तो मंत्र 66.9% ग्रामीण ग्रस्त जनसंख्या को यहां उपलब्ध है। जबकि शहरों में इसका प्रतिशत 81.5 है साथ ही भोजन के लिए स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल को देख तो यह शहरों में 89.7% ग्रह से जनसंख्या के पास यह उपलब्ध है। वहीं ग्रामीण आबादी में यहां लगभग घटकर 43.2% रह जाता है इसके अतिरिक्त अगर विवाह और प्रजनन दर को देख तो शहर के 1.6 की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में यहां 2.1 है इतना ही नहीं नवजात मृत्यु के आंकड़े देखे तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह क्रमश: 18% और 27.5% है तथा शिशु मृत्यु दर के संबंध में यहां आंकड़ा इसी क्रम में 26.6:% और 38.4% है। इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने का उद्देश्य यही है कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण की चुनौतियों का सही अनुमान होता है।

स्वास्थ्य एवं पोषण क्या है पोषण एक स्वस्थ संतुलित जीवन जीने के लिए मौलिक है यह बीमारी की अनुपस्थिति है और वह आधार है। जिस पर हम संपूर्ण शारीरिक मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति का निर्माण कर सकते हैं। यह व्यापक मार्गदर्शिका पोषण और स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंधों की खोज करती है स्वास्थ्य को बनाए रखने और बीमारी को रोकने में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के पोषण के लिए सरकार की पहल पर कई

कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं :

1. पोषण अभियान
2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन
3. एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यान भोजन योजन
4. पी एम एम वी वाई
5. एन आर एल एम
6. जे एस वाई
7. मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0
8. पोषण ट्रैक्र ऐप
9. वृद्धि निगरानी उपकरण आदि

ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य योजनाएं :

1. राष्ट्रीय निशुल्क औषधि पहल
2. निशुल्क निदान पहल (एफ डी आई)
3. राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा (एन ए एस)
4. मोबाइल मेडिकल यूनिटी (एम एम यू)
5. जननी सुरक्षा योजना
6. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
7. आउटरीच शिविर
8. वन स्टॉप सेंटर आदि

अध्ययन का उद्देश्य– ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करना महिलाओं की स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना तथा आहार एवं पोषण को बढ़ावा देना ग्रामीण महिलाओं को शहरी महिलाओं की तुलना में खराब स्वास्थ्य परिणाम मिलते हैं और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच कम होती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए विशेष योजना की जरूरत है।

अध्ययन का क्षेत्र

छिंदवाड़ा जिले का परिचय – छिंदवाड़ा भारतीय राज्य मध्यप्रदेश का एक जिला है इस क्षेत्र में छिंद (ताड़) की पेड़ बहुयात में है इसलिए इसका छिंदवाड़ा नाम पड़ा एक समय यह शेरों की बहुत आयात थी इसलिए इसे पहले सिहवाड़ा भी कहा जाता था। यह तथ्य तथा अधिक मनी नहीं कहा जा सकता किंतु देसी खजूर या ताड़ की बहुतायत तायत क्षेत्र के नाम ही सही व्याख्या कहीं जा सकती है।

रोहना कला गांव का परिचय– यह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है यह मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के छिंदवाड़ा ब्लॉक में स्थित है। इस गांव में कुल आबादी 3363 है और घरों की संख्या 562 है जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक का भ्रमण मेरे द्वारा किया गया। जिसमें 12 गर्भवती महिलाओं पर 1 गर्भवती महिला में पोषण और स्वास्थ्य का स्तर कम पाया गया तथा 11 धात्री माता में 1 धात्री माता में पोषण और स्वास्थ्य का स्तर कम पाया गया।

तालिका

नाम	**पति का नाम**	
प्रियंका	सत्यम विश्वकर्मा	थायराइड
दुर्गावती	मोनो बिंदुवारी	हाईट क्रम

निष्कर्ष – किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर उच्च होना नितांत आवश्यक है ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी महिलाओं की तुलना में खराब परिणाम मिलते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का स्वास्थ्य स्तर ऊंचा उठने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य से संबंधित योजनाएं एवं पोषण से संबंधित योजनाएं चलाई जा रही है साथी इन्हें शिक्षा के माध्यम से जागरूक करके एवं आहार के महत्व के बारे में आबादी को शिक्षित करने की जरूरत है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एनएफएसएम चावल गेहूं डालो और मोटे अनाजों का उत्पादन बढ़ाकर भोजन की उपयोगिता बढ़ता है इससे महिलाओं और उनके परिवारों के लिए बेहतर पोषण में मदद मिलती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. http://www.weljii.com
2. सोनी कुमारी सिंह: ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का शोधार्थी गृह विज्ञान स्वास्थ्य एवं पोषण विभाग, ल ना मि विश्वविद्यालय दरभंगा बिहार
3. https://hi.wikipedia.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अनुसूचित जाति के व्यावसायिक संरचना एवं साक्षरता का प्रभाव : शहडोल संभाग के विशेष संदर्भ में

डॉ. जिया लाल राठौर*

* भूगोल विभाग, शासकीय महाविद्यालय, जैतपुर, शहडोल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – सामाजिक क्रांति के रूप में उभरे कुछ नये मानकों ने समाज में रह रहे विभिन्न प्रकार के वृत्ति से जुड़े लोगों को उनके आर्थिक, सामाजिक जीवन को आधार बनाते हुए विभिन्न वर्ग, उपवर्ग में विभाजित कर उनके जीवनशैली को नवीन आयाम दिया। समाज के पिछड़े और साधन विहीन तथा आर्थिक, शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े लोगों के लिए उनके जीवन को स्वाभाविक और सुखमय बनाने की आकांक्षा शुरू से ही किसी न किसी रूप में रहीं आई। पर इस्लामिक सत्ता काल पश्चात आई ब्रिटिश सत्ता काल में समाज के कुछ लोगों के श्रममूलक कार्यो और अपने जीवन को सुखम तथा स्वाभाविक बनाने के लिए ऐसे कार्यो से जोड़ा गया कि वे शेष समाज से कट कर रहने लगे। सांस्कृतिक परिवर्तन की इस नई पेशकश से भारत के पारंपरिक समाज को समाज के कुछ समुदायों को धीरे-धीरे अलग कर दिया जिस कारण एक लम्बा अंतराल दिखने लगा। इस अंतराल के पीछे श्रममूलक सेवा कार्यो की नई प्रतिबद्धता रही।

शब्द कुंजी – जनसंख्या, व्यावसायिक संरचना, साक्षरता।

प्रस्तावना – अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों की जीवनशैली और कार्य संरचना कुछ ऐसी थी की वे जनजातीय क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय एवं विकसित परिक्षेत्रों में ही अपना आवास बनाएं इस कारण अध्ययन क्षेत्र शहडोल संभाग जो मूलत: वनप्रान्तीय क्षेत्र है में अनुसूचित जाति समुदाय की जनसंख्या अनुसूचित जनजाति के अपेक्षा कम है। शहडोल संभाग के जनांकिकीय रिपोर्ट पर गौर करें तो संभाग में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का औसत प्रतिशत 12.6 है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश के अन्य संभागों की आपेक्षा शहडोल संभाग में अनुसूचित जाति समुदाय संख्यात्मक दृष्टि से कम हैं।

अध्ययन क्षेत्र– मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग प्रायद्वीपीय भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में विन्ध्य एवं सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित मूलत: पर्वतीय, पठारी एवं जनजातीय प्रधान क्षेत्र है। जिसकी भौगोलिक स्थिति भू-मध्य रेखा से स्थिति $23^{0}35$ से उत्तरी अंक्षाश $24\ ^{0}20'$ उत्तरी अंक्षाश तथा $80^{0}28'$ पूर्वी देशान्तर से $82^{0}45'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य है।[4] $23^{0}30'$ उत्तरी अंक्षाश के (कर्क रेखा) इस संभाग को उत्तर व दक्षिण लगभग दो समान भागों में विभाजित करती है।

शहडोल संभाग की लम्बाई एवं चौड़ाई में अन्तराल न्यूनतम है, उत्तर में सोन घाटी से दक्षिण में नर्मदा घाटी तक कुल लम्बाई 181 किलोमीटर एवं पूर्व-पश्चिम चौड़ाई 172 किलोमीटर है। शहडोल संभाग की लम्बाई एवं चौड़ाई में न्यूनतम अन्तराल होते हुए भी इसका आकार आयताकार एवं वर्गाकार नहीं है इसका कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 13966 वर्ग किलोमीटर है।5 यह भारत के कुल भू-भाग का 0.40 प्रतिशत (भारत का क्षेत्रफल 3287782 वर्ग किलोमीटर) है। शहडोल संभाग के अन्तर्गत कुल 03 जिले उमरिया, अनूपपुर एवं शहडोल शामिल है। प्रशासनिक दृष्टि अध्ययन क्षेत्र में तीन जिले क्रमश शहडोल 5671 वर्ग किलोमीटर, उमरिया 4548 वर्ग किलोमीटर एवं अनूपपुर का 3747 वर्ग किलोमीटर है तथा इस शहडोल संभाग में 12 विकासखण्ड क्रमश: ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर, बुढ़ार, कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़, जैतहरी, करकेली (उमरिया), मानपुर एवं पाली है। इसी प्रकार दूसरी प्रशासनिक इकाई में कुल 16 तहसीले अस्तित्व में है, ये तहसीलें क्रमश: ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर, बुढ़ार, जैतपुर, बांधवगढ़, मानपुर, पाली, चदिया, नौरोजाबाद, करकेली, जैतहरी, कोतमा, पुष्पराजगढ़ एवं अनुपपुर तहसील स्थित है।

अध्ययन उद्देश्य:

1. अनुसूचित जाति के लोगों की व्यावसायिक संरचना का विश्लेषण करना।
2. अनुसूचित जाति के लोगों की सारक्षता दर का विश्लेषण करना।
3. सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं और कार्यक्रमों का मूल्यांकन करना।

विधि तंत्र– अध्ययन क्षेत्र में शहडोल संभाग में अनुसूचित जाति के लोगों की व्यावसायिक संरचना और साक्षरता दर का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का उपयोग करके आंकड़े संग्रहित किए।

1. **प्राथमिक आंकड़े** –इस अध्ययन करने के लिए सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया।

2. **द्वितीयक आंकड़े** –इस अध्ययन में द्वितीयक आंकड़े संग्रहित करने के लिए सरकारी रिपार्ट शोध पत्र और अन्य स्त्रोतों का उपयोग किया।

सारणी क्र.–1.1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

काश्तकार कृषक – कृषक का काश्तकार से आशय ऐसे श्रमिक पुरूष–महिला से है जो स्वयं अथवा जो अपनी खुद की जमीन सरकार से पट्टे पर जमीन या किसी दूसरे व्यक्ति या संख्या से नगद या जिस या जिस बटाई पर ली जमीन पर खेती करता है। काश्तकारी के अन्तर्गत अपनी प्रभावी देखरेख अथवा निर्देशन में खेती करवाना भी शामिल है। काश्तकार जिसने अपनी जमीन किसी एक दूसरे व्यक्तियों या संख्या को खेती करने के लिए नगदी फसल के हिस्से के बदले में दे दी है और इस जमीन में खेती के काम में देखरेक और निर्देशन काम शामिल है।(भारतीय जनगणना, 2011)

अध्ययन क्षेत्र में कुल मुख्य कार्यशील जनसंख्या 32.41 प्रतिशत भाग काश्तकार के अन्तर्गत शामिल है। उच्च भूमि में काश्तकार का उच्चतम प्रतिशत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड (56.09 प्रतिशत) में प्राप्त हुआ है जो क्षेत्र के औसत प्रतिशत से अधिक है, जबकि न्यूनतम प्रतिशत ब्यौहारी विकासखण्ड (16.48) प्रतिशत में प्रदर्शित हुआ जो क्षेत्र के औसत 32.41 प्रतिशत से अधिक है। उल्लेख है कि जैतहरी विकासखण्ड में काश्तकारो की संख्या में कमी का मुख्य कारण कृषि भूमि का बंटवारा, नगर का विस्तार हुआ।

खेतिहर मजदूर – खेतिहर मजदूर के अन्तर्गत वे व्यक्ति आते है जो व्यक्ति अपने रूपये या अनाज के रूप में मजदूरी या पैदावार हिस्सा लेकर एक दूसरे के यहाँ जाकर काम करते है। खेतिहर मजदूर कहा जाता है। खेतिहर मजदूर को पट्टे या जमीन ठेके पर किसी प्रकार की मांग नही करते है। वे जमीदार के यहाँ कार्य करते है और जीवनयापन व्यतीत करते है।

अध्ययन क्षेत्र की मुख्य कार्यशील जनसंख्या का केवल 40.37 प्रतिशत भाग खेतिहर मजदूर के अन्तर्गत शामिल है। या उच्चतम प्रतिशत ब्यौहारी, विकासखण्ड 57.55 प्रतिशत प्राप्त है। जो क्षेत्र के औसत से अधिक हे। इसके विपरीत खेतिहर मजदूर का न्यूनतम प्रतिशत पाली विकासखण्ड 20.53 प्रतिशत है जो क्षेत्र के औसत से लगभग कम है।

पारिवारिक उद्योग – पारिवारिक उद्योग वह उद्योग है जो परिवार के सभी सदस्य द्वारा घर में मिलजुल कर काम को करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांव की सीमा के अन्तर्गत व नगरीय क्षेत्रों में उस मकान के अन्दर या अहाते में जिसमें परिवार रहता है। पारिवारिक उद्योग में काम करने वाले व्यक्तियों की अधिकांश संख्या मुखिया के सदस्यों की होती है। सभी परिवार के लोग प्राथमिक क्रिया के अन्तर्गत बीड़ी बनाना, टोकरी बनाना, सिलाई, बुनाई कताई आदि कार्य उनके हाथो द्वारा किये जाते है।

अध्ययन क्षेत्र की मुख्य कार्यशील जनसंख्या केवल 7.14 प्रतिशत भाग पारिवारिक उद्योग के अन्तर्गत शामिल है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में उच्चतम प्रतिशत मानपुर विकासखण्ड (13.01 प्रतिशत) में प्राप्त हुआ जो औसत क्षेत्र (7.14 प्रतिशत) से अधिक है। इस प्रकार न्यूनतम प्रतिशत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड (1.33 प्रतिशत) प्राप्त हुआ है। जो औसत क्षेत्र से बहुत कम है।

अन्य कर्मी– इस वर्ग के अन्तर्गत उन सभी कार्य करने वाले व्यक्तियों को रखा जाता हैं इसमे काश्तकार, खेतिहर मजदूर, पारिविरिक उद्योग में कार्यरत व्यक्ति शामिल है। अन्य इस श्रेणी के अन्तर्गत सरकारी, कर्मचारी, नगरपालिका, शिक्षक, कारखाने में कार्य करने वाले वाणिज्य, व्यवसाय, खनन, पुजारी, मनोरंजन कलाकार भी आदि आते है।

अध्ययन क्षेत्र की मुख्य कार्यशील जनसंख्या का केवल 19.69 प्रतिशत भाग इस वर्ग के अन्तर्गत शामिल है। कार्यशील व्यक्तियों की दृष्टि से क्षेत्र उच्चतम प्रतिशत पाली विकासखण्ड 51.14 प्रतिशत अंकित किया गया है। जो औसत से अधिक है। इसके विपरीत अन्य कर्मी न्यूनतम प्रतिशत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड 6.18 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। जो क्षेत्र के औसत 19.69 प्रतिशत से कम है गौर किया जाए तो खेतिहर मजदूरों की संख्या अधिक है। इस कारण अन्य कर्मी की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

सारणी 1.2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

क्षेत्रीय वैविध्य परिवर्तन– क्षेत्रीय ग्रामीण साक्षरता जनसंख्या की विविधता को तीन प्रमुख श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है–

1. **उच्च ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता वाले क्षेत्र–**अध्ययन क्षेत्र में उच्च ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की भागीदारी दर में ऐसे विकासखण्ड जिनमें भागीदारी दर उच्च पायी गई है, जैसे विकासखण्ड गोहपारू 57.07 प्रतिशत पाली 56.41 प्रतिशत, करकेली 55.54 प्रतिशत, कोतमा 54.70 प्रतिशत सोहगपुर 54.05, मानपुर 53.53, पुष्पराजगढ़ 53.10 हैं। यहां उच्च साक्षरता दर होने का प्रमुख कारण इस क्षेत्र में शिक्षा के एवं रोजगार के प्रचुर अवसर परिवहन संचार, व्यापार, श्रमशक्ति की अधिकता आदि प्रमुख है। संपूर्ण अध्ययन क्षेत्र एवं प्रदेश की तुलना में यहां प्रतिशत काफी उच्च है।

2. **मध्यम ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता वाले क्षेत्र–** ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की मध्यम भागीदार दर के लिए अनेक सास्कृतिक परिस्थितियां उत्तरदायी हो सकती है। अध्ययन क्षेत्र में मध्य भागीदार दर विकासखण्ड ब्यौहारी 49.25 प्रतिशत, जयसिंहनगर 49.03 प्रतिशत, बुढ़ार 45.38 प्रतिशत पायी गई है। ग्रामीण क्षेत्र में अनुसूचित जाति की साक्षरता की भागीदारी संपूर्ण शहडोल संभाग एवं प्रदेश की अपेक्षा मध्यम पायी गई है।

3. **निम्न ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता वाले क्षेत्र–** ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की निम्न भागीदारी दर के अंतर्गत ऐसे क्षेत्र जहां की जनसंख्या उससे अधिक प्रतिशत है, उसे निम्न ग्रामीण साक्षरता अनुसूचित जाति जनसंख्या की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इसमें जैतहरी 38.74 प्रतिशत, अनूपपुर 38.54 प्रतिशत निम्न भागीदारी दर में भी क्षेत्रीय अंतराल विकासखण्डों में काफी भिन्नता पाई गई है।

अनुसूचित जाति साक्षरता का प्रभाव – शिक्षा किसी समाज, क्षेत्र और प्रदेश को एक नया आत्मविश्वास और आत्मबल देती है शिक्षा के अभाव से व्यक्ति समय सापेक्ष मानदण्डों से तादात्मय नहीं बना पाता और तेजी से आगे बढ़ते मानकों की ओर आशाभरी निगाहों से तो देखता है लेकिन

सहभागी न हो पाने के कारण उनके लाभ से वंचित रह जाता है। यह समस्या ग्रामीण और वनांचली क्षेत्रों में अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा दिखती है। अध्ययन क्षेत्र शहडोल संभाग मूलत: वनप्रान्तीय क्षेत्र है यहाँ की जीवनशैली और भौगोलिक संरचना अन्य क्षेत्रों से हटकर के है। समय के साथ आये उतार चढ़ावों ने शहडोल संभाग को औद्योगिक क्रांति की ओर उन्मुख तो किया पर संभाग में सक्रिय होने वाली एजेंसियां मशीनी तकनीक के माध्यम से अपने कार्यो को गति देती रही जिस कारण विभिन्न स्थानीय समुदाय के लोगों को कार्य के अवसर नहीं मिल पाते हैं। कार्यो से दूरी का सबसे महत्वपूर्ण कारण शिक्षा ही देखा गया है। शिक्षा के प्रति अनुसूचित जाति समुदाय लोगों का प्रारंभिक रूझान तो दिखता है पर सामान्य प्राथमिक शिक्षा के बाद इस समुदाय के लोग धीरे-धीरे शिक्षा से दूर होने लगते हैं इस कारण अन्य विभिन्न क्षेत्रों में आपेक्षित अवसर नहीं मिल पाता है। आजादी बाद शासन स्तर पर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के भरण पोषण और समय सापेक्ष समस्याओं पर ध्यान गया।

अनुसूचित जाति की साक्षरता के लिए संचालित योजनाएँ– भारत के सभी राज्यों को मिलाकर अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 6.76 करोड (वर्ष 2011) है जबकि अध्ययन क्षेत्र में कुल अनुसूचित जातीय जनसंख्या 164858 पायी गई है। अनुसूचित जातियों के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। अत: शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जातियों के लिए संचालित योजनाएँ निम्नानुसार है–

1. लाडली लक्ष्मी योजना।
2. नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना।
3. नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदाय योजना।
4. गॉव की बेटी योजना।
5. अनुसूचित जाति के लिए मैट्रिककोत्तर छात्रवृत्ति योजना।
6. जनजातीय कल्याण छात्रवृत्ति योजना।
7. अनुसूचित जनजाति राहत योजना।

निष्कर्ष–उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में अनुसूचित जातियों की समस्याओं के प्रत्येक पक्ष का विश्लेषण करते हुए उन समस्याओं के निदान हेतु योजनाबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत होनी चाहिए जिनका सुचारू संचालन के परिणामस्वरूप अनुसूचित जातियों के सामाजिक आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके तथा आदिवासी विकास कार्यक्रमों का प्रभाव परिलक्षित सम्भव हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीवास्तव, रजनीश (1985), शहडोल जिले के आदिवासियों का आर्थिक अध्ययन, अप्रकाशित लघु शोध प्रबंध, अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय, रीवा, पृ.क्र. 45
2. दीक्षित, डी.के. (2001) 'जनजातीय विकास के लिए क्षेत्रीय सन्तुलन एवं जनभागीदारी की आवश्यकता' द्वारा शुक्ल (सम्पा.) क्षेत्रीय विषमता और सामाजिक आर्थिक विकास, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृ.स. 120-130
3. वर्मा, रूपचन्द्र (2003) भारतीय जनजातियाँ, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
4. सलीम, मोहम्मद (2016): भारत में उच्च शैक्षिक और व्यवस्थित रोजगार क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी का अध्ययन, यूनिर्वसिटी न्यूज, पृ.सं. 54
5. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, 2011



सारणी क्र.–1.1: शहडोल संभाग : अनुसूचित जाति की व्यावसायिक कार्यो में संलग्न व्यक्तियों का विवरण जनगणना वर्ष–2011

क्र.	विकासखण्ड	मुख्य कार्यशील	योग प्रति	काश्तकार		कृषि मजदूर		पारिवारिक उद्योग		अन्य उद्योग	
				संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%	संख्या	%
1	ब्यौहारी	3470	21.92	572	16.48	1997	57.55	399	11.49	502	14.46
2	जयसिंहनगर	2383	15.18	574	24.08	1235	51.82	266	11.16	308	12.92
3	गोहपारू	2208	27.36	578	26.17	1159	52.49	221	10.00	250	11.32
4	सोहगपुर	2541	24.11	644	25.34	758	29.83	139	5.47	1000	39.35
5	बुढ़ार	3527	15.93	937	26.56	1749	49.58	246	06.97	595	16.86
6	कोतमा	1625	21.58	544	33.47	608	37.41	43	02.46	430	26.46
7	पुष्पराजगढ़	6346	39.59	3560	56.09	2310	36.40	85	1.33	391	6.16
8	अनूपपुर	2625	13.11	735	27.61	693	26.40	99	3.77	1098	41.82
9	जैतहरी	3315	18.96	826	24.91	1433	43.22	266	8.02	790	23.83
10	मानपुर	4511	19.57	1473	32.65	1442	38.61	587	13.01	709	15.71
11	करकेली	3889	21.05	1526	39.28	1374	35.33	215	5.52	774	19.90
12	पाली	2052	29.20	184	17.49	216	20.53	114	10.83	538	51.14
	शहडोल संभाग	**37492**	**21.01**	**12153**	**32.41**	**15274**	**40.37**	**2680**	**7.14**	**7385**	**19.69**
	मध्यप्रदेश	**3407270**	**30.04**	**677802**	**19.90**	**1454983**	**42.71**	**154490**	**45.34**	**1119995**	**32.88**

Source : Census of India, 2011, District Census Hand Book, Distirict Shahdol, Umariya & Anuppur

सारणी 1.2: शहडोल संभाग : ग्रामीण अनुसूचित जाति विकासखण्डवार साक्षरता वितरण जनगणना वर्ष–2011

क्र.	विकासखण्ड	कुल साक्षर व्यक्ति	योग प्रतिशत	रैक	पुरूष	%	महिला	%
1	ब्यौहारी	7797	49.25	8	4655	59.70	3142	40.29
2	जयसिंहनगर	7696	49.03	9	4559	59.23	3137	40.76
3	गोहपारू	4606	57.07	1	2638	57.27	1968	42.72
4	सोहगपुर	5695	54.05	5	3369	59.15	2326	40.84
5	बुढ़ार	10047	45.38	10	6018	59.89	4029	40.10
6	कोतमा	4118	54.70	4	2436	59.15	1682	40.84
7	पुष्पराजगढ़	8513	53.10	7	5180	60.84	3333	39.15
8	अनूपपुर	7717	38.54	12	4466	57.87	3251	42.12
9	जैतहरी	6773	38.74	11	4097	60.49	2676	39.50
10	मानपुर	12336	53.53	6	7343	59.52	4993	40.47
11	करकेली	10262	55.54	3	6257	60.97	4005	38.02
12	पाली	2032	56.41	2	1190	58.56	842	41.43
	शहडोल संभाग	**87592**	**49.08**		**52208**	**59.60**	**35384**	**40.39**
	मध्यप्रदेश	**4344701**	**38.30**		**2674001**	**61.54**	**1670700**	**38.45**

Source : Census of India, 2011, District Census Hand Book, Distirict Shahdol, Umariya & Anuppur


शहडोलसंभाग
ग्रामीण अनुसूचित जाति साक्षरता (वर्ष 2011)
10 0 10 20

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

चुनावी रेवड़ी की राजनीति : एक अध्ययन

मनोज अहिरवार*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय ,उज्जैन (म.प्र.) भारत

शब्द कुंजी –चुनाव, रेवड़ी, फ्रीबीज, राजनीतिक दल, योजनाएं, जनकल्याण, मतदाता आदि।

प्रस्तावना – चुनावी रेवड़ी या फ्रीबीज यह शब्द वर्तमान राजनीति में प्रमुख रूप से देखने को मिल रहे हैं। रेवड़ी एक प्रकार की भारतीय मिठाई है।रेवड़ी मुख्यतौर पर तिल को चीनी या गुड़ में मिलाकर बनाया जाता है। रेवड़ी का नाम आते ही मुंह में एक मिठास और मन में लोहड़ी जैसी मस्ती घुल जाती है। तिल की वजह से रेवड़ी स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक मानी जाती है। हालांकि राजनीतिक रेवड़ी का स्वाद इसके ठीक विपरीत होता है। चुनावी वादों के तौर पर वोटरों के बीच बंटने वाली ज्यादातर रेवड़ी, उन्हें कभी नहीं मिलती। सत्ता में आने के बाद वोटरों को लुभाने के लिए जो रेवड़ी बांटी जाती है, उससे सरकारी खजाना खाली होता है। दीर्घकाल में इसका सीधा दुष्प्रभाव बड़ी परियोजनाओं और राज्य के विकास पर पड़ता है।भारत में चुनाव एक तरफ जहां मूलभूत सुविधाओं तथा जनकल्याण के मुद्दों पर लड़े जाते थे, वहीं कुछ समय से एक नया तरीका सामने आया है, जिसे चुनावी रेवड़ी अथवा फ्रीबीज कहते हैं। फ्रीबीज शब्द सबसे पहले 1920 के दशक में अमेरिकी राजनीति में इस्तेमाल हुआ था। फ्रीबी शब्द का मतलब होता है, कोई ऐसी चीज जो आपको मुफ्त में दी जाती है। भारत के चुनाव आयोग के अनुसार, फ्रीबीज की कोई स्पष्ट कानूनी परिभाषा नहीं है। प्राकृतिक आपदा या महामारी के दौरान जीवन रक्षक दवाएं, खाना या पैसा मुहैया कराने से लोगों की जान बच सकती है, लेकिन आम दिनों में अगर ये दिए जाएं तो इन्हें फ्रीबीज कहा जाएगा। इसमें विभिन्न राजनीतिक दल वोट अपने पक्ष में प्राप्त करने के लिए तरह–तरह की फ्री योजनाएं और लोक लुभावन वादे करते हैं । चुनाव के कुछ दिन पहले ही ऐसी योजनाओं को जनता के बीच में लाया जाता है, और उन्हें अपने पक्ष में वोट करने के लिए आकर्षित किया जाता है। वैसे तो इसकी कोई एक निश्चित परिभाषा नहीं है, लेकिन चुनाव के कुछ समय पहले राजनीतिक दलों द्वारा जो घोषणाएं की जाती हैं, उनमें से कुछ विशेष प्रकार की योजनाएं होती हैं । जैसे फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता, फ्री मोबाइल, टीवी ,वाशिंग मशीन इत्यादि। जो जनता को दी जाती हैं। इसके अलावा नगद राशि जो किसी योजना के रूप में जनता को दी जाती है। यह सभी रेवड़ी की श्रेणी में आती हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा या अन्य कोई चुनाव सभी में अब इसका प्रभाव देखने को मिलने लगा है।

'गरीब की थाली में पुलाव आ गया, लगता है शहर में चुनाव आ गया।'

इन योजनाओं को सभी अपने–अपने ढंग से परिभाषित करते हैं। जो राजनीतिक दल इसकी घोषणा करता है, वह इसे लोक कल्याणकारी योजना कहता है। तथा विपक्ष इसे रेवड़ी या मुफ्तखोरी कहता है। लेकिन इस तरह की योजनाएं लगभग सभी प्रमुख दलों द्वारा चलाई जा चुकी हैं। जो राजनीतिक दल सत्ता में रहते हैं, वह चुनाव के पूर्व राजकोष से इन योजनाओं की घोषणा करते हैं, तथा अन्य दल सरकार बनने के बाद इस तरह की योजनाओं को शुरू करने की गारंटी देते हैं। लेकिन दोनों ही सरकारी धन के बल पर यह करते हैं।

जैसे दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने फ्री बिजली, फ्री पानी तथा महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस तरह की चुनावी रेवड़ी का विरोध किया गया था। वर्ष 2022 में भाजपा ने ही इस प्रकार की योजनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। लेकिन उनकी ही भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश 2023 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले लाडली बहन योजना प्रारंभ की। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन ने भी माझी लाडकी बहन योजना शुरू की। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा प्रारंभ की। तेलंगाना में रायतू बंधु योजना। इस प्रकार लगभग अधिकांश राज्यों के चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह की योजनाएं जिनका जनता को प्रत्यक्ष लाभ जो फ्री में उपलब्ध कराया जाता है चुनावी रेवाड़ी या फ्रीबीज है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं विकास – चुनावी रेवड़ी की संकल्पना नई नहीं है, यह तो दुनिया भर में राजनीतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को रिझाने के लिए मुफ्त की योजनाओं या फ्रीबीज का ऐलान करती रहीं हैं।भारत में इसकी शुरुआत दक्षिण के राज्यों से हुई और धीरे–धीरे यह पूरे भारत में फैल गई ।इस प्रकार की योजनाएं कैसे और कहां शुरू हुई इसके विकास को देखते हैं जैसे

मद्रास स्टेट के सीएम के कामराज ने 1954 से 1963 के दौरान मुफ्त शिक्षा और स्कूली छात्रों के लिए मुक्त भजन जैसी स्कीम शुरू की।

1967 में DMK के संस्थापक कम अन्नादुरई ने तमिलनाडु चुनाव में एक रुपए में 4.5 किलो चावल देने जैसे वादे किए थे।

1982 में एमजी रामचंद्र ने कामराज की तरह ही तमिलनाडु में स्कूली बच्चों को मुफ्त भोजन की योजना लागू की थी।

1980 के दशक में आंध्र प्रदेश के एम एंटी रामाराव ने रू 2 किलो चावल देने की योजना शुरू की थी।

1990 के दशक में तमिलनाडु ।प्।क्ड्ड नेता जे जयललिता ने मुफ्त

साड़ी, प्रेशर कुकर, टेलीविजन और वाशिंग मशीन देने जैसे वादे किए थे। 1990 के दशक में ही पंजाब में अकाली दल सरकार ने सबसे पहले मुफ्त बिजली देना शुरू किया था।

2006 विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु में डीएमके ने वोटर्स को कलर टीवी देने का वादा किया था।

तमिलनाडु के चुनाव में गैस स्टोव, कैश, जमीन और मैटरनिटी सहायता तक देने का वादा करती रही है।

2015 में आम आदमी पार्टी दिल्ली में लोगों को मुफ्त बिजली और पानी देने के साथ ही सत्ता में आई।

2022 में पंजाब में सत्ता में आई आप सरकार ने जुलाई से हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की योजना शुरू कर दी थी।

2022 में हिमाचल प्रदेश में बीजेपी सरकार ने फ्री बिजली और फ्री पानी योजना शुरू की थी।

गुजरात में बीजेपी सरकार ने 4000 गांव के लिए मुक्त वाई-फाई और गाय संरक्षण के लिए 500 करोड़ देने का वादा किया था।

आमआदमी पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में जीतने पर 300 यूनिट बिजली फ्री और हर माह महिलाओं को रू 1000 देने का वादा किया था।

मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 2023 विधानसभा चुनाव के पहले लाडली बहन योजना के माध्यम से रू1000 महीना महिलाओं को देना शुरू किया। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा समर्थित महायुति गठबंधन सरकार ने महिलाओं माझी लड़की बहन योजना के माध्यम से उनको रू 1500 महीना देना प्रारंभ किया।इस तरह लगभग सभी राज्यों में सभी राजनीतिक दल चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाएं देते आ रहे हैं।

उद्देश्य:

1. चुनावी रेवड़ी या फ्रीबीज क्या है और इसकी शुरुआत कैसे हुई इसका विश्लेषण करना।
2. रेवड़ीयाफ्रीबीज कल्चर के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. फ्रीबीज को कैसे बंद किया जा सकता है, इसका अध्ययन करना।

शोध पद्धति – प्रस्तुत शोध आलेख में विश्लेषणात्मक विधि का प्रयोग कर अध्ययन किया गया है। तथ्यों के संकलन में द्वितीयक स्रोतों के माध्यम से तथ्य संग्रहित किए गए हैं। जिसमें विषय से संबंधित पत्र पत्रिकाएं, शोधपत्र, चुनावी घोषणा पत्र, समाचार पत्र, इंटरनेट आदि को शामिल किया गया है।

प्रभाव:

राजनीतिक प्रभाव– चुनावी रेवड़ी का प्रभाव सबसे ज्यादा राजनीतिक दलों पर देखने को मिल रहा है। कुछ दल इसका प्रयोग चुनाव में बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। और उसका फायदा उनको चुनावी नतीजे में स्पष्ट तरीके से देखने को मिल रहा है। जिन चुनावों में उनका मत प्रतिशत बहुत कम रहता था, रेवड़ी/फ्रीबीज के माध्यम से मत प्रतिशत भी बड़ा और उनकी जीत भी हुई, एवं सरकार भी बनी। इसको देखते हुए अन्य दल भी ना चाहते हुए भी फ्री में योजनाओं की घोषणा कर देते हैं, ताकि उनको भी जीत मिल सके।

सामाजिक प्रभाव– इससे मतदाताओं में लालच उत्पन्न हो जाता है, और वह इससे भी ज्यादा फ्री की योजनाओं की आशा रखने लगते हैं। मुफ्तखोरी से पानी और बिजली जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग हो सकता है। इससे प्रदूषण भी बढ़ सकता है मुफ्त की चीजें सरकार पर निर्भरता की संस्कृति को बढ़ावा दे सकती हैं।

आर्थिक प्रभाव– आरबीआई ने हाल ही में एक अध्ययन किया है। राज्य वित्त एक जोखिम विश्लेषण ।इस अध्ययन के अनुसार भारतीय राज्यों के लिए हाल के वर्षों में सब्सिडी पर सरकारी ब्याज 11 से 12% की दर से बड़ा है। आरबीआई के अनुसार कई राज्य सरकारें सब्सिडी से मुफ्त की योजनाओं पर स्विच कर रही हैं। 2023-24 में सरकार को राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 3% रहने का अनुमान था। इसके 5.02 प्रतिशत से 5.4% तक जाने की उम्मीद है। राज्यों को 3.5% राजकोषीय घाटे की अनुमति है, जिसमें 0.5% बिजली सुधार के लिए है।

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से सार्वजनिक वित्त पर बोझ काफी बढ़ता है। जिसकी लागत कई राज्यों में सकल घरेलू उत्पाद जीएसडीपी के 0.1% से 2.7% तक होती है। कुछ राज्य जैसे आंध्र प्रदेश और पंजाब अपने राजस्व का 10% से अधिक सब्सिडी के लिए आवंटन करते हैं। ऐसे में राजकोषीय हालात पर असर पड़ता है।

रेवड़ी/ फ्रीबीज का वैश्विक परिदृश्य – चुनावी रेवड़ी को वैश्विक संदर्भ में देखें तो ज्ञात होता है, कि यह एक वैश्विक समस्या है। कई देशों में राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए मुफ्त सुविधाएं और उपहार देते हैं। यह समस्या केवल भारत में नहीं बल्कि अन्य देशों में भी है। जहां रेवड़ी फ्रीबीज के नाम पर चुनाव लड़े जाते हैं। इनमें श्रीलंका, अर्जेंटीना, अमेरिका जैसे देश शामिल है।

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था की हालत बहुत खराब हो गई। और उसे दिवालिया घोषित कर दिया गया। क्योंकि वहां की सरकार ने फ्रीबीज को बहुत बढ़ावा दिया जिसमें जनता की बहुत सारे कर माफ कर दिए और सब्सिडी बहुत अधिक दी जिससे देश पर बहुत बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ। ऐसा ही अर्जेंटीना में भी रेवड़ी कल्चर का प्रभाव देखने को मिलता है। विश्व के बहुत से देशों में फ्रीबीज कल्चर का प्रचलन देखने को मिल रहा है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर भी प्रावधान किया जाना आवश्यक है।

सुझाव –चुनाव में इस तरह के रेवड़ीकल्चर को रोकने के लिए प्रयास करना बहुत जरूरी है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो धीरे-धीरे पूरी चुनावी प्रक्रिया केवल इन्ही योजनाओं पर संचालित होने लगेगी। और आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रेवड़ी या फ्रीबीज को परिभाषित किया जाए तथा साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं और फ्रीबीज के मध्य अंतर को स्पष्ट किया जाए। जनता को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किए जाएं, और उन्हें समझाया जाए कि ऐसी योजनाओं के नाम पर मतदान न करें। मतदान करते वक्त एक सशक्त और जनकल्याण वाली सरकार का चुनाव करें। रेवड़ी कल्चर को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा कानून बनाया जाए। जिसकी वजह से कोई भी राजनीतिक दल इस रेवड़ी कल्चर को ना अपना सके।

निष्कर्ष – पिछले दशक से भारत के लगभग आधे से अधिक राज्यों में रेवड़ी कल्चर एक बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। राजनीतिक दल चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इसको ही प्राथमिकता देने लगे हैं। मतदाता भी प्रत्यक्ष लाभ के कारण उन्हीं के पक्ष में मतदान करते हैं। तथा उनको ही सत्ता में ला रहे हैं। वर्तमान राजनीति में देखा जाए तो प्रत्येक राजनितिक दल ने चुनावो में जीतने के लिए सबसे आसान तरीका ढूंढ लिया है। और वह है फ्री की योजनाएं जैसे फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, और भी कई योजनाएं हैं जिनको चुनावी रेवड़ी या मुफ्तखोरी कहा जा सकता है। जो राजनीतिक दल सत्ता में है वह मनमाने ढंग से इस तरह की योजनाएं

चालू कर देते हैं ताकि उनको आगामी चुनाव में जीत हासिल हो सके। इसी को देखते हुए अन्य दल भी सत्ता में आने के लिए मुफ्त योजनाओं की घोषणा करने लगते हैं। इस प्रकार सत्तारूढ़ दल और विपक्ष दोनों ही रेवड़ी कल्चर को बढ़ावा देते हैं। और साथ ही एक दूसरे की योजनाओं को फ्रीबीज या रेवड़ी बोलते हैं और अपनी योजनाओं को कल्याणकारी बताते हैं। रेवड़ी कल्चर को रोकना बहुत आवश्यक हो गया है, क्योंकि इससे राज्यों की अर्थव्यवस्था बिगड़ती जा रही है। और लगातार कई राज्य कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय, संसद इन सभी को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए, कि इस कल्चर को जल्दी ही बंद कराया जा सके। सभी राजनीतिक दलों को भी चुनावी रेवड़ी जैसी योजनाओं को बंद करना चाहिए। तथा मूलभूत और आवश्यक सुविधाओं के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। मतदाताओं को भी यह सोचना होगा कि यह जो फ्री की योजनाएं हैं, वह उनके विकास में बाधक हैं, उनके आधार पर मतदान नहीं करना चाहिए। जब यह योजनाएं फेल होने लगेंगी और इनके माध्यम से चुनाव में जीत नहीं मिलेगी तो धीरे–धीरे ये स्वतः ही समाप्त होने लगेंगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आजतक 17/08/2022,https://youtu.be/7-TL3sTQZnU?si=gAJUvd9jjUgCqbNh
2. दीपिका पल 9(11/2024, https://navbharatlive.com/special-coverage/formula-of-throwing-sweets-and-winning-the-election-is-in-vogue-in-electoral-democracy-1053412.html
3. सुनीलकुमार 03/12/2024, https://www.jagran.com/business/biz-freebies-will-reduce-gdp-growth-in-fy-202425-23841416.html
4. NDTV Profit desk 14/10/2023, https://hindi.ndtvprofit.com/politics/india/who-is-benefiting-from-freebies-in-election-assembly-election-in-five-states
5. विजय कुमार 4/12/2024, https://hindi.oneindia.com/news/features/what-is-freebies-what-is-the-difference-from-subsidy-735085.html
6. दिनेश मिश्र 10/12/2024, https://navbharattimes.indiatimes.com/india/will-free-electricity-water-and-ration-stop-why-did-supreme-court-get-upset-over-distributing-freebies/articleshow/116168531.cms
7. शादाब नज्मी 01/04/2024, https://www.bbc.com/hindi/articles/crgdlep95l5o
8. योगेश यादव 08/12/2024, https://4pm.co.in/the-economy-of-the-states-has-collapsed-due-to-distribution-of-free-revadi-the-country-is-drowning-in-debt/114221
9. आलोक जोशी 10/11/2024, https://www.livehindustan.com/ blog/editorial-news/hindustan-editorial-column-11-november-2024-story-201731262486299.html
10. अभिषेक पांडे 23/08/2022, https://www.bhaskar.com/db-original/explainer/news/freebies-controversy-history-explained-arvind-kejriwal-modi-government-supreme-court-130218673.html

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आपदा प्रबंधन का अवलोकन

डॉ. शोभाराम सोलंकी*

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह आलेख इस बात का दायरा निर्धारित करता है कि आपदा प्रबंधन में क्या शामिल है। एक परिचयात्मक पाठ्यक्रम के रूप में, सामग्री शब्दावली की परिभाषाओं और विवरणों पर केंद्रित है, आपदा प्रबंधन की अवधारणा को स्पष्ट करना, आपातकालीन और आपदा स्थितियों के बीच अंतर करना, प्राकृतिक और मानव-जनित आपदाओं के प्रकारों की पहचान करना और उनका वर्णन करना, उन मुख्य खतरों को सूचीबद्ध करना और उनका वर्णन करना जिनसे आपका देश असुरक्षित है और आपदाओं के लोगों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना और उनका संक्षेप में वर्णन करना।

प्रस्तावना – यह आलेख परिभाषाओं, शब्दावली और संभावित खतरों के प्रकारों (प्राकृतिक और गैर-प्राकृतिक आपदाओं सहित) पर गौर करती हैय आपदाओं, उनके कारणों और निहितार्थों को समझनाय और एक प्रभावी आपदा प्रबंधन योजना की सामग्री। इस लेख के पूरा होने पर आप निम्न में सक्षम होंगेरू आपदा प्रबंधन, खतरा, आपातकाल, आपदा, भेद्यता और जोखिम को परिभाषित, आपातकालीन स्थिति और आपदा स्थिति के बीच अंतर, प्राकृतिक और गैर-प्राकृतिक आपदाओं के प्रकारों को पहचानें और उनका वर्णन, उन मुख्य खतरों की सूची और उनका वर्णन जिनके प्रति आपका क्षेत्र संवेदनशील है या हो सकता है, अपने क्षेत्र और पर्यावरण पर आपदाओं के प्रभावों को पहचानें और संक्षेप में चर्चा।

आपदा प्रबंधन – यह केवल प्रतिक्रिया और राहत से कहीं अधिक है (अर्थात, यह अधिक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाता है एक व्यवस्थित प्रक्रिया है (अर्थात, योजना, आयोजन और नेतृत्व के प्रमुख प्रबंधन सिद्धांतों पर आधारित है जिसमें समन्वय और नियंत्रण शामिल है) इसका उद्देश्य प्रतिकूल घटनाओं के नकारात्मक प्रभाव या परिणामों को कम करना है (अर्थात, आपदाओं को हमेशा रोका नहीं जा सकता है, लेकिन प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सकता है) यह कई घटकों वाली एक प्रणाली है।

खतरा – 'क्या किसी प्राकृतिक या मानव-जनित घटना के नकारात्मक परिणामों के साथ घटित होने की संभावना है' कोई खतरा आपातकाल बन सकता हैय जब आपातकाल जनसंख्या के नियंत्रण से परे चला जाता है, तो यह एक आपदा बन जाता है।

आपातकाल – 'किसी घटना की वास्तविक या आसन्न घटना से उत्पन्न स्थिति है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।'

आपदा – 'एक प्राकृतिक या मानव-जनित घटना है जो कारण बनती है लोगों, वस्तुओं, सेवाओं औरध्या पर्यावरण पर गहन नकारात्मक प्रभाव, प्रभावित समुदाय की प्रतिक्रिया देने की क्षमता से अधिक।'

जोखिम – 'खतरे और भेद्यता को देखते हुए, क्या संभावना है कि किसी प्रतिकूल घटना के परिणामस्वरूप नुकसान होगा' जोखिम (आर) को खतरे के उत्पाद के रूप में निर्धारित किया जा सकता है (एच) और भेद्यता (वी)। यानी आर = एच xवी

भेद्यता – 'यह वह सीमा है जिस तक किसी समुदाय की संरचना, किसी खतरे के प्रभाव से सेवाओं या पर्यावरण के क्षतिग्रस्त या बाधित होने की संभावना है।'

आपातकालीन स्थिति और आपदा स्थिति के बीच अंतर करना – आपातकाल और आपदा दो अलग-अलग स्थितियाँ हैं:

आपातकाल एक ऐसी स्थिति है जिसमें समुदाय मुकाबला करने में सक्षम है। यह किसी घटना की वास्तविक या आसन्न घटना से उत्पन्न स्थिति है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है और आपातकालीन संसाधनों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

आपदा एक ऐसी स्थिति है जिसमें समुदाय मुकाबला करने में असमर्थ होता है। यह एक प्राकृतिक या मानव-जनित घटना है जो लोगों, वस्तुओं, सेवाओं औरध्या पर्यावरण पर तीव्र नकारात्मक प्रभाव डालती है, जो प्रभावित समुदाय की प्रतिक्रिया देने की क्षमता से अधिक हो जाती हैय इसलिए समुदाय सरकार और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की सहायता चाहता है।

प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक आपदाओं के प्रकार – आपदाओं को अक्सर उनके अनुसार वर्गीकृत किया जाता है:

कारण – प्राकृतिक बनाम मानव

बी शुरुआत की गति – अचानक बनाम धीमी

अ. कारण

1 **प्राकृतिक आपदाएँ –** इस प्रकार की आपदाएँ स्वाभाविक रूप से लोगों, संरचनाओं या आर्थिक संपत्तियों के निकट होती हैं और उनके लिए खतरा पैदा करती हैं। वे प्राकृतिक वातावरण में जैविक, भूवैज्ञानिक, भूकंपीय, जल विज्ञान, या मौसम संबंधी स्थितियों या प्रक्रियाओं (जैसे, चक्रवात, भूकंप, सुनामी, बाढ़, भूस्खलन और ज्वालामुखी विस्फोट) के कारण होते हैं।

चक्रवात, तूफान या टाइफून – चक्रवात तब विकसित होते हैं जब गर्म महासागर गर्म हवा को जन्म देता है, जो बदले में संवहनीय वायु धाराओं का निर्माण करता है। चक्रवात तब घटित होते हैं जब ये पारंपरिक वायु धाराएँ

विस्थापित हो रही होती हैं। तूफान/टाइफून शब्द 'उष्णकटिबंधीय चक्रवात' के लिए एक क्षेत्रीय विशिष्ट नाम है। एशिया में इन्हें 'टाइफून' कहा जाता है हिन्द और प्रशांत महासागरों में इन्हें 'चक्रवात' कहा जाता है और उत्तारी अटलांटिक और कैरेबियन बेसिन पर, उन्हें 'तूफान' कहा जाता है।

उष्णकटिबंधीय चेतावनी प्रक्रियाएँ:

1. **छोटे शिल्प और मछली पकड़ने वाली नावें:** लगभग 25-35 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएँ।
2. **जनता के लिए पवन संबंधी सलाह:** लगभग 25-35 मील प्रति घंटे की हवाएँ।
3. **आंधी निगरानी:** जब एक परिपक्व उष्णकटिबंधीय चक्रवात से 48 घंटों के भीतर देश के एक हिस्से को खतरे में डालने की महत्वपूर्ण संभावना होती है।
4. **आंधी बल की चेतावनी:** तब जारी की जाती है जब हवा की गति अगले 24 घंटों के भीतर तूफानी बल की तीव्रता (34-47 समुद्री मील) तक पहुंचने की उम्मीद होती है।
5. **तूफान पर नजर:** यदि 24 से 48 घंटे की समय सीमा के भीतर किसी क्षेत्र या पूरे देश के लिए उत्तार उष्णकटिबंधीय चक्रवात की गड़बड़ी उल्लेखनीय है, तो तूफान की चेतावनी के साथ एक तूफान निगरानी विवरण भी शामिल किया जाएगा।
6. **तूफान की चेतावनी:** हर तीन (3) घंटे में जारी की जाती है जब औसत हवा की गति अगले 12 से 24 घंटों के भीतर तूफान की तीव्रता 48-63 समुद्री मील तक पहुंचने की उम्मीद होती है।
7. **चक्रवात निगरानी:** तब जारी की जाती है जब उष्णकटिबंधीय चक्रवाती हवाओं के 24 से 48 घंटों में 63 समुद्री मील (या 70 मील प्रति घंटे) से ऊपर की चक्रवाती बल वाली हवाओं तक पहुंचने की उम्मीद होती है।
8. **चक्रवात चेतावनी:** हर तीन (3) घंटे में जारी की जाती है, जब अगले 12 से 24 घंटों के भीतर हवा की गति 63 समुद्री मील से अधिक होने की उम्मीद होती है।

ब. भूकंप – भूकंप पृथ्वी की सतह का कांपना या हिलाने वाली हलचल है, जो फॉल्ट-प्लेन के साथ प्लेटों की गति या ज्वालामुखीय गतिविधि के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है। भूकंप दिन या रात के किसी भी समय अचानक, तीव्र और बिना किसी चेतावनी के आ सकते हैं। निम्नलिखित शब्दावली भूकंप से जुड़ी हैं: भूकंप का केंद्र, दोष, परिमाण और भूकंपीय तरंगें।

व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, भूकंप को आमतौर पर उनके परिमाण (या जारी मात्रात्मक ऊर्जा) द्वारा परिभाषित किया जाता है जिसे 1 – 10 के लघुगणक पैमाने का उपयोग करके मापा जाता है। इस लघुगणक पैमाने को रिक्टर स्केल के रूप में जाना जाता है। तीव्रता का निर्धारण सिस्मोमीटर से प्राप्त भूकंपीय आंकड़ों का विश्लेषण करके किया जाता है।

भूकंप की तीव्रता को संशोधित मर्कल्ली तीव्रता (एमएमआई) स्केल का उपयोग करके मापा जाता है, जो भूकंप के प्रभाव की भौतिक टिप्पणियों द्वारा गुणात्मक रूप से निर्धारित किया जाता है।

स. सुनामी – सुनामी एक समुद्री लहर है जो पनडुब्बी भूकंप, ज्वालामुखी या भूस्खलन से उत्पन्न होती है। इसे भूकंपीय समुद्री लहर के रूप में भी जाना जाता है, और गलत तरीके से इसे ज्वारीय लहर के रूप में भी जाना जाता है। तूफान की लहरें (या गैलू लोलो) तेज हवाओं 1 के कारण उत्पन्न होने वाली लहरें हैं।

समोआ में सबसे बड़ा भूकंप 26 जून 1917 को दर्ज किया गया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। यह घटना टोंगा (एपिया से लगभग 200 किमी दक्षिण में) में उत्पन्न हुई और इसने सतुपैतिया, सवाई में चार से आठ (4-8) मीटर की सुनामी उत्पन्न कर दी। सुनामी अपने उद्गम स्थल से दस (10) मिनट से भी कम समय में पहुँची, जिसका अर्थ है कि उसने यात्रा की।

1 सुनामी को समोआ में गालू अफी के नाम से जाना जाता था लेकिन राष्ट्रीय आपदा सलाहकार समिति (डीएसी) ने अब सुनामी को इसके समोअन अनुवाद के रूप में अपनाया है।

1,000 किमी/घंटा से अधिक की गति। इसलिए, जब भूकंप आता है, तो आपको सुनामी की चेतावनी पर ध्यान देना चाहिए, उदाहरण के लिए, निचले तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को तुरंत ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए।

द. बाढ़ – यह घटना तब घटित होती है जब पानी पहले सूखे क्षेत्रों को कवर कर लेता है, यानी, जब नदी या टूटे हुए पाइप जैसे स्रोत से बड़ी मात्रा में पानी पहले सूखे क्षेत्र में बहता है, या जब पानी बैंकों या बाधाओं से होकर बह जाता है।

स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के लिए बाढ़ पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकती है। उदाहरण के लिए, कुछ नदियों की बाढ़ मिट्टी में पोषक तत्व लाती है जैसे कि मिस्र में जहां नील नदी की वार्षिक बाढ़ पोषक तत्वों को अन्यथा शुष्क भूमि में ले जाती है। बाढ़ का लोगों पर आर्थिक और भावनात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है, खासकर अगर उनकी संपत्ति सीधे तौर पर प्रभावित हो। बाढ़ के कारणों की बेहतर समझ होने से लोगों को बेहतर ढंग से तैयार होने और संभवत: बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने या रोकने में मदद मिल सकती है।

ई. भूस्खलन – भूस्खलन शब्द का तात्पर्य चट्टान और मिट्टी के द्रव्यमान के नीचे की ओर खिसकने से है। भूस्खलन निम्नलिखित कारकों में से एक या उनके संयोजन के कारण होता हैरू ढलान ढाल में परिवर्तन, भूमि द्वारा सहन किए जाने वाले भार में वृद्धि, झटके और कंपन, पानी की मात्रा में परिवर्तन, भूजल आंदोलन, ठंढ की कार्रवाई, झटके का मौसम, निष्कासन या, या ढलानों को कवर करने वाली वनस्पति के प्रकार को बदलना।

भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्र वहां होते हैं जहां भूमि में कुछ विशेषताएं होती हैं जो सामग्री के नीचे की ओर जाने के जोखिम में योगदान करती हैं। इन विशेषताओं में शामिल हैं:

1. 15 प्रतिशत से अधिक ढलान।
2. पिछले 10,000 वर्षों के दौरान भूस्खलन गतिविधि या हलचल हुई।
3. धारा या तरंग गतिविधि जिसके कारण कटाव हुआ है, किसी तट को काटा गया है या किसी तट को काटा गया है जिससे आसपास की भूमि अस्थिर हो गई है।
4. हिमस्खलन की उपस्थिति या संभावना।
5. एक जलोढ़ पंखे की उपस्थिति जो मलबे या तलछट के प्रवाह के प्रति संवेदनशीलता को इंगित करती है।
6. अभेद्य मिट्टी, जैसे गाद या मिट्टी की उपस्थिति, जो रेत और बजरी जैसी दानेदार मिट्टी के साथ मिश्रित होती है।

भूस्खलन अन्य प्राकृतिक खतरों जैसे बारिश, बाढ़, भूकंप के साथ-साथ मानव निर्मित कारणों जैसे ग्रेडिंग, भू-भाग को काटना और भरना, अत्यधिक विकास आदि से भी हो सकता है। क्योंकि भूस्खलन को प्रभावित करने वाले कारक भूभौतिकीय या मानव हो सकते हैं। निर्मित, वे विकसित क्षेत्रों, अविकसित क्षेत्रों, या किसी भी क्षेत्र में हो सकते हैं जहां सड़कों, घरों, उपयोगिताओं, इमारतों आदि के लिए इलाके को बदल दिया गया है।

2. **मानव निर्मित आपदाएँ –** ये आपदाएँ या आपातकालीन स्थितियाँ हैं जिनके प्रमुख, प्रत्यक्ष कारण पहचाने जाने योग्य मानवीय कार्य हैं, जानबूझकर या अन्यथा। 'तकनीकी आपदाओं' के अलावा इसमें मुख्य रूप से वे स्थितियाँ शामिल हैं जिनमें युद्ध, नागरिक संघर्ष या अन्य संघर्षों या नीति कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप नागरिक आबादी हताहत होती है, संपत्ति, बुनियादी सेवाओं और आजीविका के साधनों की हानि होती है। कई मामलों में, लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे नागरिक संघर्ष, हवाई जहाज दुर्घटना, बड़ी आग, तेल रिसाव, महामारी, आतंकवाद आदि के परिणामस्वरूप शरणार्थियों या बाहरी औरध्या आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों की भीड़ उमड़ती है।

ब. शुरुआत की गति

1. **अचानक शुरुआत:** बहुत कम या कोई चेतावनी नहीं, तैयारी के लिए न्यूनतम समय। उदाहरण के लिए, भूकंप, सुनामी, चक्रवात, ज्वालामुखी आदि।

2. **धीमी शुरुआत:** प्रतिकूल घटना का विकास धीमी गति से होनाय पहले स्थिति विकसित होती हैय दूसरा स्तर आपातकालीन स्थिति हैय तीसरा स्तर एक आपदा है. उदाहरणार्थ, सूखा, गृह-संघर्ष, महामारी आदि।

किसी क्षेत्र के मुख्य खतरे, या उनके प्रति संवेदनशील होना, देश की भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करेगा। उदाहरण के लिए, समोआ में, मुख्य खतरे जो आपदाओं में बदल सकते हैं वे हैं:

1. चक्रवात
2. भूकंप
3. सुनामी
4. बाढ़
5. भूस्खलन
6. महामारी

आपके क्षेत्र और पर्यावरण पर आपदाओं का प्रभाव – पिछले एक दशक से समोआ में चक्रवात अक्सर होने वाली आपदा रही हैय प्रत्येक घटना का प्रभाव विनाशकारी रहा है। निम्नलिखित सूची कुछ अप्रिय प्रभावों की पहचान करती है:

1. बुनियादी ढांचे को नुकसान
2. दूरसंचार हानि
3. बाढ़
4. भूस्खलन
5. बिजली व्यवधान
6. पानी की समस्या
7. कृषि क्षति
8. आवास को हानि/क्षति
9. अंतर्देशीय और तटीय पर्यावरण को नुकसान
10. जीवन स्तर, जीवनशैली आदि में व्यवधान।

निष्कर्ष – यह आलेख परिचयात्मक पाठ्यक्रम के रूप में, सामग्री शब्दावली की परिभाषाओं और विवरणों पर केंद्रित हैय आपदा प्रबंधन की अवधारणा को स्पष्ट करनाय आपातकालीन और आपदा स्थितियों के बीच अंतर करनाय प्राकृतिक और मानव-जनित आपदाओं के प्रकारों की पहचान करना और उनका वर्णन करनाय उन मुख्य खतरों को सूचीबद्ध करना और उनका वर्णन करना जिनसे आपका देश असुरक्षित हैय और आपदाओं के लोगों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना और उनका संक्षेप में वर्णन करना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Srinivas, H. (2005) Disasters: a quick FAQ- Accessed on 24/01/08 at: http://www.gdrc.org/uem/disasters/1-what_is-html
2. Tsunami was known in Samoa as a Galu Afi but the National Disaster Advisory Committee (DAC) has now adopted SÛNAMI as Samoan translation.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

खरगोन जिले में प्रसिद्ध लोक पर्व संजा माता

डॉ. राकेश ठाकुर*

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – इस शोध पत्र में खरगोन जिले में मनाए जाने वाले संजा माता के लोक पर्व पर विस्तार से चर्चा की गई है। संजा माता का पर्व इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस पर्व की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक महत्व, इसे मनाने की विधियाँ, और इससे जुड़े लोक गीतों व कथाओं का विश्लेषण किया गया है। पर्व के सामाजिक प्रभावों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें महिला सशक्तीकरण, सामुदायिक एकता और परंपराओं का संरक्षण शामिल है। इसके साथ ही, वर्तमान समय में इस पर्व की स्थिति और इसे संरक्षित करने की चुनौतियों पर भी चर्चा की गई है। आधुनिकीकरण और शहरीकरण के प्रभाव के बावजूद, संजा माता का पर्व खरगोन जिले में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बना हुआ है। इस शोध में पर्व के विभिन्न चरणों का विश्लेषण तालिकाओं और विवरण के साथ प्रस्तुत किया गया है, ताकि इस महत्वपूर्ण लोक परंपरा का व्यापक अध्ययन किया जा सके।

प्रस्तावना – खरगोन जिला मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित है और यह क्षेत्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। यहां की संस्कृति में लोक पर्वों का विशेष महत्व है, जिनमें से एक प्रमुख पर्व है संजा माता। संजा माता का लोक पर्व मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है और इसे बड़े उत्साह, आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व धार्मिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और खरगोन की पहचान में एक खास स्थान रखता है।

इस विस्तृत अध्ययन में, हम संजा माता के पर्व के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करेंगे। इसमें इसके ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक महत्व, पर्व मनाने की विधियां, सामाजिक प्रभाव, और वर्तमान स्थिति को प्रमुखता दी जाएगी। साथ ही, संजा माता के पर्व से जुड़ी लोक कथाएं, गीत, और परंपराओं का विश्लेषण भी किया जाएगा।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि– संजा माता का पर्व खरगोन क्षेत्र की प्राचीन परंपराओं में से एक है। इसकी उत्पत्ति को लेकर कई किंवदंतियां प्रचलित हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि यह पर्व भील और भिलाला जनजातियों की परंपराओं से प्रेरित है।

एक लोकप्रिय लोककथा के अनुसार, संजा एक साधारण ग्रामीण युवती थी, जिसने अपने गांव और परिवार को महामारी से बचाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए। उसके बलिदान की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। वहीं दूसरी कथा के अनुसार, संजा देवी को पार्वती का रूप माना जाता है जो फसलों और समृद्धि की रक्षा करती हैं। कृषि समाज के साथ इस पर्व की उत्पत्ति मानी जाती है, और यह खरीफ की फसल के दौरान कटाई के बाद उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

धार्मिक महत्व– संजा माता को फसलों और समृद्धि की देवी माना जाता है। किसानों के बीच उनकी पूजा से अच्छी फसल और परिवार की समृद्धि की कामना की जाती है। कार्तिक मास में मनाया जाने वाला यह पर्व धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवधि में महिलाएं संजा माता की पूजा करती हैं और उन्हें विभिन्न वस्त्र, फूल, और प्रसाद अर्पित करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस पूजा के परिणामस्वरूप देवी प्रसन्न होती हैं और परिवार को समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

मनाने का तरीका– संजा माता के पर्व को मनाने के लिए खरगोन के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खास तैयारियां की जाती हैं। पर्व मनाने का तरीका मुख्य रूप से निम्नलिखित चरणों में बांटा जा सकता है:

1. **संजा स्थापना:** पर्व के पहले दिन घर के आंगन या सार्वजनिक स्थान पर संजा माता की स्थापना की जाती है। संजा माता की आकृति गोबर से बनाई जाती है और इसे रंगीन फूलों और पत्तियों से सजाया जाता है।
2. **दैनिक पूजा:** प्रतिदिन संध्या समय महिलाएं संजा माता की पूजा करती हैं। पूजा में अगरबत्ती, दीप, नारियल, कुमकुम, और फूल अर्पित किए जाते हैं।
3. **गीत और नृत्य:** पूजा के दौरान महिलाएं पारंपरिक गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं। संजा माता के गीत विशेष रूप से ग्रामीण जीवन और कृषि से संबंधित होते हैं।
4. **व्रत:** कुछ महिलाएं इस अवधि में व्रत रखती हैं और कठोर नियमों का पालन करती हैं।
5. **समापन उत्सव:** पर्व के अंतिम दिन एक विशाल उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें संजा माता की मूर्ति को जलाशय या नदी में विसर्जित किया जाता है। यह समापन पूरे समुदाय के लिए एक महोत्सव की तरह होता है।

सामाजिक प्रभाव– संजा माता का पर्व सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह पर्व समुदाय में सामूहिकता, महिला सशक्तिकरण और पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश देता है।

1. **महिला सशक्तिकरण:** इस पर्व में महिलाओं की प्रमुख भूमिका होती

है। महिलाएं इसकी समस्त तैयारियों और पूजाओं का नेतृत्व करती हैं, जिससे उनके सामाजिक योगदान और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

2. **सामुदायिक एकता:** संजा माता का पर्व पूरे समुदाय को एक साथ लाता है। इसमें सभी वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं।

3. **आर्थिक गतिविधियां:** इस पर्व के दौरान लोक व्यापार में भी वृद्धि होती है। लोग सजावट की सामग्री, कपड़े, पूजा की वस्तुएं आदि खरीदते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है।

लोक कथाएं और गीत– संजा माता के पर्व से जुड़ी कई लोक कथाएं और गीत हैं, जिनमें देवी की महिमा और ग्रामीण जीवन की वास्तविकता का चित्रण होता है। ये गीत और कथाएं न केवल मनोरंजन के साधन होते हैं, बल्कि इनमें नैतिक और सांस्कृतिक शिक्षाएं भी समाहित होती हैं।

एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, संजा देवी ने एक बार एक सूखे की समस्या से जूझ रहे गांव को अपनी शक्ति से बचाया। गीतों में संजा माता की स्तुति के साथ-साथ किसानों के जीवन और उनके संघर्षों को भी स्थान दिया जाता है।

उदाहरण के लिए, एक लोकप्रिय गीत की पंक्तियां हैं:

'संजा आई, खेत में हरियाली लाई,
धान की बालियों में आई ममता,
किसान के दिल में उम्मीद जगाई।'

तालिका 1: संजा माता पर्व का समय सारणी

दिन	**गतिविधि**
1	संजा स्थापना
2-28	दैनिक पूजा और गीत
29	विशेष अनुष्ठान
30	समापन उत्सव

तालिका 2: संजा माता पूजा में प्रयुक्त सामग्री

सामग्री	**उपयोग**
फूल	अर्पण के लिए
दीप	आरती के लिए
अगरबत्ती	सुगंध के लिए
नारियल	प्रसाद के रूप में
कुमकुम	तिलक के लिए

तालिका 3: संजा माता के प्रमुख गीत

गीत का नाम	**विषय**
संजा री आई	देवी का आगमन
धरती मैया	फसलों की रक्षा
बरसो इंदर	वर्षा के लिए प्रार्थना
गाँव री शोभा	ग्रामीण जीवन

तालिका 4: खरगोन जिले में संजा माता के प्रमुख मंदिर

मंदिर का नाम	**स्थान**
संजा माता मंदिर	भीकनगांव
ग्राम देवी मंदिर	बड़वाह
शक्ति पीठ	सेगांव
कृषि देवी मंदिर	कसरावद

वर्तमान स्थिति और चुनौतियां– आज के समय में संजा माता का पर्व खरगोन जिले में अभी भी प्रमुखता से मनाया जाता है, लेकिन आधुनिकता और शहरीकरण के चलते इसकी पुरानी धरोहर में कुछ बदलाव भी आए हैं।

1. **युवा पीढ़ी की कम रुचि:** शहरों में बसने वाले युवाओं में इस पर्व के प्रति रुचि कम होती जा रही है।

2. **समय की कमी:** लोगों के पास अपने व्यस्त जीवन के कारण इस पर्व को मनाने के लिए समय की कमी हो गई है।

3. **व्यावसायीकरण:** कुछ स्थानों पर पर्व का व्यावसायीकरण हो रहा है, जिससे इसकी पारंपरिक आत्मा को नुकसान हो सकता है।

इन चुनौतियों के बावजूद, स्थानीय लोग और सरकार इस पर्व के संरक्षण के लिए प्रयासरत हैं। विद्यालयों में इसके महत्व पर जागरूकता फैलाने के साथ ही, पर्यटन विभाग भी इसे एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रचारित कर रहा है।

निष्कर्ष– संजा माता का लोक पर्व खरगोन जिले की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। इस पर्व के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों का संरक्षण भी होता है।

हालांकि आधुनिकता और शहरीकरण के कारण इस पर्व के कुछ पहलुओं में बदलाव आए हैं, फिर भी यह पर्व आज भी अपनी पहचान बनाए हुए है। इस पर्व की परंपराओं को संरक्षित रखने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसे अपनी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में जानें और समझें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यादव, एस. (2018). मध्यप्रदेश की लोक परंपराएँ. भोपाल: साहित्य प्रकाशन।
2. तिवारी, ए. (2020). भारतीय लोक पर्व और उनकी सांस्कृतिक धरोहर. दिल्ली: भारत पुस्तक भवन।
3. शुक्ला, आर. (2015). भील जनजाति और उनके लोक उत्सव. इंदौर: मध्यप्रदेश सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र।
4. शर्मा, पी. (2017). भारतीय लोकगीत और लोककथाएँ. जयपुर: राजस्थानी प्रकाशन।
5. वर्मा, के. (2019). मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्व और उनके सामाजिक प्रभाव, सांस्कृतिक शोध पत्रिका, 15(2), 45-60.
6. मिश्रा, एम. (2021). भारत के प्रमुख देवी-देवता और उनकी आराधना विधियाँ. वाराणसी: संस्कृत विद्या निकेतन।
7. सिंह, एन. (2016). खरगोन जिले की सांस्कृतिक धरोहर, मध्यप्रदेश इतिहास एवं संस्कृति पत्रिका, 22(3), 90-102.
8. पटेल, डी. (2018). कृषि समाज और उनके लोक उत्सव. उज्जैन: कृषि विद्या प्रकाशन।
9. जोशी, आर. (2020). संजा माता का पर्व: एक अध्ययन, भारतीय लोक संस्कृति शोध जर्नल, 10(4), 32-48.
10. चौहान, एस. (2019). मध्यप्रदेश के लोक पर्व: इतिहास और परंपरा. ग्वालियर: विश्वविद्यालय प्रकाशन।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Government Initiatives For Women Entepreneurs

Rohit Soni* Dr. Jyoti Soni**

***Research Scholar (Commerce) Atal Bihari Vajpayee University, Bilaspur (C.G.) INDIA**
**** Assistant Professor (Commerce) Govt. P.D. Commerce and Arts College, Raigarh (C.G.) INDIA**

Abstract : This article focuses specifically on Government schemes related to women empowerment and entrepreneurship specifically for reducing the challenge of finance and creditin entrepreneur ecosystem.In India, women- ledentreprises are fundamentally changing the entrepreneurial landscape of nation. Government provide an interface for women to empower through training and capacity building.

Introduction - "Empowering women is a pre-requisite for creating a good nation, when women are empowered, society with stability is assured. Empowerment of women is essential as their thoughts and their value systems lead to the development of a good family, good society and ultimately a good nation." -President APJ Abdul Kalam

Entrepreneurship is one such a field where women's participation is very low, although there is a lot of improvement. In 1971, the women constituted only 2% of total entrepreneurs. Now it has increased nearly 10% in the present modern world. The transition from a housewife to a businesswoman is not easy. However, this situation is slowly changing. In present scenario, women in India are showing interest in financial independence and participating in entrepreneurial activity.

In the beginning, area of women activities was considered as 3 K's—Kids, Kitchen and Knitting. After that, as an extension of Kitchen activities 3K's slowly shifted by 3P'swhich were pickle, papad and pan. In the globalization era transformation of 3Ps to modern 3Es energy electronics and engineering with spread of education. But in present scenario, the increase in literacy rate and awareness about government initiatives, industries and trade motivated them to 4E's i.e. Entrepreneur, Energy, Electronics and Engineering. The educated women do not want to limit their lives in the four walls of the house. They demand equal respect from their partners.

Government of India has defined "Women entrepreneurs" as an enterprise owned and controlled by a woman having a minimum financial interest of 51% of the capital and giving at least 51% of the employment generated in the enterprise to woman.

Objective of the study :

1. To understand about Government initiatives for women empowerment and entrepreneurship.
2. To understand schemesrelated to training of women to become self-employed.

Research Methodology- The secondary data used in this study was gathered from websites, journals and other published sources. Focus on various schemes for enhancing women entrepreneurship by Indian government.

Initiatives by Government to support women business owners: Women owned business enterprises are playing a prominent role in society by generating employment opportunities in the country and support next generation female founders and other working professionals.

1. **Startup India**– A flagship program for entrepreneurs, launched by the Government of India on 16th January, 2016 committed towards strengtheningnetworks and communities & activating healthy relation among stakeholders in startup ecosystem. The Government through this initiative aims to empower startups to grow through innovation and design. to facilitate bank loans from Scheduled Commercial Banks (SCBs) between Rs.10 lakh to Rs.1 Crore to at least one Scheduled Caste (SC) or Scheduled Tribe (ST) and one woman per bank branch for setting up a greenfield enterprise in trading, services or manufacturing sector.

Startup India, Department For Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT), conducted the 'Women For Startups: State Workshops' for aspiring and existing women entrepreneurs between November 2022 and November 2023. The initiative was launched with the objective of increasing and enabling women-led startups across the country, through their capacity building and providing them with pitching and fundraising opportunities.

These initiatives provide insights into Government's sensitivity and responsibility towards positioning of women entrepreneur in India.

2. **Mahila shakti Kendra (MSK),** a scheme by Ministry of Women and Child Development was approved in November 2017 as a centrally sponsored scheme to

empower rural women through community participation. It also provides an interface for rural women to approach the government for employment through training and capacity building.

3. **Women entrepreneurship platform scheme** by NITI Aayog for existing and aspiring women entrepreneurs. This platform enables key partnerships to bring useful content,workshops, campaigns for learning and growth of women entrepreneurs.SixMain focus areas decided in decided in this scheme are-

i. Entrepreneur skilling and mentorship
ii. Marketing Assistance
iii. Community and Networking
iv. Funding and financial assistance
v. Incubation and Acceleration
vi. Compliance and Tax assistance

4. **Mahila Udyam Nidhi Programme-** Punjab National Bank introduced this scheme to help women working in small scale industries.

5. **Self-employment lending schemes** developed for self-help groups with different credit lines in it for helping self-help group in work.

6. **Udyogini scheme** is a scheme to support women entrepreneurs in training and development with respect to business planning and move ahead in the career.Government offers a 30% subsidy on loans to make repayment affordable under this scheme. Ministry of Micro Small and Medium Enterprises (MSME) monitoring this initiative.

7. **Mudra Yojana**- Government of India flagship scheme for providing finance to MSME sector employees. It was launched on 8 April 2015 with the aim to create an ecosystem for growth in the micro enterprise sector. Its full form is 'Micro Units Developments and Refinance Agency'. Before applying for a Mudra loan, it is important to have an Udyam Registration Number. The age limit is 18-65 years for women who can avail loan facility under MUDRA Yojana.The interventions under this scheme have been named 'Shishu', 'Kishore' , 'Tarun' and 'Tarun Plus' to signify the stage of growth / development and funding needs of the beneficiary micro unit / entrepreneur and also provide a reference point for the next phase of graduation / growth to look forward to :

Shishu: covering loans upto 50,000/-
Kishor: covering loans above 50,000/- and upto 5 lakh
Tarun: covering loans above 5 lakh and upto 10 lakh
Tarun Plus: covering loans above 10 lakh and upto 20 lakh

With an objective to promote entrepreneuship enthusiam among young and aspiring youth it is ensured that more focus shishu loan and then Kishor tarun and tarun plus categories. On 23rd July 2024, finance Minister of India announced that the existing limit for Mudra loan under PMMY (Pradhan Mantri Mudra Yojana) has been increased from 10 lacs to 20 lacs under a new category Tarun Plus.

- **Skill Upgradation and Mahila Coir Yojana -** A Scheme by Ministry of MSME, Coir Board Department specifically for rural women artisans in regions producing coir fibre. Provide 2 months training in coir spinning for skill development of women artisans engaged in coir industry. Monthly stipend of 3000 rs. available for work.Government also encourage trained women to setup coir units under Prime Minister Employment Generation Programme (PMEGP).
- **Mahila Samridhi yojana**- Run by Ministry of Social Justice and Empowerment. A micro finance scheme for women with rebate in interest. Financial assistance upto the cost of 140000 Rs. is provided.
- **Cent Kalyani Scheme**- to encourage women entrepreneurs to start a new project or upgrade the existing unit. Maximum Finance available under this scheme is 100 Lacs. Women entrepreneurs engaged in manufacturing and service activity for eg.- handloom weaving handicraft, food processing etc. Professionals and small business owners like tailoring, typing etc. are also eligible under this scheme.
- **Annapurna Scheme**- This loan is provided to women in the food catering industry, still establishing their small-scale businesses. The loan allows these women entrepreneurs to avail it as capital requirements like buying equipment and utensils, setting up trucks, etc.Under this funding for female entrepreneurs in India to start business, women can sell packed food items and snacks which is one of the most common businesses that women entrepreneurs scope out and excel in since it is something that housewives have been managing all their lives and are accustomed to.This boosts their sales since they have a chance at better capital and new products to kickstart their business than they could otherwise afford. The loan limit is Rs. 50,000 under the scheme.
- **Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana**Government has set up the PradhanMantri Kaushal Kendras under the Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana across the country. Emphasis has been laid on creating additional infrastructure both for training and apprenticeship for women, flexible training delivery mechanisms such as mobile training units, flexible afternoon batches along with local needbased training to accommodate women and ensuring safe and gender sensitive training environment of women trainers, equity in remuneration and complaint redressal mechanism.
- **Pradhan Mantri Janjati Adivasi Nyaya Maha Abhiyan (PM-JANMAN)** – NIESBUD* and IIE* are implementing the capacity building and entrepreneurship component of the PM-JANMAN Scheme for Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs). The Institutes are implementing the scheme in collaboration with the Ministry of Tribal Affairs. During 2023-24, NIESBUD and IIE have trained 36,016 participants, out of which 28,786 are women.
- **Pradhan Mantri Rojgar Yojana (PMRY)-** One of the best schemes socially and financially for entrepreneurs. The focus of this scheme is on creating skill-based, self-employment through women entrepreneurs and smart

minds at work being utilized for monetary independence.This scheme covers both urban and rural areas and was developed through several amendments in cost, eligibility, and subsidy limits. The loan subsidy amount is up to 15% of the project cost with an upper limit of Rs. 12,500 per borrower as a restriction.The scheme applies to all types of ventures in industries, trade, and services. The loan limit for business sector activity is upto ^{1} 1 Lac,10 Lac for Joint Ventures, and upto 2 Lac for other activities.

1. The age limit for the Pradhan Mantri Rozgar Yojana (PMRY) is 18–35 years for the general category, and 18–45 years for women, SC/STs, ex-servicemen, and physically handicapped individuals. The applicant must have passed at least 8th grade.
2. The applicant's family income, including the applicant's spouse and parents, must not exceed Rs. 40,000 per year
3. The applicant must have been a permanent resident of the area for at least three years
4. The applicant must not be a defaulter to any bank.

- **Standup India**- Government of India launched the Stand-Up India scheme on 5 April 2016 to promote entrepreneurship amongst women, SC and ST categories, i.e., those section of population facing significant hurdles due to lack of mentorship as well as inadequate and delayed credit. The Scheme facilitates bank loans between Rs. 10 lakhs to Rs. 1 crore to at least one scheduled Caste/ Scheduled Tribe borrower and at least one-woman borrower per bank branch of Scheduled Commercial Banks for setting up Greenfield enterprises in trading, manufacturing and services sector.
- **Dena Shakti Scheme**- Term minimum one year to maximum 3years. This scheme is a combination of term loan and the working capital. Women entrepreneurs are eligible for 25% concessional rates in the loan. The loan limit is 20 lakhs.Any woman involved in retail services, manufacturing, self employed also eligible for finance under this scheme. Fill specified application form and complete procedural requirements.
- **Stree Shakti Package**Under this scheme, women entrepreneurs qualify for a 0.05% concession on loan amounts exceeding 2 lakhs, accompanied by additional benefits. This opportunity is open to all ambitious women business proprietors aspiring to launch their ventures. A key prerequisite is the enrollment of these women entrepreneurs in the Entrepreneurship Development Program (EDP).

Conclusion: The government spread awareness on a regular basis at large scale about various initiatives about women entrepreneur in both urban as well as rural area. TrainingProgrammes, workshops & dedicated platform for women led business ideas addressing needs of entrepreneurs and immensely help them by skills and knowledge required for consistency in work. Still, regular programmes on awareness of schemes and policy initiatives requires huge attention. Because women participation is equally important in economic development. Participation surely gives positive results for the nation's entrepreneurial landscape.

Full forms

NIESBUD- National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development is a premier organization of the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

IIE- Indian Institute of Entrepreneurship, an organization that focuses on entrepreneurship development, research, and training for Small and Micro Enterprises (SMEs).

References:-

1. Gupta, N. (2024). Empowering Women, Transforming India: The Ripple Effect of Women-Led Startups. BHARTIYAM INTERNATIONAL JOURNAL OF EDUCATION & RESEARCH, 13(II).
2. Garg, S., & Agarwal, P. (2017). Problems and Prospects of Woman Entrepreneurship – A Review of Literature. IOSR Journal of Business and Management, 19(01), 55–60.https://doi.org/10.9790/487x-1901065560
3. Prof. Usha I & Prof. Pushpalatha R (July, 2021) "Impact of Government Schemes to promote women entrepreneurs and its sustainability", JETIR, July 2021, Vol. 8, Issue 7, ISSN-2349-5162
4. Women for startups. (n.d.). startupindia.gov.in. Retrieved December 25, 2024, from https://www.startupindia.gov.in/content/sih/en/women-for-Startups.html
5. Startup India. (n.d.-b). pib.gov.in. Retrieved December 24, 2024, from https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=147661
6. SCHEMES FOR WELFARE OF WOMEN. (2022, July 22). [Press release]. Retrieved December 24, 2024, from https://pib.gov.in/Press Relese Detailm.aspx ?PRID=1843808®=3&lang=1
7. Women Entrepreneurship Platform. (n.d.). Retrieved December 22, 2024, from https://wep.gov.in/
8. Ministry of Skill Development and Entrepreneurship. (n.d.). Government Initiatives to Encourage Women Entrepreneurship in India [Press release]. Press Information Bureau. https://pib.gov.in/Press Release IframePage.aspx?PRID=2042546
9. Women Entrepreneurship. (n.d.). https://www.startup india.gov.in/. Retrieved December 21, 2024, from https://www.startupindia.gov.in/content/sih/en/women_entrepreneurs.html
10. indifi. (2024). Top 9 Government Schemes For Women/ Female Entrepreneurs In India. https://www.indifi.com/blog/9-government-schemes-for-women-entrepreneurs-in-india/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

सोनेलाल लोधी*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) लोकप्रशासन एवं मानवाधिकार अध्ययन शाला विक्रम विश्विद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मध्य प्रदेश में नगरीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो शहरी क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर सेवाएं प्रदान करते हैं और विकास कार्यों को पूरा करते हैं। मध्य प्रदेश में नगरीय निकायों का गठन मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1956 के तहत किया गया है। इन निकायों का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़कें बनाना, और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाएं प्रदान करना है। लेकिन, मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें सीमित वित्तीय संसाधन, प्रशासनिक अक्षमता, और भ्रष्टाचार शामिल हैं। इन चुनौतियों के कारण, नगरीय निकायों की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता प्रभावित होती है।

इसलिए, मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली का अध्ययन करना आवश्यक है, ताकि उनकी मजबूतियों और कमजोरियों की पहचान की जा सके और उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाया जा सके। इस अध्ययन के माध्यम से,मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली का विश्लेषण करना और उनकी कार्यक्षमता में सुधार करने के लिए सुझाव देना।

शब्द कुंजी – नगरीय निकाय , कार्यप्रणाली , मध्य प्रदेश , नगरीय प्रशासन , विकास ,सार्वजनिक सेवाएं , वित्तीय प्रबंधन , सुशासन।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों की संगठनात्मक संरचना का विश्लेषण करना।
2. नगरीय निकायों के कार्यों और जिम्मेदारियों का मूल्यांकन करना।
3. नगरीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन का विश्लेषण करना।
4. नगरीय निकायों की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना।
5. नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए सिफारिशें देना।
6. मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों की तुलना अन्य राज्यों के नगरीय निकायों से करना।
7. मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों की कार्यक्षमता में सुधार करने के लिए नवाचारी तरीकों का सुझाव देना।
8. मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों के सामने आने वाली चुनौतियों की पहचान करना और उनके समाधान के लिए सिफारिशें देना।

नगरीय निकाय की कार्य प्रणाली

संगठनात्मक संरचना:

धार्मिक महत्व- विवाह को सुन्नत कहा गया है, जिसे पैगंबर मोहम्मद द्वारा अनुशंसित किया है। इसे नैतिकता, शांति और मानवता के विस्तार के लिए आवश्यक माना गया है।

धार्मिक और कानूनी अधिकार- पति और पत्नी दोनों को विवाह के दौरान और उसके बाद विशिष्ट अधिकार और कर्तव्य प्राप्त होते हैं।

मुस्लिम विवाह के प्रकार

सही विवाह -सभी कानूनी शर्तों का पालन करते हुए किया गया विवाह इसमें पति-पत्नी के कानूनी अधिकार और कर्तव्य पूरी तरह लागू होते हैं।

अवैध विवाह -निषिद्ध रिश्तों में किया गया विवाह ऐसा विवाह अवैध होता है और इसके कानूनी परिणाम नहीं होते।

अविरुद्ध विवाह - जब कुछ शर्तों का उल्लंघन होता है (जैसे गवाह की अनुपस्थिति) इसे बाद में नियमित किया जा सकता है।

4. विवाह का उद्देश्य - 'तिरमिजी' विवाह के पाँच उद्देश्यो का उल्लेख करता हैं-

1. कामवासना का नियमन।
2. गृहस्थ जीवन का नियमन।
3. वंश की वृद्धि।
4. पत्नी और बच्चों की देखभाल और जिम्मेदारी में आत्मसंयम,
5. सदाचारी बच्चो का पालन।

'हेदया' के अनुसार विवाह के उद्देश्य:

1. **समागम**
2. **संगति**
3. **समान हितेच्छा**

पैगम्बर ने कहा-पुरूष स्त्रियों से विवाह उनकी धर्मनिष्ठा, सम्पत्ति या उनके सौन्दर्य के लिये करते हैं, परन्तु उन्हें विवाह केवल धर्मनिष्ठा के लिये करना चाहिये। (तिरमीजी)

5. विवाह की वैधता के लिए आवश्यक शर्तें

सक्षम पक्षकार - पुरुष और महिला दोनों मानसिक रूप से स्वस्थ और बालिग (वयस्क) होने चाहिए। बालिग होने की उम्र आमतौर पर 15 वर्ष मानी जाती है।

प्रस्ताव और स्वीकृति - विवाह के लिए पुरुष और महिला के बीच एक पक्ष द्वारा प्रस्ताव (इजाब) और दूसरे पक्ष द्वारा स्वीकृति (कबूल) आवश्यक

है। यह क्रियाएं एक बैठक में होनी चाहिए।

गवाह – सुन्नी विधि के अंतर्गत प्रस्ताव और स्वीकृति दो ऐसे पुरूष या एक पुरूष और दो स्त्री साक्षीयों की उपस्थिति में होना जरूरी हैं। जो स्वस्थचित्त और व्यस्क मुसलमान हो। साक्षीयो की अनुपस्थिति को विवाह को शून्य नही बल्कि अनियमित बना देती हैं।

शिया विधि के अतंर्गत विवाह के समय नही बल्कि विवाह–विच्छेद की घोषणा के समय साक्षी आवयक होते हैं। अत: शिया विधि के अंतर्गत साक्षीयों की अनुपस्थिति में किया गया विवाह पूर्णत: वैध विवाह माना जाता हैं।

स्वतंत्र सहमति– किसी विवाह के पक्षकारो का अपनी स्वतंत्र इच्छा और सहमति से विवाह करना जरूरी हैं। उनकी सहमति का भय, अनुचित दबाव या कपट से मुक्त होना जरूरी हैं। ऐसे बालक अथवा बालिका के मामले में जिसमें व्यस्कता न प्राप्त की हो, विवाह वैध न होगा। जब तक कि विधिक संरक्षक ने उसके लिये अनुमति न दे दी हो। यदि विवाह के पक्षकार स्वस्थचित्त और व्यस्क हैं तो ऐसी दशा में स्वयं उनके द्वारा सहमति का दिया जाना जरूरी हैं।

मैहर – पति द्वारा पत्नी को दी जाने वाली वित्तीय संपत्ति। यह तुरंत (प्रॉम्प्ट महर) या बाद में (डेफर्ड महर) दिया जा सकता है।

निषिद्ध संबंध – रक्त संबंध माता, बहन, बेटी। दूध संबंध रजाई रिश्ते (दूध पीने से बनने वाले रिश्ते)। विवाह संबंध सौतेली माँ, बहू।

6. मुस्लिम विवाह के कानूनी प्रभाव – पति–पत्नी के अधिकार और कर्तव्य पत्नी को भरण–पोषण का अधिकार है। पति–पत्नी के बीच निष्ठ योग आवश्यक है।

संतान के अधिकार– विवाह से जन्मी संतान वैध मानी जाती है। उन्हें संपत्ति में अधिकार प्राप्त होता है।

तलाक – तलाक तीन प्रकार के होते हैं। तलाक–ए–अहसन शांतिपूर्ण प्रक्रिया तलाक–ए–हसन तीन बार घोषणा। तलाक–ए–बिद्दत एक बार में तीन बार तलाक (जिसे अब अवैध घोषित किया गया है)।

7. मुस्लिम विवाह से संबंधित प्रमुख मामले :

1. शाह बानो केस (1985) सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भरण–पोषण का अधिकार दिया हैं। इससे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सुधार के लिये एक नई बहस शुरू हुई हैं।
2. शमीम आरा बनाम स्टेट ऑफ यूपी (2002) तलाक को वैध मानने के लिए पति को उचित कारण और प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य बताया गया।
3. सरला मुद्गल बनाम भारत संघ (1995) मुस्लिम धर्म स्वीकार कर दूसरी शादी करने के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने इसे धोखा करार दिया।
4. दानियाल लतीफ बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2001) शाह बानो मामले से संबंधित इस मामले ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारो की पुनरू पुष्टि की।
5. विभिन्न विद्वानों के विचार डॉ. असगर अली इंजीनियर कुरान में पुरुष और महिला के समान अधिकार हैं।उन्होंने महिलाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करने की वकालत की। प्रो. आफ़ज़ल काज़ी विवाह को एक कानूनी अनुबंध मानते हुए उन्होंने इसमें सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. फिरोज अहमद: मुस्लिम विवाह को परिवार और समाज की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

8. मुस्लिम विवाह में सुधार की आवश्यकता चुनौतियां:

1. बहुविवाह का दुरुपयोग।
2. तलाक प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी।
3. महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा ।

सुझाव:

1. तलाक–ए–बिद्दत पर रोक लगाना ।
2. महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करना।
3. विवाह और तलाक की प्रक्रिया को आधुनिक बनाना।

निष्कर्ष– मुस्लिम विवाह एक पवित्र अनुबंध है जो धार्मिक और कानूनी दोनों दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। हालांकि, बदलते समय के साथ इसमें सुधार की आवश्यकता है। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और समाज में समानता सुनिश्चित करने के लिए मुस्लिम विवाह कानून को संवेदनशील और न्यायसंगत बनाया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कुरान और हदीस
2. मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937
3. शाह बानो बनाम मोहम्मद अहमद खान (AIR 1985 SC 945)
4. शमीम आरा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2002)
5. डॉ. असगर अली इंजीनियर, इस्लाम और जेंडर जस्टिस
6. प्रो. आफ़ज़ल काज़ी, मुस्लिम विवाह कानून का विश्लेषण
7. अकील अहमद मुस्लिम विधि

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आई.एम. शक्ति उड़ान योजना की जानकारी, प्रभाव एवं समस्या : महाविद्यालय स्तरीय बालिकाओं का एक विश्लेषण

डॉ. अंजना जाटव*

* अतिथि संकाय, भूगोल (वि.सं.यो.) राजकीय महाविद्यालय, तालेड़ा (बून्दी) (राज.) भारत

शोध सारांश – राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 'आई एम शक्ति उड़ान योजना' महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, और गरिमा को सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। 19 दिसंबर 2021 को आरंभ की गई इस योजना का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) को प्रोत्साहित करना, सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ना, और मासिक धर्म के कारण शिक्षा में आने वाली बाधाओं को कम करना है। नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन की आपूर्ति आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में की जाती है, जिससे आर्थिक रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को लाभ मिल सके। इस शोध पत्र के माध्यम से योजना की प्रभावशीलता, जागरूकता के स्तर और इससे जुड़ी समस्याओं का विश्लेषण किया गया है। कोटा जिले के राजकीय महाविद्यालयों की 45 छात्राओं से साक्षात्कार और अन्य आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों का वैज्ञानिक विधियों से अध्ययन कर निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है।

शब्द कुंजी – उड़ान, महाविद्यालय, सेनेटरी नेपकिन, स्वास्थ।

प्रस्तावना – राजस्थान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य में किशोरियों/महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण हेतु 'उड़ान' योजना संचालित की जा रही है। आई. एम. शक्ति उड़ान योजना, राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) की अत्यंत आवश्यकता को समझते हुए, यह योजना नि: शुल्क सैनिटरी नैपकिन प्रदान करती है। इस प्रयास का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करना है, साथ ही मासिक धर्म के कारण लड़कियों की शिक्षा में आने वाली बाधाओं को कम करना है। जागरूकता बढ़ाकर, सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर और आवश्यक संसाधन प्रदान करके, उड़ान योजना महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ और आत्मविश्वासपूर्ण जीवन जीने के लिए सशक्त बनाती है।योजना के अंतर्गत हुए महिलाओं एवं किशोरियों को नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवाये जा रहे है। इसके लिए राजस्थान मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन एवं राजीविका द्वारा मांग अनुसार सैनेटरी नैपकिन क्रय किये जाते हैं। आंगनबाडी केन्द्रों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों पर आपूर्ति की जाती है। योजना का प्रारम्भ दिनांक 19.12.2021 को किया गया।

उद्देश्य एवं शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र राजस्थान सरकार द्वारा संचालित आई.एम, शक्ति उड़ान योजना का विश्लेषण से सम्बन्धित है।इस शोध का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा संचालित उड़ान योजना के प्रति महविद्याल स्तर पर पढने वाली बालिकाओं में जानकारी का स्तर, प्रभावों एवं समस्याओं का विश्लेषण करना है।प्रस्तुत शोध पत्र निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्राथमिक स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है। इस हेतु कोटा जिले से राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर अध्ययन करने वाली कुल 45 बालिकाओं से निर्धारित अनुसूची के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से सूचनाओं का संकलन किया गया है।इस हेतु प्रत्येक महाविद्यालय से 15-15 बालिकाओं का चयन सोद्देश्यपूर्ण पद्धति से किया गया। चयनित बालिकाओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार से सूचनाओं का संकलन किया गया। इसके अतिरिक्त योजना से सम्बन्धित अन्य सूचनाओं का संकलन किया गया।इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ऑफिसियल वैबसाइट सेवार्षिक प्रतिवेदनों से भी सूचनाओं का संकलन किया गया हैं।संकलित सूचनाओं को आवृति एवं प्रतिशतके माध्यम से विश्लेषित कर आरेख एवं तालिका द्वारा दर्शाया गया है।

विश्लेषण – कोटा जिले के राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित आई.एम. शक्ति उड़ान योजना के बारे में जानकारी, योजना का प्रभाव एवं समस्याओं के विषय में संकलित सूचनाओं को निम्नांकित बिन्दुओं के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है–

योजना की जानकारी – महाविद्यालय स्तर की बालिकाओं में उड़ान योजना के बारे में जानकारी एवं लाभ के स्तर को जानने के लिए सर्वेक्षित छात्राओं से जानकरी प्राप्त की गयी। प्राप्त सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका में दर्शाया गया है।

सारणी 1 : छात्राओं में उड़ान योजना के बारे में जानकरी एवं लाभ प्राप्ति का स्तर

क्र.	योजना के सन्दर्भ में	संख्या	प्रतिशत
1	योजना के बारे में जानकारी	41	91.11
2	योजना से लाभ प्राप्त हुआ	38	84.44

स्रोत: व्यक्तिगत साक्षात्कार से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण

सारणी में दर्शाए गये आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि छात्राओं पर उड़ान योजना का व्यापक प्रभाव पड़ा है। कुल सर्वेक्षित छात्राओं में से 91.11प्रतिशत छात्राएँ इस योजना के बारे में जानकारी रखती हैं जो यह दर्शाता है कि यह योजना प्रचार-प्रसार के स्तर पर सफल रही है। वहीं 84.44प्रतिशत छात्राएं इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित हुई है। योजना की जानकारी एवं लाभ के स्तर के विषय में यह आँकड़ा योजना की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। इसी प्रकार तालिका में महाविद्यालय स्तर की छात्राओं में उड़ान योजना के बारे में जानकारी के स्रोतों के विषय में आंकड़ों को दर्शाया गया है।

सारणी 2 : छात्राओं में उड़ान योजना के बारे में जानकारी के स्रोत

क्र.	जानकारी के स्रोत	संख्या	प्रतिशत
1	सहपाठी छात्राओं से	8	17.78
2	समाचार पत्रों से	5	11.11
3	सोशल मिडिया से	16	35.56
4	अन्य स्रोतों से	12	26.67

स्रोत: व्यक्तिगत साक्षात्कार से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण

सारणी में आई.एम. शक्ति उड़ान योजना के विषय में जानकारी के स्रोतों का विश्लेषण किया गया है।तालिका में दर्शाए गये आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि17.78 प्रतिशत छात्राओं को अपने साथ पढ़ने वाली लड़कियों से ही जानकारी प्राप्त हुई है जबकि 11.11प्रतिशत बालिकाओं को समाचार पत्रों के माध्यम से उड़ान योजना की जानकारी मिली है।सोशल मीडिया के माध्यम से 35.56प्रतिशत छात्राओं को जानकारी प्राप्त हुई है।इसी प्रकार महाविद्यालय स्तर की 26.67प्रतिशत बालिकाओं को अन्य माध्यम से उड़ान योजना के बारे में जानकारी मिली है। इस प्रकार वर्तमान युग में सोशल मिडिया सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है वहीं पारम्परिक माध्यम आज भी प्रासंगिक हैं, किंतु उनकी पहुँच सीमित है।

योजना का प्रभाव – उड़ान योजना के प्रभावों को जानने के लिए महाविद्यालीय बालिकाओं से इस विषय में जानकरी एकत्रित की गयी संकलित सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत सारणी में दर्शाया गया है। आई एम शक्ति उड़ान योजना का कॉलेज स्तर की बालिकाओं पर प्रभावों को मुख्यत: आर्थिक, स्वास्थ्य, निजी स्वच्छता एवं आत्मनिर्भरता में वृद्धि के रूप चिन्हित किया गयाहै।

सारणी 3 : उड़ान योजना का महाविद्यालीय छात्राओं पर प्रभाव

क्र.	योजना के प्रभाव	संख्या	प्रतिशत
1	योजना से आर्थिक लाभ	36	80.00
2	योजना से स्वास्थ्यलाभ	28	62.22
3	निजी स्वच्छता मेंसहायक	27	60.00
4	मनोबल/ आत्मनिर्भरतामें वृद्धि	24	53.33

स्रोत: व्यक्तिगत साक्षात्कार से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण

आरेख : 1



तालिका में दर्शाए गये आंकड़ो के अवलोकन से स्पष्ट है कि सर्वेक्षित छात्राओं में से 80.00प्रतिशत छात्राएँ इस योजना के कारण आर्थिक रूप से लाभान्वित हुई है इस योजना के कारण उन्हें नेपकिन क्रय में जो मासिक रूप से कम से कम 50-100 रूपये तक राशि खर्च करनी पडती थी अब उस खर्च से मुक्ति मिली है साथ ही यह यह राशि अन्य शैक्षिक खर्चों में कर पाती है। सर्वेक्षित छात्राओं में से 62.22प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि योजना के कारण उनको स्वास्थ्य लाभ हुआ है, जबकि 60.00 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि इस योजना से उन्होंने अपनी निजी स्वच्छता में सुधार अनुभव किया। माहवारी के दौरान निजी स्वच्छता के लिए नि:शुल्क सेनेटरी नेपकिन की उपलब्धता के कारण बालिकाओं में आत्मनिर्भरता एवं मनोबल में वृद्धि भी देखी गयी है।महाविद्यालय स्तर की53.33प्रतिशत बालिकाओं का मानना है कि योजना के कारण उनमें आत्मनिर्भरता एवं मनोबल में वृद्धि हुई है। इस प्रकार उड़ान योजना के बहुआयामी प्रभाव हैं।

समस्याएँ – सर्वेक्षण के दौरान महाविद्यालीय बालिकाओं से उड़ान योजना से सम्बन्धित समस्याओं एवं कमियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की गयी।इस योजना के सन्दर्भ में मुख्यत: वितरण, गुणवता एवं मात्रा सम्बन्धी समयों को चिन्हित किया गया है बालिकाओं से प्राप्त जानकारी को विश्लेषण उपरांत तालिका में दर्शाया गया है।

सारणी 4: उड़ान योजना मेंछात्राओं द्वारा देखी गयी समस्याएँ

क्र.	समस्या के प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1	वितरण व्यवस्था सम्बन्धी	16	35.56
2	उत्पाद गुणवत्ता सम्बन्धी	12	26.67
3	उत्पाद मात्रा सम्बन्धी	5	11.11
4	अन्य	6	13.33

स्रोत: व्यक्तिगत साक्षात्कार से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आरेख: 2



तालिका में दर्शाए गये आंकड़ों से अवलोकन से स्पष्ट है कि 35.56 प्रतिशत बालिकाओं का मानना है कि उड़ान योजना में सेनेटरी नेपकिन महाविद्यालय में वितरण की व्यवस्था सही है एवं सुचारू नहीं रहती है। बालिकाओं का कहना है कि जब महाविद्यालय में नेपकिन कि आवश्यकता होती है तब उन्हें उपलब्ध नहीं हो पाते है। इसी प्रकार 26.67 प्रतिशत बालिकाओं ने बताया कि योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले उत्पाद उच्च गुणवता युक्त नहीं होते है जबकि 11.11 प्रतिशत छात्राओं का मानना है कि कई बार महविद्यालय में उपलब्धा स्टॉक खत्म हो जाता है जिस कारण भी उन्हें समस्या का समना करना पड़ता है। इसके आलावा 13.33 प्रतिशत छात्राओं ने अन्य समस्याओं के अंतर्गत तकनीकी समस्या, वितरण प्रभारी स्टाफ की अनुपस्थिति आदि समस्याओं को भी चिन्हित किया है।

निष्कर्ष – महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य के विषय में राज्य सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है।उड़ान योजना ने छात्राओं के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का कार्य किया है। योजना के विषय में अधिकांश बालिकाओं को इस विषय में जानकरी प्राप्त है। उड़ान योजना के कारण महिलाओं एवं कॉलेज स्तर पर पढने वाली बालिकाओं पर कई प्रभावदेखे जा सकते हैं। उड़ान योजना का सीधा सा प्रभाव बालिकाओं के निजी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर पड़ा परन्तु इसके साथ–साथ इसको आत्मनिर्भरता में वृद्धि एवं आर्थिक सम्बल के रूप में भी देखा जा सकता है। हालाँकि, योजना के क्रियान्वयन में आज भी कुछ वितरण और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियाँ है जोइसके प्रभाव को सीमित करती है। योजनाकारों को इन चुनौतियों का समाधान निकालकर इसे और अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने के लिए प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वार्षिक प्रतिवेदन (2023–24) महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार
2. https://jankalyanfile.rajasthan.gov.in//Content/UploadFolder/OrderEntry/W_CD/2024/Annual_Progress_Report/O_090724_9fbd951b-02ea-499e-b3a4-ba3641bb559e.pdf
3. https://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/maharaja_ganga_singh_university/m.j.d._government_college,_taranagar/uploads/doc/Udan%20Yogana.pdf
4. https://jankalyanfile.rajasthan.gov.in/Content/UploadFolder/DepartmentMaster/166/2023/Feb/30409/133142.pdf
5. https://www.patrika.com/jaipur-news/i-am-shakti-udan-scheme-will-be-launched-7222135

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आर्थिक विकास और सामाजिक समानता चुनौतियां और अवसर

डॉ. राजेश कुमार शुक्ला*

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) श्री किशुन महाविद्यालय, खेजुरी बलिया (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – आर्थिक विकास और सामाजिक समानता किसी भी समाज के विकास के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। आर्थिक विकास से देश की समृद्धि बढ़ती है, जबकि सामाजिक समानता यह सुनिश्चित करती है कि इस विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से मिले। हालांकि, इन दोनों को संतुलित करना एक बड़ी चुनौती है। आर्थिक विकास की प्रक्रिया में आय असमानता एक प्रमुख समस्या है, जहां समाज का संपन्न वर्ग तेजी से समृद्ध होता है, जबकि गरीब वर्ग हाशिये पर रह जाता है। शहरी–ग्रामीण विभाजन, जहां शहरी क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध हैं और ग्रामीण क्षेत्र संसाधनों की कमी से जूझते हैं, इस असमानता को और गहरा करते हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता, विशेषकर गरीब और पिछड़े वर्गों के लिए, आर्थिक असमानता का एक और बड़ा कारण है। इसके अलावा, लैंगिक असमानता और नीतिगत कमजोरियां भी सामाजिक समानता को बाधित करती हैं।

इन चुनौतियों के बावजूद, सामाजिक समानता सुनिश्चित करने के कई अवसर उपलब्ध हैं। समावेशी नीतियां, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता देने वाली योजनाएं, समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त कर सकती हैं। तकनीकी प्रगति, विशेषकर डिजिटलीकरण, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच के अंतर को कम करने में मदद कर सकती है। कौशल विकास और रोजगार सृजन कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक समानता की दिशा में बड़ा कदम हो सकते हैं। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करने से लैंगिक समानता बढ़ेगी और समाज की प्रगति तेज होगी। आर्थिक विकास और सामाजिक समानता एक–दूसरे के पूरक हैं। यदि इन दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, तो समाज में न केवल आर्थिक समृद्धि होगी, बल्कि सामाजिक स्थिरता और समरसता भी बनी रहेगी। इसके लिए समावेशी नीतियों, सामुदायिक भागीदारी और दूरदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

शब्द कुंजी – आर्थिक विकास, सामाजिक समानता, आय असमानता, शहरी–ग्रामीण विभाजन, शिक्षा और स्वास्थ्य, तकनीकी प्रगति, महिला सशक्तिकरण।

प्रस्तावना – आर्थिक विकास और सामाजिक समानता एक समाज के समग्र और स्थायी विकास के लिए आवश्यक हैं। आर्थिक विकास का तात्पर्य है उत्पादन, आय और जीवन स्तर में वृद्धि, जबकि सामाजिक समानता का उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। हालांकि, इन दोनों पहलुओं को एक साथ प्राप्त करना एक जटिल प्रक्रिया है, क्योंकि आर्थिक विकास अक्सर असमानता को बढ़ावा देता है। आर्थिक विकास के बावजूद समाज में आय असमानता, लैंगिक भेदभाव और शहरी–ग्रामीण अंतर जैसी चुनौतियां मौजूद रहती हैं। गरीब और वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समान अवसर न मिलना सामाजिक समानता के लक्ष्य को बाधित करता है। साथ ही, भ्रष्टाचार और नीतिगत कमजोरियां इस समस्या को और बढ़ाती हैं। दूसरी ओर, समावेशी विकास, तकनीकी प्रगति, और महिला सशक्तिकरण जैसे उपाय इन समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं। डिजिटल युग में ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर प्रदान करना, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रभावी बनाना, सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं। इस प्रकार, आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संतुलन स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण लेकिन आवश्यक कदम है, जो एक समृद्ध, स्थिर और न्यायसंगत समाज का आधार बन सकता है।

आर्थिक विकास और सामाजिक समानता किसी भी समाज के समग्र विकास के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। एक ओर आर्थिक विकास से देश की समृद्धि और संसाधनों में वृद्धि होती है, तो दूसरी ओर सामाजिक समानता यह सुनिश्चित करती है कि इन संसाधनों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। हालांकि, इन दोनों लक्ष्यों को एक साथ प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती है।

चुनौतियां **अवसर**

आर्थिक विकास और सामाजिक समानता एक–दूसरे के पूरक हैं। यदि केवल आर्थिक विकास पर ध्यान दिया जाए और सामाजिक समानता की उपेक्षा

की जाए, तो समाज में असंतोष और अस्थिरता बढ़ सकती है। इसके विपरीत, यदि आर्थिक विकास के साथ-साथ समानता सुनिश्चित की जाए, तो एक मजबूत, समृद्ध और स्थिर समाज का निर्माण संभव है। इसके लिए नीतिगत दृढ़ता, समावेशी दृष्टिकोण और सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। प्रस्तुत अध्ययन के शोध उद्देश्य अग्रलिखित है :-

- **आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संबंध का अध्ययन -** यह समझना कि आर्थिक विकास कैसे आय वितरण, अवसरों और संसाधनों तक समान पहुंच को प्रभावित करता है और इसके लिए कौन-कौन सी चुनौतियां जिम्मेदार हैं।
- **चुनौतियों के समाधान और अवसरों की पहचान -** उन नीतियों, उपायों और प्रयासों की पहचान करना जो आर्थिक विकास को समावेशी बनाकर सामाजिक समानता को बढ़ावा दे सकते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन के शोध परिकल्पना अग्रलिखित है :-

- आर्थिक विकास सामाजिक समानता को प्रभावित करता है यह परिकल्पना है कि आर्थिक विकास यदि समावेशी न हो, तो आय असमानता और संसाधनों के असमान वितरण को बढ़ावा देता है, जिससे सामाजिक असमानता गहराती है।
- समावेशी नीतियां आर्थिक विकास और सामाजिक समानता में संतुलन बना सकती हैं यह परिकल्पना है कि समावेशी विकास नीतियां, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर प्रदान करना, आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच सामंजस्य स्थापित कर सकती हैं।

पूर्व शोध साहित्य -

- साइमन कुजनेट्स (1955) ने अपने अध्ययन 'Economic Growth and Income Inequality' में कुजनेट्स वक्र का प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि आर्थिक विकास की प्रारंभिक अवस्था में आय असमानता बढ़ती है, लेकिन जैसे-जैसे विकास परिपक्व होता है, असमानता घटने लगती है। यह अध्ययन आर्थिक विकास और आय असमानता के बीच संबंध का आधारभूत कार्य माना जाता है।
- अमर्त्य सेन (1999) ने अपनी पुस्तक 'Development as Freedom' में विकास को केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और समान अवसरों के विस्तार के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने सामाजिक समानता को विकास के लिए आवश्यक मानते हुए तर्क दिया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक सुरक्षा के बिना आर्थिक विकास अपूर्ण है।
- थॉमस पिकेटी (2014) ने अपनी पुस्तक 'Capital in the Twenty&First Century' में आर्थिक असमानता के ऐतिहासिक रुझानों का विश्लेषण किया। उन्होंने बताया कि पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक विकास अक्सर धन की असमानता को बढ़ाता है। पिकेटी ने असमानता को कम करने के लिए कर सुधार और सार्वजनिक नीतियों के महत्व पर जोर दिया।

शोध प्रविधि - सांख्यिकीय आंकड़ों का उपयोग कर आय असमानता, शिक्षा स्तर, स्वास्थ्य सेवाओं, और रोजगार के प्रभाव का अध्ययन किया गया है साथ ही आर्थिक विकास दर और सामाजिक संकेतकों (जैसे गरीबी, बेरोजगारी) के बीच संबंध का मूल्यांकन किया गया है। नीतियों, योजनाओं, और सामाजिक कार्यक्रमों के प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। केस स्टडी और साक्षात्कार का उपयोग कर समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं और अनुभवों को समझ गया है। तुलनात्मक अध्ययन के अंतर्गत विभिन्न देशों या राज्यों के बीच आर्थिक विकास और सामाजिक समानता में अंतर का विश्लेषण व सफल और असफल नीतियों के परिणामों का तुलनात्मक मूल्यांकन किया गया है।

प्रदत्त संकलन

प्राथमिक स्त्रोत - साक्षात्कार, सर्वेक्षण, और फोकस ग्रुप डिस्कशन पर आधारित हैं।

द्वितीयक स्त्रोत - सरकारी रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (जैसे विश्व बैंक, UNDP) के आंकड़े, और शोध लेख, ऐथ ग्रन्थ, इन्टरनेट से प्राप्त तथ्य आदि पर आधारित हैं।

तालिकाओं के माध्यम से प्रस्तुतीकरण और आंकड़ों का विश्लेषण - शोध प्रविधियों का उपयोग कर प्राप्त आंकड़ों और निष्कर्षों को तालिकाओं के माध्यम से स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है। यहां सर्वेक्षण और अन्य डाटा स्त्रोतों से प्राप्त तालिकाओं का विश्लेषण हैं :-

तालिका क्रमांक - 01: आय असमानता और आर्थिक विकास दर का तुलनात्मक विश्लेषण

क्रं.	वर्ष	देश/राज्य	आर्थिक विकास दर (%)	गिनी सूचकांक (आय असमानता)
1	2010	भारत	6.2	35.7
2	2015	भारत	7.5	37.8
3	2020	भारत	4.5	39.3

तालिका क्रमांक - 02: सामाजिक संकेतकों का विश्लेषण (शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार)

क्रं.	सामाजिक संकेतक	ग्रामीण क्षेत्र (%)	शहरी क्षेत्र (%)	राष्ट्रीय औसत (%)
1	साक्षरता दर	65.8	85.4	74.5
2	स्वास्थ्य सुविधाएं	45.2	82.1	63.7
3	बेरोजगारी दर	7.9	5.4	6.8

तालिका क्रमांक - 03: नीतियों और उनके प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

क्रं.	नीति /कार्यक्रम	लक्ष्य समूह	प्रभाव का प्रतिशत (%)	सकारात्मक परिणाम
1	मनरेगा	ग्रामीण मजदूर	60	आय में सुधार
2	आयुष्मान भारत	गरीब परिवार	70	स्वास्थ्य खर्च में कमी
3	महिला सशक्तिकरण योजना	ग्रामीण महिलाएं	50	स्वरोजगार के अवसर बढ़े

तालिका क्रमांक - 04: क्षेत्रीय तुलना - विकास और समानता

क्रं.	राज्य/देश	एचडीआई (Human Development Index)	आर्थिक विकास दर (%)	लैंगिक समानता सूचकांक
1	महाराष्ट्र	0.752	8.1	0.78
2	बिहार	0.576	5.3	0.62
3	केरल	0.800	7.2	0.85

शोध विश्लेषण - उपरोक्त तालिकाओं के माध्यम से परिलक्षित होता है कि

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच के संबंध का विश्लेषण इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है। इस विश्लेषण में दोनों के बीच की जटिलताओं और अवसरों को समझने की कोशिश की जाती है। शोध का उद्देश्य आर्थिक विकास की प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाली सामाजिक असमानताओं की पहचान करना और समावेशी नीतियों के माध्यम से इन असमानताओं को दूर करने के अवसरों का विश्लेषण करना है।



आर्थिक विकास और आय असमानता का संबंध – आर्थिक विकास के दौरान, शुरुआत में आय असमानता बढ़ने की प्रवृत्ति देखी जाती है। कुजनेट्स वक्र के सिद्धांत के अनुसार, विकास की प्रारंभिक अवस्था में आर्थिक वृद्धि मुख्य रूप से उच्च वर्ग के लाभ के रूप में होती है, जिससे आय असमानता बढ़ती है। हालांकि, जैसे–जैसे विकास परिपक्व होता है, असमानता घटने लगती है। इस परिकल्पना का विश्लेषण कर यह समझने का प्रयास किया गया है कि क्या यह सिद्धांत वास्तविकता से मेल खाता है, विशेष रूप से विकासशील देशों में।

सामाजिक संकेतकों का प्रभाव – आर्थिक विकास के साथ–साथ सामाजिक संकेतकों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसरों का भी महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। शोध में यह पाया गया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विकास और सामाजिक समानता के बीच बड़ा अंतर है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की कमी के कारण सामाजिक असमानता बनी रहती है, जबकि शहरी क्षेत्रों में ये सेवाएं बेहतर उपलब्ध होती हैं।

समावेशी नीतियों का प्रभाव – शोध में यह विश्लेषण किया गया कि समावेशी नीतियां, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को समान रूप से वितरित करना, सामाजिक समानता को बढ़ावा देने में मदद कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, मनरेगा जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए, जिससे आय में वृद्धि हुई और सामाजिक समानता में कुछ हद तक सुधार हुआ। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत योजना ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाया, जिससे गरीब वर्ग के लोग स्वास्थ्य के लाभ उठा सके।

लैंगिक समानता का विश्लेषण – लैंगिक समानता का अध्ययन इस शोध में महत्वपूर्ण था। यह पाया गया कि आर्थिक विकास के साथ महिलाओं की स्थिति में सुधार होने की बजाय, कई जगहों पर उनकी सामाजिक स्थिति में कमी आई है। महिला सशक्तिकरण योजनाओं और कार्यक्रमों के बावजूद, महिलाएं अक्सर आर्थिक अवसरों से वंचित रहती हैं। यह विश्लेषण इस मुद्दे को हल करने के लिए विभिन्न नीतियों के प्रभाव का मूल्यांकन करता है।

क्षेत्रीय असमानताएं और नीति सुधार – शोध में विभिन्न क्षेत्रों (जैसे शहरी और ग्रामीण) के बीच असमानताओं का गहराई से अध्ययन किया गया। पाया गया कि कुछ राज्यों में बेहतर नीतियों और प्रशासन के कारण आर्थिक विकास और सामाजिक समानता में तेजी से सुधार हुआ, जबकि अन्य राज्यों में नीतियों की कमी और प्रशासनिक विफलता ने इन दोनों के बीच अंतर को और बढ़ाया।

प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्राप्त परिणाम के आधार पर कह सकते है कि आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच एक जटिल संबंध है। केवल आर्थिक वृद्धि से सामाजिक समानता नहीं आ सकती, इसके लिए समावेशी नीतियां, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और शिक्षा तथा स्वास्थ्य की समान पहुंच आवश्यक हैं। इसके अलावा, लैंगिक और क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। यदि इन पहलुओं को सही तरीके से संबोधित किया जाए, तो समाज में स्थिरता, समृद्धि और समानता सुनिश्चित की जा सकती है।

शोध परिणाम – इस शोध का मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच के रिश्ते को समझना और यह पहचानना था कि इनमें से कौन सी चुनौतियां मौजूद हैं और इनमें सुधार के कौन से अवसर उपलब्ध हैं। शोध परिणामों ने इस जटिल विषय पर कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिए हैं :-

आर्थिक विकास और आय असमानता – आर्थिक विकास के दौरान आय असमानता में वृद्धि होती है, खासकर तब जब विकास समावेशी नहीं होता। प्रारंभ में उच्च वर्गों को ज्यादा लाभ होने के कारण गरीबी और अमीरी के बीच अंतर बढ़ता है। हालांकि, जैसे–जैसे विकास प्रक्रिया परिपक्व होती है, विकास के लाभों का वितरण बेहतर होने लगता है, जिससे असमानता में कमी आ सकती है। उदाहरण के तौर पर, भारत में 2000 के दशक के पहले और बाद के वर्षों में विकास दर में वृद्धि हुई, लेकिन सामाजिक असमानता, जैसे गिनी सूचकांक, में मामूली बढ़ोतरी देखी गई।

समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की असमानताएं – आर्थिक विकास के बावजूद समाज के विभिन्न वर्गों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में असमानता बनी रहती है। शहरी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हैं, जबकि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में इनकी कमी है। इस असमानता को कम करने के लिए समावेशी नीतियों की आवश्यकता है। शोध में पाया गया कि गरीब और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और शिक्षा की गुणवत्ता बहुत खराब है, जिसके कारण सामाजिक असमानता बनी रहती है।

लैंगिक समानता की चुनौतियां – लैंगिक समानता की दिशा में भी आर्थिक विकास पर्याप्त बदलाव नहीं ला सका है। हालांकि, महिला सशक्तिकरण योजनाओं और शिक्षा कार्यक्रमों ने सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की है, लेकिन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक अवसरों में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। हालांकि महिला सशक्तिकरण योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आय में वृद्धि की है, लेकिन लैंगिक असमानता अब भी शिक्षा और रोजगार क्षेत्रों में देखी जाती है।

समावेशी नीतियों और योजनाओं का प्रभाव – शोध ने यह दर्शाया कि समावेशी नीतियों और योजनाओं जैसे मनरेगा, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत अभियान ने ग्रामीण और गरीब समुदायों में आय और स्वास्थ्य में सुधार किया है। इन योजनाओं ने सामाजिक समानता बढ़ाने में योगदान दिया है, लेकिन इनका प्रभाव अधिक स्थायी और व्यापक बनाने के लिए इनकी कार्यान्वयन में सुधार की आवश्यकता है। मनरेगा योजना ने ग्रामीण

क्षेत्रों में रोजगार का सृजन किया, जबकि आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की, जिससे सामाजिक समानता में सुधार हुआ।

क्षेत्रीय और शहरी-ग्रामीण असमानताएं – शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच आर्थिक विकास और सामाजिक समानता में बड़ा अंतर पाया गया। शहरी क्षेत्रों में बेहतर बुनियादी ढांचा और रोजगार के अवसर होने के कारण, वहां का विकास और जीवन स्तर ग्रामीण क्षेत्रों से कहीं बेहतर है। इसके लिए विशेष नीतियां और योजनाएं बनानी चाहिए जो ग्रामीण इलाकों में विकास को प्रोत्साहित करें। शहरी क्षेत्रों में साक्षरता दर और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बहुत बेहतर है, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह स्थितियां बहुत खराब हैं।

शोध से यह निष्कर्ष निकलता है कि आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच गहरे संबंध हैं, और इन दोनों को एक साथ बढ़ावा देने के लिए समावेशी नीतियां, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच, और लैंगिक समानता पर ध्यान देना आवश्यक है। विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में सुधार के लिए योजनाओं की अधिक प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता है। यदि ये कदम सही दिशा में उठाए जाते हैं, तो आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है, जो समृद्ध और समान समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

शोध परिकल्पना सत्यापन – इस शोध में दो प्रमुख परिकल्पनाओं का परीक्षण किया गया था, जो आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच के रिश्ते को समझने के लिए निर्धारित की गई थीं। निम्नलिखित परिकल्पनाओं का सत्यापन इस शोध के परिणामों से किया गया :-

आर्थिक विकास सामाजिक समानता को प्रभावित करता है

परिकल्पना – आर्थिक विकास यदि समावेशी न हो, तो आय असमानता और संसाधनों के असमान वितरण को बढ़ावा देता है, जिससे सामाजिक असमानता गहराती है।

सत्यापन – शोध के परिणामों ने यह दिखाया कि जब आर्थिक विकास समावेशी नहीं होता और केवल कुछ वर्गों या क्षेत्रों तक सीमित रहता है, तो आय असमानता बढ़ती है और इसके कारण सामाजिक असमानता भी गहरी होती है। उदाहरण के तौर पर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच असमानताएं स्पष्ट रूप से देखी गईं। शहरी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध थे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी भारी कमी थी। इसके अलावा, अगर आर्थिक विकास के दौरान केवल उच्च वर्ग को लाभ होता है, तो इससे समाज के अन्य वर्गों में असंतोष और असमानता की भावना बढ़ सकती है। यह परिकल्पना सत्य है, क्योंकि असमान आर्थिक विकास सामाजिक समानता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

समावेशी नीतियां आर्थिक विकास और सामाजिक समानता में संतुलन बना सकती हैं।

परिकल्पना – समावेशी विकास नीतियां, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर प्रदान करना, आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच सामंजस्य स्थापित कर सकती हैं।

सत्यापन – शोध ने यह दिखाया कि समावेशी नीतियां जैसे मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना, और स्वच्छ भारत मिशन ने गरीब और ग्रामीण वर्गों को सीधे लाभ पहुँचाया, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। विशेष रूप से, मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन किया और आय असमानता को कुछ हद तक कम किया। आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ। इन नीतियों से स्पष्ट रूप से यह साबित हुआ कि समावेशी नीतियों के माध्यम से आर्थिक विकास और सामाजिक समानता में संतुलन स्थापित किया जा सकता है। यह परिकल्पना सत्य है, क्योंकि समावेशी नीतियां सामाजिक समानता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को समावेशी बनाने में प्रभावी साबित होती हैं।

शोध ने दोनों परिकल्पनाओं का समर्थन किया है। आर्थिक विकास यदि समावेशी नहीं होता, तो यह सामाजिक समानता में कमी ला सकता है, और समावेशी नीतियों के माध्यम से आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संतुलन संभव है। इसके परिणामस्वरूप, यह पुष्टि होती है कि सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए समावेशी विकास नीतियों का पालन करना अनिवार्य है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आर्थिक विकास और सामाजिक समानता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, और इन दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए समावेशी नीतियों और योजनाओं का कार्यान्वयन महत्वपूर्ण है। आर्थिक विकास केवल तभी स्थिर और समृद्ध हो सकता है जब समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त हों। इस शोध ने यह भी सुझाव दिया कि लैंगिक और क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए विशेष नीतियों की आवश्यकता है। अगर इन नीतियों का सही तरीके से कार्यान्वयन किया जाए, तो सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया जा सकता है और विकास के लाभ सभी वर्गों तक पहुंच सकते हैं।

सुझाव – आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं :-

1. सरकारों और नीति निर्धारकों को समावेशी नीतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो सभी वर्गों और क्षेत्रों को समान अवसर प्रदान करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसरों का समान वितरण आवश्यक है।
2. महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसरों में महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना आवश्यक है।
3. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच अंतर को कम करने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जानी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, और रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है।
4. शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश बढ़ाना चाहिए, ताकि सभी वर्गों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान गरीब और पिछड़े वर्गों की शिक्षा पर दिया जाना चाहिए।
5. कर नीति को अधिक प्रगतिशील बनाया जाना चाहिए ताकि उच्च आय वर्ग से अधिक कर लिया जा सके और इसे गरीब वर्ग की कल्याण योजनाओं में निवेश किया जा सके। इससे आय असमानता को कम करने में मदद मिल सकती है।
6. सरकार को एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क बनाना चाहिए, जो गरीब और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संकट के दौरान मदद प्रदान करे। यह नेटवर्क न केवल गरीबी में कमी लाने में मदद करेगा, बल्कि सामाजिक असमानता को भी कम करेगा।
7. आर्थिक विकास को गति देने और समानता सुनिश्चित करने के लिए

नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देना चाहिए। नई तकनीकों का उपयोग करके ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं, और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुधार सकते हैं।

8. सामाजिक समानता और विकास की दिशा में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। समुदायों और नागरिक समाज के संगठन को अधिक सक्रिय रूप से नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में शामिल किया जाना चाहिए।

आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संतुलन स्थापित करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन समावेशी नीतियों, लैंगिक समानता, और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समान पहुंच सुनिश्चित करके इसे संभव बनाया जा सकता है। इन सुझावों का पालन करने से न केवल सामाजिक समानता में सुधार होगा, बल्कि आर्थिक विकास भी समावेशी और सशक्त होगा, जिससे समाज के सभी वर्गों को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Amartya Sen (1999) ***आर्थिक विकास और स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय, असमानता,*** Development as Freedom, ISBN: 978-0198297581, Page No.: 432.
2. Dasgupta, Partha (1993) ***सामाजिक भलाई, गरीबी, असमानता, जीवन स्तर,*** Book: An Inquiry into Well-Being and Destitution ISBN: 978-0198287025, Page No.: 400.
3. Kuznets, Simon (1955) ***आर्थिक विकास और आय असमानता के बीच संबंध,*** Paper: Economic Growth and Income Inequality, Journal: The American Economic Review, 45(1), 1-28, ISBN: N/A (Journal Article), Page No.: 28.
4. Myrdal, Gunnar (1968) ***एशियाई देशों में गरीबी, आर्थिक असमानता और विकास,*** Book: Asian Drama: An Inquiry into the Poverty of Nations, ISBN: 978-0394709817, Page No.: 2,338.
5. Piketty, Thomas (2014) ***आय असमानता, पूंजी का संचय, और आर्थिक संरचनाएं,*** Book: Capital in the Twenty-First Century, ISBN: 978-0674430006, Page No.: 696.
6. Rawls, John (1971) ***न्याय, समानता, और सामाजिक अनुबंध,*** Book: A Theory of Justice, ISBN: 978-0674000780, Page No.: 624.
7. Sachs, Jeffrey D. (2005) ***गरीबी, विकास, और आर्थिक संभावनाएं,*** Book: The End of Poverty: Economic Possibilities for Our Time, ISBN: 978-0143036586, Page No.: 416.
8. Sen, Amartya (2000) ***सामाजिक बहिष्करण, विकास, और असमानता***, Book: Social Exclusion: Concept, Application, and Scrutiny, ISBN: 978-9715613836, Page No.: 106.
9. Stiglitz, Joseph E. (2002) ***वैश्वीकरण, असमानता, और आर्थिक नीति,*** Book: Globalization and Its Discontents, ISBN: 978-0393324393, Page No.: 296.
10. World Bank (2000) ***गरीबी, सामाजिक समानता, और विकास नीति***, Report: World Development Report 2000/2001: Attacking Poverty, ISBN: 978-0195215911, Page No.: 296.

****

Artificial Intelligence and Its Impact on Labor Productivity and Employment

Dr. Kapil Kumar Chandra* Dr. Sunil Kumar Kumeti**

*Assistant Professor (Guest) C.P.D. Govt. College, Pithora, Mahasamund (C.G.) INDIA
** Assistant Professor, School of Studies in Economics Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.) INDIA

Abstract : The dynamics of labour productivity and employment across sectors are being reshaped as a result of the emergence of artificial intelligence (AI), which has emerged as a disruptive force today. This study investigates the influence that artificial intelligence (AI) has had on the worldwide labour market, which has both positive and negative aspects. On the one hand, automation and intelligent systems that are driven by artificial intelligence may boost productivity by simplifying operations, lowering operating costs, and allowing new solutions in the areas of manufacturing, services, and logistics. The incorporation of artificial intelligence, on the other hand, raises worries about the displacement of jobs, gaps in skill sets, and pay heterogeneity. In spite of the fact that repetitive and regular work are becoming increasingly mechanised, which may result in possible joblessness in some industries, new job possibilities are emerging in the fields of artificial intelligence research, data analysis, and maintenance. On the other hand, these positions require more sophisticated abilities and ongoing training. Specifically, the report emphasizes the significance of proactive measures, such as labour reskilling, social safety nets, and ethical AI governance, in order to guarantee that everyone would benefit equally from breakthroughs in artificial intelligence. The ability of industries to achieve sustainable development, reduce the number of job losses, and improve economic resilience may be achieved via the promotion of a synergistic approach between human labour and artificial intelligence technology. This abstract highlights the fact that there is a crucial need for joint efforts across governments, industries, and educational institutions in order to harness the promise of artificial intelligence while reducing the issues that it poses for the labour market.
Keywords: Artificial intelligence, Employment, Labor market, Productivity.

Introduction - Artificial intelligence (AI) is becoming an essential factor in driving innovation, efficiency, and competitiveness, and it is currently undergoing a remarkable transformation in the global economic environment. The use of artificial intelligence technology has spread throughout many different industries, including healthcare, manufacturing, retail, and logistics. These technologies have the ability to automate repetitive processes and provide complex decision-making capabilities. These technological improvements have resulted in a huge increase in labour productivity, which has enabled organisations to optimise their operations, lower their expenses, and provide superior services. Nevertheless, the fast adoption of artificial intelligence has also spawned considerable arguments over the influence that technology would have on employment. At the same time as artificial intelligence (AI) presents potential for new work positions, notably in the fields of AI development, data science, and system maintenance, it concurrently undermines existing employment patterns by automating professions that were previously dependent on human labour. The existence of this duality gives rise to important problems concerning the future of labour, the distribution of money, and the readiness of the workforce. There is a need for a thorough investigation of the implications that artificial intelligence has on labour productivity and employment as it continues to develop. Among the most significant causes for worry are the displacement of workers with low levels of expertise, the formation of a polarizedlabour market, and the difficulties associated with providing the workforce with the skills essential for an economy driven by artificial intelligence. In this study, we will investigate the myriad ways in which artificial intelligence (AI) is affecting labour productivity and employment. The purpose of this study is to investigate the ways in which artificial intelligence (AI) boosts productivity across a variety of industries, evaluate the difficulties and possibilities that it provides to the workforce, and offer insights into policies and tactics that help reduce the disruptive impacts of AI. This research endeavours to contribute to a more well-rounded understanding of the role that artificial intelligence (AI) will play in influencing the future of work and its ability to create sustainable economic growth by addressing the problems that have been raised.

Literature Review

There have been a great number of studies that have investigated how artificial intelligence technology can improve worker productivity. Some people believe that artificial intelligence, which is a subset of the larger trend of digital technology, has the potential to significantly boost productivity by automating mundane jobs and enabling more effective utilisation of human resources. According to Chui et al. (2018), the capacity of artificial intelligence to handle enormous volumes of data at rapid rates leads to improvements in decision-making, acceleration of production cycles, and reduction of operating costs in industries such as manufacturing, logistics, and healthcare in particular. The implementation of artificial intelligence in industries such as retail and logistics may lead to productivity improvements of up to thirty percent, according to a research published by McKinsey (2017). Proposed the idea of "job polarisation," which suggests that artificial intelligence and automation technologies have a disproportionate impact on low- and middle-skill employment(MehdiAbid et al., 2024), In a similar vein, Bessen (2019) discovered that although automation may result in the loss of jobs in some industries, it may also result in the creation of new occupations that need a higher level of expertise and a more specialised knowledge base. According to the World Economic Forum (2020), there is anticipated to be a rise in the need for data scientists, software engineers, and machine learning specialists. On the other hand, the demand for positions such as manual labourers and clerks is anticipated to decrease.In the following portion of this paper, we will go deeper into these topics and will offer some suggestions for effectively managing the transition to a labour market driven by artificial intelligence.

Research Methodology: A mixed-methods approach is utilised in this research paper in order to investigate the influence that Artificial Intelligence (AI) has on the levels of labour productivity and employment. In order to give a full examination of the matter, the research incorporates both qualitative and quantitative research approaches. Secondary data analysis from academic sources, industry reports, and government publications are included in the approach. The technique also involves the collecting of data through the use of interviews, case studies, and surveys. A comparative case study methodology, in conjunction with statistical analysis is used in the research. .

Results and Discussion: In the next part, the findings that were obtained from the survey, interviews, and case study analyses are presented. In order to give insights into the influence that Artificial Intelligence (AI) has on labour productivity and employment, the data is summarised through the use of tables and figures. Following this, the findings are evaluated in the context of the study objectives, which include determining how artificial intelligence affects labour productivity, job displacement, skill transfers, and the overall economic impact on a variety of industries.

Survey Results: A total of 500 employees from five different industries (100 from each industry) participated in the study. These industries included manufacturing, healthcare, retail, finance, and technology. There were three primary categories that were the focus of the survey: perceived changes in labour productivity, job displacement, and skill needs as a result of the use of artificial intelligence.

Table 1 & Figure 1 **(see in last page)**

The use of artificial intelligence results in a considerable rise in labour productivity, notably in the technology and finance sectors, where sixty percent of respondents and fifty percent of respondents, respectively, indicated a significant boost in productivity. A considerable increase in productivity was also reported by a large number of respondents (40%) in the industrial sector. This increase was primarily attributed to the use of AI-driven automation in production lines. Generally speaking, artificial intelligence was utilised for administrative work, diagnoses, and customer service, which led to minor boosts in productivity in the retail and healthcare industries.

The next part of the survey examined job displacement due to AI, as well as new jobcategories that emerged in AI-adopting industries.

Table 2 & Figure 2 **(see in last page)**

It is most noticeable because artificial intelligence has caused a sixty percent loss of jobs in the manufacturing sector, along with large and moderate losses. The automation of repetitive operations, such as those performed on assembly lines, is becoming increasingly common, and this is consistent with. The healthcare and technology industries, on the other hand, show very low levels of displacement (10% and 5%, respectively). This suggests that artificial intelligence is more frequently utilised to aid and supplement human workers, particularly in domains that demand high levels of knowledge. It is interesting to note that the financial sector appears to be seeing both a moderate amount of displacement and a considerable creation of new positions in areas like as data analysis, the development of AI models, and compliance responsibilities relating to AI.

Shifts in Skill Requirements: In addition, the poll investigated the kinds of abilities that have grown more significant as a result of the use of AI.

Table 3 & Figure 3 **(see in last page)**

It is a well-established pattern that technological skills, particularly in the fields of artificial intelligence and data science, have grown increasingly crucial across all industries. The biggest percentages of respondents that reported a need for additional technical competence were found in the technology and finance industries, with fifty percent and forty-five percent, respectively. The healthcare and retail industries, on the other hand, place a greater emphasis on human-centric abilities such as leadership and communication. This is because AI is increasingly being used as a tool to supplement human contact rather than to replace it. This is a reflection of a larger trend in which creative and interpersonal positions continue to flourish in industries where human empathy and decision-making play a vital role.

Table 4 (see in last page)

The roles that are most likely to be affected by job displacement as a result of advancements in artificial intelligence are highlighted in Table 4, along with the new roles that will replace those positions. Artificial intelligence is eliminating professions that need low levels of expertise in industries such as manufacturing, banking, and technology. However, it is also producing specialised high-skill employment that are focused on AI maintenance, data analysis, and system optimisation.

Table 5 & Figure 4 (see in last page)

The entire economic impact of artificial intelligence (AI) on labour productivity, job displacement, job creation, and skill changes is summarised in Table 5. This table reflects an optimistic perspective on productivity increases, but it also acknowledges the negative impact that AI will have on employment and the necessity of reskilling and upskilling the workforce.

1. Socio-Cultural Barriers: Women in Indore face entrenched gender roles and expectations that prioritize family responsibilities over career ambitions. Secondary data reveals:

i. A study by FICCI (2022) found that 68% of women entrepreneurs in Tier-II cities like Indore struggle with societal biases.
ii. Limited family support often restricts their ability to scale businesses.

2. Financial Constraints: Access to credit remains a significant challenge:

i. Only 14% of women entrepreneurs in Madhya Pradesh

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

benefit from institutional funding, according to MSME reports (2023).

ii. High-interest rates and lack of collateral further limit opportunities for small-scale women-led enterprises.

3. Skill Gaps and Limited Networks: Indore's women entrepreneurs often lack access to professional training and mentorship programs. Reports indicate:

i. A mismatch between available training programs and industry needs.

ii. Restricted participation in entrepreneurial networks due to time and mobility constraints.

4. Policy and Implementation Challenges: Although government schemes exist, awareness and accessibility remain low:

i. Only 22% of women in Madhya Pradesh were aware of the MUDRA Yojana, according to a 2022 NABARD survey.

Opportunities for Women Entrepreneurs in Indore

1. Government Initiatives: Schemes such as MUDRA, Start-Up India, and the MP State Women Empowerment Policy offer financial aid and training opportunities.

i. MUDRA loans have disbursed over ₹ 10,000 crore to women entrepreneurs in Madhya Pradesh, with Indore being a significant beneficiary.

2. Digital Transformation: The rise of e-commerce platforms like Amazon and Flipkart has opened new avenues for women entrepreneurs in Indore to market their products.

i. Social media platforms are being leveraged for cost-effective marketing, particularly in sectors like fashion and handicrafts.

3. Support Networks and Ecosystem:

i. Indore has seen the emergence of women-centric business forums such as the Women Entrepreneurs Network (WEN), which provides mentorship and collaboration opportunities.

ii. Industry bodies like CII have initiated programs to connect women entrepreneurs with funding agencies and market opportunities.

4. Educational and Skill Development Programs: Skill-building workshops and entrepreneurship training provided by NGOs and local institutions have empowered women to start and sustain businesses.

Conclusion: This study highlights the socio-cultural, financial, and institutional barriers faced by women entrepreneurs in Indore, alongside opportunities in digitalization, government policies, and skill development programs. While the city's entrepreneurial ecosystem is evolving, targeted interventions are necessary to maximize its potential for women entrepreneurs.

Recommendations:

1. **Strengthen Policy Implementation:** Improve awareness campaigns for schemes like MUDRA and Stand-Up India.
2. **Enhance Access to Credit:** Introduce low-interest loans and collateral-free credit options tailored for women entrepreneurs.
3. **Promote Digital Literacy:** Conduct training programs to help women leverage e-commerce and digital marketing.
4. **Expand Support Networks:** Establish more women-centric business forums and mentorship opportunities.
5. **Focus on Rural Women Entrepreneurs:** Extend skill development and funding opportunities to rural areas around Indore.

References:-

1. Ministry of MSME. (2023). Annual Report on MSME Sector in India.
2. NITI Aayog. (2022). Women Entrepreneurship in India: Challenges and Prospects.
3. FICCI. (2022). Women Entrepreneurs in Tier-II Cities: A Study.
4. NABARD. (2022). Survey on Women Entrepreneurs and Financial Inclusion in Madhya Pradesh.
5. Madhya Pradesh State Policy on Women Empowerment. (2013).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

नीमच जिले में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिला उपभोक्ता फोरम का योगदान

मनोज कुमार सोलंकी* डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा**

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
**शोध निर्देशक एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मदंसौर (म.प्र.) भारत

नीमच जिले का परिचय – नीमच जिला उत्तर में राजस्थान और पूर्व और दक्षिण में मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से घिरा हुआ है। प्रशासनिक और भोगोलिक क्षेत्रफ़ल की दृष्टि से नीमच का कुल क्षेत्रफ़ल 3,875 वर्ग किलोमीटर है। जिले में कुल बसे हुए गाँवों की संख्या 804 है। नीमच जिले में कुल 12 शहर है, जिसमे नीमच नगर पालिका परिषद तथा अठाना, डिकेन, जावद, जीरन, कुकड़ेश्वर, मनासा, नयागांव, रामपुरा, रतनगढ़, सरवानिया महाराज, सिंगोली प्रमुख नगर परिषद है। नीमच जिले में 03 उपखण्ड (नीमच, जावद, मनासा) है तथा 07 तहसील (नीमच ग्रामीण, नीमच शहरी, जीरन, मनासा, रामपुरा, जावद, सिंगोली) है।

विषय का परिचय – उपभोक्ता से तात्पर्य किसी वस्तु एवं वातावरण में विद्यमान सेवा के उपयोग या उपभोग करने से संबंधित विचार करना है, जिसके उपभोग के समय प्रत्येक उपभोक्ता उचित गुणवत्ता वाली वस्तु एवं सेवा को चाहता है, जिनके उपयोग के उपरान्त व अपनी आवश्यकता की सन्तुष्टि के साथ शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से स्वयं को सन्तुष्ट महसूस कर सके।

अर्थशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार केवल सेवाओं के उपयोग के समय ही व्यक्ति उपभोक्ता की श्रेणी में नहीं आता, अपितु वातावरण में विद्यमान विभिन्न सेवाओं, सुविधाओं के समय भी वह उपभोक्ता होता है। अत: उपर्युक्त तथ्य से स्पष्ट है कि वातावरण में उत्पन्न होने वाले प्रदूषण या किसी भी प्रकार के नकारात्मक प्रभाव, विषम विघ्न से संरक्षण उपभोक्ता की सन्तुष्टि के लिये प्राथमिक रूप से आवश्यक है और यदि विपरीत परिस्थितियों के कारण वस्तु की गुणवत्ता या सेवाएं प्रभावित होती है, तो उपभोक्ताओं को पूर्ण सन्तुष्टि प्राप्त नहीं हो पाती।

उपभोक्ता से संबंधित अध्ययन करने के पश्चात् नीमच व मंदसौर जिले के संदर्भ में एक जागरूक उपभोक्ता एवं उपभोक्ता शिक्षा में किन-किन बिन्दुओं का महत्व है तथा उन बिन्दुओं के उपयोग एवं जानकारी के आधार पर एक उपभोक्ता को पूर्ण रूप से जागरूक बनाया जा सकता है, उपभोक्ता किसी भी वस्तु या सेवा के उपयोग के लिये कुछ ना कुछ मूल्य अदा करता है। प्राप्त सेवाओं एवं वस्तु के उपयोग से वह सन्तुष्टि तथा अपनी आवश्यकताओं को पूर्ण करना चाहता है, पर कभी कभी पूर्ण मूल्य अदा करने के उपरान्त भी उसे सन्तुष्टि की प्राप्ति नहीं होती है। ऐसे में उसका व्यय व्यर्थ हो जाता है अपितु उसे कई प्रकार की शारिरीक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के उद्देश्य – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के उद्देश्य निम्नानुसार है :-

1. उपभोक्ता को बेहतर संरक्षण प्रदान करना।
2. उपभोक्ताओं की शिकायतों को यथाशीघ्र, सरल तरीकों से तथा कम खर्च में दूर करने की व्यवस्था करना।
3. उपभोक्ता के अधिकारों को महत्व देना व उन्हें जागरूक करना।
4. इस अधिनियम में राष्ट्रीय, राज्य तथा जिला स्तरों पर एक तीन स्तरीय अर्द्धन्यायिक तन्त्र की स्थापना करना।
5. इस अधिनियम में केन्द्र तथा राज्यों में उपभोक्ता संरक्षण परिषद् स्थापित करना, जिससे उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा दिया जा सके।
6. विपणन नियंत्रण करने हेतु सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी न्यायिक तन्त्र की स्थापना करना।
7. उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक तथा शिक्षित करना।
8. उपभोक्ताओं के हित में उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की स्थापना करना तथा विभिन्न विवादों के निपटारे की व्यवस्था करना।
9. उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति करवाने में सहयोग प्रदान करना।
10. उपभोक्ताओं को व्यापारियों की अनैतिक क्रियाओं के विरूद्ध संरक्षण प्रदान करना।

शोध विषय के चयन का औचित्य – विज्ञापन, अपर्याप्त उत्पादन एवं जमाखोरी जैसे कई कारणों से व्यावहारिक सार्वभौमिकता में उपभोक्ता उत्पादन पर निर्भर हो गया है या हम यूं कहें उसकी सार्वभौमिकता मात्र व्यवहारिक सार्वभौमिकता तक ही रह गई है।

आज उपभोक्ता की उपभोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की सूची में निरन्तर वृद्धि हो रही है। व्यक्ति की बढ़ती भोगवादी प्रवृत्ति ने उसे विभिन्न समस्याओं में जकड़ रखा है, जिसका लाभ विक्रेता द्वारा अधिक धन कमाने के लालच तथा बढ़ती स्पर्धा के कारण, वस्तुओं की गुणवत्ता में कमी, मिलावट, गलत प्रस्तुतिकरण, विज्ञापनों का बढ़ता जाल, बढ़ती महंगाई, कम माप-तौल, मिथ्या छाप आदि समस्यायें दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इन

समस्याओं को कम करने के लिये प्रत्येक वस्तु के लिये मानक निर्धारित कर दिये गये तथा उपभोक्ता को उनसे संबंधित जानकारी प्रदान की जानी है कि वह बाजार से सरकार द्वारा प्रमाणित वस्तुए ही खरीदे, किन्तु फिर भी विक्रेता कहीं ना कहीं किसी योजना का प्रयोग कर कम माप, तौल एवं मिलावट वाली वस्तु को बेचकर उपभोक्ता का शोषण करते ही हैं। आज आधुनिक पूंजीवाद के युग में उपभोक्ता की कई प्रमुख समस्यायें है, उससे उपभोक्ता को मुक्ति दिलवाने के लिये तथा उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये उपभोक्ताओं में जागरूकता एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से संबंधित जानकारी को सामान्य उपभोक्ता तक पहुंचाना अत्यन्त आवश्यक है।

शोध विषय के उद्देश्य :

1. उपभोक्ताओं के आर्थिक हितों के संरक्षण में योगदान करना।
2. उपभोक्ताओं के सामाजिक हितों को संरक्षण प्रदान करना।
3. उपभोक्ता अधिनियम 1986 का विस्तृत अध्ययन विश्लेषण करके उपभोक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं को अंकित करना।

शोध विषय की परिकल्पनाएं:

1. **H1** प्रस्तावित शोध से उपभोक्ता जागरुकता से आर्थिक हितों के सरंक्षण पर सार्थक प्रभाव पड़ता हैं।

2. **H2** प्रस्तावित शोध से उपभोक्ताओं के सामाजिक हितों के सरंक्षण पर सार्थक प्रभाव होता हैं।

शोधा विषय से संबंधित पूर्व में किए गए शोधा कार्य –

1. **सेठी, उपेन्द्र (2022)** ने अपने शोध कार्य में प्रस्तुत रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 ने पूर्ववर्ती सीपीए 1986 में कई बदलाव किए हैं। भारत में उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था की पहुंच में सीपीए 2019 का विस्तार हुआ है। सीपीए 2019 के माध्यम से किए गए बदलाव से न केवल अपने समकक्षों, यानी विक्रेताओं, निर्माता, सेवाप्रदाता, बल्कि ऐसे उत्पादों के समर्थनकर्ता भी जिम्मेदारियों का लाभ उठाकर आगे बढ़ते दिख रहे हैं। सीपीए 2019 ने आयोगों के आर्थिक क्षेत्राधिकार को बढ़ाना, मध्यस्थता कक्षों को जोड़ना, बढ़ाना, उपभोक्ता विवादों के समाधान की प्रक्रिया को आसान और तेज़ बनाने का भी प्रयास किया है।

शोध प्रविधि

- **अध्ययन के चर –** प्रस्तुत शोध कार्य में उपभोक्ता फोरम एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम नीमच जले के योगदान को स्वतंत्र चर तथा उपभोक्ता के आर्थिक हित संरक्षण पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन को आक्षरित चर के रूप में प्रयोग किया गया है।
- **निर्देशन इकाई –** निर्देशन इकाई के रूप में शोध कार्य में सामान्य उपभोक्ता (साक्षर एवं असाक्षर) (व्यापारी एवं नौकरी पेशा) तथा युवा एवं प्रौढ़ अवस्था से संबंधित को निर्देशन इकाई के रूप में चयन किया गया है। उपर्युक्त शोध कार्य के दौरान नीमच उपभोक्ता फोरम में तथा न्यायालय में अपील के रूप में आने वाले उपभोक्ता संरक्षण संबंधित मामलों को भी निर्देशन इकाई के रूप में उपयोग किया गया है जिससे तथ्यपूर्ण परिणाम प्राप्त हो सके।
- **निर्देशन चुनाव की विधि –** उपरोक्त शोध कार्य में उपभोक्ता एवं जिला उपभोक्ता फोरम की भूमिका से संबंधित निर्देशन को निर्देशन इकाईयों से सूचना संकलन का लक्ष्य निश्चित किया गया था। कुल 500 इकाईयों को सूचना प्राप्ति के लिये सुविधाजनक चुनाव विधि द्वारा चुना गया।
- **शोध उपकरण –** उपर्युक्त शोध कार्य के दौरान आवश्यकता के अनुसार लांग टेबल, प्रश्नावली रेटिंग स्केल, प्रश्नपत्र आदि उपकरणों का उपयोग किया गया है। प्रस्तुत शोध कार्य में तथ्य संकलन हेतु स्वयं ही साक्षात्कार अनुसूची को सुविधा की दृष्टि से दो भागों में वर्गीकृत किया गया था। अनुसूची के प्रथम भाग में उपभोक्ता की सामान्य जानकारी जैसे– नाम, उम्र, शिक्षा, आय, कार्य आदि के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु सामान्य प्रश्नों को सम्मिलित किया गया एवं द्वितीय भाग में उपभोक्ता की क्रय–विक्रय क्षमता, व्यवहार, पसन्द, उपभोक्ता फोरम की जानकारी, समस्याएं, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी, उपयोग, बिल एवं वारण्टी कार्ड आदि से संबंधित प्रश्नों को सम्मिलित किया गया।
- **तथ्य संकलन –** तथ्य संकलन हेतु उज्जैन संभाग के नीमच जिले के जिला उपभोक्ता फोरम से उपभोक्ता की समस्याएं, व्यवहार, क्रय–विक्रय प्रक्रिया के तहत् आने वाले मुख्य बिन्दुओं से संबंधित जानकारी को प्रश्नावली एवं साक्षात्कार विधि के उपयोग से विभिन्न तथ्यों को संकलित किया है।

शोध का क्षेत्र – शोध कार्य हेतु नीमच जिले के अंतर्गत आने वाली प्रमुख 03 तहसीलें का चुनाव किया गया है।

शोध की सीमाऐं – मध्यप्रदेश में नीमच जिले में उपभोक्ताओं की अच्छी संख्या है। मध्यप्रदेश में उपभोक्ताओं का बहुत व्यापक दायरा है जो बदले में बहुत बड़े रोजगार सृजन प्रदान करता है। अत: यह आवश्यक हो जाता है कि शोधा कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व उस विषय की कुछ सीमाएं निर्धारित कर दी जाये तथा उन्हीं सीमाओं को ध्यान में रख कर विषय का अध्ययन किया जाये तो निश्चित रूप से प्राप्त होने वाले परिणाम अधिक उपयोगी, सार्थक तथा वास्तविकता के करीब होंगे।

1. उपभोक्ता संरक्षण एक बहुत बड़ा विषय है। इस प्रकार नीमच जिले में उपभोक्ताओं संबंधी गतिविधियों का विश्लेषण करना काफी कठिन है। इस शोधा कार्य में उपभोक्ताओं संबंधी निम्नलिखित गतिविधियों को शामिल किया गया है।
2. शोध कार्य में केवल पंजीकृत फर्म के उपभोक्ताओं संबंधी इकाइयों पर विचार किया गया है। लेकिन मध्यप्रदेश में नीमच जिले में कई अपंजीकृत फर्म के उपभोक्ताओं संबंधी इकाइयां हैं जिन पर विचार नहीं किया जा सकता है, लेकिन फिर भी रोजगार सृजन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।
3. इस शोध कार्य में विभिन्न अप्रत्यक्ष/अंतिम उपभोक्ताओं के आंकड़ों का पता नहीं लगाया गया है।
4. इस शोध कार्य में कुल नीमच जिले में कुल उपभोक्ताओं का सही अनुमान नहीं लगाया जा सका।

तालिका संख्या 1: नीमच जिले में आयु के अनुसार उपभोक्ताओं का वर्गीकरण

क्रं.	आयु	नीमच जिला	
		संख्या	प्रतिशत
1.	40 वर्ष तक	260	54.17
2.	40 वर्ष से ऊपर	220	45.83
	कुल	480	100

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

चित्र 1



तालिका 1 के अवलोकन के बाद हम देखते हैं कि नीमच जिले के संदर्भ में युवा उपभोक्ताओं का प्रतिशत वृद्धों की तुलना में अधिक है। उपरोक्त तालिका नीमच जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं की आयु के अनुसार उपभोक्ता के वर्गीकरण को दर्शाती है। विश्लेषण के बाद हमें पता चला कि नीमच जिले के संदर्भ में कुल उपभोक्ता 480 हैं। जिसमें 260 (54.17 प्रतिशत) उपभोक्ता युवा (40 वर्ष तक) के हैं और 220 (45.83 प्रतिशत) उपभोक्ता वृद्धावस्था (40 वर्ष से अधिक) के हैं। इसलिए हम यह कह सकते हैं कि युवा उपभोक्ता, वृद्ध उपभोक्ताओं से अधिक हैं।

तालिका 2: नीमच जिले में वस्तु या सेवा के प्रकार का अध्ययन

वस्तु या सेवा का प्रकार	उत्तरदाताओं की संख्या
(अ) वस्तु	**नीमच**
1. साधन सवारी	25
2. सौंदर्य प्रसाधन	50
3. इलेक्ट्रानिक उपकरण	18
4. कपड़ा	30
5. दवाईयां	40
6. फर्नीचर	30
7. जमीन-जायदाद	15
8. अन्य	25
(इ) सेवा	
1. कोरियर	20
2. बैंक	41
3. बीमा	48
4. बिजली	42
5. टेलीफोन	20
6. जल आपूर्ति	28
7. नगरपालिका	19
8. अन्य	29
कुल	**480**

स्रोत: व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

चित्र 2 (अ)



चित्र 2 (इ)



तालिका 2 में नीमच जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं को उनकी वस्तु या सेवा के प्रकार के अनुसार वर्गीकृत किया गया है।हम देख सकते हैं कि वस्तु या सेवा के प्रकार के आधार पर उपभोक्ताओं का प्रतिशत सभी क्षेत्रों में लगभग समान है।

तालिका 2 दर्शाती है कि नीमच जिले के संदर्भ में उपभोक्ता सभी वस्तु या सेवा का क्रय करते हैं। सौंदर्य प्रसाधन और बैंक वर्ग के उपभोक्ताओं में नीमच जिले के उपभोक्ताओं की संख्या 50 एवं 41 है। जबकि इलेक्ट्रानिक उपकरण वर्ग में उपभोक्ताओं की संख्या 18 है।

तालिका 3: नीमच जिले में जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी का अध्ययन

क्र.	जानकारी के क्षेत्र	उत्तरदाताओं की संख्या (नीमच)	प्रतिशत
1.	समाचार-पत्र/पत्रिकाएं	210	43.75 %
2.	टेलीविजन	94	19.58 %
3.	होर्डिंग्स/फ्लैक्स	54	11.25 %
4.	मौखिक प्रचार	36	7.50 %
5.	अन्य	86	17.92 %
	योग	**480**	**100.00 %**

स्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

चित्र 3



तालिका 3 दर्शाती है कि नीमच जिले के संदर्भ में उच्चतम उपभोक्ता समाचार-पत्र/पत्रिकाओं से जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 का ज्ञान, उपभोक्ताओं के लिए अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साधान है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के बारे में जानने के लिए उपभोक्ताओं के पास जानकारी के बहुत सारे स्रोत उपलब्धा हैं। नीमच जिले के संदर्भ में

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के बारे में उनके ज्ञान के स्रोत के बारे में शिकायतकर्ताओं की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए, कई प्रतिक्रियाओं को चिन्हित करने के लिए 5 विकल्प दिए गए थे।

तालिका 3 से यह स्पष्ट है कि उत्तरदाताओं ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के ज्ञान के स्रोत के संबंध में विषम प्रतिक्रियाएँ दीं। मीडिया (रेडियो, टीवी, समाचार पत्र आदि) को उत्तरदाताओं द्वारा सबसे लोकप्रिय स्रोत बताया गया। तालिका 3 में उपभोक्ताओं को उनकी जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी के अनुसार वर्गीकृत किया गया है तालिका में 210 उपभोक्ता समाचार-पत्र/पत्रिकाऐं से, जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। टेलीविजन से जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं में 94 नीमच जिले से हैं।

तालिका 4: नीमच जिले में प्रकरण की श्रेणी के आधार पर अध्ययन

क्रं.	श्रेणी	संख्या	प्रतिशत
1.	**रुपये 1 लाख तक**	106	22.08%
2.	**रुपये 1 से 2 लाख**	82	17.08%
3.	**रुपये 2 से 3 लाख**	112	23.33%
4.	**रुपये 3 लाख से अधिक**	180	37.51%
	कुल	**480**	**100%**

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

चित्र 4



तालिका 4 के अवलोकन के बाद हम देखते हैं कि नीमच जिले के संदर्भ में रु. 3 लाख से अधिक श्रेणी वाले प्रकरण बाकी श्रेणियों की तुलना में अधिक हैं। उपरोक्त तालिका नीमच जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं में प्रकरण राशि के अनुसार श्रेणी के वर्गीकरण को दर्शाती है। विश्लेषण के बाद हमें पता चला कि नीमच जिले के संदर्भ में कुल उपभोक्ता 480 हैं, जिसमें 106 (22.08 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 1-1 लाख) श्रेणी के हैं, 82 (17.08 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 1-2 लाख) श्रेणी के हैं, 112 (23.33 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 2-3 लाख) श्रेणी के हैं और 180 (37.51 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 3 लाख से अधिक) श्रेणी के हैं। इसलिए हम कह सकते है कि सबसे अधिक प्रकरण रु. 3 लाख से अधिक राशि वाले श्रेणी में आते हैं।

तालिका 5 :

यदि अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) नहीं लेते है तो न लेने के पीछे आपका क्या दृष्टिकोण रहा है ?

क्रं.	दृष्टिकोण	संख्या	प्रतिशत
1.	लागत/मूल्य में वृद्धि	106	22.08 %
2.	लापरवाही	122	25.42 %
3.	दुकानदार का अच्छा व्यवहार	114	23.75 %
4.	अन्य	138	28.75 %
	कुल	**480**	**100%**

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

चित्र 5



तालिका 5 के अवलोकन के बाद हम देखते हैं कि नीमच जिले के संदर्भ में अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) न लेने के पीछे का दृष्टीकोण अन्य कारण है, जो बाकी अन्य की तुलना में अधिक हैं। उपरोक्त तालिका नीमच जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं के अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) न लेने के पीछे के दृष्टीकोण के वर्गीकरण को दर्शाती है। विश्लेषण के बाद हमें पता चला कि मंदसौर जिले के सदर्भ में कुल उपभोक्ता 480 हैं जिसमें 106 (22.08 प्रतिशत) उपभोक्ता (लागत/मूल्य में वृद्धि) दृष्टीकोण वाले हैं, 122 (25.42 प्रतिशत) उपभोक्ता (लापरवाही) दृष्टीकोण वाले हैं, 114 (23.75 प्रतिशत) उपभोक्ता (दुकानदार का अच्छा व्यवहार) दृष्टीकोण वाले हैं और 138 (28.75 प्रतिशत) उपभोक्ता (अन्य) दृष्टीकोण वाले हैं। इसलिए हम कह सकते है कि सबसे अधिक उपभोक्ताओं के अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) न लेने का दृष्टीकोण अन्य हैं।

शोध विषय की परिकल्पना का निष्कर्ष

H1 शोध से उपभोक्ता जागरुकता से आर्थिक हितों के सरंक्षण पर सार्थक प्रभाव पड़ता हैं।

तालिका 6: उपभोक्ता के आर्थिक हितों का संरक्षण के पैमानों पर नीमच जिले के सभी उपभोक्ताओ का तुलनात्मक अध्ययन

चर	औसत	एसडी	टी-मान औरसार्थकता का स्तर
नीमच एन=480	155.20	15.36	t = 2.28 significant at 0.05 as t= 2.28 > 1.96 at 0.05

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

तालिका 6 से पता चलता है कि इस उपभोक्ता के आर्थिक हितों का संरक्षण के पैमानों पर नीमच जिले के उपभोक्ताओ का स्कोर 155.20 है और 2.5 का औसत 0.01 स्तर पर t = 2.28 < 2.58 के रूप में सार्थक नहीं है, लेकिन यह अंतर 0.05 के स्तर पर t = 2.28 1.96 > 0.05 के

रूप में सार्थक है। अत: शोध परिकल्पना 0.01 स्तर पर अस्वीकृत होती है। परंतु 0.05 स्तर पर स्वीकृत की जाती है।

H2 शोध से उपभोक्ताओं के सामाजिक हितों के संरक्षण पर सार्थक प्रभाव होता हैं।

तालिका 7: काई स्क्वायर परीक्षण

क्र.	चर	प्रत्याशित आवृत्ति
1	जिला उपभोक्ता फोरम में वाद प्रस्तुत करने में लगने वाला समय	115
2	जिला उपभोक्ता फोरम में प्रकरण का निराकरण में लगने वाला समय	95
3	जिला उपभोक्ता फोरम में वाद प्रस्तुत करने में व्यय	104
4	जिला उपभोक्ता फोरम में प्रकरण दर्ज से निराकरण तक आपको फोरम में उपस्थिती	114
5	जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा दिये गये निर्णय के अंतर्गत प्राप्त राशि	97
6	उपभोक्ता संरक्षण हेतु मौजुदा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 से सन्तुष्टि का स्तर	53

Calculated Chi Square Value=3.295; Table value= 9.488; df= 2; p-value=.510

स्त्रोत-व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

विश्लेषण करने के लिए कि सभी 6 कारकों का उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत निर्मित प्रावधानों से उपभोक्ताओं के सामाजिक हितों के सरंक्षण पर सार्थक प्रभाव जानने के लिए काई स्क्वायर परीक्षण का प्रयोग किया गया। उत्तरदाताओं ने सभी छह कारणों को 1 से 6 तक रैंक दिया। सभी 6 कारणों को रैंक देने के बाद उक्त तालिका 7 में दिखाए गए परिणाम प्राप्त होते हैं।

स्वतंत्रता की 2 डिग्री और सार्थकता के 5 प्रतिशत स्तर पर काई स्क्वायर का सारणीबद्ध मान 9.488 है और काई स्क्वायर का परिकलित मान 3.295 है। चूँकि काई स्क्वायर का परिकलित मान सारणीबद्ध मान से कम है, यह स्वीकृति क्षेत्र में आता है। इस प्रकार, **परिकल्पना** को स्वीकार किया गया और निष्कर्ष निकाला गया कि उपरोक्त 6 कारणों में सांख्यिकीय रूप से कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था और ये विलंबित न्याय के लिए **सामाजिक हितों के सरंक्षण पर** समान रूप से महत्वपूर्ण कारण थे। विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पहला कारण (बहुत अधिक शिकायतें) सबसे महत्वपूर्ण माना गया और दूसरा कारण (जटिल एवं तकनीकी प्रक्रिया) विलंबित न्याय का कुछ कम महत्वपूर्ण माना गया।

मामलों के निपटान में उपभोक्ता फोरमों द्वारा लिए गए समय के विश्लेषण की व्याख्या इस विश्लेषण से स्पष्ट है कि उपभोक्ता फोरमों पर अत्यधिाक बोझ (अत्यधिक शिकायतें) को मामले के धीमे निपटान के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक माना गया जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ताओं को न्याय में देरी हुई। शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रक्रियात्मक जटिलताओं की अनदेखी की गई। न्याय में लगने वाले समय के बारे में उपभोक्ता मंचों की समग्र धारणा नकारात्मक प्रतीत हुई क्योंकि बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं ने मंचों पर न्याय में देरी की सूचना दी। सभी कारण एक-दूसरे से संबंधित और आपस में जुड़े हुए प्रतीत होते हैं क्योंकि 'बार-बार स्थगन', 'अधिवक्ताओं का अनावश्यक हस्तक्षेप' अन्य दो कारण थे, जो न्याय में देरी के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण दिखते थे।

मामलों के निपटान में उपभोक्ता फोरमों द्वारा लिए गए समय के विश्लेषण की व्याख्या इस विश्लेषण से स्पष्ट है कि उपभोक्ता फोरमों पर अत्यधिक बोझ (अत्यधिक शिकायतें) को मामले के धीमे निपटान के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक माना गया, जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ताओं को न्याय में देरी हुई। शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रक्रियात्मक जटिलताओं की अनदेखी की गई। न्याय में लगने वाले समय के बारे में उपभोक्ता मंचों की समग्र धारणा नकारात्मक प्रतीत हुई क्योंकि बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं ने मंचों पर न्याय में देरी की सूचना दी। सभी कारण एक-दूसरे से संबंधित और आपस में जुड़े हुए प्रतीत होते हैं क्योंकि 'बार-बार स्थगन', 'अधिवक्ताओं का अनावश्यक हस्तक्षेप' अन्य दो कारण थे जो न्याय में देरी के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण दिखते थे।

सुझाव – इस अध्ययन के आधार पर उपभोक्ता व्यवहार, उपभोक्ता जागरूकता और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं:

1) 1986 उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के संबंध में एक ऐतिहासिक कानून है लेकिन इस अधिनियम में कुछ संशोधन अभी भी आवश्यक हैं जैसा कि मंदसौर और नीमच के उपभोक्ताओं द्वारा देखा जाता है और लगभग इसी तरह के विचार देश के अन्य हिस्सों के उपभोक्ताओं से देखे जा सकते हैं। सीपीए 86 के संशोधन का प्रारूप आज नहीं तो कल संसद में पेश होने वाला है। नए प्रारूप में उपभोक्ताओं की उन सभी शेष समस्याओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनका वे अब भी सामना कर रहे हैं ताकि एक संकुचित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से छुटकारा पाया जा सके।

2) **उपभोक्ता शिक्षा :** उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करना। सामुदायिक केंद्रों में उपभोक्ता शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिसमें उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जा सके। इसके अलावा, ऑनलाइन संसाधनों का विकास किया जाना चाहिए, जिससे उपभोक्ता अपने घर बैठे ही जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही, प्रशिक्षित शिक्षकों का विकास किया जाना चाहिए, जो उपभोक्ता शिक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित हों।

3) **जागरूकता अभियान :** उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाना। जागरूकता अभियान चलाने के लिए सबसे पहले उपभोक्ताओं की जरूरतों और समस्याओं की पहचान करनी चाहिए। इसके बाद, एक प्रभावी अभियान योजना बनानी चाहिए जिसमें संदेश, माध्यम और लक्ष्य समूह का चयन किया जाना चाहिए। अभियान के दौरान, उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देनी चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।अभियान के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और सामुदायिक कार्यक्रम। इसके अलावा, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं ताकि युवा पीढ़ी को उपभोक्ता अधिकारों के बारे में शिक्षित किया जा सके। अभियान के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रणाली भी स्थापित की जानी चाहिए ताकि इसकी प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके।

4) **शिकायत निवारण :** उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने

के लिए प्रबंधन संस्थाओं द्वारा शिकायत निवारण प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाना। शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए, एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म बनाया जाना चाहिए जहां उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें। इसके अलावा, शिकायत निवारण के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की जानी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द समाधान मिल सके। शिकायत निवारण अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने में सक्षम हों। साथ ही उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वे अपनी शिकायतों का समाधान करा सकें।

5) कानून और नियमों का पालन : उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए कानून और नियमों का पालन करना। कानून और नियमों का पालन करने के लिए, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और नियमों को मजबूती से लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए, सरकार और संबंधित एजेंसियों को सख्ती से कानूनों का पालन करना चाहिए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को कानूनों और नियमों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। इसके अलावा, कानूनों और नियमों की समीक्षा और अद्यतन करना चाहिए ताकि वे बदलते समय के अनुसार प्रासंगिक बने रहें।

6) उपभोक्ता संगठन : उपभोक्ताओं को संगठित करके उनकी आवाज को मजबूत बनाना और उनके हितों की रक्षा करना। उपभोक्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए, उपभोक्ताओं को संगठित करना और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। संगठन को उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने और उनके हितों की रक्षा करने के लिए काम करना चाहिए। इसके अलावा, संगठन को सरकार और उद्योग के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि उपभोक्ता हितों को बढ़ावा दिया जा सके। संगठन को अपनी गतिविधियों को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास बना रहे।

7) जानकारी का अधिकार : उपभोक्ताओं को उत्पादों और सेवाओं के बारे में सही जानकारी देना।जानकारी का अधिकार देने के लिए, उत्पादों और सेवाओं के बारे में स्पष्ट और सच्ची जानकारी प्रदान करनी चाहिए। उपभोक्ताओं को उत्पादों के मूल्य, गुणवत्ता, और उपयोग के बारे में जानकारी देनी चाहिए। इसके अलावा, उत्पादों पर सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी देनी चाहिए। जानकारी को आसानी से समझने योग्य और सुलभ बनाना चाहिए, ताकि उपभोक्ता अपने निर्णय लेने में सक्षम हों।

आगे के लिये शोध विषय – अनुसंधान विद्वानों को क्षेत्र में कई अन्य अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि अन्य कोणों से भी समस्याओं का गहन विश्लेषण किया जा सके। इनमें से कुछ विषय नीचे दिए गए हैं:–

1. महानगरीय शहरों के लोगों की उपभोक्ता समस्याएं और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम।
2. उ.प्र. एवं हरियाणा के 10 जिलों के विशेष संदर्भ में उपभोक्ता न्यायालयों में लंबित मामले।
3. 1986 के प्रति व्यवसायी वर्ग और उत्पादकों का दृष्टिकोण।
4. 1986 से उपभोक्ता संबंधी कानूनों का रुझान विश्लेषण।
5. उपभोक्ता अदालतों द्वारा दिए गए फैसले और उपभोक्ताओं और उत्पादकों पर उनके प्रभाव।
6. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के व्यावहारिक लाभ और इसके कार्यान्वयन में प्रासंगिक बाधाएं।
7. सेवा क्षेत्र के क्षेत्र में उपभोक्ता अदालतों की भूमिका।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय अर्थव्यवस्था –डॉ. सुदामा सिंह,राजीव कृष्ण सिंह
2. भारतीय अर्थव्यवस्था –एस.के. मिश्र, वी.के. पुरी
3. आर्थिक विकास एवं नियोजन –एस.पी. सिंह
4. भारत विकास की दिशायें –डॉ. अमर्त्य सेन एवंज्यां ब्रीज
5. उपभोक्ता संरक्षण दिग्दर्शन –डॉ. बसन्ती लाल बावेल
6. उपभोक्ता सरंक्षण में उपभोक्ता संगठनों की भूमिका– अनुराग सक्सेना
7. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 –राम कृष्ण मिश्र
8. अपकृत्य विधि तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986–डॉ. आर.के. बांगिया
9. आवश्यक वस्तु अधिनियम–सावंतमल माथुर
10. बीएमआरबी सोशल रिसर्च, यू.के. पोषण साइन पोस्ट लेबलिंग योजनाओं की समझ और उपयोग : http://www.food.gov.uk/ multimedia/pdfs/pmpreport.pdf
11. कैथी गुडविन, गोपनीयता : उपभोक्ता अधिकारों की मान्यता, http:/ /www.jstor.org/pss/ 3000257
12. Consensus action on Salt and Health. Salt survey in the older population. [cited 2009/8/10]; Available from:
13. http://www.actionsalt.org.uk/publications/survey_ pages/older_survey.htm
14. Consumer Act, 1991 of Philippines.
15. Consumer Bill of rights at http://www.cuts-international.org/safetywatch.htm,
16. Consumer Protection Act 1986 of India, West Bengal Government.
17. See http://wbconsumers.nic.in/cpa-detail.html.
18. उपभोक्ता संरक्षण–उपभोक्ता संरक्षण निदेशालय, म0.प्र0, भोपाल
19. उपभोक्ता जागरण–भारत सरकार उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
20. www.consumeronline.org
21. www.consumer-voice.org
22. www.core.nic.in
23. www.corecentre.org
24. www.cuts-international.org
25. www.en.wikipedia.org/wiki/Consumer_protection

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अष्टांग योग से आत्मनिष्ठ एवं मानसिक जगत का ज्ञान

डॉ. विनोद राय*

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, डोलरिया, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – प्रत्येक विद्या की अपनी एक प्रणाली है। यदि मनुष्य एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने की जिज्ञासा रखता है तो मात्र अंतरिक्ष विज्ञान के वक्तव्य सुनने से वह अंतरिक्ष वैज्ञानिक नहीं बन सकता। उसे अंतरिक्ष विज्ञान का यथावत अध्ययन करना होगा और एक प्रयुक्त प्रणाली के माध्यम से उस विज्ञान से सम्बधितं ज्ञान अर्जित करता होगा, तब कहीं जाकर वह एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने में सक्षम होगा। प्रत्येक विद्या की अपनी एक प्रणाली है मात्र उपदेश को सुनने भर से सभी परिणामों की प्राप्ति असंभव है जब तक कि उन उपदेशों को सुनकर उन्हें आत्मसात न किया जाये और उनको व्यावहरिक जीवन में प्रारम्भ न किया जाये। प्रयोग के अभाव में परिणाम अधूरे ही रहेंगें और ढोष साधनों को दिया जायेगा और साध्य को, लक्ष्य को असंभव कहकर छोड दिया जायेगा। जबकि कारण साधक और उसकी साधना प्रणाली का अधूरापन है।

प्रयुक्त साधन-प्रणाली लेकर उसकी युक्ति संगत प्रायोगिक विधियों में श्रद्धा रखकर साधना करने से हम उस परिणाम को प्राप्त कर सकते हैं जो उस साधन प्रणाली के परिणाम के रूप में वर्णित है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार कोई ज्ञान प्राप्त करने के लिए हम साधारणीकरण की सहायता लेते हैं और साधारणीकरण घटनाओं के पर्यविक्षण पर आधारित है। हम पहले घटनावली का पर्यविक्षण करते है फिर उनका साधारणीकरण करते हैं और फिर उनसे अपने सिद्धांत या मतामत: निकालते हैं। हम जब तक यह प्रत्यक्ष नहीं कर लेते है कि हमारे मन के भीतर क्या हो रहा है और क्या नहीं, तब तक हम अपने मन के सम्बन्ध में, मनुष्य की आभ्यान्तरिक प्रकृति के सम्बन्ध में, मनुष्य के विचार के सम्बन्ध में कुछ भी नहीं जान सकते। वाह्य जगत के व्यापारों का पर्यविक्षण करना अपेक्षाकृत सहज है, क्योंकि उसके लिए हजारों यंत्र निर्मित हो चुके हैं, पर अंतर्जगत के व्यापार को समझने में मदद करने वाला कोई भी यंत्र नहीं है। अष्टांग योग रूपी राजयोग-विद्या पहले मनुष्य की उसकी अपनी आभ्यन्तरिक अवस्थायों के पर्यविक्षण का इस प्रकार उपाय दिखा देती है कि मन ही उस पर्यविक्षण का यंत्र है। मनोयोग की शक्ति का सही सही नियमन कर जब उसे अंतर्जगत की ओर परिचालित किया जाता है, तभी वह मन का विश्लेषण कर सकती है। और तब उस ज्ञानरूपी प्रकाश से हम यह सही सही समझा सकते हैं कि अपने मन के भीतर क्या घट रहा है। मन की शक्तियों इधर उधर बिखरी – हुई प्रकाश की किरणों के समान हैं। जब उन्हें केन्द्रीभूत किया जाता है तब वे सब कुछ आलोकित्त कर देती हैं। यही ज्ञान का – हमारा एकमात्र उपाय है।

मन को अन्तर्मुखी करना, उसकी बहर्मुखी गति को रोकना, उसकी समस्त शक्तियों को केन्द्रीभूत कर उस मन को ही उपर उनका प्रयोग करना, ताकि वह अपना स्वभाव समझ सकें, अपने आपको विश्लेषण करके देख सके एक अत्यन्त कठिन कार्य है। परंतु इस विषय में वैज्ञानिक प्रथा के अनुसार अग्रसर होने के लिए यही एकमात्र उपाय है। अष्टांग योग के अभ्यास से मन और बुद्धि से मल, विक्षेप और आवरण हटते जाते हैं, वैसे-वैसे आध्यात्मिक आलोक की उपलब्धि प्राप्त होती जाती है। आध्यात्मिक उन्नति की सबसे बड़ी बाधा अविद्या है। अविद्या से अस्मिता, अस्मिता से राग, राग से द्वेष और द्वेष से अभिनिवेश, अभिनिवेश से सकाम कर्म, उनकी वासनाओं से जन्म, आयु, भोग एवं उनमें सकाम कर्मो के पाप-पुण्य के आधार पर सुख-दु:ख आदि प्राप्त होते हैं। उन समस्त विकारों की निवृत्ति हेतु महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग को प्रमुख साधन माना है। अष्टांग योग के विभिन्न अंगों का अभ्यास योग साधक की साधना करने के लिए आवश्यक हैं। इससे शरीर, मन की अशुद्धियों दूर होती हैं और क्रमश: अभ्यास से आध्यात्मिक उपलब्धियों की प्राप्ति होने लगती हैं। अष्टांग योग के विस्तृत स्वरूप का वर्णन इस प्रकार है-

अष्टांग योग का स्वरूप– अष्टांग योग में वर्णित साधनों को बहिरंग और अंतरंग साधनों के रूप में विभाजित किया गया है। यह सभी आठ अंग अन्योन्याश्रित तथा प्रत्येक का समान महत्व है। प्रथम पाँच अंग यम, नियम, आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार बहिरंग साधन अथवा बहिरंग योग कहलाते हैं। अन्य तीन धारणा, ध्यान तथा समाधि को अंतरंग साधन या अंतरंग योग कहते हैं। बहिरंग साधन का तात्पर्य उन अभ्यासों से है जिनका लक्ष्य शरीर, समाज तथा अन्य विषयों के संदर्भ में होता है। अंतरंग साधनों का उद्देश्य एवं लक्ष्य आत्मचिन्तन एवं बहिरंग साधनों का उद्देश्य एवं लक्ष्य व्यावहारिक, शारीरिक, मानसिक परिष्कार होता है। बहिरंग साधनों का लक्ष्य वस्तुनिष्ठ होता है परन्तु अंतरंग साधनों का लक्ष्य आत्मनिष्ठ होता हैं महर्षि पतंजलि अष्टांग का वर्णन इस प्रकार से करते हैं-

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानरामाधयोऽष्टावङ्गानि ॥
पांतजल योग सूत्र 2/29

अर्थात् यम, नियम, आसन, प्राणायान, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि योग के आठ अंग हैं। योग के विभिन्न अंगों के महत्व को क्रमानुसार हम यहाँ समझ सकते हैं-

1. **यम–**यम वास्तव में हमारे व्यवहार से संबंधित है, इनके माध्यम से हम व्यवहार को परिश्कृत करते हैं। हमारा व्यवहार दूसरों से जुड़ा होता है अर्थात् हम जो व्यवहार दूसरों के साथ करते है, उसमें पवित्रता की आवश्यकता

होती है जो कि यम के पालन से प्राप्त होती है। महर्शि पतंजलि ने यम के पांच अंग बताये हैं।

'अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचार्या परिग्रहा यमा:'

अर्थात्

अहिंसा,सत्य,अस्तेय,ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ये पांच यम हैं।

यम के इन अंगो का वर्णन निम्नलिखित हैं :-

अहिंसा- अर्थात् किसी प्राणी को मन, वचन, कर्म से पीड़ा न पहुंचाना। आयुर्वेद ग्रन्थ 'अष्टांगहृदय' के अनुसार हिंसा तम का द्योतक है। यह अभिघात (चोट मारना) और प्रतिरोध को उत्पन्न करने वाला होता है। अत: इसे पापकर्म बताकर त्यागने का निर्देश हैं शांडिल्यउपनिषद के अनुसार- मनसा, वाचा कर्मणा कभी भी किसी प्राणी को कष्ट न देना अहिंसा है।

सत्य- सत्य को यथार्थ वचन द्वारा समझा जाता है। स्वामी हरिहरानन्द के अनुसार वाक्य को तदनुरूप करने की चेष्टा ही सत्यसाधन है। मनुस्मृति में कहा गया है कि सत्य बोलो, प्रिय बोलो। अप्रिय सत्य नहीं बोलो एवं प्रिय असत्य भी नहीं बोलो, यही सनातन धर्म है।

अस्तेय- अस्तेय का सामान्य अर्थ चोरी करना है अत: अस्तेय का अर्थ चोरी न करना है। इसका प्रभाव व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन पर पड़ता है। जो धर्मत: अप्राप्य होता है उस प्रकार के द्रव्य का ग्रहण स्तेय कहलाता है। पृथ्वी में कहीं पर भी गुप्त स्थल में स्थित सभी तरह के घोषित रत्न वस्तु पदार्थ आदि उसके लिए प्रकट हो जाते है। किसी भी पदार्थ वस्तु पदार्थ के प्रति राग (आसक्ति) का होना भी स्तेय (चोरी) कहलाता है।

अपरिग्रह- आपातकाल में भी इच्छानुसार द्रव्यों का संग्रह न करना अपरिग्रह कहलाता है। परिग्रह का अर्थ जमा करना है। अपरिग्रह अर्थात् संचय प्रवृति का त्याग करना है। महर्षि व्यास के अनुसार-अर्जन, रक्षण, क्षय संग और हिंसा इन पांच प्राकर के दोषों को देखकर विषयों को ग्रहण न करना अपरिग्रह है। आपातकाल में भी इच्छानुसार द्रव्यों का संग्रह न करना अपरिग्रह कहलाता है। अपरिग्रह अर्थात् संचय प्रवृत्ति का त्याग करना है।

ब्रह्मचर्य- यह इन्द्रियों का संयम है। इसके द्वारा ऊर्जा का संरक्षण सिखा जाता है। शारीरिक दृष्टि से ब्रह्मचर्य को तप कहा जा सकता है। क्योंकि तप का अर्थ मन का निष्काषन करना है और ब्रह्मचर्य अर्थात् इन्द्रिय संयम होता है। ब्रह्मचर्य से आत्मिक, भौतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति होती है। योगी ही ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करके आध्यात्मिक उन्नति करते है.

2. **नियम-** यदि हम व्यवहार के मूल में जाए तो मन ही इसकी उत्पत्ति का कारण है। नियम का अर्थ नियमित अनुष्ठानो द्वारा मन को अनुशासन में लाकर मन के विखराव को रोकना है। महर्षि पतंजलि नियम का वर्णन इस प्रकार करते है-शौचसंतोषतपरूस्वाध्यायेशवरप्राणीधानानि नियमा: । नियम अत्यंत आवश्यक अंग हैं जिसे सभी ने स्वीकार किया है कि यह योग का महत्वपूर्ण अंग है। उपनिषद संहिता आदि में योग के अंग के रूप में नियम का वर्णन है। विज्ञानभिक्षु ने तप स्वाध्याय संतोष, पवित्रता तथा ईश्वरपूजन को योग की सिद्धियों को प्रदान करने वाले नियम कहा है। इन नियमों का विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-

शौच-शौच का सामान्य अर्थ शुद्धिकरण है। आन्तरिक व सूक्ष्म रुप में इसे पावनता कहते है। पावनता कभी नष्ट नहीं होती है इसलिए ईश्वर को पतित पावन कहते है। इस संबंध में तुलसीदास जी ने कहा है 'निर्मल मन जन सो मोहि भावा। मोहि छल कपट छिद्र न भावाद्य' मन पवित्र होने पर ही परमात्मा को प्रिय होते हैं कपट छल रहने पर उन्हें अप्रिय लगते है।

संतोष - संतोष एक मानसिक गुण है जिससे सुख प्राप्त होता है। संतोष से ही जीवन में सुख-शांति प्राप्त होती है, यह इसका आधार स्रोत है। भौतिक आकाक्षाओं की पूर्ति की ललक व उसे प्राप्त करने के पश्चात भोग करना तृष्णा है और तृष्णा के पश्चात असंतोष होता है। तृष्णा का अंत नहीं होता है संतोष करने पर ही इसकी समाप्ति हो सकती है। अत संतोष ही शांति आनन्द की प्राप्ति का मुख्य साधन है।

तप-यह नियम का तीसरा अंग है। इसके द्वारा सहनशीलता का अभ्यास किया जाता है तथा इसके माध्यम से व्यवहार में उत्पन्न दोषों का निराकरण किया जाता है। उदाहरणत: चन्द्रायण व्रत, यह तप का ही एक प्रकार है, जिसके माध्यम से पूर्वकृत दोषकर्मो का परिमार्जन किया जाता है। तप व्यवहार परिमार्जन के साथ ही शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक परिमार्जन हेतु एक महत्वपूर्ण तकनीक है।

स्वाध्याय- स्वयं अपने जीवन का समीक्षात्मक अध्ययन ही स्वाध्याय कहलाता है। यह शास्त्रों के अध्ययन द्वारा संपन्न होता है और इससे ज्ञान-विज्ञान की प्राप्ति होती है। गीता में कहा गया है 'नहि ज्ञानेन सदृशंपवित्र भिहविधाते।' अर्थात् ज्ञान के सदृश पवित्र संसार में कुछ नहीं है। स्वाध्याय के द्वारा ज्ञान की प्राप्ति होती है, जो हमारे व्यवहार को सन्मार्ग में प्रेरित करती है। स्वाध्याय का महत्व मानव जीवन में बहुत है।

ईश्वरप्रणिधान - प्रणिधान का अर्थ है, धारणकरना स्थापित करना। **'समाधिसिद्धिरीश्वर प्रणिधानात'** ईश्वर प्रणिधान से समाधि सिद्ध होती है। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार प्रणिधान का अर्थ समर्पण बताया है तथा कहा कि ईश्वर समर्पण भाव में सब कुछ समर्पित कर दिया जाता हैं इसके पश्चात हि समाधी की पूर्णता होती हैं ईश्वर प्रणिधान अर्थात् ईश्वर को धारण करना।

3. **आसन-**आसनों का पूर्ण वर्णन हठयोग से ग्रन्थों में ही उपलब्ध होता है। हठयोग प्रदीपिका में आसन का योगाभ्यास में प्रथम स्थान है। हठयोग में आसनों के अनेक भेद बतलाये गये हैं, परन्तुमहर्षि पतंजलि ने आसन शरीर को सुखदायी रखने की तकनीक के रूप में बताया है। उनके अनुसार 'स्थिरसुखमासनम्' अर्थात् जो स्थिर और सुखदायी हो वह आसन है। आसन शरीर के मन स्थानों में रहने वाली 'हव्य वहा' व 'कव्य वहा' विद्युत शक्ति को क्रियाशील रखते हैं। आसनों का सीधा प्रभाव शरीर की नस-नाडीयों के अतिरिक्त सूक्ष्म कशेरुकाओं पर भी पडता है।

4. **प्राणायाम-** प्राणायाम का अर्थ है-प्राण का विस्तार करना। स्थूल रूप में यह जीवनी शक्ति प्राण से संबंधित है। योगसुत्रकार महर्शि पतंजलि के अनुसार- महर्षि पतंजलि में अष्टांग योग का चौथा अंग प्राणायाम बताया है, 'तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासंयोर्गतिविच्छेद प्राणायाम।' अर्थात्-उस आसन की सिद्धि होने के बाद, श्वास और प्रश्वास की गति का स्थिर हो जाना प्राणायाम कहलाता है। प्राणायाम के संदर्भ में बहुत से विद्वानों ने अपने विचार रखे हैं और उसे समझने की कोशिश की है। स्वामी हरिहरानंद के अनुसार, श्वासगति तथा प्रश्वासगति का रोध करना ही प्राणायाम है। स्वामी स्वात्माराम के अनुसार 'चले वातं चलं चित्तं निश्चले निश्चल भवति।' योगी स्थाणुत्वामासीति ततोवायु निरोधयेत् अर्थात् वायु के चलायमान होने पर चित्त भी चंचल होता है और वायु के निश्चल हो जाने पर चित्त भी स्थिर हो जाता है तब योगी स्थिरता को प्राप्त होता है। अत: प्राणायाम का अम्यास करे।

5. **प्रत्याहार-**वस्तुत: पतंजलि के अष्टांगयोग में प्रत्याहार अन्तरंग तथा

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

बहिरंग अवस्थाओं में सेतु रूप है। महर्षि पतंजलि के अनुसार - 'स्वविषयासंप्रयोगचीत्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहार:' अपने विषयों के सम्बन्ध से रहित होने पर इंद्रियों का जो चित्त स्वरूप में तदाकार सा हो जाता है वह प्रत्याहार है। स्वामी हरिहरानंद के अनुसार दचित्त निरोध होने पर इंद्रियों का निरोध साधन रूप प्रत्याहार ही योगियों का उपादेय होता है। विज्ञानभिक्षु के अनुसार, इंद्रियों का निग्रह करना अर्थात् उन्हें वश में करके अपनी इच्छानुसार उनसे कार्य लेना ही प्रत्याहार कहा गया है।

6. धारणा- धारणा पतंजलि के अष्टांग योग में छठे अंग के रूप में वर्णित है। पतंजलि ने धारणा को अन्तरंगयोग मानते हुए संयम का अंग माना है। महर्षि पतंजलि के अनुसार 'देशबंधश्वितश्य धारणा' किसी एक देश में चित्त को ठहराना धारणा है। व्यास भाष्य के अनुसार- 'नाभीचक्र, ह्रदय पुण्डरी, मूर्द्धज्योति नासिकाग्र,जिह्वाग्र इत्यादि देशों में (बंध होना) अथवा बाहा विषय में वृत्तिमात्र के द्धारा चित्त का जो बध है, वही धारणा है।

7. ध्यान- धारणा के पश्चात् ध्यान की प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि के अनुसार 'तत्र प्रत्ययेकतानताध्यानम।' (जहां पर चित्त का केन्द्रित किया जाए) उसी में वृत्ति (वित्तवृत्ति) का एक तार चलना (एकाग्र होना) ही ध्यान कहलाता है। प्यास भाष्य के अनुसार- उस देश में, ध्येयविषयक प्रत्यय की जो एकातानता अर्थात् अथ प्रत्यय के द्धारा अपरामृष्ट एकरूप प्रथाह है, वहीं ध्यान है। स्वामी हरिहरानंद के अनुसार- अभ्यास बल से जब धारणा एकतान या अखण्ड घारा की भांति हो जाता है, तब उसे ध्यान कहते है। गीता के अनुसार, जिस प्रकार वायुरहित स्थान में स्थित दीपक की लो चलायमान नहीं होती, वैसी ही उपमा परमात्मा के ध्यान में लगे हुए योगी के जीते हुए चित्त की कही गई है।

8. समाधि-समाधि पतजलि अष्टांगयोग का आठवां तथा अन्तिम लक्ष्य है। प्राय: योग की सभी विचारधाराओं में समाधि को अन्तिम लक्ष्य स्वीकार किया गया है। यह मन की समस्त वृत्तियों के निरोध या विनाश की अवस्था है। महर्षि पतंजलि के अनुसार 'तदेवार्थमात्रनिर्मासस्वरूपशून्यमिव समाधि:' जब (ध्यान में) मात्र ध्येय (लक्ष्य) की ही प्रतीति होती है तथा चित्त का निज स्वरूप शून्य सा हो जाता है, तब वही (ध्यान ही) समाधि हो जाता है। व्यास भाष्य के अनुसार ध्यान ही जब ध्यय स्वाभाव के आवेश में अपने ज्ञान्तामक स्वाभाव से शुन्य के सामान होता है तब (उसे) समाधि कहते है। विज्ञानभिक्षू के अनुसार ध्यान जब ध्येय के अत्यधिक चिन्तन से ध्यान, ध्येय तथा ध्यात्र भाव की दृष्टि से रहित होकर ध्यय मात्र का आकार हो जाता है तब समाधि कहलाता हैं स्वामी विवेकानंद के अनुसार- जब ध्यान में वस्तु का रूप या बाहरी भाग परित्यक्त हो जाता हैं, तभी यह समाधि अवस्था आती है।

उपरोक्तत विवरण से यह स्पष्ट है कि, अष्टांग योग के ये अंग ऐसे उपाय हैं जिनसे शारीरिक तथा मानसिक विकास के साथ ही साथ आध्यात्मिक विकास भी संभव होता है। वास्तव में अष्टांग योग का प्रत्येक अंग प्रथक रूप से योग के अभ्यास में एक-एक साधन है। जो की जीवन के लिए एक उपयोगी व श्रेष्ठ साधन हैं। योग की पूर्ण साधना के लिए इन आठों अंगो क्रमश: अभ्यास आवश्यक है। क्रमश: एक-एक अंग पर पूर्ण अधिकार हो जाने पर ही अग्रिम योगागों में प्रवृत्ति होती है। अष्टांग योग के ये सभी साधन परस्पर अन्योन्याश्रित होते हैं, सभी अंगों का महत्व एवं उपयोग पारस्परिक निर्भर है।

अत: अष्टांग योग अन्तर्जगत से सम्बन्धित घटनाओं के वैज्ञानिक विश्लेषण हेतु महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक विधि है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पवनकुमारी विज्ञानभिक्षु प्रणित योगसार संग्रह इस्टर्न बुक लिंकर्स दिल्ली पृष्ठ संख्या 67
2. पतंजली योगसूत्र 2/3
3. पतंजली योगसूत्र 2/12
4. पतंजली योगसूत्र 2/30
5. अष्टांग ह्रदय 2/21-22
6. मानरा गोस्वामी तुलसीदास, उत्तराखंड
7. विवेकानंद स्वामी विवेकानंद साहित्य, स्वामी स्वानंद अद्धेत आश्रम मायावती पिथोरागढ़ खंड 1 पृष्ठ संख्या 39
8. आचार्य श्री राम शर्मा संख्यदर्शन एवं योगदर्शन वेदमाता गायत्री ट्रस्ट शांतिकुंज हरिद्धार पृष्ठ संख्या 57

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Artificial Intelligence in Research: Transformative Advances, Applications, and Ethical Implications

Mrs. Madhuri Khandelkar*

***Assistant Professor (Home Science) Govt. M.H. College of Home Science and Science for Women, Jabalpur (M.P.) INDIA**

Abstract : Artificial Intelligence (AI) has revolutionized research practices across various disciplines by offering innovative tools and techniques to analyze data, uncover patterns, and generate insights. This paper explores the integration of AI in research, highlighting its transformative advancements, diverse applications, and ethical considerations. By examining recent developments and scholarly literature, this paper aims to provide a comprehensive understanding of the evolving role of AI in shaping research methodologies and practices.
Keywords: Artificial Intelligence, Research, Advancements, Applications, Ethical Considerations.

Introduction - Artificial Intelligence (AI) has emerged as a transformative force in research, offering novel approaches to data analysis, pattern recognition, and decision-making. From healthcare and finance to social sciences and environmental studies, AI technologies have penetrated diverse research domains, facilitating groundbreaking discoveries and innovations. This paper explores the multifaceted relationship between AI and research, elucidating its advancements, applications, and ethical implications.The evolution of AI technologies, propelled by advancements in machine learning, deep learning, and data analytics, has ushered in a new era of possibilities for researchers worldwide. From deciphering complex datasets to automating mundane tasks, AI offers researchers powerful tools and techniques to enhance their productivity and uncover insights that were previously unattainable. The proliferation of AI-driven research is evident across diverse fields, ranging from healthcare and finance to social sciences and environmental studies, where AI algorithms are deployed to tackle complex challenges and accelerate scientific breakthroughs.

Advancements in AI for Research: The advancements in AI technologies have significantly enhanced researchers' capabilities to process large datasets, extract meaningful insights, and develop predictive models. Machine Learning (ML) algorithms, such as neural networks, support vector machines (SVM), and decision trees, enable researchers to uncover complex patterns and correlations within data. Deep Learning techniques, including convolutional neural networks (CNNs) and recurrent neural networks (RNNs), excel in tasks such as image recognition, natural language processing (NLP), and speech synthesis.

Moreover, AI-driven algorithms have been integrated with other emerging technologies like big data analytics and Internet of Things (IoT) devices, expanding the scope of research applications. Predictive analytics powered by AI facilitate proactive decision-making in fields like predictive maintenance, personalized medicine, and risk assessment. AI-based virtual assistants streamline research processes by automating literature reviews, data collection, and experimental design.

Applications of Artificial Intelligence (AI) in Research: Artificial Intelligence (AI) has permeated virtually every aspect of modern research, offering unprecedented opportunities to revolutionize traditional methodologies, accelerate knowledge discovery, and address complex challenges across diverse domains. From healthcare and finance to social sciences and humanities, AI-powered tools and techniques are transforming the research landscape, enabling researchers to unlock new insights, make predictions, and automate labor-intensive tasks. This section explores the wide-ranging applications of AI in research, highlighting real-world examples and case studies that demonstrate the transformative impact of AI across various disciplines.

Healthcare: AI has emerged as a game-changer in healthcare research, revolutionizing diagnostics, drug discovery, personalized medicine, and patient care. In diagnostic imaging, AI algorithms analyze medical images, such as X-rays, MRIs, and CT scans, to assist radiologists in detecting abnormalities and diagnosing diseases with greater accuracy and efficiency. For instance, DeepMind's AlphaFold AI system has demonstrated remarkable success in predicting the 3D structure of proteins, facilitating drug discovery and protein engineering.

Moreover, AI-driven predictive analytics are transforming healthcare by enabling early disease detection, predicting patient outcomes, and optimizing treatment plans. For example, IBM's Watson for Oncology utilizes AI to analyze patient data and medical literature to recommend personalized cancer treatment options based on individual patient characteristics and clinical evidence. Similarly, AI-powered virtual health assistants, such as Babylon Health's chatbot, provide patients with personalized medical advice, triage services, and remote monitoring, improving access to healthcare services and enhancing patient outcomes.

Finance: In the financial sector, AI technologies are revolutionizing research methodologies, portfolio management, risk assessment, and fraud detection. AI-based trading algorithms leverage predictive analytics to forecast market trends, optimize investment strategies, and mitigate financial risks. For instance, quantitative hedge funds like Renaissance Technologies and Two Sigma employ sophisticated AI algorithms to analyze vast amounts of financial data and execute high-frequency trades with minimal human intervention.

Sentiment analysis techniques, powered by AI, analyze social media feeds, news articles, and market data to gauge investor sentiment and market volatility. By identifying emerging trends and market sentiments, financial researchers can make informed decisions and capitalize on market opportunities. Moreover, AI-driven fraud detection systems employ anomaly detection algorithms to identify fraudulent activities, detect suspicious transactions, and prevent financial crimes in real time.

Social Sciences and Humanities: AI tools and techniques are increasingly being applied in social sciences and humanities research to analyze textual data, uncover patterns, and gain insights into human behavior, culture, and society. Text mining and natural language processing (NLP) techniques enable researchers to analyze large volumes of textual data, such as social media posts, academic papers, and historical documents, to identify trends, sentiments, and themes.

यहाँ एशिया का सबसे बड़ा कोयला वॉश प्लांट है। साथ ही डब्ल्यू. सी. एल. के कन्हान क्षेत्र का प्रधान कार्यालय इसी क्षेत्र में स्थित है। यहाँ की क्षेत्रीय भाषा हिन्दी, गोंडी और मराठी है। जिले का स्त्री पुरुष अनुपात काफी अच्छा है। सामान्यत: अध्ययन न्यादर्श परिवारों में पारिवारिक दायित्वो के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की परम्परा रही है पति पत्नी दोनो संयुक्त रूप से परिवार के भरण-पोषण के लिए कार्य करते है फलत: क्षेत्र में स्त्रियाँ पुरुषो से मात्र कुछ कदम ही पीछे है।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन निम्न उद्देश्यों पर आधारित है।

(अ) अध्ययन क्षेत्र में रोजगार हेतु वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों का पता लगाना।

(ब) शहरी प्रवसन के प्रमुख कारणों का अध्ययन करना।

(स) प्रवसन को रोकने हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध परिकल्पना :

(अ) रोजगार के साधन जिले में पर्याप्त हैं।

(ब) रोजगार साधनों में विविधता की कमी प्रवसन हेतु उत्तरदायी है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको पर आधारित है प्राथमिक समंको के संकलन हेतु दैव निदर्शन पद्धति द्वारा न्यादर्श परिवारों का चयन किया गया है अध्ययन ग्रामीण क्षेत्र के 200 परिवारो के अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों का चयन किया गया है। जिनमें अनुसूचित जाति के 25 परिवार एवं जनजाति के 175 परिवारों को शामिल कर प्रवसन का विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र में विकास योजनाएँ – इस क्षेत्र के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार सदस्यों के आर्थिक विकास हेतु उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए म.प्र. शासन एवं केन्द्र के सहयोग से विभिन्न योजनाएँ संचालित है जिसमें से कुछ प्रमुख योजनाएँ इस प्रकार है-

1. आहार अनुदान योजना
2. आकांक्षा योजना
3. प्रतिभा योजना
4. आवास सहायता योजना
5. विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति
6. प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति
7. मुख्यमंत्री सीखो-कमाओं योजना

व्यवसाय एवं न्यादर्श परिवार – जनजातियों की अर्थव्यवस्था उन्नत समाज की अर्थव्यवस्था से नितांत भिन्न होती है इनकी निजी आवश्यकताएँ बहुत सीमित होती है इन सीमित आवश्यकताओं के लिए प्रधानत: प्रकृति पर निर्भर रहते है। वन न केवल इनके वांछित प्रिय निवास क्षेत्र हैं बल्कि आजीविका के स्त्रोत भी रहे हैं, अब इस स्थिति में अमूल्य परिवर्तन हो गया है। हमारी आधुनिक अर्थव्यवस्था में न केवल आदिवासियों के असीमित अधिकार को समाप्त कर दिया बल्कि वन संसाधन का व्यापारिक स्तर पर दोहन प्रारंभ किया गया। आदिवासियों द्वारा वनों का परम्परागत उपयोग उस बहुमूल्य सम्पत्ति के अपव्यय के रूप में देखा जाने लगा है। सिमटते हुए वनों और उन पर निरन्तर बढते प्रतिबन्धों एवं दबावो के कारण आदिवासी समुदाय कृषि, मजदूरी और पशुपालन जैसे व्यवसाय की ओर मुड़े।

जनजातीय समुदाय इतने निर्धन हैं कि इनके पास स्वयं की कृषि भूमि तक नहीं है जिनके पास कृषि भूमि है भी तो वह बहुत कम उपजाऊ है जिसमें मोटा अनाज का ही उत्पादन हो पाता है विकल्प के रूप में केवल मजदूरी ही जनजातियों का आर्थिक स्त्रोत है वनों से प्राप्त लघु वनोपज एवं जड़ी-बूटी का संग्रह बहुत थोड़ा सा आर्थिक स्त्रोत है जो जीवन यापन के लिये पर्याप्त नहीं है।

अनुसूचित जाति परिवार के ज्यादातर सदस्य गांव के मालगुजार, बड़े किसानो के घर पर खेती से संबंधित कार्य करते हुए अपना जीवन यापन

करने का प्रयास करते है परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त मजदूरी न मिल सकने के कारण यह अनुसूचित जाति परिवार शहरो की ओर पलायन कर रहे है। अध्ययन क्षेत्र के 200 परिवारों से उनके रोजगार के बारे में जानकारी ली गई तो प्राप्त निष्कर्ष इस प्रकार है :

तालिका क्रं. 1: न्यादर्श परिवार एवं व्यवसाय (रोजगार)

क्रं.	व्यवसाय का प्रकार	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	योग
1	कृषि	58 (33.15)	05 (20.00)	63 (31.5)
2	मजदूरी	105 (60.00)	14 (56.00)	119 (59.5)
3	स्वयं का व्यवसाय	09 (5.14)	05 (20.00)	14 (7.00)
4	शासकीय नौकरी	01 (0.57)	---	01 (0.5)
5	अशासकीय नौकरी	02 (1.14)	01 (4.00)	03 (1.5)
	योग	175 (100)	25 (100)	200 (100)

स्रोत : प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित समंक। कोष्ठक के समंक प्रतिशत में हैं।

उपरोक्त तालिका क्रं. 1 से स्पष्ट है, कि अनुसूचित जनजाति समुदाय के न्यादर्श परिवार सर्वाधिक मजदूरी कर रहे हैं कृषि कार्य करने वाले परिवारों की संख्या 58 अर्थात 33.15 प्रतिशत है। 59.50 प्रतिशत परिवार सबसे अधिक मजदूरी करते हैं जिससे मिलने वाली आय इतनी कम होती है कि परिवार हेतु रोटी कपड़ा जैसी बुनियादी सुविधाए जुटा पाना मुश्किल होता है।

इन न्यादर्श परिवारों में शिक्षा की कमी होने से ये सरकारी आरक्षण संबंधी सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं और निम्न जीवन स्तर पर हमेशा बने रहते हैं। जुन्नारदेव तहसील के ग्रामीण अंचलों में गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के कृषक एवं भूमिहीन लोगों के लिए घर पर ही कृषि के अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जिले में सुविधाओं का आंकलन एवं पूर्ति की व्यवस्था हेतु उद्योग, परिवहन सुविधाऐं, संचार एवं शिक्षा जैसी आधारभूत (मूलभूत) सुविधाएँ प्रदान की गई हैं इसके अतिरिक्त प्राकृतिक संसाधनों के अंतर्गत लघु वनोत्पादों का संकलन एवं शासकीय विभिन्न रोजगार उपयोजना एवं योजनाओं के माध्यम से जिले के आदिवासी एवं अनुसूचित जाति परिवारों की आय-वृद्धि कर जीवन स्तर को उच्च बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के दौरान यह देखा गया है कि न्यादर्श परिवार मुख्यरूप से जल एवं वन संसाधनों के संरक्षण द्वारा रोजगार प्राप्त कर आय प्राप्त कर रहे है।

तालिका क्रं. 2

क्रं.	समुदायगत विवरण	जल संरक्षण पर आधारित कार्य में रोजगार प्राप्त परिवार				
		मत्स्यपालन	सिंचाई	वानिकी	अन्य	योग
1	अनुसूचित जनजाति	40 (22.85)	45 (25.73)	70 (40.0)	20 (11.42)	175 (100)
2	अनुसूचित जाति	06 (14.00)	12 (48.00)	05 (20.0)	02 (08.0)	25 (100)
	योग	46 (23.00)	57 (28.50)	75 (37.5)	22 (11.0)	200 (100)

स्रोत : प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित समंक। कोष्ठक के समंक प्रतिशत में हैं।

उपरोक्त तालिका क्रं. 2 से स्पष्ट है, कि वानिकी कार्यो में सर्वाधिक 37.50 प्रतिशत न्यादर्श परिवारों को रोजगार मिला हुआ है, क्योकि जुन्नारदेव तहसील आदिवासी बहुल होने के साथ ही जिले का वन क्षेत्र भी बहुत अधिक है, परिणाम स्वरूप जिले में वानिकी कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया जा रहा है फिर भी इस क्षेत्र में रोजगार का प्रतिशत बहुत अधिक नहीं है।

तालिका क्रं. 3

क्रं.	समुदायगत विवरण	वन संरक्षण आधारित कार्यक्रमों/उद्योगों में रोजगार				
		लघुवन उपज संकलन	वनसंपदा पर आधारित उद्योग	औषधी पौधारोपण	अन्य	योग
1	अनुसूचित जनजाति	84 (48.0)	44 (25.15)	40 (22.85)	7 (4.0)	175 (100)
2	अनुसूचित जाति	12 (48.0)	6 (24.0)	04 (16.0)	03 (12.0)	25 (100)
	योग	96 (48.0)	50 (25.0)	44 (22.0)	10 (5.0)	200 (100)

स्रोत : प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित समंक। कोष्ठक के समंक प्रतिशत में हैं।

उपरोक्त तालिका क्रं. 3 से स्पष्ट है, कि 200 न्यादर्श परिवारों में से 48 प्रतिशत परिवारों को लघु वन उपज संकलन में 25 प्रतिशत परिवारों को वन संपदा पर आधारित उद्योग जैसे दियासलाई, कागज, टोकनी एवं झाडू बनाने वाले लघु उद्योगों एवं 22 प्रतिशत परिवार औषधी पौधों के रोपण के काम में लगे हुए है, ये काम ज्यादातर अनुसूचित जनजाति परिवारों से इस कारण कराया जाता है, क्योकि इन परिवारों को इन औषधी पौधों की बहुत अच्छी पहचान होती है।

रोजगार हेतु प्रवसन :- ग्रामीण परिवारों को ज्यादातर प्रवसन की समस्या का सामना करना पड़ता है विशेष रूप से इन जनजातीय क्षेत्र के न्यादर्श परिवारों के पास उतनी भूमि नहीं है जिससे उनको साल भर कृषि कार्य हेतु रोजगार मिल सके इनके पास इस प्रकार की भूमि है जो अधिक पैदावार नहीं देती है। सिंचाई एवं अधिक उपज देने वाली भूमि के अभाव में जनजातीय समाज के सदस्यों को काम की तलाश में दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। अध्ययन क्षेत्र के न्यादर्श परिवारों के व्यवसाय से संबंधित विवरण से स्पष्ट है कि ये परिवार कृषि कार्य से बचे समय में जंगल में काम कर अपनी आजीविका चलाते हैं परन्तु जंगली वनोत्पाद में कमी तथा वन नीति के कारण इन न्यादर्श परिवारों को समय एवं आवश्यकता अनुसार काम करने के लिए गांव के बाहर जाना पड़ता है इन न्यादर्श परिवारों में प्रवसन के निम्न कारण इस प्रकार हैं :

तालिका क्रं. 4: न्यादर्श परिवारों में प्रवसन के कारण

क्रं.	प्रवसन के कारण	अनुसूचित जनजाति		अनुसूचित जाति	प्रतिशत
		न्यादर्श परिवार (संख्या में)	प्रतिशत	न्यादर्श परिवार (संख्या में)	
1	मौसमी	18	10.28	2	8.00
2	माहवारी	9	5.15	1	4.00
3	पाक्षिक	15	8.57	3	12.00
4	आवश्यकतानुसार	79	45.15	13	25.00
5	सूखे के समय	40	22.85	6	24.00
6	वार्षिक	6	3.43	-	-
7	अन्य	8	4.57	-	-
	योग	175	100.00	25	100.0

स्रोत :- प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित समंक।

उपरोक्त तालिका क्रं. 4 से स्पष्ट है, कि अध्ययन क्षेत्र के 45.15 प्रतिशत परिवार सबसे अधिक आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु गांव से बाहर जाते हैं 22.85 प्रतिशत परिवारों द्वारा जिले में ही सूखे के समय प्रवसन किया जाता है वहीं मौसमी कारणों से 10.28 प्रतिशत, पाक्षिक रूप से 8.57 प्रतिशत परिवारों द्वारा ग्राम से बाहर अन्य स्थानों पर रोजगार कार्य किया जाता है।

सुझाव – उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में विकास की संभावनायें और शासन द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु पर्याप्त धन राशि भी आवंटित की जाती रही है परन्तु इन न्यादर्श परिवारों में जागरूकता की कमी के कारण विकास कार्यक्रमों का पता ही नहीं चल पाता है फलत: इन योजनाओं से होने वाले लाभों से ये परिवार वंचित रहते हैं अत: उचित लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने हेतु कुछ सुझाव इस प्रकार हैं :

1. शिक्षा के समुचित विकास द्वारा इन परिवारों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।
2. जनजातीय एवं अनुसूचित समाज के समग्र विकास हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च, तकनीकी, व्यवसायिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अवसर प्रदान किये जाने चाहिये ताकि स्वयं के व्यवसाय द्वारा आय अर्जित की जा सके।
3. कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक के प्रयोग को प्राथमिकता दी जाना चाहिए।
4. लघु वनउपज संग्रह में स्थानीय आदिवासी परिवारों के सहयोग द्वारा निर्धन बेराजगार आदिवासियों को अल्पकालिक ही नहीं बल्कि दीर्घकालिक रोजगार की व्यवस्था की जा सकती है।
5. क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को ध्यान में रखकर रोजगार उपलब्ध कराये जा सकते है।
6. रोजगार संसाधनों में विविधता द्वारा रोजगार के अवसर बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए।
7. सूखे के समय या अन्य कारणों से होने वाले शहरी प्रवसन को रोकने हेतु तत्कालिक रोजगार उपलब्ध कराने वाले कार्यक्रमों का अध्ययन क्षेत्र में विकास किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. चतुर्वेदी, सी. एल.: 'मानव संसाधन प्रबंध', महावीर बुक डिपो 2006 पृष्ठ 248
2. गंगेले, अरूण कुमार: 'व्यष्टि अर्थशास्त्र', म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल 1995 पृष्ठ 168,16
3. सिकलागर डॉ. पूनमचन्द्र:'वन एवं आदिवासी सामाजिक जीवन', शिवा पब्लिशर्स, 1994 पृष्ठ 113
4. तिवारी, राकेश कुमार:'आदिवासी समाज में आर्थिक परिवर्तन', नार्दन बुक डिपो 1990 पृष्ठ 27
5. नेट http://www.junnerdeo.nic.in/origio/htm
6. जोशी, हेमलता:'जनजातियों का भौगोलिक अध्ययन', यूनिवर्सिटी बुक हाउस प्रा. लि. जयपुर 2000
7. गुप्ता, एस.:'रिसर्च मैथालाजी एण्ड स्टेटीकल तकनीक', दीप एण्ड दीप पब्लिकेशन नई दिल्ली 2009
8. दैनिक समाचार पत्र – दैनिक भास्कर 5 अक्टूबर 2022 पृष्ठ 6

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

काव्यमीमांसा में वर्णित कविचर्या की प्रासंगिकता

डॉ. रामेश्वर प्रसाद झारिया*

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत) शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – राजशेखर द्वारा रचित काव्यमीमांसा यद्यपि अत्यन्त विस्तृत शास्त्रीय लक्षण ग्रंथ है किन्तु कविचर्या इस मायने में सर्वथा भिन्न है, क्योंकि इसमें न तो काव्य की आत्मतत्त्व की तरह गवेशणा है और न ही स्थापना बल्कि इन सारे सिद्धांतों के इतर कवियों के व्यक्तित्व परिवेश और दिनचर्या का विषद् विवेचन हुआ है। प्रस्तुत आलेख में उन्हीं बातों की पड़ताल करना है कि संस्कृत साहित्य के विकास क्रम में यायावरीय राजशेखर द्वारा स्थापित सैद्धांतिकी वर्तमान परिद्रष्य में कितनी और कहाँ तक प्रासंगिक है और दिलचस्प है।

प्रस्तावना – यायावरीयः संक्षिप्य मुनीनां मतविस्तरम् ।
व्याकरोत्काव्यमीमांसां कविभ्यो राजशेखरः।।

(काव्यमीमांसा अध्याय-प्रथम)

कवि, कविता और कवित्व शक्ति के सर्वप्रथम वैज्ञानिक निरूपण का श्रेय यायावरीय कवि राजशेखर को ही प्राप्त है। इन्होंने कवियों की काव्यविद्यास्नातक, हृदयकवि, अन्यापदेशी, सेविता, घटमान, महाकवि, कविराज, आवेशिका, अविच्छेदी, संक्रामयिता प्रभृति दश अवस्थाएँ कही है।[1] राजशेखर ने काव्यमीमांसा के कविरहस्य नामक अधिकरण में कविचर्या का जो चित्रण किया है, उसे परवर्ती आचार्यो ने भी आदर्श रूप में स्वीकारा है। क्योंकि यह कवियों के लिये आचार या सिद्धांत कोष है। काव्यमीमांसा के आधार पर यह कहा जा सकता है कि कवियों का अध्ययन क्षेत्र अत्यन्त व्यापक था। कवि होना कोई आसान काम नहीं था। राजशेखर का कवि ऋग्वेद के कवि की तरह ही अमूढ़ और प्रज्ञ प्रतीत होता है।[2]

राजशेखर के शब्दों में कवि वह है, जो प्रतिभा और व्युत्पत्ति से युक्त हो–

'प्रतिभाव्युत्पत्तिमांष्च कविः कविरित्युच्यते।'

(काव्यमीमांसा अध्याय-पंचम)

उनके मतानुसार काव्य विद्या के शिक्षार्थी द्वारा काव्योपयोगिनी विद्याओं और काव्य की उपविद्याओं का अच्छी तरह से अध्ययन हो जाने के पश्चात् ही काव्य-रचना की ओर प्रवृत्त होना चाहिए।[3]

व्याकरण, कोष, छन्द और अलंकार ये काव्योपयोगी मुख्य विद्याएँ हैं, चौंसठ कलाएँ काव्य की उपविद्याएँ हैं। इन विद्याओं और उप विद्याओं में निपुणता प्राप्त करने के अतिरिक्त कवियों के सत्संग, देश-विदेश के समाचार, विशिष्ट विद्वानों की सूक्तियों, लोक व्यवहार, विद्वद्गोष्ठी और प्राचीन कवियों के प्रबंधों का मनन करना इत्यादि आवश्यक था। उनकी मान्यता थी काव्य ज्ञान के लिये शास्त्र ज्ञान आवश्यक है। जिस प्रकार बिना दीपक के पदार्थो का प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं किया जा सकता, उसी प्राकर शास्त्र ज्ञान के बिना काव्य ज्ञान असम्भव है–

'शास्त्रपूर्वकत्वात् काव्यानां पूर्वं शास्त्रेष्वभिनिविषत्।'

(काव्यमीमांसा अध्याय-द्वितीय)

आचार्य राजशेखर ने कविचर्या के अन्तर्गत कुशल कवि में जिन आठ गुणों का होना आवश्यक बतलाये हैं[4]– स्वास्थ्य, प्रतिभा, अभ्यास, भक्ति, विद्धत्कथा, बहुश्रुतता, स्मृति, दृढ़ता और उत्साह इत्यादि गुणों के अभाव में कवि के व्यक्तित्व का समुचित विकास संभव नहीं है।

एक अच्छे कवि के लिये उसके रहन-सहन एवं वातावरण का अच्छा होना आवश्यक है। राजशेखर का कथन है कि कवि को सर्वदा पवित्र रहना चाहिए। उनके अनुसार पवित्रता तीन प्रकार की है[5]–

1. वाणी की पवित्रता,
2. मानसिक पवित्रता,
3. शारीरिक पवित्रता।

वाणी की पवित्रता शास्त्रों द्वारा प्राप्त होती है, मन की पवित्रता योग से और शारीरिक पवित्रता के लिये हाथों और पैरों के नाखून हमेशा कटे रहना चाहिए। मुख में ताम्बूल हो, शरीर पर चंदनादि का लेप होना चाहिए। सदा स्वच्छ और उत्तम वस्त्रों को धारण करना चाहिए।

यायावरीय का अभिमत है कि कवि का काव्य पर उसके व्यक्तित्व की स्पष्ट छाप पड़ती है। यह प्रसिद्ध है कि चित्रकार अपने ही अनुरूप चित्र बनाता है।[6] राजशेखर अनुसार कवि की प्रतिभा या उसके मानसिक संस्कार पर उसके आचार-विचार का भी बहुत प्रभाव पड़ता है।[7] कवि को सदा मुस्कुराते हुए बातें करनी चाहिए, परन्तु वार्तालाप में गम्भीरता बरतनी चाहिए। रहस्य अन्वेषण में रूचि रखनी चाहिए। समय का सदुपयोग परदोश-दर्शन से परहेज और आग्रह करने पर समुचित आलोचना करनी चाहिए। कवि के आसपास के वातावरण के विषय में यायावरीय का कथन है कि कवि का भवन साफ सुथरा और लिपा पुता होना चाहिए। साथ ही कवि का प्रसाधन साफ सुथरा होना चाहिये। प्रत्येक ऋतु में कवि के बैठने के लिये पृथक-पृथक स्थान होना चाहिये। गृह वाटिका के वृक्षों की सुखद छाया में और लता कुंजों में बैठने के सुन्दर स्थान होना चाहिए। वाटिका विस्तृत और समुन्नत होनी चाहिए। जब कवि काव्य निर्माण करते-करते खिन्न चित्त वाला हो जावे तो उस समय एकान्त बना रहे और कवि जब शांत होकर मनोरंजन करना चाहे, तब उस

समय उसके परिजन व्यवधान न डालें।[8] उनका मानना है कि कवि का मित्र सभी भाषाओं में प्रवीण होना चाहिए। कवि का लिपिकार सभी भाषा में कुशल, शीघ्रवादी, सुन्दर अक्षरों को लिखने वाला, इशारे से समझने वाला, नाना लिपियों को जानने वाला, कवि तथा लाक्षणिक होना चाहिए।[9] उनके अनुसार कवि के पास स्लेट–पेन्सिल, सामान रखने का डिब्बा, कलम तथा स्याही, ताडपत्र या भुर्जपत्र, और लिपी पुती भित्तियां सर्वदा रहना चाहिये। आचार्यो का कथन है ये समग्र पदार्थ काव्य विद्या के परिकर (सहायक) हैं पर राजशेखर का कथन है– **'प्रतिभैव परिकर' इति यायावरीयः**।[10] अर्थात् प्रतिभा ही परिकर है। आचार्य राजशेखर अनुसार पुरूषों के समान स्त्रियाँ भी कवि हो सकती हैं उनके विवरण से यह प्रतीत होता है कि वे स्त्री तथा पुरूष को समान दृष्टि से देखते थे। उनके विचार से संस्कार दोनों में समान होते हैं अतः उनके विकास का समान अवसर मिलना चाहिए–

'संस्कारो ह्यात्मनि समवैति, न स्त्रैणं पौरूषं वा विभागमभवेक्षते।'
(काव्यमीमांसा अध्याय–दशम्)

उनके समय में स्त्रियाँ कविता भी करती थीं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण स्वतः उनकी पत्नी अवन्तिसुन्दरी थी। कर्पूरमंजरी में चेटी आदि दासियाँ भी अच्छी तरह कविता कर लेती थीं, जिसकी प्रशंसा स्वयं राजा चन्द्रपाल भी किया करते थे। कवि कर्म के लिये राजशेखर समय के सदुपयोग पर बल देते थे, क्योंकि समय का नियमित विभाग न करके किए जाने वाले कार्य विनष्ट हो जाते हैं। इसलिए दिन और रात को प्रहरों के हिसाब से चार–चार भागों में विभक्त कर लेना चाहिए।[11]

कवि को प्रातः काल उठना चाहिए। स्नान आदि दैनिक क्रिया के उपरान्त सरस्वती का पाठ करना चाहिए। तदनन्तर विद्याभवन में सुखपूर्वक बैठकर एक प्रहर तक काव्य की विद्या एवं उपविद्याओं का अनुशीलन करना चाहिए, क्योंकि प्रतिभा बढ़ाने के लिये अभ्यास जरूरी है।

कवि को इसके प्रहर में काव्य रचना का अभ्यास करनी चाहिए। भोजन उपरान्त काव्य गोष्ठी अर्थात् काव्य विषयक चर्चा करना चाहिए। तीसरे प्रहर की इस दिनचर्या में काव्य संबंधी विभिन्न विषयों का विवेचन करना चाहिए। चौथे प्रहर में एकाकी या सीमित अभिन्न मित्र मण्डली के साथ प्रातः काल की गई रचनाओं का पुनर्निरीक्षण करना चाहिए। गुण–दोष की विवेचना उपरान्त अव्यवस्थित पदों को सजाकर रखना और भूले या छूटे पदों का अनुसंधान करना चाहिए।

इसी प्रकार सायंकाल के प्रथम प्रहर में सायंकालीन संध्या वंदन और सरस्वती–स्त्रोत का परायण करना चाहिए। तत्पश्चात् दिन में लिखी हुई और परीक्षित काव्य रचना के प्रथम प्रहर के अन्त तक लिख कर पूर्ण कर लेना चाहिए। इसके पश्चात् मानसिक श्रम निवृत्ति के लिये स्त्री–सहवास में मन बहलाने का कार्य करना चाहिए–

'यावदर्तिस्त्रियमभिमन्येत्।'(काव्यमीमांसा अध्याय–दशम्)

इस प्रसंग में श्री डी.सी. दलाल का यह विचार द्रष्टव्य है– Here the word 'आर्ति' denotes राग or इन्द्रियदौर्वल्य, Rajasekhara instructs Poets not to indulge in sexual excesses and advises them to have recourse to women only to remove their अर्ति or mental weakness similar usage can be found in the mahabhasya of Patanjali (1-1-1) where the word खेद is used instead of अर्ति' Cf.'खेदात् स्त्रीशु प्रवृत्तिर्भवति। समानष्च खेदविगमो गम्यायां चागम्यामांच।।'[12]

दूसरे और तीसरे प्रहर में भली – भाँति शयन करना चाहिए, क्योंकि अच्छी नींद स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। चौथे प्रहर में अवश्य उठना चाहिए, क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त में मन निर्मल रहता है जिससे गूढ़ से गूढ़ तथा अलौकिक विषयों की भी प्रत्यक्ष अनुभूति करा देता है।

इस प्रकार उपर्युक्तानुसार जो कवि दिन–रात का विभाजन करके कविता की रचना करता है उसका काव्य विद्वानों के कण्ठ में सुशोभित होता है। यायावरीय ने कविचर्या के अन्तर्गत कवि के द्वारा आलस्य करने पर पांच विपत्तियों का उल्लेख किया है[13] – (1) दरिद्रता[14](2) दुर्व्यसनों में आसक्ति (3) काव्य क्रिया का तिरस्कार (4) दुर्भाग्य (5) दुष्टों और शत्रुओं पर विश्वास। उनका मानना है कि काव्य रचना के समय, उसका संस्कार करते समय ही पूर्ण करना चाहिए, उसे बाद के लिए नहीं छोड़ना चाहिए। कवि को लोक निन्दा के भय से ग्रसित नहीं होना चाहिए, उसे अपने को और अपनी वस्तु को स्वयं यथार्थ रूप से समझना चाहिए, क्योंकि जनता तो कुछ भी कहती रहती है, उसके जवान में लगाम नहीं रहती और अच्छी से अच्छी वस्तु की भी कुछ लोग निन्दा करते रहते हैं। लोक में प्रत्यक्ष कवि की कविता, कुलस्त्रियों का रूप और घरेलू वैद्य की चिकित्सा– ये तीन बातें किसी–किसी को अच्छी लगती है, इस संदर्भ में राजशेखर का स्पष्ट कहना है–

प्रत्यक्ष कवि काव्यं च रूपं च कुल योषितः।
ग्रहवैद्यस्य विद्याचकस्मैचिद्यदि रोचते।।
(काव्यमीमांसा अध्याय–दशम्)

इस तरह कहा जा सकता है कि कवि को सर्वदा लोक निन्दा के भय से अपनी स्वतंत्र भावना तथा यथोचित बातों को व्यक्त करने से विरत नहीं होना चाहिए।

यायावरीय ने कविचर्या के अन्तर्गत विस्तृत जानकारी प्रदान किये हैं जो सम्पूर्ण मानव समाज के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। यथा– भवन लिपा पुता होना चाहिए, गाय के गोबर से लिपा और चूना से पुता भवन कीटाणु से मुक्त होते हैं। इसी प्रकार स्वच्छता पर विशेष बल दिया है। बालभारत में राजशेखर ने कहा है–

'संस्कार सौचयेन परं पुनीते।' (बालभारत 1/9)

निष्कर्षतः आचार्य राजशेखर के काव्यमीमांसा में वर्णित कविचर्या का जब हम सूक्ष्मता से विचार करते है तो यह स्पष्ट होता है कि जिज्ञासु शिष्यों के लिये काव्य निर्माण–ज्ञान के असंख्य द्वारों के उद्घाटनकर्ता तथा अपने ही मौलिक विषयों के आलोक से स्वतः आलोकित है। यह तो स्वयंसिद्ध है कि काव्य जैसी मानवीय मूल्यों से सुसज्जित सृजन के लिए कवि को मनसा, वाचा और कर्मणा से पवित्र, उन्नत और संवेदनशील होना ही चाहिए। तभी कवि का विचार मानव समाज के लिए हितकर हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दश च कवेरवस्था भवन्ति....। तद्यथा काव्यविद्यास्नातको, हृदयकविः, अन्यापदेशी, सेविता, घटमानः, महाकवि कविराज, आवेशिकः, अवेच्छेदी संक्रामयिता च काव्यमीमांसा। (काव्यमीमांसा अध्याय–पंचम)
2. अमूरः कविरदितिर्विवस्वान्त्युसंसन्मित्रो अतिथिः शिवोः नः। ऋग्वेद– 7 मंडल 9 सूक्त 3 मंत्र (7–9–3)
3. गृहीत विद्योपविद्यः काव्य क्रियायै प्रयतेत्। काव्यमीमांसा–अध्याय–दशम्–राजशेखर

4. स्वास्थ्यं प्रतिभाभ्यासो भक्तिर्विद्वत्कथा बहुश्रुतता।
स्मृतिदार्श्यमनिर्वेदश्च भातरोऽष्टौ कवित्वस्य।।
काव्यमीमांसा अध्याय दशम्।
5. वही– 'शुचिशीलं हि सरस्वत्या: संवहनमामनन्ति।'
6. काव्यमीमांसा अध्याय दशम्–'यादृशाकारश्चित्र कारस्तादृशाकारमस्य चित्रमिति प्रयोगवाद:।'
7. वही–'नह्येवंविधमन्यत्प्रतिभा हेतुर्यथा प्रत्यग्रसंस्कार:।'
8. वही– दशम् अध्याय
9. वही– दशम् अध्याय
10. वही– दशम् अध्याय
11. वही– दशम् अध्याय
12. राजशेखर और उसका युग–उद्धृत पृष्ठ– 247 पाण्डेय रामेश्वर प्रसाद शर्मा
13. काव्यमीमांसा अध्याय–दशम्
14. देशं कालं च विभजमान: कविर्नार्थदर्शनदिशि दरिद्राति।
(काव्यमीमांसा अध्याय सप्तदशम्)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सिंध के बौद्ध राजाओं के समय का सामाजिक सांस्कृतिक वैभव, एक ऐतिहासिक अध्ययन (चचनामा के विशेष संदर्भ में)

डॉ. आकाश ताहिर*

* सहा. प्राध्यापक एवंविभागाध्यक्ष (इतिहास) पी.एम.सीओ.ई. शासकीय कला एवं वि. महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह शोध पत्र चचनामा में वर्णित तथ्यों के आधार पर सिंध के बौद्ध राजाओं के शासनकाल के दौरान हुए सामाजिक सांस्कृतिक विकास का विश्लेषण करता है। तत्कालिन समय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामाजिक विकास, सांस्कृतिक विकास, सांस्कृतिक विकास और अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में सिंध ने बौद्ध धर्म और भारतीय संस्कृति को अन्य क्षेत्रों में फैलाया।

शोध पत्र का उद्देश्य: बौद्ध राजाओं शासनकाल में हुए विकास का अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में किस प्रकार महत्व था और सिंध किस तरह एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरा। दूसरे शब्दों में इस शोध पत्र का उद्देश्य विभिन्न प्रश्नों का उत्तर निकालना है जैसे– सिंध के बौद्ध राजाओं के शासनकाल में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास किस प्रकार हुआ। बौद्ध धर्म ने सिंध के समाज और संस्कृति को किस प्रकार प्रभावित किया। सिंध के व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध अन्य देशों के साथ कैसे थे।

सिंध, भारत के पश्चिमोत्तर में स्थित एक ऐतिहासिक क्षेत्र, प्राचीन काल से ही विभिन्न सभ्यताओं और संस्कृतियों का संगम रहा है।[1] इस क्षेत्र का इतिहास विभिन्न राजवंशों के उत्थान और पतन का साक्षी रहा है। चचनामा, जो की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथ है, हमें सिंध के बौद्ध राजाओं के शासनकाल के दौरान सामाजिक और सांस्कृतिक विकास की जानकारी प्रदान करता है।[2] इस शोध पत्र में हम चचनामा में वर्णित तथ्यों के आधार पर सिंध के बौद्ध राजाओं के समय के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का विश्लेषण करेंगे।

चचनामा के अनुसार, सिंध में बौद्ध धर्म का प्रसार तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में सम्राट अशोक के शासनकाल के दौरान हुआ था।[3] सम्राट अशोक के प्रयासों से बौद्ध धर्म न केवल भारत में फैला, बल्कि इसने सीमावर्ती क्षेत्रों में भी अपनी जड़ें जमाई। सिंध जो की व्यापारिक मार्गो के चौराहे पर स्थित था, बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।[4] इसके बाद, कई बौद्ध राजाओं ने सिंध पर शासन किया। जिनके शासनकाल में इस क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा मिला। इन राजाओं में से कुछ प्रमुख थे राय वंश, जिन्होंने सिंध पर कई शताब्दियों तक शासन किया। राय वंश के शासनकाल में सिंध ने राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक समृद्धि का अनुभव किया। जिसने सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया।[5]

सिंध में कई बौद्ध राजाओं ने शासन किया। चचनामा और अन्य ऐतिहासिक ग्रंथों में कुछ प्रमुख राजाओं का उल्लेख मिलता है। यहां कुछ प्रमुख बौद्ध राजाओं और उनके वंशों का विवरण दिया गया है–

1. **राय वंश :** यह वंश सिंध का एक प्राचीन और शक्तिशाली वंश था। इस वंश के राजाओं ने सिंध पर कई शताब्दियों तक शासन किया। राय वंश के प्रमुख राजाओं में से कुछ थे राय दीवाच, राय सहरासी और राय दुहर।[6]

राय दीवाच : शासनकाल लगभग 450 ई.– 520 ई.

राय सहरासी : शासनकाल लगभग 520 ई.– 550 ई.

राय दुहर : शासनकाल लगभग 550 ई.– 622 ई.

2. **चच वंश :** यह वंश राय वंश के बाद सत्ता में आया। चच वंश के संस्थापक चच था। चच के बाद उनका पुत्र दाहिर राजा बना।[7]

चच : शासनकाल लगभग 632 ई.– 671 ई.

दाहिर : शासनकाल लगभग 671 ई.– 712 ई.

सामाजिक विकास: सिंध के बौद्ध राजाओं के शासनकाल में सामाजिक विकास अपने चरम पर था। बौद्ध धर्म के प्रभाव ने समाज को अधिक समावेशी और समतापूर्ण बनाया।[8] बौद्ध धर्म ने जाति और वर्ण के आधार पर भेदभाव को नकारते हुए सभी मनुष्यों की समानता का समर्थन किया। इस विचारधारा ने समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया और विभिन्न वर्गों के बीच सहयोग और सद्भाव को प्रोत्साहित किया।[9] बौद्ध शिक्षा और संस्थानों के विकास ने समाज में ज्ञान और शिक्षा के स्तर को भी बढ़ाया। बौद्ध मठ और विश्वविद्यालय जैसे की मोहनजोदड़ो और तक्षशिला शिक्षा के प्रमुख केंद्र बन गए। जहां न केवल बौद्ध धर्म की शिक्षा दी जाती थी बल्कि अन्य विषयों जैसे की दर्शन, विज्ञान, और कला का भी अध्ययन किया जाता था।[10] इन संस्थानों ने समाज में ज्ञान और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज को अधिक प्रगतिशील और विचारशील बनाया।

सांस्कृतिक विकास: सिंध के बौद्ध राजाओं के शासनकाल में सांस्कृतिक विकास भी अपने चरम पर था। बौद्ध धर्म के प्रसार ने कला, साहित्य और वास्तुकला को बढ़ावा दिया।[11] इस समय में कई स्तूपों, विहारों और चैत्यों का निर्माण हुआ जो बौद्ध कला और वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।[12] इन संरचनाओं में बुद्ध की मुर्तियों और जातक कथाओं के चित्रण ने बौद्ध कला की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया। इसके अलावा बौद्ध विद्वानों और

दार्शनिकों ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे जिन्होंने भारतीय संस्कृति और ज्ञान को समृद्ध किया। इन ग्रंथों में बौद्ध धर्म के सिद्धांतों, दर्शन, और नैतिकता का विस्तृत वर्णन है, जो आज भी बौद्ध धर्म के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण स्रोत हैं।[13]

सिंध में संगीत, नृत्य और नाटक जैसी ललित कलाओं का भी विकास हुआ। बौद्ध धार्मिक उत्सवों और त्योहारों ने इन कलाओं को बढ़ावा दिया और समाज में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया। इन कलाओं ने न केवल लोगों का मनोरंजन किया बल्कि उन्होंने बौद्ध धर्म के संदेशों को भी जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।[14]

उपसंहार: चचनामा में वर्णित के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि सिंध के बौद्ध राजाओं के शासनकाल में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास अपने चरम पर था। बौद्ध धर्म के प्रभाव ने समाज को अधिक समावेशी और समतापूर्ण बनाया, जबकि कला, साहित्य और वास्तुकला के विकास ने सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा दिया।[15] इन विकासों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभाव था। जिससे सिंध एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरा। सिंध के बौद्ध राजाओं का शासनकाल भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो हमें सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विकास और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के महत्व के बारे में बहुमूल्य सबक सिखाता है।[16]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंध का इतिहास: डॉ. एच. टी. लमानी, पृ. 12।
2. चचनामा: पृ. 5।
3. चचनामा, पृष्ठ संख्या 52।
4. सिंध का इतिहास, डॉ. एच. टी. लमानी, पृ. 78
5. वही, पृ. 92।
6. सिंध का इतिहास: डॉ. एच. टी. लमानी, पृ. 12।
7. चचनामा: पृ. 78।
8. बौद्ध धर्म का इतिहास: आचार्य नरेंद्र देव, पृ. 125।
9. भारत की सांस्कृतिक विरासत, डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, पृ. 88।
10. प्राचीन भारत का आर्थिक एवं सामाजिक इतिहास, डॉ. राधाकृष्ण चौधरी, पृ. 152।
11. बौद्ध धर्म का इतिहास, आचार्य नरेंद्र देव, पृ. 152।
12. भारतीय कला एवं संस्कृति का इतिहास, डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, पृ. 95।
13. प्राचीन भारत का इतिहास, डॉ. रामशरण शर्मा, पृ. 188।
14. भारतीय कला एवं संस्कृति का इतिहास, डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, पृ. 210।
15. चचनामा, पृ. 285।
16. सिंध का इतिहास, डॉ. एच.टी. लमानी, पृ. 310।
17. Ancient Sindh: A Study in its Civilization: M.R. Majumdar
18. The History of Sindh: Mir Ali Sher Qanbar
19. Buddhist Art in India: Heinrich Zimmer

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना

डॉ. कृष्णकान्त शर्मा* राजेन्द्र कुमार वैष्णव**

* डीन, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा एवं प्राचार्य भगवती टी.टी.कॉलेज, गंगापुरसिटी, सवाई माधोपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी,कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध कोटा जिले के माध्यमिक स्तर के ई-लर्निंग करवाने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ई-लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पढ़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है। इस शोध में शोधार्थी ने पाया कि छात्राओं की ई-लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव छात्रों की अपेक्षा अधिक है।

प्रस्तावना – वर्तमान समय जब दुनिया एक छत के नीचे स्थित है तब शिक्षा में होने वाले क्रांतिकारी परिवर्तनों से कोई भी व्यक्ति अछूता कैसे रह सकता है। वर्तमान समय में इन्टरनेट के विभिन्न साधनों की सहायता से शिक्षा की पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक विश्व में किसी भी कोने तक पहुंचाई जा सकती है जिसके द्वारा एक योग्य नागरिक तैयार किया जा सकता है। आज के समय में मोबाइल द्वारा विश्व की कोई भी जानकारी तत्काल किसी भी व्यक्ति को उपलब्ध कराई जा सकती है। ऐसे समय में शिक्षा का क्षेत्र इस तकनीकी से कैसे अछूता रह सकता है। ई-लर्निग में छात्रों की शिक्षण के प्रति अभिरूचि में वृद्धि कर उनकी शैक्षिक उपलब्धि में सकारात्मक परिवर्तन करने में सक्षम है क्योंकि ई-लर्निंग द्वारा छात्रों को शिक्षण सामग्री को रोचक मनोरंजन युक्त व आकर्शक बनाकर उनकी सीखने की समता के अनुसार विशय-विशेषज्ञों की सलाह से तैयार कर प्रत्येक समय प्रदान की जा सकती है इसके द्वारा एक ही सामग्री को बार-बार दौरान कराकर छात्रों की शैक्षिक योग्यता को बढ़ाया जा सकता है जिससे उनकी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि की जा सकती है। प्राप्त करने के कई तरीके है जिसमें परम्परागत कक्षा शिक्षण की तकनीकी व शिक्षण विधियों का व्यापक प्रभाव होता है तकनीकी, शिक्षण विधियों को रोचक व सरल बनाने में प्रमुख योगदान देती है जिसके कारण शिक्षण कार्य को सहज व आसान बनाया जा सकता है और सभी छात्रों तक पहुंचाया जा सकता है। ई-लर्निंग के द्वारा विद्यार्थियों के शिक्षण सम्बन्धि समस्याओं का तकनीकी द्वारा तुरन्त समाधान कर शिक्षण में आई रूकावट को दूर करना और उनकी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि करना है। ई-लर्निंग द्वारा विद्यार्थियों को विशय विशेषज्ञों की सलाह से गुणांत्मक युक्त शिक्षण सामग्री तैयार कर विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उनकी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि की जा सकती है।

वर्तमान में शिक्षण कार्य को सरल, सुगम व व्यापक बनाने हेतु कई तकनीको का प्रयोग किया जा रहा है जिनमें ई-लर्निंग भी सम्मिलित है इसके द्वारा वर्तमान में सरकार दुरस्थ विश्वविद्यालयों के द्वारा दूरस्थ स्थानों पर स्थित विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

समस्या का औचित्य – इस शोध का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के विभिन्न संसाधनों का छात्र-छात्राओं की अभिरूचि पर पड़ने वाले प्रभाव का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव ज्ञात करना है इस हेतु संर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया है जिसके लिए व्यछादिक न्यादर्श तकनीक का प्रयोग किया गया। जिसका मुख्य परिणाम में पाया गया है कि माध्यमिक स्तर की छात्राओं की ई-लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव माध्यमिक स्तर के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि से अधिक पाई गई।

समस्या कथन – माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

सम्बंधित साहित्य का अध्ययन :

टी. टेरेन (2014) छात्रों की अभिरुचि उद्दीपन को प्रभावित करने में ई-लर्निंग के योगदान के अध्ययन मैं पाया कि छात्रों की लर्निंग द्वारा उनकी अभिरुचि वह उद्दीपन में वृद्धि होती है जिससे उनके अध्ययन बाधा दूर होती है वह छात्र अपनी काटी से अध्ययन कर सकते हैं।

मनीषा कौशलेष (2012) छात्रों की अभिरुचि समायोजन एवं वैज्ञानिक अभिवृत्ति पर बहू आगामी शैक्षिक उपागम का प्रभाव एक अध्ययन इस शोध के निम्न उद्देश्य थे । इन्होंने 200 छात्र छात्राओं पर अध्ययन किया। जिसमें पाया कि बहुआयामी शैक्षिक उपागमों के अध्ययन में अधिक प्रयोग करते हैं उन विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृत्ति तथा साहित्य एवं विज्ञान के प्रति अभिरुचि उच्च पाई गई है। खेल कला एवं सामाजिक कार्य के प्रति अभिरुचि तथा समायोजन में बहुआयामी शैक्षिक उपागम का उपयोग करने पर अभिरुचि में कोई अंतर नहीं पाया गया।

गुप्ता सुधिर कुमार (2001) मध्यप्रदेश के माध्यमिक स्तर के छात्र अध्यापकों की अभिरुचि में अभिवृद्धि हेतु कम्प्यूटर आधारित अभिकरणों का अध्ययन में पाया गया कि कम्प्यूटर आधारित अभिकरणों का छात्रों की अभिरुचि अभिवृद्धि में सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं।

बाना, बीना (2008) पिछड़े व सामान्य बालकों में सीखने की समस्या व अभिरुचि में अभिवृद्धि हेतु इंटरनेट छात्रों की अभिरुचि वृद्धि में सहायक है।

परिकल्पना

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रथम परिकल्पना

H_0: माध्यमिक स्तर के छात्रों की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नही पड़ता है।

H_1: माध्यमिक स्तर के छात्रों की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है।

द्वितीय परिकल्पना

H_0: माध्यमिक स्तर के छात्राओं की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नही पड़ता है।

H_1: माध्यमिक स्तर के छात्राओं की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है।

तृतीय परिकल्पना

H_0: माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नही पड़ता है।

H_1: माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है।

शोध परिसीमाएं – प्रस्तुत शोध कोटा जिले में स्थित ई–लर्निंग आधारिक अधिगम प्रदान करने वाले माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों तक सीमित रखा गया है।

जनसंख्या न्यादर्श – प्रस्तुत शोध कोटा जिले में स्थित ई–लर्निंग आधारिक अधिगम प्रदान करने वाले माध्यमिक विद्यालयों के 150 छात्र एवं 150 छात्राओं तक सीमित रखा गया है।

शोध विधि – प्रयुक्त शोध में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

शोध उपकरण – प्रयुक्त शोध हेतु शोधार्थी में शोध निर्मित ई–लर्निंग अभिरूचि मापने का प्रयोग किया गया है जिसमें 40 प्रश्न हां–ना सम्बन्धित है जिनको विशय विशेषज्ञों की सलाह से तैयार किया गया है इस प्रश्नावली विश्वसनियता .82 है।

शोध तकनीकी – प्रयुक्त शोध हेतु टी परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

सारणी 1: छात्र एवं छात्राओं की वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण

	N	*छात्र*		*छात्रा*			
ई–लर्निंग अभिरूचि		Mean	SD	Mean	SD	SED	t value
वेब आधारित	150	30.6	5.3	31.4	4.9	0.41	1.9

*Df=150+150-2=298 T value at 0.05=1.96*and 0.01=2.59***

उपरोक्त सारणी 1 में छात्र एवं छात्राओं की वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण के परिणामों को दर्शाया गया है।

सारणी में प्राप्त परिकलित (कैलकुलेटेड) टी मान 1.9 प्राप्त हुआ है, जो स्वतंत्रता के अंश 598 पर टी के टेबल मान 0.05 स्तर पर टी के टेबल का मान 1.96 से निम्न होने के कारण शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत करते हुए कहा जा सकता है कि, वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का छात्र एवं छात्राओं में सार्थक अंतर नही पाया जाता है।

***सारणी 2:* छात्र एवं छात्राओं की वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको का तुलनात्मक अध्ययन**

	प्रतिशत मध्यमान	
ई–लर्निंग अभिरूचि	छात्रा	छात्र
वेब आधारित	**71.3**	**69.5**

आरेख 1: छात्र एवं छात्राओं की वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको की तुलनात्मक स्थिति



सारणी 2 एवं आरेख 1 को समेकित रूप में देखने पर स्पष्ट होता है कि वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का स्तर में जहां छात्र समूह का प्रतिशत मध्यमान 69.5 प्राप्त हुआ है वहीं छात्राओं के द्वारा 1.8 प्रतिशत अधिक अर्थात 71.3 प्रतिशत के साथ नगण्य प्राप्त हुई है, अर्थात शोध में चयनित समूह में वेब आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर जेंडर का प्रभाव स्पष्ट रूप से प्राप्त नहीं हुआ है

सारणी 3: छात्र एवं छात्राओं की कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण

	N	*छात्र*		*छात्रा*			
ई–लर्निंग अभिरूचि		Mean	SD	Mean	SD	SED	t value
कम्प्यूटर आधारित	150	28.9	7.2	34.0	5.7	0.53	9.6**

Df=150+150-2=298 T value at 0.05=1.96 and 0.01=2.59***

उपरोक्त सारणी 3 में छात्र एवं छात्राओं की कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण के परिणामों को दर्शाया गया है।

सारणी में प्राप्त परिकलित (कैलकुलेटेड) टी मान 9.6 प्राप्त हुआ है, जो स्वतंत्रता के अंश 598 पर टी के टेबल मान 0.01 स्तर पर 2.59 से उच्च होने के कारण 99 प्रतिशत विश्वास के साथ शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत करते हुए कहा जा सकता है कि, कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का छात्र एवं छात्राओं में सार्थक अंतर पाया जाता है। इसमें भी छात्रा समूह छात्र समूह के अपेक्षा सार्थक स्तर पर उच्च प्राप्त हुआ है।

सारणी 4: छात्र एवं छात्राओं की कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको का तुलनात्मक अध्ययन

	प्रतिशत मध्यमान	
ई–लर्निंग अभिरूचि	छात्रा	छात्र
कम्प्यूटर आधारित	**70.8**	**60.2**

आरेख 2: छात्र एवं छात्राओं की कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का प्राप्त प्रतिशत मध्यमान प्राप्तांको की तुलनात्मक स्थिति



सारणी 4 एवं आरेख 2 को समेकित रूप में देखने पर स्पष्ट होता है कि कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का स्तर में जहां छात्र समूह का प्रतिशत मध्यमान 60.2 प्राप्त हुआ है वहीं छात्राओं के द्वारा 10.6 प्रतिशत अधिक अर्थात 70.8 प्रतिशत के साथ उच्च प्राप्त हुई है, अर्थात शोध में चयनित समूह में कम्प्यूटर आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर जेंडर का प्रभाव स्पष्ट रूप से प्राप्त हुआ है

सारणी 5: छात्र एवं छात्राओं की मोबाइल आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण

	N	*छात्र*		*छात्रा*			
ई–लर्निंग अभिरूचि		Mean	SD	Mean	SD	SED	t value
मोबाईल आधारित	150	**30.7**	**5.8**	**31.7**	**8.7**	0.61	1.7

Df=150+150-2=298 T value at 0.05=1.96* and 0.01=2.59**

उपरोक्त सारणी 5 में छात्र एवं छात्राओं की मोबाइल आधारित अभिरूचि प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण के परिणामों को दर्शाया गया है।

सारणी में प्राप्त परिकलित (कैलकुलेटेड) टी मान 1.7 प्राप्त हुआ है, जो स्वतंत्रता के अंश 598 पर टी के टेबल मान 0.05 स्तर पर 1.96 से निम्न होने के कारण 99 प्रतिशत विश्वास के साथ शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत करते हुए कहा जा सकता है कि, मोबाइल आधारित अभिरूचि पर छात्र एवं छात्राओं में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।

सारणी 6: *छात्र एवं छात्राओं की मोबाइल आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको का तुलनात्मक अध्ययन*

	प्रतिशत मध्यमान	
ई–लर्निंग अभिरूचि	छात्रा	छात्र
मोबाईल आधारित	56.6	54.8

आरेख 3: छात्र एवं छात्राओं की मोबाइल आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त प्रतिशत मध्यमान प्राप्तांको की तुलनात्मक स्थिति



सारणी 6 एवं आरेख 3 को समेकित रूप में देखने पर स्पष्ट होता है कि मोबाइल आधारित अभिरूचि स्तर में जहां छात्र समूह का प्रतिशत मध्यमान 54.8 प्राप्त हुआ है वहीं छात्राओं के द्वारा 1.8 प्रतिशत अधिक अर्थात 56.6 प्रतिशत के साथ नगण्य अन्तर प्राप्त हुई है, अर्थात शोध में चयनित समूह में मोबाइल आधारित अभिरूचि पर जेंडर का प्रभाव स्पष्ट रूप से प्राप्त नहीं हुआ है

सारणी 7: छात्र एवं छात्राओं की आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण

	N	*छात्र*		*छात्रा*			
ई–लर्निंग अभिरूचि		Mean	SD	Mean	SD	SED	t value
आभासी कक्षाएं	150	28.4	6.1	35.1	7.2	0.55	12.3**

Df=150+150-2=298 T value at 0.05=1.96* and 0.01=2.59**

उपरोक्त सारणी 7 में छात्र एवं छात्राओं की आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण के परिणामों को दर्शाया गया है।

सारणी में प्राप्त परिकलित (कैलकुलेटेड) टी मान 12.3 प्राप्त हुआ है, जो स्वतंत्रता के अंश 598 पर टी के टेबल मान 0.01 स्तर पर 2.59 से उच्च होने के कारण 99 प्रतिशत विश्वास के साथ शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत करते हुए कहा जा सकता है कि, आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर छात्र एवं छात्राओं में सार्थक अंतर पाया जाता है। इसमें भी छात्रा समूह छात्र समूह के अपेक्षा सार्थक स्तर पर उच्च प्राप्त हुआ है।

सारणी 8: छात्र एवं छात्राओं की आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त प्रतिशत मध्यमान प्राप्तांको का तुलनात्मक अध्ययन

	प्रतिशत मध्यमान	
ई–लर्निंग अभिरूचि	छात्रा	छात्र
आभासी कक्षाएं	67.6	54.7

आरेख 4: छात्र एवं छात्राओं की आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको की तुलनात्मक स्थिति



सारणी 8 एवं आरेख 4 को समेकित रूप में देखने पर स्पष्ट होता है कि आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि का स्तर में जहां छात्र समूह का प्रतिशत मध्यमान 54.7 प्राप्त हुआ है वहीं छात्राओं के द्वारा 12.9 प्रतिशत अधिक अर्थात 67.6 प्रतिशत के साथ उच्च शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त हुई है, अर्थात शोध में चयनित समूह में आभासी कक्षाएं आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर जेंडर का प्रभाव स्पष्ट रूप से प्राप्त हुआ है

सारणी 9: छात्र एवं छात्राओं की सभी साधनों पर आधारित ई–लर्निग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण

	N	*छात्र*		*छात्रा*			
ई–लर्निंग अभिरूचि		Mean	SD	Mean	SD	SED	t value
कुल योग	150	118.6	13.5	132.2	15.3	1.18	11.6**

Df=150+150-2=298 T value at 0.05=1.96* and 0.01=2.59**

उपरोक्त सारणी 9 में छात्र एवं छात्राओं की सभी साधनों से आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको में अंतर की सार्थकता हेतु टी परीक्षण के परिणामों को दर्शाया गया है।

सारणी में प्राप्त परिकलित (कैलकुलेटेड) टी मान 11.6 प्राप्त हुआ है, जो स्वतंत्रता के अंश 598 पर टी के टेबल मान 0.01 स्तर पर 2.59 से उच्च होने के कारण 99 प्रतिशत विश्वास के साथ शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत करते हुए कहा जा सकता है कि, सभी साधनों से आधारित ई–लर्निंग अभिरूचि पर छात्र एवं छात्राओं में सार्थक अंतर पाया जाता है। इसमें भी छात्रा समूह छात्र समूह की अपेक्षा सार्थक स्तर पर उच्च प्राप्त हुआ है।

सारणी 10: छात्र एवं छात्राओं की सभी साधनों पर आधारित ई–लर्निग अभिरूचि पर प्राप्त प्रतिशत मध्यमान प्राप्तांको का तुलनात्मक अध्ययन

	प्रतिशत मध्यमान	
ई–लर्निंग अभिरूचि	छात्रा	छात्र
कुल योग	66.1	59.3

आरेख 5: छात्र एवं छात्राओं की सभी साधनों पर आधारित ई–लर्निग अभिरूचि पर प्राप्त मध्यमान प्राप्तांको की तुलनात्मक स्थिति



सारणी 10 एवं आरेख 5 को समेकित रूप में देखने पर स्पष्ट होता है कि सभी साधनों से आधारित ई–लर्निग अभिरूचि स्तर में जहां छात्र समूह का प्रतिशत मध्यमान 59.3 प्राप्त हुआ है वहीं छात्राओं के द्धारा 6.8 प्रतिशत अधिक अर्थात 66.1 प्रतिशत के साथ उच्च शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त हुई है, अर्थात शोध में चयनित समूह में सभी साधनों से आधारित ई–लर्निग अभिरूचि पर जेंडर का प्रभाव स्पष्ट रूप से प्राप्त हुआ है।

परिणाम :

1. उपरोक्त टेबल 9 व 10 तथा आरेख 5 से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निग के प्रति अभिरूचि का विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि अधिक पाई गई। अत: परिकल्पना H_0 सिद्ध होती है।
2. उपरोक्त टेबल 9 व 10 तथा आरेख 5 से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निंग के सभी साधनों के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव पाया जाता है। अत: परिकल्पना H_0 सिद्ध होती है।

निष्कर्ष :

1. माध्यमिक स्तर की छात्र की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव छात्राओं की अपेक्षा कम पाया जाता है।
2. माध्यमिक स्तर की छात्राओं की ई–लर्निंग के प्रति अभिरूचि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि का प्रभाव छात्रों की अपेक्षा अधिक पाया जाता है।
3. माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निंग के प्रति शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. टी टेरेन (2014) छात्रों कि अभिरूचि व उद्दीपन को प्रभावित करने में ई–लर्निंग के प्रभाव का अध्ययन, अप्रकाशित पीएच डी शोध हावर्ड विश्वविद्यालय अमेरिका।
2. बाना, बीना (2008) पिछड़े व सामान्य बालकों में सीखने कि समस्या तथा अभिरूचि में वृद्धि हेतु इन्टरनेट कि भूमिका का अध्ययन, अप्रकाशित पीएच डी शोध महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर।
3. गुप्ता, सुधीर कुमार (2001) मध्यप्रदेश के माध्यमिक स्तर के छात्र अध्यापकों कि अभिरूचि में वृद्धि में कम्प्यूटर आधारित अभिकरणों का अध्ययन, अप्रकाशित पीएच डी शोध बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल।

Websites:-

1. www.education.india.gov.in
2. www.shodhgangotri.ac.in
3. www.shodhganga.ac.in
4. www.ignou.ac.in
5. www.wikipedia.org
6. www.cbse.nic.in
7. www.mios.ac.in

Report & Commissions:-

1. Reports of New education policy (2020)
2. Reports of secondary education commission (1952-1953) Ministry of education govt of India
3. Reports of the Text book committee of C.A.B.E. (1945)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

एथलीटों के बहिर्मुखी व्यक्तित्व लक्षणों और खेल प्रदर्शन के स्तर का एक सहसंबंधनात्मक अध्ययन

योगेंद्र सिंह राजपूत*

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – बहिर्मुखी व्यक्तित्ववाले खिलाड़ी दुसरो के कार्यो में ध्यान देते है, तथा इन कार्यो को करने में आनंद महसूस करते है। मैदानी स्पर्धा क्रीडा प्रकारों में बहुर्मुखी व्यक्तित्ववाले खिलाड़ी अधिक दिखाई देते है। समाज के सामान्य व्यक्ति समुह की अपेक्षा किसी भी खेल में सहभागी होने वाले खिलाड़ी अधिक प्रमाण में बहुर्मुखी होते है, क्योकि उन्हें निरंतर दुसरो की भावना, सहकार्य तथा सहयोग इन आन्तरक्रियाओं में अधिक सम्मिलित होना होता है। इसी कारण अधिकतर खिलाडियों में बहुर्मुखी व्यक्तित्व दिखाई देता है। मैदानी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की द्रष्टि से खिलाडियों में बहुर्मुखी व्यक्तित्व होना अत्यंत आवश्यक है।

प्रस्तावना – आधुनिक काल में प्रदुषण तथा अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समावेश पाया जाता है। यह देखा जाता है की बालक के द्वारा इन सभी के परिणामस्वरूप पूर्ण रूप से स्वस्थता की ओर अग्रसित नहीं हुआ जा सकता। इसलिए यह अति आवश्यक माना जाता है कि आज मनुष्य को इन सभी प्रकपो से बचाने की ओर बल दिया जाए। शारीरिक शिक्षा के आधार पर यह एक कार्य भली भांति किया जा सकता है। इसके आधार पर बालक के द्वारा भली भांति उन्नति प्राप्त की जाती है। यह देखा जाता है की आज शारीरिक रूप से स्वास्थ्यता प्राप्त करने के उपरान्त ही मनुष्य के द्वारा पूर्ण रूप से विकास किया जा सकता है। जब तक वह शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होता है। तब तक वह भली भांति अपने जीवन में विभिन्न प्रकार की क्रियाओ का क्रियान्वयन नहीं कर सकता।यह अध्ययन मैदानी खेलों (एथलेटिक्स) में सहभाग लेनेवाले खिलाडियों के मानसिक गुण विशेषो को समझने में मददगार होगा। यह अध्ययन मैदानी खेलों (एथलेटिक्स) में सहभाग लेनेवाले खिलाड़ियों के क्रीडा प्रदर्शन के स्तर में वृद्धि के लिये भी बहुत महत्वपूर्ण होगा। यह अध्ययन शारीरिक शिक्षकों, खेल प्रशिक्षको को मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेनेवाले खिलाडियों के क्रीडा प्रदर्शन के संबंध को समझने के लिए सहायता प्रदान करेगा।

संबंधित साहित्य का अध्ययन

जंग (2000)[9] द्वारा प्रस्तुत अध्ययन में खेल के दौरान होनेवाली चोटो का एथलीटों के मानसिकता पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया। खेल के दौरान होने वाली चोटों के कारण मानसिकता पर होने वाले प्रभाव का सांख्यिकिय पद्धती से अध्ययन किया गया। प्रस्तुत अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया कि, खेल के दौरान होने वाली चोटों के दौरान एथलीटों का करियर दांव पर लग जाता है। तथा यह चिज उनकी मानसिकता पर गहरा प्रभाव डालती है।

लॉरी और दूदा (2010)[10] ने अमेरिकन और आफ्रिकन एथलीट्स के मध्य साध्य प्रोत्साहन का अध्ययन किया। अध्ययन हेतु 13 से 18वर्ष की आयु के अनेक पश्चिमी मध्य स्कूलों से ट्रैक एण्ड फिल्ड के एथलीट्स लिये गये। 117 अमेरिकी एथलीट्स समेह में 66महिला और 52 पुरुष थे। तथा 56 अफ्रिकन एथलीट समूह में 23 महिला और 32 पुरुष थे। ट्रैक एण्ड फिल्ड के ये एथलीट कार्य की और साहस के साथ अभिमुख थे तथा ये प्राथमिक रूप से इस बात पर विश्वास करते थे कि परिश्रम और परिश्रमी प्रयासों से सफलता मिलती है। इन एथलीट में साधारण रूप से जातिगत पहिचान का उच्च स्तर था।

श्री स्मिथ तथा सहकारियों (2002)[11] द्वारा विद्यालय में व्यवहार समस्यासे ग्रस्त विद्यार्थियों की समस्या निवारण हेतू एक कार्यक्रम तयार किया गया। इस कार्यक्रम में समुह परामर्श तथा ज्युडो इस खेल के प्रशिक्षण का समावेश किया गया। ज्युडो यह खेल अहिंसक खेलो की श्रेणी में आता है। इस खेल के प्रशिक्षण से व्यक्ती कें सामाजिक, मानसिक तथा शारीरिक विकास में सहायता होती है। इस अध्ययन हेतु व्यवहार समस्या से ग्रस्त 15 से 20 विद्यार्थीयों का चयन किया गया। तथा इन विद्यार्थियों को 10 सप्ताह तक ज्युडो का प्रशिक्षण दिया गया। इस अध्ययन के परिणाम यह दर्शाते है की, कार्यक्रम में संम्मिलीत सार्थक रूप से अधिकांश विद्यार्थियों के सामाजिक तथा विद्यालयीन सहपाठीयों के साथ व्यवहार में सकारात्मक बदलाव देखा गया।

अनिश बॅनर्जी (2002)[12] ने उच्च और निम्न स्तर की शारीरिक योग्यतावाले सेंकडरी स्कूलों के फुटबॉल की कलाकौशल को सीखने की योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन करने के उद्देश्य से यह अनुसंधान संचालित किया। अध्ययन हेतु 45 छात्रों की शारीरिक योग्यता का परीक्षण करने के बाद 30 छात्रों का इस अध्ययन के लिये अंतिम चयन किया गया जिसमें 15 छात्र उच्च स्तर की शारीरिक योग्यतावाले और 15 छात्र निम्न स्तर की शारीरिक योग्यतावाले थे। इन सभी 30 छात्रों के लिये 6 सप्ताह का फुटबॉल कैम्प लगाया गया।

शारीरिक योग्यता का स्तर ज्ञात करने हेतू निम्नलिखीत परीक्षण किये

गये :

1. जठार (पेट) की स्नायुओं की क्षमता
2. सार्जेन्ट जम्प (पैरों की स्नायुओं की क्षमता)
3. 50 मीटर डैश
4. 4x10 मीटर शटल दौड़ (चपलता का मापन)
5. बैठना और पहुँचना (तन्यता का मापन)
6. 12 मिनिट तक दौड़ना / चलना (हृदय की सहनशक्ति का मापन)

प्रत्येक परीक्षण के स्कोर को प्रामाणिक स्कोर में परिवर्तन किया गया। और औसत स्कोर की गणना की गई। शोधकर्ता द्वारा हाई किक, लांग किंक और ड्रिबलिंग को फुटबॉल की कलाकौशल में अचुकता के पैमाने तय किया गया। इन तीनों कलाओं में उच्च और निम्न स्तर की शारीरिक योग्यता समूहों के प्रारंभिक और अंतिम स्कोर को रिकार्ड किया गया। मुख्य अंतर की टी – टेस्ट से सार्थकता मानी गई।

0.05 स्तर से सार्थकता का आकलन को प्रारंभिक स्कोर माना गया।

अध्ययन के अंत में निम्नलिखीत परिणाम सामने आये :

1. हाई किक और लांग किक में उच्च स्तर की शारीरिक योग्यता के छात्रों के समूह के प्रदर्शन की अचूकता में सार्थक अंतर देखा गया।
2. निम्न स्तर की शारीरिक योग्यता के छात्रों के समूह के प्रदर्शन में किसी भी कला कौशल में कोई सार्थक अंतर नहीं देखा गया।

समस्त प्रकार की खोजों के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकले :

1. उच्च शारीरिक योग्यता के खिलाड़ी निम्न शारीरिक योग्यता के खिलाड़ियों की अपेक्षा फुटबॉल की कला कौशल में हाईकिक और लांग किक में जल्दी ही अचूक हो जाते है।
2. फुटबॉल की कला कौशल ड्रिबलिंग खिलाड़ी की शारीरिक योग्यता के स्तर पर निर्भर नहीं करती है।

परिसीमाएं :

1. यह शोध कार्य दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर संभाग तक के विद्यार्थियों तक सीमित है।
2. यह शोध कार्य विश्व विद्यालय में अध्ययनरत एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरुष एथलीट विद्यार्थियों तक सीमित है।

उद्देश्य :

1. एथलिटों के अंतर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष स्तर का अध्ययन करना।
2. एथलिटों के बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष स्तर का अध्ययन करना।
3. एथलिटों के खेल प्रदर्शन स्तर का अध्ययन करना।

परिकल्पना:

1. एथलिटों के अंतर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष वाले खिलाड़ियों में सार्थक अंतर अधिक है।
2. एथलिटों के बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण वाले खिलाड़ियों में सार्थक अंतर अधिक है।
3. एथलिटों के खेल प्रदर्शन स्तर का संतोषजनक है।

उपकरण – प्रस्तुत शोध में आंकड़ों के एकत्रीकरण करने हेतु निमलिखित उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा।

1. श्री यज्ञ सिंह तथा एच. सी. चिमा द्वारा निर्मित स्पोर्ट्स स्पेसिफिक पर्सनल्टी टेस्ट।
2. अजीज एवं रेखा गुप्ता द्वारा निर्मित इन्ट्रोवर्जन एवं एक्सटरोवर्षन इनवेंटरी प्रश्नावलियों का प्रयोग किया जाएगा।

परिणाम :

1. अथलेटिक्स में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि समाजशीलता व्यक्तिव गुण विशेष मध्यमान मानक विचलन तथा टी रेशीयों दर्शाया गया है। जिसमे रनर्स का मध्यमान 34.9 $\underline{+}$4.3 तथा जंपर्स का 48.6 $\underline{+}$3.5 है। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रतीत होता है की मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि समाजशीलता व्यक्तिव गुण विशेष सार्थक ($p<0.05$) अधिक प्रबलता पाई गई है।

राज्य के कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल में से 66.5 प्रतिशत भाग पर ही खेती की जा रही है, शेष भूमि पर पानी व वर्षा के अभाव में कृषि नहीं हो पा रही है। राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों को छोड़कर शेष सभी जिलों में भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। जल के दोहन में लगातार हो रही वृद्धि के कारण जल खत्म होने के कारण सिंचित कृषि क्षेत्र में लगातार कमी हो रही है जबकि जनसंख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण खाद्यान्न की मांग बढ़ रही है यही स्थिति रही तो खाद्यान्न के लिए भी दूसरे राष्ट्रों पर निर्भरता बढ़ेगी। कृषि क्षेत्र में विकास की अपार सम्भावनाऐं है, लेकिन जल संकट बड़ी बाधा है। वर्ष 1951 में 4 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध थी जो बढ़कर 2004-05 में 70.93 लाख हैक्टेयर हो गई। 2004-05 में सिंचित कृषि का क्षेत्र बढ़कर 33.7 प्रतिशत हो गया। लेकिन 2004 -05 में भूमिगत जल से सिंचाई क्षेत्रफल में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसका मुख्य कारण जल का खत्म हो जाना है। आज राजस्थान की 33 प्रतिशत कृषि सिंचित क्षेत्र है तो शेष 67 प्रतिशत कृषि अब भी असिंचित है जो केवल मात्र वर्षा पर ही आधारित है लेकिन मानसून की अनिश्चितता के कारण उन पर कृषि बहुत कम और वो भी एक वर्ष में केवल एक फसलीय ही होती है। यदि वर्षा जल पुनर्भरण, पुन: चक्रण की समुचित व्यवस्था की जाती तो आज कृषि क्षेत्र में वृद्धि की जाती, न कि गिरावट और भविष्य में कृषि क्षेत्र की गिरावट को रोका जा सकता था।

कृषि प्रधान राज्य में कृषि का विकास करके आज विकसित किया जा सकता था लेकिन 67 प्रतिशत भूभाग असिंचित होने के कारण बेरोजगारी एवं मौसमी बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। गांवो से शहरों में रोजगार के अभाव में पलायन हो रहा है। 67 प्रतिशत भूभाग पर एक वर्ष में एक फसल भी मौसम पर आधारित होती है, जिसमें मानसून की असमानता होने के कारण फसल बहुत कम वर्षो एवं कम क्षेत्रफल में ही हो पाती है। भारत में औसत वर्षा 120 से.मी. है लेकिन राज्य में औसत वर्षा 53 प्रतिशत से भी कम है और उत्तारी पश्चिमी भागों में बहुत कम है जहाँ औसत 10 से.मी. से 50 से.मी. के मध्य पाया जाता है। अत: राज्य में समुचित सिंचाई की सुविधाओं के अभाव में कृषि का वांछित विकास असम्भव है जिसका मुख्य कारण गहराता जल संकट है। यदि इसी गति से जल संसाधन का दोहन एवं प्रदूषित होता रहेगा तो भविष्य में उद्योगों के लिए जल की आपूर्ति एक चुनौती बन जायेगी और जल के अभाव में औद्योगिक विकास ठप हो जायेगा। औद्योगिक क्षेत्र में जल की भावी मांग को देखते हुऐ अभी से समुचित प्रयास शुरू किये जाने चाहिए ताकि मांग की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके एवं औद्योगिक विकास को गति प्रदान की जा सके।जल-ग्रहण प्रबंधन से तात्पर्य यह है कि धरती पर गिरने वाली वर्षा जल की प्रत्येक बूँद के लिए ऐसी संरचनायें एवं श्रृंखलायें तैयार की जाये कि जल 10 मीटर से आगे न बह पाये और इसे धरती में अवषोषित कर लिया जाये। जलग्रहण का सिद्धान्त है कि पानी दौड़े नहीं, चले नहीं, बल्कि रेगें और अन्तत: रूककर जमीन की गहराईयों में समा जाये जिसे सूरज की रोषनी भी उड़ा न सके।

भारत में विश्व का केवल 5 प्रतिशत जल पाया जाता है जबकि विश्व की 17.5 प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है। भारत में विश्व के धरातलीय क्षेत्र का लगभग 2.45 प्रतिशत जल है। देश में एक वर्ष में वर्षण से प्राप्त कुल जल की मात्रा लगभग 4,000 घन किमी है। धरातलीय जल और पुन: पूर्ति योग्य जल से 1,869 घन किमी उपलब्ध है। इसमें से केवल 60 प्रतिशत जल का लाभ उपयोग में किया जा सकता है। इस प्रकार देश में कुल उपयोगी जल संसाधन 1,222 घन किमी है। भारत में समुचित जल प्रबन्ध के अभाव में सदावाहिनी नदियों का जल समुद्र में जाकर गिरता है एवं समुद्र का जल स्तर बढ़ता है जो कि विश्व समुदाय के लिए एक खतरा है। भारत में एक तरफ जहाँ नदियों के बहाव क्षेत्रों में वर्षाकाल में अत्यधिक जल बहाव के कारण जम्मु एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल, उतराखण्ड सहित कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति पैदा होती है जहाँ काफी जान माल का नुकसान होता है एवं हजारों करोड़ रूपये बाढ़ से निपटने के लिए खर्च किये जाते हैं। जबकि दूसरी तरफ राजस्थान, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, कर्नाटक सहित काफी राज्य जल संकट से जूझ रहे हैं। जल प्रबन्ध के अभाव के कारण जल संकट के लिए भी देश को जूझना पड़ रहा है तो अत्यधिक जल के कारण भी। भारत में 1.6 किमी लम्बाई की लगभग 10360 नदियाँ है जिनमें औसत वार्षिक प्रवाह 1869 घन किलोमीटर है इनके प्रबन्ध के अभाव में नदियों का पानी जाकर समुद्र में गिरता है।

जल ग्रहण प्रबंधन से तात्पर्य मुख्य रूप से धरातलीय और भौम जल संसाधनों के दक्ष प्रबंधन से है। इसके अन्तर्गत बहते जल को रोकना और विभिन्न विधियों जैसे - अंत:स्रवण तालाब, पुनर्भरण कुओं आदि के द्वारा भौम जल का संचयन और पुनर्भरण शामिल हैं। तथापि विस्तृत अर्थ में जल ग्रहण प्रबंधन के अंतर्गत सभी प्राकृतिक संसाधनों जैसे - भूमि, जल, पौधे और प्राणियों और जल ग्रहण सहित मानवीय संसाधनों के संरक्षण, पुनरूत्पादन और विवेकपूर्ण उपयोग को सम्मिलित किया जाता है। जल ग्रहण प्रबंधन का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों और समाज के बीच संतुलन

लाना है। जल ग्रहण व्यवस्था की सफलता मुख्य रूप से सम्प्रदाय के सहयोग पर निर्भर करती है।

केन्द्रीय और राज्य सरकारों ने देश में बहुत से जल ग्रहण विकास और प्रबंधन कार्यक्रम चलाए है। इनमें से कुछ गैर सरकारी संगठनों द्वारा भी चलाए जा रहे हैं। 'हरियाली' केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित 'जल ग्रहण विकास परियोजना' है जिसका उद्देश्य ग्रामीण जनसँख्या को पीने, सिंचाई, मत्स्य पालन और वन रोपण के लिए जल संरक्षण के लिए योग्य बनाना है। परियोजना लोगों के सहयोग से ग्राम पंचायतों द्वारा निष्पादित की जा रही है। नीरू–मीरू, जल और आप कार्यक्रम आंध्र प्रदेश में और अरवारी पानी संसद। अलवर राजस्थान के अन्तर्गत लोगों के सहयोग से विभिन्न जल संग्रहण संरचनाएँ जैसे – अंत:स्रवण तालाब ताल जोहड़ की खुदाई की गई है और रोक बाँध बनाए गए हैं। तमिलनाडु के घरों में जल संग्रहण संरचना को बनाना आवश्यक कर दिया गया है।

जल ग्रहण की सबसे बड़ी उपयोगिता तब है, जब इसे बहुत ही सूक्ष्मता, धैर्य और विवेक के साथ इसे लागू किया जाए तो नतीजा यह निकलना चाहिए कि बरसात में नदी नाले या तो बहें ही नहीं या बहुत धीमें बहें। सालभर भीषण गर्मी में जल की उपलब्धता बनी रहे। पानी के अलावा जलग्रहण में वहां के व्यक्तियों को संगठित करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। एक अच्छे जलग्रहण में सीमेन्ट और लोहे का कोई काम नहीं है, सिर्फ श्रम ही पर्याप्त है। अर्थात 'हींग लगे न फिटकरी रंग दिखे चोखा'। सामाजिक एवं आर्थिक रूप से एक अच्छे जलग्रहण का मापदंड है संगठित एवं सहयोगी समाज का उद्‌भव व औसत आय में कम से कम सौ प्रतिशत की वृद्धि। यह आदर्ष जलग्रहण कार्य की पराकाष्ठा है यही उसकी परिणिति है।

भारत में वर्षा एवं नदियों से जलग्रहण किया जा सकता है यदि नदियों के जल का उपयोग या जलग्रहण किया जायें तो जल संकट को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। भारत में वर्षा में अत्यधिक स्थानीय भिन्नता पायी जाती है और मुख्य रूप से मानसूनी मौसम संकेद्रित है। भारत में कुछ नदियों से जलग्रहण वर्षा की अपेक्षा अधिक किया जा सकता है। ये नदियाँ देश के कुल क्षेत्रफल के एक तिहाई भाग पर पायी जाती है, इन नदियों को सूखे क्षेत्र में मोड़कर कृषि, औद्योगिक एवं पेयजल की आपूर्ति की जा सकती है। नदियों से जलग्रहण के लिये नदियों को नहरी तन्त्र में बदलकर नहरों के अंतिम छोर पर खुले जालीदार बोरवेल बनाकर भूमि में 100 से 150 फिट गहरे शैलछिद्रों में पानी छोड़कर जलग्रहण किया जा सकता है। इसी प्रकार वर्षा जल संग्रहण विभिन्न उपयोगों के लिए वर्षा के जल को रोकने और एकत्र करने की विधि है। इसका उपयोग भूमिगत जलभृतों के पुनर्भरण के लिए भी किया जाता है। यह एक कम मूल्य और पारिस्थितिकी अनुकूल विधि है जिसके द्वारा पानी की प्रत्येक बूँद संरक्षित करने के लिए वर्षा जल को नलकूपों, गड्ढों और कुओं में एकत्र किया जाता है। वर्षा जल संग्रहण पानी की उपलब्धता को बढ़ाता है, भूमिगत जल स्तर को नीचा होने से रोकता है, फ्लुओराइड और नाइट्रेट्स जैसे संदूषकों को कम करके अवमिश्रण भूमिगत जल की गुणवत्ता बढ़ाता है। मृदा अपरदन और बाढ़ को रोकता है और यदि इसे जलभृतों के पुनर्भरण के लिए उपयोग किया जाता है तो तटीय क्षेत्रों में लवणीय जल के प्रवेश को रोकता है।

देश में विभिन्न समुदाय लम्बें समय से अनेक विधियों से वर्षाजल संग्रहण करते आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत वर्षा जल संग्रहण सतह संचयन जलाष्यों जैसे –झीलों, तालाबों, सिंचाई तालाबों आदि में किया जाता है। राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण ढाँचे जिन्हें कुंड अथवा टाँका, एक ढका हुआ भूमिगत टंकी के नाम से जानी जाती है जिनका निर्माण गाँव के पास या घर में संग्रहित वर्षा जल को एकत्र करने के लिए किया जाता है।

भारत में उचित जल प्रबन्ध करके जहाँ एक तरफ बाढ़ से बचा जा सकता है वहीं दूसरी तरफ सूखा से बचा जा सकता है। भारत में पर्याप्त जल भण्डार तो नहीं है लेकिन यदि वर्षा एवं नदियों के जल का व्यावहारिक रूप में वितरण एवं जलग्रहण किया जाये तो सूखे की स्थिति से निपटा जा सकता हैं। भविष्य में जल संकट की स्थिति को देखते हुऐ सरकार एवं आमजन को निश्चित रूप से जल की एक–एक बूंद को बचाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने होगें।

जल संरक्षण एवं जल पुनर्भरण प्रयासो के अन्तर्गत विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण एवं पुनर्भरण किया जा सकता है:–

वर्षा जल से जल संरक्षण एवं पुनर्भरण – वर्षाकाल में ऐसे जिले जहाँ पर्याप्त वर्षा होती है। राजस्थान के रेगिस्तान को छोड़कर शेष भागों में सामान्य वर्षा होती है एवं कई जिलों में तो सामान्य से ज्यादा वर्षा होती है। केवल कुछ जिलों में ही वर्षा की स्थिति खराब होती है शेष जिलों में वर्षा जल से पुनर्भरण किया जा सकता है, वर्षा के दौरान जल का पुनर्भरण निर्मित मकानों की छतों से जिसमें घर, कार्यालय, संस्था आदि सभी के मकानों की छतों से वर्षा के पानी की पाईप लाईन द्वारा सोखते कुओं का निर्माण करके पुनर्भरण किया जा सकता है एवं जहाँ पर भूमिगत जल खारा है वहां पर कुण्डों का निर्माण क्षमता के अनुसार करके पानी का संरक्षण किया जा सकता है। जो कि पेयजल के काम में लिया जा कर पेयजल की समस्या को कम किया जा सकता है लेकिन इन कार्यो को सरकार और जनता दोनो के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है।

सरकार द्वारा योजना बनाये जाने के अभाव में इन कार्य को सफल नहीं बनाया जा सकता। सरकार द्वारा योजना बनाकर एवं विभागीय तौर पर जैसे पेयजल योजना संचालित कर रही है उसी प्रकार लगातार योजना का संचालन व प्रबन्ध करके वर्षा के घरों से बहने वाले सम्पूर्ण जल का पुनर्भरण किया जा सकता है। इस योजना को केवल मात्र सोखते कुओं या कुण्डों का निर्माण करने से ही जल का पुनर्भरण नहीं किया जा सकता बल्कि लगातार प्रबन्ध व संचालन की आवश्यकता है। जिस प्रकार पेयजल आपूर्ति की प्रतिदिन निगरानी की जाती है उसी प्रकार वर्षा से जल पुनर्भरण व संरक्षण की प्रति वर्षा निगरानी की आवश्यकता होगी इस प्रयास से जहाँ मकानों की छतों से व्यर्थ बहने वाले सम्पूर्ण जल का संरक्षण व पुनर्भरण किया जा सकता है।

वर्षा के दौरान गाँव एवं शहरों की नालियों से बहने वाले सम्पूर्ण जल का पुनर्भरण किया जा सकता है। वर्षा से गाँव एवं शहरों की सड़कों, गलियों एवं रास्तों से पानी बहकर बेकार जाता है और उसका वाष्पीकरण हो जाता है। इस प्रकार गाँव एवं शहर के रास्तों, गलियों से वर्षा में जहाँ पानी बहकर एकत्रित होता है वहाँ नालियों के माध्यम से पानी को सोखतें कुओं में छोड़कर सम्पूर्ण जल का पुनर्भरण किया जा सकता है। जिससे वर्षा के दौरान बहने वाले बेकार जल का पुनर्भरण करके जल स्तर को सुधारा जा सकता है।

आज देश एवं प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा हुआ है। वर्षाकाल में वर्षा से सड़कों को भारी क्षति पहुँचती है ओर सड़के टूट जाती है ऐसा वर्षा का पानी सड़कों पर भरने से होता है यहां तक कि कहीं तो सड़के अवरूद्ध हो जाती है जिससे आवागमन बाधित हो जाता है।

वर्षा जल के पुनर्भरण के लिए उचित प्रबन्ध के अभाव में ऐसा हो रहा है कि एक तरफ वर्षा से सड़कों को नुकसान होता है तो दूसरी तरफ वर्षा का शुद्ध अमूल्य जल बहकर बेकार जाता है और उनका वाष्पीकरण हो जाता है जबकि दूसरी तरफ जल संकट है।

सड़कों से बहने वाले सम्पूर्ण जल का पुनर्भरण करके काफी हद तक जल संकट को खत्म किया जा सकता है। दूसरी और सड़कों को टूटने से भी बचाया जा सकता है। इस प्रकार दोहरे लाभ प्राप्त किये जा सकते है एवं जल के पुनर्भरण पर आने वाले खर्चे को भी सड़कों के टूटने पर आने वाले खर्चे में समायोजन किया जा सकता है।

सड़कों से जल पुनर्भरण करने के लिए सड़कों के दोनों और नालियों का निर्माण करके एवं सोखतें कुओं का निर्माण करके वर्षा से बहने वाले सम्पूर्ण जल का पुनर्भरण किया जा सकता है। सड़कों के दोनों ओर नालियों का निर्माण व सोखतें कुओं के निर्माण पर आने वाले बजट को नरेगा एवं सड़को की मरम्मत व पुन: निर्माण पर आने वाले खर्चे को भी समायोजित किया जा सकता है क्योंकि सड़के ज्यादातर पानी के भराव से ही टूटती है और बार – बार मरम्मत करने पर काफी खर्चा आता है। दूसरी तरफ नरेगा से जोहड़ खुदाई व रास्तों की कटाई जैसे कार्य करवाये जाते है इसलिए नरेगा के तहत जल पुनर्भरण कार्य को करवाया जाना चाहिए ताकि दोहरे लाभ प्राप्त किये जा सके ताकि एक तरफ तो जल पुनर्भरण पर आने वाले खर्चे की लेबर राशि को समायोजित करने पर बजट कम खर्च करना पड़ेगा और दूसरी तरफ नरेगा के तहत रोजगार मिलता रहेगा।

अत: सारांश रूप से कहा जा सकता है कि जल एक अविकल्पनीय प्राकृतिक संसाधन है जिसका कोई भी विकल्प भविष्य में नहीं हो सकता है। और न ही जल संसाधन में वृद्धि की जा सकती है। इसलिए जल संसाधन की भावी मांग एवं आपूर्ति को ध्यान में रखकर जल संसाधन योजनाओं का निर्माण करके जल संसाधन की अपव्यय, पुन:चक्रण, संरक्षण एवं पुनर्भरण की समुचित व्यवस्था की जाने की तत्काल आवश्यकता है। वर्तमान में जल संसाधन के आपूर्ति, संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए संचालित योजनाओं से कोई प्रभावकारी सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं आये है और यदि यहीं गति एवं इस प्रकार ही जल संसाधन योजनाऐं संचालित रही तो आने वाले समय में जल संकट के समाधान के रास्ते नजर नहीं आयेगें। भावी जल संकट की स्थिति को देखकर ही जल संसाधन का उपयोग किये जाने की आवश्यकता है। ताकि भविष्य के लिए जल संसाधन के भण्डार सुरक्षित किये जा सके। जैसे आज विश्व स्तर पर जल संकट को प्रमुखता से लिया गया है और अनेक योजनाओं का विभिन्न स्तरों पर निर्माण किया जाने लगा है।

जल अधिग्रहण योजनाओं की व्यावहारिकता– जल अधिग्रहण योजनाओं शोध क्षेत्र की व्यावहारिकता की स्थिति स्पष्ट होती है जिससे भविष्य में योजनाओं में परिवर्तन करके परिणाम प्राप्त किये जा सकते है एवं व्यावहारिकता की उपयुक्तता के आधार पर नई नई योजनाऐं शुरू की जा सकती है। जल संसाधन की प्रत्येक बूँद–बूँद का संरक्षण एवं पुनर्भरण तथा जल के पुन: चक्रित उपयोग के लिए नई योजनाऐं शुरू करने, वर्तमान योजनाओं को अन्य योजनाओं यथा मनरेगा, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा समायोजित करके कार्य में गति प्रदान की जा सकती है।

जल अधिग्रहण योजनाओं का अन्य योजनाओं में समायोजन करने से भविष्य में जल संसाधन योजनाओं पर आने वाले आर्थिक भार में कमी आयेगी तथा परिणाम ज्यादा प्राप्त होगें। भविष्य में जल के संरक्षण एवं पुनर्भरण पर शोध किया जाना व्यावहारिक होगा।

जल संसाधन के पुनर्भरण एवं संरक्षण के लिए वर्तमान में संचालित योजनाओं के सकारात्मक परिणाम नहीं आये है और यदि यही व्यवस्था एवं योजनाओं के संचालन का तरीका रहा तो परिणाम प्राप्ति की ज्यादा अच्छी सम्भावना नहीं है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र में काफी योजनाऐं शुरू की गई है एवं काफी योजनाओं की प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है जो भविष्य में शुरू की जानी है। जल संसाधन के संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए सरकार द्वारा जन जागृति अभियान चलायें जा रहे हैं। जिससे समाज में जल के उपयोग, पुनर्भरण एवं संरक्षण के प्रति जागृति आ रही है आषा है कि भविष्य में इससे अच्छे परिणाम प्राप्त होगें, राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से भी कई योजनायें संचालित की जा रही है। काफी योजनाओं का प्रचार प्रसार ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है जिसके भविष्य में सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।

निष्कर्ष– आज समय की मांग है कि तेजी से कम होते संसाधनों को संरक्षित एवं पुनर्जीवित किया जायें। उपलब्ध संसाधनों को पुनर्जीवित करना उनको संरक्षित किये बिना कठिन है। सरंक्षण की प्रक्रिया का प्रांरम्भ संसाधनों, भूमि एवं जल के बेहतर प्रबन्धन से होता है। भूमि एवं जल संरक्षण परस्पर जुडे हुऐ हैं, व इनका यह सम्बन्ध जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इनको संरक्षित करने के लिए सर्वाधिक उपर्युक्त तरीका यह होगा कि हम अपने प्रयासों को एक सीमित क्षेत्र के अन्दर केन्द्रित करें। प्राथमिक संसाधनों के परस्पर सुधार लाने व इसके उचित प्रबन्ध हेतु भूमि एवं जल के द्वारा निर्धारित क्षेत्र में जलअधिग्रहण कार्य करना ही सर्वाधिक उपयुक्त है। जलअधिग्रहण क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत होने वाली विभिन्न प्रक्रियाएँ उपलब्ध संसाधनों के ऊपर प्रभाव डालती हैं। किसी भी विकास प्रक्रिया का टिकाऊ (पोषणीय) होना संसाधनों के परस्पर सम्बन्धों को गहराई से समझने व परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करने पर निर्भर है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मिश्र अनुपम (1995) : 'राजस्थान की रजत बूँदे' पर्यावरण कक्ष गाँधी शान्ति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली।
2. डॉ. स्नेह साईवाल (2015) 'राजस्थान का भूगोल' प्रकाशक–कॉलेज बुक हाउस, चौड़ा रास्ता, जयपुर।
3. डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (2012) 'जल संरक्षण – आवश्यकता एवं उपाय', प्रकाशक–श्री गिर्राज प्रकाशन, राम भवन चौड़ा रास्ता, जयपुर।
4. Chris Baroow - "Water Resources and Agricultural Development in the Tropice''नामक पुस्तक में उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र में जल एवं कृषि क्षेत्रों पर विशेष चर्चा की गई है।
5. एस. सी महनोत, पी. के सिंह एवं संजय मोटी ने 'Watershed Approches in Improving The Socio-economic States of Trible Area' में जल ग्रहण विकास द्वारा राज्य के जनजातीय भागों में जीवन सुधार पर अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।
6. डॉ. बी. सी. जाट ने 'Water Resource Geography'में जल संसाधन पर विशेष विवेचना की गई है।
7. गुरचरन सिंह एवं जगदीश सिंह के 'जल सम्भरण, सफाई एवं पर्यावरण इंजीनियरी' में जल संसाधन के स्त्रोत एवं उपयोग का विशेष अध्ययन किया गया है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन

निशा यादव* डॉ. कल्पना शर्मा **

* शोधार्थी, शासकीय क.रा.क. महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** विभागध्यक्ष, जे.सी. मिल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना –परिवार बच्चों की प्रथम पाठशाला होती है और माता उसकी प्रथम गुरू। जन्म के पश्चात् बच्चे खाना-पीना, हँसना-बोलना, चलना-फिरना, खेलना-कूदना, पढ़ना-लिखना आदि समस्त गतिविधियाँ परिवार में ही सीखते हैं। घर में ही बालक बालिकाओं का शारीरिक, मानसिक, क्रियात्मक, संवेगात्मक, भाषा व सामाजिक विकास होता है। वे विभिन्न परिस्थितियों में समायोजन करना सीखते हैं। माता पिता व परिवार के सदस्यों की आदतें, उनके निर्णय लेने के तरीके व अन्य लोगों के प्रति उनका आचरण आदि नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते हैं। घरेलू महिलाएँ अपने बच्चों के सम्पर्क में अधिक रहती हैं इसलिये बच्चों के आचरण व नैतिक मूल्यों पर उनका प्रभाव अधिक पड़ता है। प्रत्येक कार्य, निर्णय में वे उनकी मदद लेते हैं। कामकाजी महिलाओं 6-8 घंटे लगभग घर से बाहर रहना पड़ता है। इसलिए उनके बच्चे परिवार के अन्य सदस्य व आया के सम्पर्क में अधिक रहते हैं। माता की अनुपस्थिति बच्चों को अपने कार्य स्वयं करने तथा निर्णय स्वयं लेने के लिये प्रेरित करती है। अधिक आवश्यकता पड़ने पर ही बच्चे परिवार के अन्य सदस्यों से मदद लेते हैं। इस प्रकार घरेलू महिलाओं के बच्चों की तुलना में कामकाजी महिलाओं के बच्चे जल्दी आत्मनिर्भर होने लगते हैं। उन्हें निर्णय लेने, समायोजन करने के अवसर अधिक मिलते हैं। वे प्रयास व भूल से बहुत कुछ स्वयं ही अनुभव प्राप्त कर लेते हैं।

बड़े होने के साथ-साथ बच्चे पास-पड़ौस में जाने लगते हैं। उनका प्रवेश विद्यालय में हो जाता है। इस प्रकार उनका परिचय मित्रमंडली, रिश्तेदारों, पड़ौसियों तथा शिक्षकों से होता है। इन सभी के आचार-विचार तथा मूल्यों का प्रभाव बच्चों पर पड़ने लगता है। इस प्रकार परिवार, समाज व विद्यालय का वातावरण व सम्पर्क में आने वाले लोगों के प्रभाव से बच्चे अपने नैतिक मूल्यों का सृजन करते हैं या उनके मूल्यों का अनुसरण करते हैं। घरेलू माताओं तथा कामकाजी माताओं के बच्चों को मिलने वाले वातावरण, सहयोग, अवसर, प्रशिक्षण में भिन्नता रहती है। दोनों प्रकार की महिलाओं के बच्चों के नैतिक मूल्यों में क्या अंतर है यह ज्ञात करने के लिये मैंने अपने शोध का विषय – 'घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य– मैंने अपने शोध कार्य हेतु निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं–

1. घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का अध्ययन करना।
2. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का अध्ययन करना।
3. घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ – मैंने अपने शोध कार्य हेतु निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्मित की हैं–

1. घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।
2. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।
3. घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

शोध प्रविधि– शोध अध्ययन हेतु ग्वालियर शहर की 150 घरेलू एवं 150 कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं का चयन सवविचार निदर्शन विधि से किया गया। तथ्यों का संकलन स्वनिर्मित प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु माध्य, मानक विचलन, टी-परीक्षण का उपयोग किया गया। प्राप्त परिणामों के आधार पर प्रामाणित निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

तथ्यों का वर्गीकरण– तथ्यों के वर्गीकरण को तालिका क्रमांक एक से तालिका क्रमांक छ: तक में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका क्रमांक – 1: घरेलू महिलाओं के बालक-बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर

स्तर	बालक		बालिकाएँ		योग	
	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.
उच्च	26	17.33	25	16.66	51	34.00
मध्यम	19	12.66	22	14.66	41	27.33
निम्न	30	20.00	28	18.66	58	38.66
योग	75	50.0	75	50.0	150	100.0

तालिका क्रमांक – 1 में घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर प्रदर्शित किया गया है। तालिका से स्पष्ट होता है कि 26(17.33%) बालक तथा 25(16.66%) बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया है। मध्यम स्तर के नैतिक मूल्यों वाले बालक बालिकाओं में 19(12.66%) बालक तथा 22(14.66%) बालिकाएँ हैं। निम्न स्तर के नैतिक मूल्य अपनाने वाले बालकों की संख्या 30(20.0%)

तथा बालिकाओं की 28(18.66%) पाई गई है।

इस प्रकार घरेलू महिलाओं के 51(34.0%) बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर उच्च, 41(27.33%) का मध्यम तथा 58(38.66%) का निम्न पाया गया है। उच्च नैतिक मूल्यों के स्तर में बालक बालिकाओं की संख्या में मामूली अंतर पाया गया है। बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक है तथा मध्यम स्तर में बालिकाओं की संख्या बालकों की तुलना में अधिक पाई गई है। निम्न स्तर के मूल्यों को अपनाने में भी बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक है।

तालिका क्रमांक – 2: कामकाजी महिलाओं के बालक–बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर

स्तर	बालक		बालिकाएँ		योग	
	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.
उच्च	28	18.66	39	26.00	67	44.66
मध्यम	27	18.00	27	18.00	54	36.00
निम्न	20	13.33	09	06.00	29	19.33
योग	75	50.0	75	50.0	150	100.0

तालिका क्रमांक – 2 में कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर प्रदर्शित किया गया है। तालिका से स्पष्ट है कि 28(18.66%) बालकों के मूल्यों का स्तर उच्च है जो कि उच्च स्तर के मूल्यों वाली बालिकाओं की संख्या 39(26.0%) की तुलना में कम है। मध्यम स्तर के मूल्यों वाले बालक बालिकाओं की संख्या एक समान अर्थात् 27(18.0%), 27(18.0%) पाई गई है। निम्न स्तर के मूल्यों के श्रेणी में 20(13.33%) बालक तथा 09(6.0%) बालिकाएँ हैं। अत: बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अत्यधिक है। सम्पूर्ण तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि 67(44.66%) बालक बालिकाओं के मूल्यों का स्तर उच्च, 54(36.0%) का मध्यम तथा 29(19.33%) का निम्न पाया गया है। इस प्रकार उच्च स्तर के मूल्यों वाले बालक बालिकाओं की संख्या सर्वाधिक तथा निम्न स्तर के मूल्यों वाले बालक बालिकाओं की संख्या न्यूनतम पाई गई है। यद्यपि उच्च स्तर की श्रेणी में बालिकाओं तथा निम्न स्तर की श्रेणी में बालकों की संख्या अधिक है।

तालिका क्रमांक – 3: घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर

स्तर	घरेलू महिलाएँ		कामकाजी महिलाएँ		योग	
	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.
उच्च	51	17.00	67	22.33	118	39.33
मध्यम	41	13.66	54	18.00	95	31.66
निम्न	58	19.33	29	09.66	87	29.00
योग	150	50.0	150	50.0	300	100.0

तालिका क्रमांक – 3 में घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक स्तर प्रदर्शित किया गया हैं तालिका से स्पष्ट होता है कि घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं 51(17.0%) के नैतिक मूल्यों का स्तर उच्च, 41(13.66%) का मध्यम तथा 58(19.33%) का निम्न पाया गया है। कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं में 67(22.33%) के नैतिक मूल्यों का स्तर उच्च, 54(18.0%) का मध्यम व 29(9.66%) का निम्न पाया गया है। घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के मूल्यों के स्तर का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि 118(39.33%) का स्तर उच्च, 95(31.66%) का मध्यम व 87(29.0%) का निम्न पाया गया है। इस प्रकार मूल्यों के उच्च स्तर के बालक बालिकाओं की संख्या सर्वाधिक तथा निम्न स्तर की न्यूनतम है। यद्यपि कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं की संख्या 67(22.33%) उच्च मूल्यों के स्तर में घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं की तुलना में अधिक है तथा मूल्यों के निम्न स्तर की श्रेणी में घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं की संख्या कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं की तुलना में अधिक है।

तालिका क्रमांक – 4: घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर के अंतर की सार्थकता हेतु टी–परीक्षण तालिका

लिंग	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्र्यांश	टी–परीक्षण का मूल्य	सार्थकता स्तर
बालक (N=75)	1.95	0.87	298	0.0953	p>0.05
बालिकाएँ (N=75)	1.96	0.85			

*0.05 तर पर सार्थक

तालिका क्रमांक – 4 में घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर के मध्यमान , मानक विचलन एवं टी–परीक्षण का मूल्य प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि घरेलू महिलाओं के बालकों के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान 1.95 है तथा बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान 1.96 है। तालिका दर्शाती है कि टी–परीक्षण का परिगणित मूल्य 0.0953 है। जो कि 0.05 स्तर पर असार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना– 'घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा' स्वीकृत होती है। बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक का अंतर नहीं पाया गया।

तालिका क्रमांक – 5: कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर के अंतर की सार्थकता हेतु टी–परीक्षण तालिका

लिंग	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्र्यांश	टी–परीक्षण का मूल्य	सार्थकता स्तर
बालक (N=75)	2.11	0.80	298	2.39	p<0.05
बालिकाएँ (N=75)	2.40	0.70			

*0.05 तर पर सार्थक

तालिका क्रमांक – 5 में कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–परीक्षण का मूल्य प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि कामकाजी महिलाओं के बालकों के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान 2.11 है तथा बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान 2.40 है। तालिका दर्शाती है कि टी–परीक्षण का परिगणित मूल्य 2.39 है। जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना– 'कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा' अस्वीकृत होती है। बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक का अंतर पाया गया। बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर बालकों की तुलना में उच्च पाया गया। क्योंकि बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान बालकों के मध्यमान

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

की तुलना में अत्यधिाक है।

तालिका क्रमांक – 6: घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर के अंतर की सार्थकता हेतु टी–परीक्षण तालिका

महिलाएँ	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्र्यांश	टी–परीक्षण का मूल्य	सार्थकता स्तर
घरेल (N=150)	1.95	0.85	298	–2.211	$p<0.05$
कामकाजी (N=150)	2.25	0.76			

*0.05 तर पर सार्थक

तालिका क्रमांक – 6 में घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–परीक्षण का मूल्य प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान 1.95 है तथा कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर का माध्यम 2.25 है। तालिका दर्शाती है कि टी–परीक्षण का परिगणित मूल्य –2.211 है जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना– 'घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा' अस्वीकृत होती है। बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक का अंतर पाया गया। बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर बालकों की तुलना में उत्ताम पाया गया क्योंकि बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर का मध्यमान बालकों के मध्यमान की तुलना में अत्यधिाक है।

परिणाम – शोध अध्ययन के निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुये हैं–

1. घरेलू महिलाओं की बलिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर बालकों के नैतिक मूल्यों के स्तर की तुलना में मामूली अधिक पाया गया।
2. कामकाजी महिलाओं की बालिकाओं के नैतिक मूल्यों का स्तर बालकों के नैतिक मूल्यों के स्तर की तुलना में उच्च पाया गया।
3. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं केनैतिक मूल्यों का स्तर घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों के स्तर की तुलना में उच्च पाया गया।
4. घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।
5. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।
6. घरेलू महिलाओं एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर पाया गया। कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के नैतिक मूल्य घरेलू मलिाओं के बालक बालिकाओं की तुलना में उच्च पाये गये।

निष्कर्ष– बालकाओं के मूल्य बालकों के मूल्यों की तुलना में उच्च स्तर के होते हैं। कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के मूल्य घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं की तुलना में उच्च स्तर के होते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. बर्मन, गायत्री 'किशोरावस्था' शिवा प्रकाशन इन्दौर।
2. कपूर, प्रमिला, 'भारत में विवाह और कामकाजी महिलाएँ' राजकमल प्रकाशन 1976।
3. कुप्पूस्वामी, बी. 'बाल व्र्र्यवहार और विकास' विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि. कानपुर।
4. भटनागर, सुरेश 'बाल विकास एवं बाल मनोविज्ञान' इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ।
5. सलूजा तथा सलूजा 'कामाकजी महिलाएँ' पुस्तक महल, दिल्ली।
6. वर्मा प्रीति तथा श्रीवास्तव डी.एन. 'बाल मनोविज्ञान बाल विकास' विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Impact of Ferric Chloride and Fenton Reagent on Photocatalytic Decoloration of Azure B dye.

Dr. David Swami*

***Department of Chemistry PM College of Excellence SBN Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) INDIA**

Abstract : The present paper deals with the Study of Photocatalytic degradation of Azure B dye in aqueous suspension of TiO_2 Particles. Photocatalytic degradation of Azure B dye have been studied with the help of variety of parameters which are Effect of $Fecl_3$ and Fenton Reagent. The effect of $Fecl_3$ and Fenton Reagent on the rate of degradation was investigated. Result demonstrated that TiO_2 in the presence of visible irradiation can effectively degrade Azure B dye. The addition of $Fecl_3$ and Fenton regents had an important influence on the processes of the photocatalytic degradation of the dye.
Keywords : Degradation, Azure B, $Fecl_3$, Fenton Reagents, Visible, TiO_2.

Introduction - Interest in the application of titanium oxide in different fields has increased rapidly in recent years. Photocatalytic processes, Which had been reported as the pioneering work for the first time in 1972. (1) Purification of wastewater contaminated with these pollutants is very difficult since they are resistant to conventional treatment techniques. Advances oxidation processes are based on the production of highly reactive hydroxyl radicals that oxidizes a broad range of organic pollutants quickly and non selectively.(2) The mechanism of the photo assisted degradation of dyes under visible radiation follows different pathway compared to UV radiation. Electrons of dyes are exited by visible light to singlet and triplet states followed by electron injection from the exited dye to the conduction band of the catalyst TiO_2, Which plays as an electron transfer mediator. The cation radicals of the dye are formed and the transferred electron to TiO_2 band reacts with the Pre adsorbed O_2 from with the air to from oxidizing radical species like O_2 and OH radicals which start photoxidation of the dye. (3) Advanced oxidation method allows the complete degradation of organic pollutants to CO_2 and inorganic acids.

Experimental: Azure B was obtained from Loba Chemie. Photo catalyst TiO_2 was obtained from the S.D. Fine Company. All Solutions were prepared in doubly distilled water. Photo catalytic experiments were carried out with 50 ml of dye solution (3.8x10-5 mol dm-3) using 300mg of TiO_2 photo catalytic under exposure to visible irradiation in specially designed double-walled slurry type batch reactor vessel made up of Pyrex glass (7.5 cm height, 6 cm diameter) surrounded by thermostatic water circulation arrangement to keep the temperature in the range of 30$\pm$0.3.c. Irradiation was carried out using 500 w halogen lamp surrounded by aluminum reflector to avoid irradiation loss. During photo catalytic experiments after stirring for 10 min slurry composed of dye solution and catalyst was placed in dark for ½h in order to establish equilibrium between adsorption and desorption phenomenon of dye molecule on photo catalyst surface. Then slurry containing aqueous dye solution and TiO_2 was stirred magnetically to ensure complete suspension of catalyst particle while exposing to visible light. At specific time intervals aliquot (3ml) was withdrawn and centrifuges for 2 min at 3500 rpm to remove TiO_2 particle from aliquot to assess extent of decolourisation photo metrically. Changes in absorption spectra were recorded at 480 nm on double beam UV-Vis, spectrophotometer (Systronic Model No. 166) Intensity of visible radiation was measured by a digital luxmeter (Lutron LX 101). pH of solution was measured using a digital pH meter.

Results and Discussion:

Effect of $FeCl_3$: The addition of $FeCl_3$ had an important influence on the processes of the photocatalytic decoloration of the dye. Catalytic influence of Fe^{3+} ions on the decoloration of dye depend on the concentration of $FeCl_3$, the applied amount of TiO_2 and on the initial concentration of the dye in the solutions. We have studied the effect of $FeCl_3$ on the photodegradation of Azure B by varying the concentration from 2.0×10^{-6} mol dm^{-3} to 14.0×10^{-6} mol dm^{-3}. In TiO_2 / $FeCl_3$ / Vis addition of $FeCl_3$ caused an increase in rate constant (5.64×10^{-4} s^{-1}), up to concentration 8×10^{-5} mol dm^{-3}. Fe^{3+} behaves as an electron scavenger thus preventing the recombination of electron-hole pairs. The above two reactions led to increase the

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

amount of OH and H_2O_2 thus improving the efficiency of the photocatalytic process. When Fe^{3+} concentration is in excess of 10×10^{-5} mol dm^{-3}, the photodegradation efficiency decreased gradually due to the deposition of Fe^{3+} ions on the semiconductor particles. Active sites of the catalyst are covered with Fe^{3+} ion and hence the photon absorption by the catalyst decreased (4).

$Fe^{3+} + hv \rightarrow Fe^{2+} + {}^{\bullet}OH$ (1)
$Fe(OH)_2 + hv \rightarrow Fe^{2+} + {}^{\bullet}OH$ (2)
$Fe^{2+} + H_2O_2 + H^+ \rightarrow Fe^{3+} + {}^{\bullet}OH + H_2O$ (3)
$Fe^{2+} + HO^{\bullet}_2 + H^+ \rightarrow Fe^{3+} + H_2O_2$ (4)

Photoactivation of surface adsorbed complex ion (Fe^{3+} OH^-) resulted into Fe^{2+} OH species, which consequently injected electrons to conduction band of TiO_2. Increased rate of degradation in case of $FeCl_3$ is due to rapid scavenging of conduction band electrons by molecular oxygen leading to formation of superoxide and hydro peroxide radicals. Higher concentration of $FeCl_3$ eliminated adsorption of cationic dye on TiO_2 surface and also inhibited reaction rate by reducing production of hydroxyl radicals (5).

AB + hv visible $\rightarrow$ 1AB* or 3AB* (5)
hv
1AB* or 3AB*+$TiO_2(Fe^{3+}OH^-) \rightarrow TiO_2(Fe^{2+}\bullet OH)$+ AB+. (6)

$TiO_2(Fe^{2+}\bullet OH)+H_2O_2 \rightarrow TiO_2$ (e- CB)+TiO_2 ($Fe^{3+}\bullet OH$) (7)

$TiO_2 (e^- CB) + O_2 \xrightarrow{H+} O^-_2 \rightarrow HO_2$ (8)

AB /AB+. + •OH / O^-_2 / $HO_2 \rightarrow$ Degradation products (9)

Table 1 Effect of $FeCl_3$: [AB] = 3.0×10^{-5} mol dm^{-3}, TiO_2 = 200 mg/100 mL
pH = 9.0, Light intensity = 25×10^3 lux, Temperature = 30 ± 0.3ºC.

$FeCl_3 \times 10^5$ mol^{-1} dm^3	$k \times 10^{-4}$ s^{-1}	$t_{1/2} \times 10^3$ s
0.0	4.10	1.69
2.0	4.30	1.61
4.0	4.60	1.50
6.0	4.99	1.38
8.0	5.64	1.22
10.0	4.50	1.54
12.0	2.95	2.34
14.0	2.30	3.01



Fig.1 : Effect of $FeCl_3$

Effect of Fenton reagent: The mixture of ferrous ion and hydrogen peroxide is called Fenton reagent. It is known for oxidizing many organic compounds. Fenton system provides an economical approach in treatment of dye pollutants and played important roles in the degradation of dyes. Fenton's reagent is an attractive treatment for the effective decolorization and degradation of dyes because of its low cost, the lack of toxicity of the reagents (i.e. Fe^{2+} and H_2O_2) the absence of mass transfer limitation due to its homogeneous catalytic nature and the simplicity of the technology(6). The Fenton system uses ferrous ion to react with hydrogen peroxide, producing hydroxyll radicals with powerful oxidizing ability to degrade organic pollutants. During reaction, ferric ions are formed which can be reacted to produce ferrous ions. The reaction of hydrogen peroxide with ferric ions is referred to as a Fenton-like reaction. Efficiency of Fe^{3+} / H_2O_2 system has been studied for decolorization of Azure B in the presence of TiO_2 and visible light irradiation. The results are shown in Table 2 and plotted in Fig.2. Rate constant has a value of 4.83 × 10-4 s-1 on the addition of (Fe^{3+} : H_2O_2) in molar ratio (3:1). In the presence of (Fe^{3+} : H_2O_2) in molar ratio (1.4:1), rate constant has been found 4.0 × 10-4 s-1. Upon irradiation of Fe^{3+}/H_2O_2/TiO_2/AB system with visible light, production of •OH radicals involving a very complex mechanism.

$Fe^{2+} + H_2O_2 \rightarrow Fe^{3+} + OH^- + {}^{\bullet}OH$ (1)
${}^{\bullet}OH + Fe^{2+} \rightarrow OH^- + Fe^{3+}$ (2)
$Fe^{3+} + H_2O + hv \rightarrow {}^{\bullet}OH + Fe^{2+} + H^+$ (3)

A dye molecule absorbs visible irradiation and is excited into high energy state. These excited dye molecules reduce the ferric ion complex to ferrous ion complex followed by the transfer to ferric ion. The reduced ferrous ions react with H_2O_2 to decompose and generate •OH hydroxyl radical as a strong oxidizing agent, which attack the dye molecules leading to the decolorization of the solution.

$AB + hv_{visible} \rightarrow {}_1AB^*$ or ${}_3AB^*$ (4)
${}_1AB^*$ or ${}_3AB^*$ + $TiO_2(Fe^{3+}OH^-) \rightarrow TiO_2(Fe^{2+}{}^{\bullet}OH)$+ $AB^{+\cdot}$ (5)
hv
$TiO_2(Fe^{2+}{}^{\bullet}OH) + H_2O_2 \rightarrow TiO_2(Fe^{3+}{}^{\bullet}OH) + OH^- + {}^{\bullet}OH$ (6)
$TiO_2(Fe^{3+}{}^{\bullet}OH) + H_2O_2 \rightarrow TiO_2(Fe^{2+}{}^{\bullet}OH) + HO^{\bullet}_2 + H^+$ (7)
$TiO_2(Fe^{2+}{}^{\bullet}OH) \rightarrow TiO_2(Fe^{3+}{}^{\bullet}OH) + TiO_2(e^-_{CB})$ (8)
$TiO_2(e^-_{CB}) + O_2 \xrightarrow{H^+} O^{\bullet-}_2 \rightarrow HO^{\bullet}_2$ (9)
$H_2O_2 + O^{\bullet-}_2 \rightarrow {}^{\bullet}OH + OH^- + O_2$ (10)
$H_2O_2 + TiO_2(e^-_{CB}) \rightarrow {}^{\bullet}OH + OH^-$ (11)
${}^{\bullet}OH + H_2O_2 \rightarrow H_2O + HO^{\bullet}_2$ (12)
$AB/AB^{+\bullet} + {}^{\bullet}OH/O^{\bullet-}_2/HO^{\bullet}_2 \rightarrow$ Degradation products (13)

Table 2 Effect of Fe^{3+}/ H_2O_2: [AB] = 3.0×10^{-5} mol dm^{-3}, pH = 9.0
TiO_2 = 200 mg/100 mL, Light intensity = 25×10^3 lux, Temperature = 30 ± 0.3 ºC.

RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

$Fe^{3+}:H_2O_2$	With TiO_2		Without TiO_2	
	$k\times10^{-4}\ s^{-1}$	$t_{1/2}\times10^{3}s^{-1}$	$k\times10^{-4}\ s^{-1}$	$t_{1/2}\times10^{3}\ s^{-1}$
3:1	4.83	1.43	1.74	3.98
1.4:1	4.00	1.73	2.15	3.22
1:1.4	8.86	0.78	2.32	2.98
1:3	6.14	1.12	2.49	2.78
11:1	3.41	2.03	2.68	2.58



Fig.2 : Effect of Fenton reagent

Conclusion: The addition of $FeCl_3$ had an important influence on the processes of the photocatalytic decoloration of the dye. Catalytic influence of Fe^{3+} ions on the decoloration of dye depend on the concentration of $FeCl_3$, the applied amount of TiO_2 and on the initial concentration of the dye in the solutions. TiO_2 mediated degradation of dyes in combination with Fenton reagent has been found to be an effective treatment technology.

Acknowledgment: Author acknowledgement the support and laboratory facilities provided by Chemistry Department PMCOE S.B.N. Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) My sincere thanks to the technical staff of UGC-DAE, CSR, Indore for their kind co-operation and help offered during the work period.

References:-

1. Fujishima A - and Honda K., 1972 Electrochemical photocatalysis of water at semiconductor electrode. *Nature 27 238 -278.*
2. Daneshvar N. Salari D and A.R. Khatae. *J. Photochem Photobio. A, Chem. 162 317 (2004)*
3. Liv G. Wu T. And Zheo J. 1999 Photoassisted degradation of dye pollutants and irreversible degradation of Alizarin Red under Visible light radiation in Air – equilibrated equeous TiO_2 dispersion, *Environ. Science Technol. 33, 2081 -2087.*
4. Sakthivel S., Neppolion B., Arabindo B., Palanichamy M. And Murugeson V., *Indian J. Eng. And Mater Sci. 7 (2000) 87.*
5. Benejady M. A. , Modirshala N. And Hamazari R. *J. Hazard Mater. 133 (2006) 226.*
6. Aplin R. And Waite T.D. *Water Sci. And Technol., 42 (2000) 345.*

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

वागड़ की संस्कृति और कला : ऐतिहासिक विकास और समकालीन परिप्रेक्ष्य

डॉ. नरेंद्र सिंह राणावत* रश्मि गुप्ता**

* शोध निर्देशक, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – वागड़ क्षेत्र राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित एक समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षेत्र हैजो मुख्य रूप से बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों में विस्तृत है। यह क्षेत्र अपनी विशिष्ट संस्कृति, सांस्कृतिक धरोहर, लोककला, स्थापत्य, संगीत और पारंपरिक रीति-रिवाजों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की संस्कृति का मुख्य आधार भील और मीणा जैसी जनजातियों की परंपराएँ रही हैं जिनका सामाजिक जीवन प्रकृति और धार्मिक आस्थाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। वागड़ का इतिहास और संस्कृति इसे राजस्थान के अन्य क्षेत्रों से भिन्न बनाते हैंक्योंकि यहाँ की परंपराएँ बाहरी प्रभावों और आंतरिक सामाजिक संरचना के मिश्रण से विकसित हुई हैं।

वागड़ का भौगोलिक स्वरूप इसे एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। यह क्षेत्र अरावली पर्वतमाला के दक्षिणी छोर पर स्थित हैजहाँ पहाड़ियाँ, घने जंगल और जलाशय प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जल संरचनाओं की प्रचुरता के कारण इस क्षेत्र में प्राचीन समय से ही मानव संस्कृतिका विकास हुआ। यहाँ के जनजातीय समुदायों ने प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर अपनी विशिष्ट जीवनशैली विकसित कीजो कृषि, पशुपालन, कुटीर उद्योग और कला पर आधारित थी। यहाँ की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएँ भी प्रकृति से प्रेरित रही हैंजिससे यह क्षेत्र अपने अद्वितीय सांस्कृतिक स्वरूप को बनाए रखने में सक्षम रहा है।

ऐतिहासिक रूप से वागड़ क्षेत्र का उल्लेख विभिन्न प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। महाभारत और पुराणों में इसे 'वाटग्र' या 'वाटग्राम' के नाम से संदर्भित किया गया है। 'प्राकृत भाषा के विद्वान वागड़ शब्द की उत्पत्ति 'बग्गड' शब्द से स्वीकारते हैं लेकिन संस्कृत भाषा परक व्युत्पत्ति को आधार मानकर कुछ विद्वान वागड़ शब्द की उत्पत्ति 'वाग्गर' अथवा 'वार्गवट' से होना बताते हैं।' डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार 'वागड शब्द का अर्थ है- जंगल। उनके अनुसार राजस्थान में दो और गुजरात में एक वागड़ है।' विभिन्न विद्वान वागड़ शब्द को वाग्वर, वागट, वैयागड, वार्गट आदि से संबंधित करते हैं परंतु अधिकांश शिलालेखों और ताम्रपत्रों में वागड़ शब्द का ही प्रयोग मिलता है।

जनजातीय समाज के प्रभाव के कारण यह क्षेत्र बाहरी आक्रमणों से अपेक्षाकृत सुरक्षित रहालेकिन धीरे-धीरे राजपूत शासकों ने यहाँ अपनी सत्ता स्थापित की। ऐतिहासिक काल में वागड़ क्षेत्र शुंग, क्षत्रप, गुप्त, वर्धन, परमार, चालुक्य और गुहिल राजवंशों के प्रभाव में रहा।परमारों और सोलंकियों के कमजोर पड़ने के बाद गुहिलवंशी सामंतसिंह ने वागड़ में अपने राज्य की स्थापना की। उनके वंशजों के बीच संघर्ष और विभाजन के कारण वागड़ दो भागों में विभाजित हो गया। महारावल उदयसिंह के शासनकाल में इस विभाजन के परिणामस्वरूप डूंगरपुर और बांसवाड़ा नामक दो स्वतंत्र राज्य अस्तित्व में आए।

वागड़ राज्य की स्थापना को लेकर विभिन्न ऐतिहासिक तथ्य और मान्यताएँ उपलब्ध हैं, जो इसकी उत्पत्ति को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, रावल वीरसिंहदेव (1278-1303 ई.) ने विक्रम संवत 1339 (1282 ई.) में कार्तिक शुक्ला एकादशी के दिन डूंगरपुर नगर की नींव रखी, जिसे नगर का स्थापना दिवस माना जाता है। बाद में उनके पोते रावल डूंगरसिंह ने वास्तुशास्त्र के अनुसार गढ़ और नगर के विकास कार्य प्रारंभ किए, जिन्हें उनके पुत्र रावल कर्मसिंह (1362-1384 ई.) ने पूर्ण किया।

एक मान्यता के अनुसारबाँसवाड़ा नगर की स्थापना बाँसिया भील ने कीजबकि दूसरी मान्यता में इसे गुहिल वंश से जोड़ा जाता है। अधिकांश इतिहासकार यह मानते हैं कि वागड़ राज्य के वास्तविक संस्थापक गुहिलवंशी सामंतसिंह थेजिन्होंने 1179 ईस्वी के आसपास इस क्षेत्र पर अपना अधिपत्य स्थापित किया। इन विविध मतों और ऐतिहासिक संदर्भों से स्पष्ट होता है कि वागड़ राज्य की स्थापना का इतिहास विभिन्न परंपराओं और दृष्टिकोणों से समृद्ध है।इन राज्यों की स्थापना के साथ ही इस क्षेत्र में किलों, मंदिरों, बावड़ियों और जलाशयों का निर्माण हुआजिससे यहाँ की स्थापत्य कला और धार्मिक परंपराओं को समृद्धि मिली।

प्रस्तुत शोध पत्र में वागड़की संस्कृति एवं कला का ऐतिहासिक विकास और समकालीन परिप्रेक्ष्य में विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

वागड़ की संस्कृति का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य– प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक वागड़ की संस्कृति विभिन्न राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों से गुजरी हैजिसने इसे अद्वितीय सांस्कृतिक पहचान दी। इसका भौगोलिक और सांस्कृतिक विस्तार उदयपुर जिले के ऋषभदेव, खेरवाड़ा, खड़ग क्षेत्र (जवासपट्टी, पहाड़ा, मेवल, छप्पन), प्रतापगढ़ जिले, गुजरात के माहीकांठा और रेवाकांठा क्षेत्रों, तथा मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के कुछ भागों तक विस्तृत है।इस क्षेत्र की प्रमुख नदियाँ माही, सोम, जाखम और अनास हैंजो यहाँ की कृषि और जल आपूर्ति के मुख्य स्रोत हैं।

वागड़ का जनजातीय समाज प्रकृति के साथ गहरे संबंध में रहा हैऔर इसी कारण यहाँ की जीवनशैली, धार्मिक मान्यताएँ और सांस्कृतिक परंपराएँ

प्राकृतिक तत्वों से प्रेरित रही हैं।वागड़ क्षेत्र मुख्य रूप से भील और मीणा जनजातियों के निवास स्थान के रूप में जाना जाता है। भील समुदाय अपनी साहसी प्रवृत्ति और योद्धा संस्कृति के लिए प्रसिद्ध था। वे जंगलों और पहाड़ियों में रहकर शिकार, खेती और कुटीर उद्योगों में संलग्न रहते थे।मध्यकाल में वागड़ क्षेत्र के राजाओं ने मुगलों और मराठों से कई संघर्ष किए। इसी प्रकार 17वीं और 18वीं शताब्दी में मराठों का प्रभाव बढ़ने से वागड़ के प्रशासन और सांस्कृतिक परंपराओं में भी परिवर्तन देखने को मिला।

ब्रिटिश शासनकाल में वागड़ क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक ढाँचे में महत्वपूर्ण बदलाव हुए। ब्रिटिश सरकार ने इस क्षेत्र को एक रियासत के रूप में मान्यता दीजहाँ स्थानीय राजाओं को सीमित प्रशासनिक अधिकार प्रदान किए गए। इस दौरान शिक्षा, परिवहन और संचार व्यवस्था में सुधार हुएजिससे इस क्षेत्र में आधुनिकता की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जनजातीय समाज को औपनिवेशिक प्रशासन के नियमों के अनुरूप ढालने की कोशिशें की गईजिससे उनके पारंपरिक रीति-रिवाजों में परिवर्तन आया। इस काल में जनजातीय आंदोलनों का भी उदय हुआजिसमेंगोविंद गुरु के नेतृत्व मेंभगत आंदोलन सबसे महत्वपूर्ण रहा।

वर्तमान समय में वागड़ की संस्कृति आधुनिकता और परंपरा के संगम का प्रतीक बन रही है। पारंपरिक आदिवासी समाज अपनी मूल सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा हुआ हैलेकिन शिक्षा, संचार और तकनीकी विकास के कारण नए सामाजिक परिवर्तन भी देखने को मिल रहे हैं। वागड़ की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने और इसकी पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक समाज से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा दिया जा रहा हैजिससे स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिल रहा हैसाथ ही बाहरी दुनिया को भी वागड़ की समृद्ध संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिल रहा है।

वागड़ की कला और संस्कृति – वागड़ क्षेत्र की कला और संस्कृति इसकी ऐतिहासिक विरासत, पारंपरिक मान्यताओं और सामाजिक जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। यहाँ की लोककला, चित्रकला, स्थापत्य, संगीत, नृत्य वर्षो से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। वागड़ क्षेत्र में स्थापत्य और मूर्तिकला की एक विशिष्ट और समृद्ध परंपरा रही है। मूर्तिकला या पाषाण कला को वास्तुकला (स्थापत्य) की अनिवार्य सहचरी माना जा सकता है। यहां के राजा-महाराजाओं ने अपने वैभव और कीर्ति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से राजप्रासाद, मंदिर, बावड़ियाँ तथा अन्य भव्य भवनों (नगर, हवेलियाँ, कोठियाँ) का निर्माण करायाजो स्थापत्य कला के अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

जहां-जहां मंदिरों का निर्माण हुआ वहीं मूर्तिकला को उसका अभिन्न अंग बनाकर विविध देवी-देवताओं एवं ऐतिहासिक प्रसंगों की शिल्पांकन कला विकसित की गई। इन मंदिरों की दीवारों और स्तंभों पर उत्कीर्ण मूर्तियाँ तत्कालीन संस्कृति का सजीव प्रतिबिंब प्रस्तुत करती हैं। ये मंदिर बाहरी रूप से ऐतिहासिक कलात्मकता को दर्शाते हैंवहीं आंतरिक रूप से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर संतुलित स्थापत्य का उत्कृष्ट नमूना प्रस्तुत करते हैं। वागड़ की स्थापत्य कला में मंदिर, किले, महल और बावड़ियाँ शामिल हैंजो इस क्षेत्र की ऐतिहासिक समृद्धि को दर्शाते हैं।

यहाँ के स्थापत्य को दो भागों धार्मिक एवं लौकिक में विभक्त किया जा सकता है। 'धार्मिक स्थापत्य के अन्तर्गत वे सभी वास्तुकृतियाँ समाहित हैजिनका सीधा सम्बन्ध धार्मिक भावनाओं से है जैसे- यज्ञवेदी, यज्ञशाला, यजमानशाला, यूप, विमान, मन्दिर, प्रतिमा, स्तूप विहार आदि। लौकिक स्थापत्य का सीधा सम्बन्ध मानव के भौतिक विलास से है। गृह, भवन, राजवेश्म तथा विभिन्न शालायें, ग्राम, पुर, नगर, दुर्ग आदि का विन्यास, मनोरंजनात्मक मूर्तियों-खिलौनों आदि का निर्माण, चित्रकला आदि लौकिक स्थापत्य के अन्तर्गत आते हैं।'

धार्मिक स्थापत्य के अन्तर्गत मन्दिर स्थापत्य एवं मूर्तियों का अध्न किया गया है। देवसोमनाथ मंदिर, त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर, बेणेश्वर धाम, हजारेश्वर शिव मंदिर, सूर्य मंदिर, जैन मंदिर, गदाधर का जीर्ण मंदिर, सोमेश्वर मंदिर जैसे धार्मिक स्थल वागड़ की स्थापत्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। लौकिक स्थापत्य में यहाँ के नगर, दुर्ग, भवन, कलात्मक यापियों (बावड़ियों), राज प्रासाद (महल) आदि शामिल है। मंदिरों की भव्यता और शिल्पकला में राजस्थानी और द्रविड़ शैली का मिश्रण देखने को मिलता है।

मुरलीमनोहर मंदिर





हजारेश्वर शिव मंदिर **देव सोमनाथ**

बाँसवाड़ा अंचल में कई धार्मिक स्थल हैं जो अपनी गौरव गाथा सुनाते हैं। यहाँ का खजुराहो-पाराहेड़ा मंदिर, पुष्कर छींच का ब्रह्मा मंदिर, अरथुना (अर्थणा) मंदिर, धार्मिक नगरी तलवाड़ा के मंदिर, त्रिपुरा सुन्दरी का मंदिर आदि पर्यटन व श्रद्धा केन्द्र के रूप में विकसित हैं। बाँसवाड़ा के निकट ठिकरिया गाँव में कलात्मक बावड़ी है। डूंगरपुर का उदय बिलास पैलेस, एक

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

थम्बा महल, गेप सागर, नव चौकी महल और बांसवाड़ा का महारावल महल, पाराहेडा, अरथूना आदि भी इस क्षेत्र की स्थापत्य विशेषताओं को दर्शाते हैं। राजपूतकालीन किलों और जलाशयों का निर्माण इस क्षेत्र की रणनीतिक महत्ता को भी दर्शाता है। इसके अलावायहाँ की जल संरचनाएँजैसे- माही बाँध और विभिन्न कृत्रिम झीलें स्थापत्य कला की उत्कृष्टता को दर्शाती हैं।




स्थापत्य कला **गेप सागर**

वागड़ में चित्रकला का विशेष रूप से प्रचलन देखा जा सकता है। संत मावजी कालीन पोथी चित्रों में राजस्थानी अपभ्रंश शैली की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इन चौपड़ों का आकार विशाल है और लिपि व चित्रण की दृष्टि से ये शीघ्रता से निर्मित प्रतीत होते हैं। संपूर्ण चित्रांकन में चित्र संयोजन एवं अंतराल मेवाड़ की चित्र शैली से समानता रखते है तथा इन ग्रंथों का मुख्य चित्रण विषय धार्मिक है। चित्रकारों ने मावजी को श्रीकृष्ण के बाल रूप के समान मानते हुए चित्रित किया है जिसमें कृष्ण की रासलीला, बाल क्रीड़ा, दशावतार एवं निष्कलंकावतार में मावजी का चित्रण किया गया है। देवी-देवताओं, मावजी के माता-पिता, उनके जन्मस्थल साबला और भावपुरी को भी चित्रण का विषय बनाया गया है।

86वें संविधान संशोधन द्वारा संशोधित अनुच्छेद 45, राज्य को सभी बच्चों के लिए छह वर्ष की आयु पूरी करने तक प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करने का निर्देश देता है। यह अपराध के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय है, क्योंकि प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल बाद के जीवन में भावनात्मक स्थिरता, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैध व्यवहार के निर्माण में सहायक होती है।

अनुच्छेद 47 पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए राज्य के दायित्व पर बल देता है।

बाल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, यह स्वीकार करते हुए कि गरीबी, कुपोषण और उपेक्षा किशोर अपराध के मूल कारण हैं। सामाजिक-आर्थिक अभाव और किशोर अपराध के बीच संबंध इस बात पर जोर देता है कि किशोर न्याय केवल एक आपराधिक कानून का मुद्दा नहीं है, बल्कि संविधान के तहत एक विकासात्मक और कल्याणकारी चिंता का विषय है।

4. अनुच्छेद 23 और 24: शोषण से सुरक्षा - अनुच्छेद 23 तस्करी, बेगार (जबरन श्रम) और इसी तरह के शोषण का निषेध करता है। कानून का उल्लंघन करने वाले कई किशोर अपराध करने से पहले तस्करी, बाल श्रम या यौन शोषण के शिकार होते हैं। इसे स्वीकार करते हुए, संविधान ऐसे बच्चों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनके साथ देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले पीड़ितों के रूप में व्यवहार किया जाए, न कि दंडित किए जाने वाले अपराधियों के रूप में।

अनुच्छेद 24 - खतरनाक व्यवसायों में बच्चों के रोजगार का निषेध
अनुच्छेद 24 खतरनाक उद्योगों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है। यह उन सामाजिक-आर्थिक कमजोरियों का समाधान करके किशोर न्याय को पूरक बनाता है जो बच्चों को कानून के साथ टकराव में धकेलती हैं। बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009

जैसे कानून इस संवैधानिक अधिदेश को क्रियान्वित करते हैं और किशोर न्याय के व्यापक निवारक ढाँचे में योगदान करते हैं।

5. मौलिक कर्तव्य (अनुच्छेद 51A)–अनुच्छेद 51A(k) माता-पिता या अभिभावकों पर छह से चौदह वर्ष की आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने का मौलिक कर्तव्य आरोपित करता है। यह प्रावधान बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा को सुनिश्चित करने में राज्य और समाज की साझा जिम्मेदारी को मान्यता देता है, और उन परिस्थितियों को रोकता है जो उन्हें अपराध की ओर ले जा सकती हैं। एक सुशिक्षित और सामाजिक रूप से एकीकृत बच्चे के कानून के साथ टकराव में आने की संभावना कम होती है।

6. न्यायिक व्याख्या और संवैधानिक विकास– भारत के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने किशोर न्याय के संवैधानिक अर्थ को विस्तारित करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। न्यायिक सक्रियता ने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चों के अधिकारों को मौलिक अधिकारों और मानवीय गरिमा के व्यापक ढाँचे में शामिल किया जाए।

कुछ ऐतिहासिक निर्णयों में शामिल हैं:

1. **शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986) –** न्यायालय ने कहा कि किशोरों को जेलों में बंद नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें अलग सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए।
2. **एम.सी. मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य (1996) –** न्यायालय ने बाल श्रम और किशोर न्याय को जोड़ा और शिक्षा को एक संवैधानिक अधिकार के रूप में महत्व दिया।
3. **सलिल बाली बनाम भारत संघ (2013) –** न्यायालय ने किशोर न्याय अधिनियम, 2000 को संवैधानिक मूल्यों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरूप माना और कहा कि 'प्रतिशोधात्मक न्याय की तुलना में सुधारात्मक न्याय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।'
4. **डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी बनाम राजू (2014) –** न्यायालय ने किशोरों के लिए अलग व्यवहार निर्धारित करने की विधायी क्षमता को मान्यता दी, लेकिन आगाह किया कि ऐसे उपाय संवैधानिक सुरक्षा उपायों के अनुरूप होने चाहिए।

इन निर्णयों के माध्यम से, न्यायपालिका ने इस बात की पुष्टि की है कि किशोर न्याय प्रणाली संवैधानिक नैतिकता का एक विस्तार है, जिसका उद्देश्य बच्चों को दंडित करना नहीं, बल्कि उनकी रक्षा करना है।

7. मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक सिद्धांतों के बीच अंतर्संबंध– मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक सिद्धांतों के बीच तालमेल बच्चों के लिए संवैधानिक दृष्टिकोण की आत्मा है। जहाँ मौलिक अधिकार समानता और सम्मान जैसे प्रवर्तनीय अधिकारों की गारंटी देते हैं, वहीं नीति निर्देशक सिद्धांत इन अधिकारों को साकार करने के लिए सामाजिक-आर्थिक संदर्भ प्रदान करते हैं। इसलिए, किशोर न्याय अधिनियम को इस संवैधानिक संश्लेषण के विधायी अवतार के रूप में देखा जा सकता है, जो संरक्षण, शिक्षा और पुनर्वास के मूल्यों को प्रवर्तनीय प्रक्रियाओं और संस्थाओं में रूपांतरित करता है।

भारत में किशोर न्याय के मानवाधिकार आयाम– किशोर न्याय केवल एक घरेलू कानूनी चिंता नहीं हैय यह बच्चों के संरक्षण और कल्याण के व्यापक वैश्विक ढाँचे में अंतर्निहित एक मानवाधिकार अनिवार्यता है। कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के साथ व्यवहार, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रति किसी राष्ट्र की प्रतिबद्धता की कसौटी है।

भारत में, किशोर न्याय के मानवाधिकार आयाम दो परस्पर जुड़े आधारों पर आधारित हैं:

1. विभिन्न सम्मेलनों, घोषणाओं और दिशानिर्देशों के तहत भारत के अंतर्राष्ट्रीय दायित्व और
2. संवैधानिक व्याख्या और न्यायिक सक्रियता के माध्यम से विकसित मानवाधिकार न्यायशास्त्र।

ये सिद्धांत मिलकर इस बात पर जोर देते हैं कि प्रत्येक बच्चा, चाहे उसकी पृष्ठभूमि या अपराध कुछ भी हो, सम्मान, निष्पक्ष व्यवहार और सुधार एवं पुन: एकीकरण के अवसर का हकदार है। इस प्रकार, किशोर न्याय, आपराधिक कानून से आगे बढ़कर विकास के अधिकार, सम्मानपूर्वक जीवन के अधिकार, मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने के विरुद्ध अधिकार और निष्पक्ष एवं मानवीय प्रक्रिया के अधिकार को भी समाहित करता है।

1. भारत में किशोर न्याय को प्रभावित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार उपकरण – किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 सहित भारत का किशोर न्याय ढाँचा, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों से गहराई से प्रभावित है। इन वैश्विक मानदंडों ने भारत की नीति और विधान को बाल-केंद्रित, पुनर्वासात्मक मॉडल की ओर अग्रसर किया है।

(क) संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन (यूएनसीआरसी), 1989

भारत द्वारा 1992 में अनुसमर्थित यूएनसीआरसी, अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार कानून की आधारशिला है। यह 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक व्यक्ति को बालक के रूप में परिभाषित करता है और यह अनिवार्य करता है कि कानून तोड़ने के आरोपी प्रत्येक बच्चे के साथ उसकी गरिमा और मूल्य के सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए।

किशोर न्याय से संबंधित प्रमुख प्रावधानों में शामिल हैं:

1. **अनुच्छेद 37(ख)–** किसी बच्चे को हिरासत में रखना या कारावास देना अंतिम उपाय होगा और कम से कम उचित अवधि के लिए होगा।
2. **अनुच्छेद 40–** यह सुनिश्चित करता है कि किसी अपराध के आरोपी बच्चों के साथ उनके सम्मान, मूल्य और समाज में पुन: एकीकरण की भावना के अनुरूप व्यवहार किया जाए।
3. **अनुच्छेद 3–** बच्चों से संबंधित सभी कार्यों में उनके सर्वोत्तम हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. **अनुच्छेद 12–** बच्चों को न्यायिक और प्रशासनिक कार्यवाहियों में सुनवाई का अधिकार है।

किशोर न्याय अधिनियम, 2000 और बाद में 2015 का अधिनियम, भारतीय कानून को इन दायित्वों के अनुरूप बनाने के लिए लागू किया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किशोर अपराधियों के साथ करुणा और विकासात्मक संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया जाए।

(ख) किशोर न्याय प्रशासन के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियम (बीजिंग नियम), 1985

बीजिंग नियम दुनिया भर में किशोर न्याय प्रणालियों के लिए व्यापक मानक निर्धारित करते हैं। वे इस पर जोर देते हैं:

1. विपथन और समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से न्यायिक कार्यवाही से बचना।
2. स्थिति अपराधों (ऐसे कृत्य जो वयस्कों के लिए अपराध नहीं हैं, जैसे

स्कूल से अनुपस्थित रहना या भाग जाना) का गैर-अपराधीकण।

3. सजा में आनुपातिकता और हिरासत के दौरान मानवाधिकारों का सम्मान।

इन सिद्धांतों ने अलग किशोर न्याय बोर्ड बनाने और कारावास की बजाय पुनर्वास को बढ़ावा देने के भारतीय दृष्टिकोण का मार्गदर्शन किया है।

(ग) किशोर अपराध निवारण हेतु संयुक्त राष्ट्र दिशानिर्देश (रियाद दिशानिर्देश), 1990

रियाद दिशानिर्देश किशोर अपराध को जन्म देने वाली सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का समाधान करके किशोर अपराध को रोकने पर केंद्रित हैं। वे निम्नलिखित की वकालत करते हैं:

1. परिवार और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपय
2. शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षणय
3. संस्थागतीकरण को न्यूनतम करना।

ये विचार भारतीय संविधान के अंतर्गत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों और किशोर न्याय अधिनियम के पुनर्वास संबंधी फोकस के अनुरूप हैं।

(घ) स्वतंत्रता से वंचित किशोरों के संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र नियम (हवाना नियम), 1990

ये नियम हिरासत में रखे गए किशोरों के लिए मानवीय परिस्थितियों का निर्धारण करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

1. वयस्कों से अलगाव।
2. शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पारिवारिक संपर्क तक पहुँच।
3. क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार का निषेध।

भारतीय न्यायालयों ने, विशेष रूप से शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986) मामले में, किशोरों को वयस्कों के साथ बंदी बनाए रखने और अलग संप्रेक्षण गृहों में रहने का आदेश देने के लिए इसी तरह के सिद्धांतों का हवाला दिया है।

3. किशोर न्याय के आधारभूत मानवाधिकार सिद्धांत – किशोर न्याय का दर्शन उन प्रमुख मानवाधिकार सिद्धांतों पर आधारित है जो प्रत्येक बच्चे के लिए निष्पक्षता, सम्मान और पुनर्वास सुनिश्चित करते हैं।

(क) गरिमा और मूल्य का सिद्धांत – प्रत्येक बच्चे में, चाहे उसके कर्म कुछ भी हों, अंतर्निहित गरिमा होती है। किशोर न्याय का केंद्र दंड नहीं, बल्कि सुधार और सामाजिक पुनर्मिलन है। बीजिंग नियम और यूएनसीआरसी इस बात पर जोर देते हैं कि बच्चों के साथ कभी भी अपराधी जैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें मार्गदर्शन और सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्तियों के रूप में माना जाना चाहिए।

(ख) भेदभाव न करने का सिद्धांत – मानवाधिकार कानून सभी बच्चों के लिए समान सुरक्षा का आदेश देता है। भारतीय कानूनी ढांचा संविधान के अनुच्छेद 14 और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 3 के माध्यम से इस सिद्धांत को कायम रखता है, जिसके अनुसार धर्म, जाति, लिंग या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि जैसे आधारों पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

(ग) बाल हित का सिद्धांत – यूएनसीआरसी (अनुच्छेद 3) का मूल सिद्धांत यह है कि बच्चों से संबंधित सभी कार्यों – न्यायिक, प्रशासनिक या विधायी – में उनके सर्वोत्तम हित सर्वोपरि होने चाहिए। भारतीय न्यायालयों ने, एल.के. पांडे बनाम भारत संघ (1984) जैसे मामलों में, बाल-संबंधी निर्णयों के लिए इस सिद्धांत को निरंतर मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार किया है।

घ) निष्पक्ष सुनवाई और कानूनी सहायता का अधिकार – यूएनसीआरसी के अनुच्छेद 40 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, कानून का उल्लंघन करने वाले प्रत्येक बच्चे को कानूनी सहायता, भागीदारी और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। अधिनियम के तहत स्थापित किशोर न्याय बोर्ड यह सुनिश्चित करते हैं कि कार्यवाही बाल-अनुकूल, अनौपचारिक हो और आपराधिक प्रक्रिया की कठोरता के बजाय सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समझ से निर्देशित हो।

(ङ) पुनर्वास और पुनर्:कीकरण का सिद्धांत – मानवाधिकार न्यायशास्त्र किशोरों के लिए प्रतिशोध को अस्वीकार करता है, और इसके बजाय समाज में उनके पुनर्:कीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 3(xii) इस बात को स्पष्ट करती है कि पुनर्वास और सामाजिक पुन: एकीकरण, किसी भी बच्चे के संबंध में किसी भी निर्णय का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए।

बहस: किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और मानवाधिकार संबंधी चिंताएँ

किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 ने 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर उनकी मानसिक और शारीरिक क्षमता के प्रारंभिक आकलन के आधार पर जघन्य अपराधों के लिए वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति देकर, पहले के मॉडलों से एक महत्वपूर्ण बदलाव किया।

यद्यपि इस प्रावधान का उद्देश्य 2012 के दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले के बाद जनाक्रोश को दूर करना था, लेकिन इसने गंभीर मानवाधिकार और संवैधानिक चिंताओं को जन्म दिया।

(क) अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन – संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग (यूएनसीआरसी) स्पष्ट रूप से 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने पर रोक लगाता है। इस भेद को लागू करके, भारत ने 'बच्चों के सर्वोत्तम हित' सिद्धांत और अंतर्राष्ट्रीय किशोर न्याय मानदंडों के मूल में स्थित पुनर्वास आदर्श के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कमजोर किया है।

(ख) व्यक्तिपरकता और मनमाने निर्णय लेने का जोखिम – किशोर न्याय बोर्ड द्वारा यह निर्धारित करने के लिए किया जाने वाला 'प्रारंभिक मूल्यांकन' कि क्या किसी बच्चे में वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने की परिपक्वता है, अत्यधिक व्यक्तिपरकता का परिचय देता है। उचित मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञता और प्रशिक्षण के बिना, ऐसे मूल्यांकन मनमाने या भेदभावपूर्ण परिणामों को जन्म दे सकते हैं, जो अनुच्छेद 21 के तहत निष्पक्ष प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।

(ग) पुनर्वास दर्शन का क्षरण – मानवाधिकार कानून इस बात की वकालत करता है कि कोई भी बच्चा सुधार से परे नहीं है। हालाँकि, 2015 का संशोधन प्रतिशोध और निवारण पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे बाल संरक्षण और पुनर्स्थापनात्मक न्याय में दशकों की प्रगति कमजोर होती है।

(घ) हाशिए पर पड़े बच्चों पर असमानुपातिक प्रभाव – अध्ययनों से पता चलता है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों का एक बड़ा हिस्सा गरीब या सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाली पृष्ठभूमि से आता है। वयस्क मुकदमे का प्रावधान इन बच्चों को असमानुपातिक रूप से प्रभावित

करता है, जो समानता और सामाजिक न्याय के मानवाधिकार सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

किशोर न्याय में मानवाधिकार मुद्दों पर न्यायिक प्रतिक्रियाएँ – भारतीय न्यायालयों ने न्याय प्रणाली के अंतर्गत बच्चों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अक्सर हस्तक्षेप किया है।

1. **शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986)-** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बच्चों को जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए और उनके साथ मानवीय व्यवहार, शिक्षा और पुनर्वास पर जोर दिया।
2. **सलिल बाली बनाम भारत संघ (2013)-** न्यायालय ने 2000 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा और इस बात पर जोर दिया कि ध्यान पुनर्वास पर होना चाहिए, न कि प्रतिशोध पर।
3. **डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी बनाम राजू (2014)-** आयु सीमा पर कानून बनाने के संसद के अधिकार को बरकरार रखते हुए, न्यायालय ने आग्रह किया कि सभी प्रक्रियाएँ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (यूएनसीआरसी) के तहत भारत के दायित्वों के अनुरूप होनी चाहिए।
4. **विषय- अनाथालयों में बच्चों का शोषण (2017)-** सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों को बाल देखभाल संस्थानों की स्थितियों में सुधार करने का निर्देश दिया, और स्वतंत्रता से वंचित बच्चों के मानवाधिकारों को मान्यता दी।

इस प्रकार, न्यायिक व्याख्या ने इस विचार को लगातार पुष्ट किया है कि किशोर न्याय एक मानवाधिकार मुद्दा है, जो गरिमा, करुणा और निष्पक्षता पर आधारित है।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों की भूमिका

क) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) – एनएचआरसी किशोर गृहों की निगरानी, मानवीय व्यवहार के लिए दिशानिर्देश जारी करने और बाल न्याय प्रणाली में सुधारों की सिफारिश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसकी आवधिक रिपोर्टों ने संप्रेक्षण गृहों में भीड़भाड़, परामर्श का अभाव और मानवाधिकारों के उल्लंघन जैसी प्रणालीगत समस्याओं का खुलासा किया है।

ख) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) – बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत स्थापित, एनसीपीसीआर यह सुनिश्चित करता है कि सभी कानून, नीतियाँ और कार्यक्रम यूएनसीआरसी के सिद्धांतों के अनुरूप हों। यह नियमित रूप से बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण करता है और किशोर न्याय सुधारों पर सलाह देता है।

ग) यूनिसेफ और अंतर्राष्ट्रीय वकालत – यूनिसेफ इंडिया किशोर न्याय तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकारी एजेंसियों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ सहयोग करता है, जिसमें प्रशिक्षण, बाल-अनुकूल न्यायालयों और डायवर्जन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

मानवाधिकार चुनौतीव्यवहार में परिवर्तन – एक विस्तृत कानूनी ढाँचे के बावजूद, किशोर न्याय में मानवाधिकारों की प्राप्ति कई व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करती है:

1. अतिव्यस्त और संसाधनों से वंचित संप्रेक्षण गृह।
2. किशोरों के लिए अपर्याप्त कानूनी सहायता और मनोवैज्ञानिक समर्थन।
3. सामाजिक-आर्थिक पूर्वाग्रहकृअधिकांश किशोर हाशिए की पृष्ठभूमि से आते हैं।
4. मीडिया सनसनीखेजता, जो किशोर अपराधियों को शैतानी रूप में प्रस्तुत करती है और उनकी निजता और सम्मान के अधिकार को कमजोर करती है।
5. रिहाई के बाद पुनर्वास निगरानी का अभाव, जिसके कारण पुन: अपराध और सामाजिक बहिष्कार होता है।

ये चुनौतियाँ भारत के मानवाधिकार दायित्वों और किशोर न्याय प्रशासन की जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती हैं।

मानवाधिकार-आधारित सुझाव

1. **पुनर्वास और विपथन कार्यक्रमों को मजबूत बनाएँ-** कारावास के समुदाय-आधारित विकल्पों का विस्तार करें और शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करें।
2. **किशोर न्याय बोर्डों की क्षमता बढ़ाएँ-** बच्चों के प्रति संवेदनशील और सूचित मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल करें।
3. **गोपनीयता और सम्मान की रक्षा करें-** किशोरों की पहचान उजागर होने से रोकने के लिए सख्त मीडिया नियम लागू करें।
4. **पुनर्स्थापनात्मक न्याय मॉडल को बढ़ावा दें-** मानवाधिकार मूल्यों के अनुरूप पीड़ित-अपराधी मध्यस्थता और सुलह कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें।
5. **आवधिक मानवाधिकार ऑडिट-** एनएचआरसीध्एनसीपीसीआर द्वारा बाल देखभाल गृहों और किशोर सुविधाओं के ऑडिट को संस्थागत रूप दें।
6. **जागरूकता और संवेदनशीलता-** मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, न्यायपालिका और परिवीक्षा अधिकारियों के लिए निरंतर मानवाधिकार प्रशिक्षण।

कार्यान्वयन में चुनौतियाँ

1. प्रगतिशील कानूनों के बावजूद, भारत में किशोर न्याय प्रणाली गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है:
2. संरक्षण गृहों और बाल कल्याण संस्थानों में अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा।
3. मनोवैज्ञानिकों, परिवीक्षा अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित प्रशिक्षित कर्मियों की कमी।?
4. बच्चों की सामाजिक-आर्थिक कमजोरी के कारण कानून के साथ टकराव के बार-बार चक्र चलते हैं।
5. विभिन्न हितधारकों - पुलिस, न्यायपालिका और बाल संरक्षण इकाइयों - के बीच खराब समन्वय।
6. जनता की धारणा और मीडिया की सनसनीखेजता, जो अक्सर पुनर्वास के बजाय दंडात्मक न्याय की माँग करती है।

ये चुनौतियाँ संवैधानिक दृष्टिकोण और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को दर्शाती हैं।

आगे की राह:

1. **पुनर्वास को मूल सिद्धांत के रूप में पुन: स्थापित करें –** किशोर न्याय प्रणाली को अनुच्छेद 14, 21 और 39(f) के अनुरूप सुधारात्मक और पुनर्स्थापनात्मक दृष्टिकोणों को प्राथमिकता देनी चाहिए।
2. **संस्थागत क्षमता को मजबूत करें –** संप्रेक्षण गृहों और बाल कल्याण बोर्डों को बेहतर वित्त पोषण, बुनियादी ढाँचे और प्रशिक्षण की

आवश्यकता है।

3. **मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पुर्न:कीकरण कार्यक्रम –** पुनरावृत्ति को कम करने के लिए परामर्श, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रिहाई के बाद निगरानी आवश्यक है।
4. **कानून प्रवर्तन एजेंसियों का संवेदीकरण –** पुलिस और न्यायिक अधिकारियों को बाल अधिकारों और आघात-सूचित प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
5. **जन जागरूकता और मीडिया उत्तरदायित्व –** जनधारणा मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए, जिससे दंडात्मक लोकलुभावनवाद को हतोत्साहित किया जा सके।

निष्कर्ष – भारत में किशोर न्याय के संवैधानिक और मानवाधिकार आयाम करुणा, समानता और मानवीय गरिमा के आदर्शों को मूर्त रूप देते हैं। हालाँकि संवैधानिक ढाँचा बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा और पुनर्वास का आदेश देता है, और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इन दायित्वों को सुदृढ़ करते हैं, फिर भी इन आदर्शों का व्यावहारिक कार्यान्वयन चुनौतियों से भरा हुआ है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, प्रगति और विरोधाभास दोनों का प्रतिनिधित्व करता है – बाल कल्याण तंत्रों को शामिल करने में प्रगतिशील, फिर भी किशोरों के लिए वयस्क मुकदमों की अनुमति देने में प्रतिगामी। एक सच्चे संवैधानिक और अधिकार-आधारित किशोर न्याय प्रणाली को प्रतिशोध से आगे बढ़कर सुधार, सामाजिक एकीकरण और प्रत्येक बच्चे की अंतर्निहित गरिमा पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इन सिद्धांतों का पालन करना न केवल एक कानूनी आदेश है, बल्कि एक मानवीय और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में एक नैतिक दायित्व भी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Constitution of India, 1950.
2. Sheela Barse v. Union of India, AIR 1986 SC 1773.
3. M.C. Mehta v. State of Tamil Nadu, AIR 1996 SC 699.
4. Salil Bali v. Union of India, (2013) 7 SCC 705.
5. Dr. Subramanian Swamy v. Raju, (2014) 8 SCC 390.
6. Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015.
7. United Nations Convention on the Rights of the Child, 1989.
8. National Human Rights Commission, Annual Report on Child Rights, 2022.
9. UNICEF India, Children in Conflict with the Law: Policy and Practice Review, 2021.
10. Baxi, Upendra. The Future of Human Rights. Oxford University Press, 2012.
11. Bajpai, Asha. Child Rights in India: Law, Policy, and Practice. Oxford University Press, 2018.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन की समभावनाएं जवाई-लूनी बेसिन के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन

डॉ. उम्मेद कुमार चौधरी*

* सह आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, बाली (राज.) भारत

प्रस्तावना - पर्यटन कई देशों में अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। पर्यटन के आर्थिक प्रभाव से होने वाली आय और रोजगार के प्रभाव महत्वपूर्ण हैं और पर्यटन विकास को बढ़ावा देने और बनाए रखने वाली नीतियां इन आर्थिक लाभों को प्रदान करने में एक आवश्यक भूमिका निभाती हैं। इस क्षेत्र पर नीति निर्माताओं और जनता का बहुत ध्यान जाता है, अधिकांश देशों में पर्यटन के आर्थिक महत्व को लगातार कम आंका गया हैं। लेकिन भारत में पर्यटन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रो में से एक है। भारत अपनी भौगोलिक विविधता, समृद्ध इतिहास एवं संस्कृति इसकी सुंदरता हर साल दूनिया के कोने कोने से पर्यटकों को आकर्षित करती है। ऐतिहासिक व आध्यात्मिक पर्यटन के विश्व प्रसिद्ध स्थानों जैसे महलों, मंदिर, दुर्ग, किलों से लेकर गुफाओं और शिल्पकला तक, भारतीयों की विविध संस्कृति परम्पराएं, रिति-रिवाज, मेले त्यौहार आदि दूनियां के लोगों के लिए भारत में पर्यटन की यात्रा का कारण प्रदान करता है। भारत के आर्थिक विकास और समग्र विकास के साथ पर्यटन का मजबूत संबंध है। यह न केवल देश के सकल घरेलू उत्पादन और विदेशी मृद्रा में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्की देश की आर्थिक सवृद्धि और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में न केवल देश में अपितु विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से जाना जाता है। राजस्थान को सदियों से अपनी गौरवगाथा, ऐतिहासिक स्थलों, किलों, महलों एवं हवेलियों, ऐतिहासिक एवं कलात्मक बाड़ियों, झीलों, कला एवं संस्कृति, मेलों एवं उत्सवों, शास्त्रीय एवं लोक संगीतों व नृत्यों, हस्तकलाओं, तीर्थस्थलों, प्राकृतिक सौन्दर्य, पशु-पक्षी अभ्यारण्य, पर्वतों एवं मरुस्थलीय घोरों के कारण देश-विदेश में सराहा जाता है। यही कारण है कि राजस्थान आये बिना पर्यटकों की भारत पर्यटन यात्रा अधूरी रहती है।

ग्रामीण पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है या ग्रामीण जीवन से संबंधित क्षेत्र परिलक्षित होते हैं जैसे ग्रामीण जीवन शैली, कला और ग्रामीण संस्कृति आदि, भारत गांवो का देश है जहां लगभग 68.4% जनसंख्या गांवो में निवास करती है। प्रत्येक गांव की अपनी अलग-अलग संस्कृति, भाषा, खान-पान पहनावा आदि होता है, चुकि भारत जैसे देश में जिसमें विविधता और अनेकता का समायोजन दिखाई देता है वहीं गांवो में भी भौगोलिक, सामाजिक एवं संस्कृति विविधता देखने को मिलती है। गांवो में प्रकृति का सौंदर्य बिखरा हुआ पड़ा है, यहां की लोककला हस्तशिल्प व संस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है।

अध्ययन क्षेत्र- गोडवाड़ क्षेत्र 'गीरीवाड़' (पहाडों का प्रदेश) का अपभ्रंश है, जो अरावली पर्वतमाला से घिरा है। भौगोलिक रूप से इसे मूलतः लूनी बेसिन या लूनी-जवाई बेसिन क्षेत्र के नाम से पहचाना जाता है जो कि अरावली पर्वतमाला से निकले वाली लूनी और उसकी सहायक नदियों जवाई, सुकडी आदि का अपवाह क्षेत्र है।प्रशासनिक दृष्टि से गोड़वाड क्षेत्र में राजस्थान के पाली, जालोर, सिरोही व बालोतरा (आंशिक रूपों) जिला को शामिल किया गया है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में पाली जिले के देसूरी, बाली, रानी तथा सुमेरपुर उपखण्ड क्षेत्र के प्रमुख पर्यटक स्थलों को शामिल किया गया है। यह अरावली पर्वत का पहाडी भाग है। जो अपार प्राकृतिक सुन्दरता से घिरा ऐतिहासिक व धार्मिक क्षेत्र है, पर्यटक प्रकृति को निहारने और मन की शांति के लिए प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक यहां पहुचते है। यहां प्रमुख स्थलों में रणकपुर, जवाईबांध, परशुराम महादेव, स्वर्ण जैन मन्दिर फालना, सोनाणा खेतलाजी, जूना खेडा व आशापुरा मन्दिर नाडोल, जैकल पर्वत नारलाई, निम्बो का नाथ (साण्डेराव) इसके अलावा राणकपुर व जवाई जंगल सफारी व राणकपुर - जवांई महोत्सव आदि है।

शोध उद्देश्य- प्रस्तुत शोध का मुख्य उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र के सबसे संभावित स्थलों की पहचान कर, ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक लाभ प्राप्त कर, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना एवं राजस्व प्राप्ति के नये अवसरों की तलाश करना है।

1. ग्रामीण पर्यटन स्थलों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत करना।
2. ग्रामीण पर्यटन की चुनौतिया और समाधान के उपाय।

शोधअन्तराल - साहित्य की समीक्षा करने के बाद शोधकर्ता ने पाया है कि अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण पर्यटन की संम्भावनाओं वाले क्षेत्र में पर्याप्त शोध नही किया गया और अध्ययन क्षेत्र के के विभिन्न पर्यटन विशेष रूप से नाडोल, नारलाई, घाणेराव, जवाई पेन्थर क्षेत्र, राणकपुर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्र में पर्यटन के विकास की पर्याप्त गुंजाइश है। जो शोधकर्ता के अध्ययन क्षेत्र में पर्यटन विकास के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करने और सुझाव देने का अवसर प्रदान करता है।

शोध प्रविधि- प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोध उद्देश्यों के विश्लेषण करने के लिए विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त द्वितीयक आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। जिसमें भारत सरकार व राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित सरकारी रिपोर्ट, अकादमिक लेख, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा

प्रकाशित आंकड़ों तथा जिला गजेटियर, अकादमिक साहित्य पत्र-पत्रिका, पुस्तक, ग्रन्थ आदि शामिल है।इसके साथ ही ग्रामीण जीवन शैली, गतिविधियों और पर्यटक स्थलों की गहन जानकारी हेतु प्रत्यक्ष अवलोकन तथा स्थानीय निवासियों से प्राप्त जानकारी शामिल है।

शोध साहित्य का पुनरावलोकन- अंशुमाली पाण्डे (2015) ने अपने शोध पत्र दादर व नगर हवेली के ग्रामीण पर्यटन का विकाश में ग्रामीण पर्यटन का उल्लेख करते हुए बताया है कि यह क्षेत्र अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान प्रदर्शित कर रहा है। उन्होने प्राथमिक व द्वितीयक स्त्रोतों के आधार पर तथ्यों को एकत्र किया। अध्ययन के फलस्वरूप यह ज्ञात हुआ कि उस क्षेत्र के पर्यटन विकास ने वहाँ की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अध्ययन में वह ग्रामीण पर्यटन के विकास में स्थायी उपायों की कमी का भी उल्लेख करते हैं।

अजिता कुमारी (2019) ने ग्रामीण पर्यटन के सम्बन्ध में अपने शोध पत्र में भारत में ग्रामीण पर्यटन के सम्बन्ध में बताया है कि ग्रामीण पर्यटन वास्तव में ग्रामीण विकास का मुख्य स्त्रोत साबित हो रहा है। उनके अनुसार आज के सूचना क्रान्ति के युग में संचार तंत्र के बिना पर्यटन सुविधाएँ प्रभावित नहीं कर पाती है। मोबाइल, इन्टरनेट, टेलीविजन जैसी संचार सुविधाओं ने पर्यटकों को गाँवों की ओर आकर्षित किया है।

चौधरी उम्मेद (2020) ने अपने शोध पत्र रणकपुर पर्यटन स्थल के भौगोलिक अध्ययन मे पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन की नई संभावनाओं का अध्ययन किया तथा घरेलू में विदेशी पर्यटकों का समाज, संस्कृति अर्थव्यवस्था तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र की समस्या से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किये।

उमाकांत इंदौलिया(2021)ने अपने शोध पत्रभारत में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओ और प्रभाव विषय पर एक अध्ययन किया गया। जिसमें उन्होने सामोद (जयपुर) के विशेष सन्दर्भ में ग्रामीण पर्यटन का उल्लेख किया। इस अध्ययन के लिए शोधकर्ता ने सांस्कृतिक और ऐतहासिक धरोहर से समृद्ध राजस्थान के सामोद (जयपुर) गांव का चयन किया। जिसमें उन्होनें स्थानीय निवासियों व पर्यटकों से प्रश्नावलियों के आधार पर सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व पर्यावरणीय प्रभाव से सम्बन्धित प्रश्नों के आधार पर तथ्य एकत्र करते हुए ग्रामीण पर्यटन के सस्कृतिक, समाज अर्थव्यवस्था व पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावो का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख करते हुए समाधान प्रस्तुत किये। अपने अध्ययन के निष्कर्ष में उन्होनें बताया कि ग्रामीण पर्यटन ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार तो लाता ही है साथ-साथ राष्ट्र की आर्थिक स्थिति जीवन शैली पर सकारात्मक प्रभाव पडता है।

कुमार और कुमावत (2021) बताते हैं कि राजस्थान बहुत लोकप्रिय डेस्टिनेशन है और दुनिया भर में इसकी एक महत्वपूर्ण पहचान है। पर्यटन उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देता है, रोजगार पैदा करता है, हस्तशिल्प उद्योगों का विकास करता है, विदेशी मुद्रा कमाता है, बुनियादी ढांचे का विकास करता है, क्षेत्रीय और सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

शर्मा (2021) बताते हैं कि राजस्थान की राजधानी जयपुर में हर साल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आते हैं। पर्यटन उद्योग बुनियादी आर्थिक ढांचे के विकास में मदद करता है। पर्यटक उस जगह पर आते हैं और स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प में रुचि दिखाते हैं। शहर में टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा मौका है, क्योंकि यहाँ होटलों, रेस्टोरेंट, टूर ऑपरेटरों, सर्विस प्रोवाइडर्स, गाइड वगैरह की बड़ी चेन हैं। पॉलिसी बनाने वालों और स्टेकहोल्डर्स को इकॉनमी और इंडस्ट्री की बेहतरी के लिए पॉलिसी बनानी चाहिए। यह स्टडी सस्टेनेबल डेवलपमेंट और जयपुर शहर के लोकल इकोनॉमिक डेवलपमेंट पर आधारित है।

ग्रामीण पर्यटन स्थलों का परिचयात्मक विवरण

ऐतिहासिकपर्यटन स्थल

देसुरी - देसुरी का अर्थ है स्थानीय राजस्थानी बोली में देवताओं का स्थान जो संस्कृत शब्दों देव (ईश्वर) और सूरी (स्थान) से मिलकर बना है। यह नाम क्षेत्र की समृद्ध धार्मिक विरासत और यहाँ फैले असंख्य प्राचीन मंदिरों और तीर्थस्थलों की उपस्थिति को दर्शाता है। प्राचीन दुर्ग, बावडिया और कलापूर्ण छतरिया भी इसके इतिहास की साक्षी के रूप में विद्यमान है। इसकी व्युत्पत्ति से पता चलता है कि इस क्षेत्र में आध्यात्मिक भक्ति और दैवीय उपस्थिति में विश्वास से जुड़ा एक ऐतिहासिक महत्व है।देसुरीअपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, विशेष रूप कस्बे का इतिहास सदियों पुराना है, जिसमें प्राचीन बस्तियों के प्रमाण और इसकी रणनीतिक स्थिति शामिल है, जिसने संभवत: इसके विकास में योगदान दिया। देसुरी अपने पारंपरिक गांवों और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ राजस्थान के ग्रामीण जीवन की झलक भी प्रस्तुत करता है।

देसूरी दुर्ग - पाली जिले में सादड़ी नगर से 16 कि.मी दूर मांगलिया राजपूतों द्वारा समुद्रतल से 1587 फीट की ऊँचाई पर देसूरी दुर्ग का निर्माण करवाया गया। यह दुर्ग मूलत: मांगलिया चौहानों और सोलंकियों के अधिकार में रहा इस दुर्ग का निर्माण 11 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में माना जाता है। सौलंकियों के पश्चात् उदयपुर के महाराणाओं और 1826 में विजयसिंह जी ने इस दुर्ग पर अधिकार किया दुर्ग में धनेश्वर शिवालय महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल है हालांकि दुर्ग काफी जर्जर अवस्था मेंहै।

नाडोल - यह प्राचीन ऐतिहासिक शहर भारमल नदी के किनारे बसा हुआ है। नाडोल का नाम संस्कृत के शब्दों नाद (नीचे) और डोल (पहाड़ी) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है पहाड़ी के नीचे बसा। प्राचीन ग्रंथो में इसे नार्दुलपुर, नंदपुर, नंडूला आदि नाम से संबोधित किया जाता था। जो 10वीं-12वीं शताब्दी के बीच नाडोल के चौहानों (चाहमान) की राजधानी था। शाकंभरी चौहान शाखा के शासक राव लक्ष्मण चौहान (करीब 950 ईसवी) ने इसकी स्थापना की थी। यह एक मजबूत दुर्ग से घिरा नगर था, जो मेद लुटेरों और बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित था। 10वीं शताब्दी में निर्मित आशापुरा माता (चौहानों की कुलदेवी), मंदिर नाडोल के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यहाँ के शासक शैव थे लेकिन उन्होंने जैन मंदिरों को भी संरक्षण दिया। यह नगर प्राचीन कला और संस्कृति का केंद्र रहा।सन् 1197 ईस्वी में कुतुबुद्दीन ऐबक के आक्रमण के बाद नाडोल के चौहान कीर्तिपाल के नेतृत्व में जालौर चले गए । नाडोल सन् 1291 ईस्वी तक चौहानों के अधीन रहा ,1311 में अलाउद्दीन खिलजी द्वारा उदयसिंह के वंशज कान्हाददेव को हराने के बाद इस क्षेत्र पर दिल्ली सल्तनत का कब्जा हो गया। राव राजा लक्ष्मण , आल्हणदेव, केल्हण, और जयतसिंह यहाँ के प्रमुख चौहान शासक थे।

नाडोल दुर्ग - नाडोल कस्बे में नीलकण्ड महादेव मंदिर के पृष्ठ भाग में नाडोल दुर्ग के अवशेष मौजूद है। जिसे महमूद गजनवी और कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा नष्ट किया गया था।

जूना खेड़ा – यह प्राचीन ऐतिहासिक स्थल भरमल नदी के किनारे स्थित है जूनाखेड़ा को चौहान वंश के क्षत्रियों की प्राचीन राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसका संबंध महान हिंदू राजा पृथ्वीराज चौहान से है। पृथ्वीराज चौहान के पिता की मृत्यु सोलंकी वंश से युद्ध के दौरान इसी स्थान पर हुई थी ।जूनाखेडा पुरातात्विक महत्व का एक संरक्षित स्थान है। जिसका इतिहास 8वीं व 9वीं शताब्दी से सम्बन्ध रखता है। इसके उत्खनन से पुरातत्व महत्व की अनेक दुर्लभ वस्तुएँ प्राप्त हुई है पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अनुसार जूना खेड़ा में खुदाई के दौरान सिक्के, विभिन्न प्रकार की लोहे की वस्तुएं, तांबे की अंगूठियां अधूरे मनकों के अलावा, अन्य वस्तुएं भी बरामद की गई। प्रारंभिक देवनागरी अक्षरों में उत्कीर्ण मुहरें भी मिलीं।खुदाई से पता चला है कि जूना खेड़ा में प्रारंभिक मध्युगीन मनुष्य ईंट और ग्रेनाइट के घरों में रहते थे । जिनमें उस समय बैठक कक्ष, रसोई और भट्टे होते थे, और विभिन्न आकारों के पत्थरों को जोड़ने के लिए लोहे के क्लैंप का उपयोग किया जाता था । जूनाखेडा में प्रवेश के पांच मुख्य द्वार थे। जो क्रमश: कांटा बाव गेट, धुवां बाव गेट, तालाब, दरवाजा, सूरजपोल तथा लोको का दरवाजा कहते हैं। यह जोधपुर और उदयपुर के बीच एक समृद्ध व्यापार केंद्र था ।

बाली दुर्ग – बाली दुर्ग का निर्माण जालौर के चौहान राजा वीरमदेव द्वारा अपनी बहन बालादे और उसके पति मेवाड़ के राणा हम्मीर सिंह के निवारा हेतु बनवाया था। क्षेत्र में मान्यता है कि चौहान राजा बलदेव ने वि.सं. 1240 में इस दुर्ग का निर्माण करवाया और बाली नाम का एक नगर बसाया। बाली दुर्ग तीन परकोटों से गिरा है। इन परकोटों का निर्माण क्रमशः वीरमदेव, महाराणा उदयसिंह द्वारा करवाया गया। दुर्ग का खेमली दरवाजा आज भी विद्यमान है जबकि धरु, सेला, सेवाड़ी के द्वार अब समाप्त हो चुके है। किले की दीवारे बुझे दरवाजे बोल माजीसा मंदिरशीतला माता मन्दिर आज भी मौजूद है। यहां दुर्ग में बारुद के भण्डार दबे पड़े है।

घाणेराव – राजस्थान के इतिहास में घाणेराव कस्बा या घाणेराव का ठिकाना सुप्रसिद्ध रहा है। इस ठिकाने की स्थापना सन् 1606 ईस्वी मे मेवाड के महाराणा अमरसिंह प्रथम के काल मेंमेड़तिया राठौड़ ठाकुर गोपालसिंह (गोपालदास) द्वारा की गई थी।रियासती काल में कुम्भलगढ़ की सुरक्षा का महत्त्वपूर्ण भार इसी ठिकाने पर था ।प्राचीन दुर्ग बावड़ियाँ कलात्मक छतरियां इसके इतिहास के साक्षी गवाह है घाणेराव धार्मिक और सांस्कृतिक मामले में बड़ा समृद्ध है, इस नगर में सनातन और जैन धर्म के कई बड़े व खुबसुरत मंदिर बने है । यहाँ के शासकों ने मेवाड़ और मारवाड़ राज्य की रक्षार्थ जहाँ बलिदान दिए वहीँ जनहित में विभिन्न राणियों, शासकों और महाजनों ने वर्षा जल को संग्रहित कर पेयजल व कृषि को बढ़ावा देने के लिए लगभग 21 बावड़ियाँ बनवाई थी ।

घाणेराव चित्र शैली राजस्थान के पाली जिले के गोडवाड़ क्षेत्र में विकसित मारवाड़ स्कूल की एक प्रमुख उप-शैली (ठिकाना कला) है। नारायण, छज्जू और कृपा राम जैसे चित्रकारों द्वारा विकसित यह शैली रामायण, महाभारत, श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी कथाओं के साथ ही सामंती जीवन के दरबारी और व्यक्तिगत चित्रण में ठाकुरों, रानियों, योद्धाओं और शिकार के दृश्यों का अंकन, जिसमें मुगल प्रभाव के साथ राजस्थानी कला की झलक मिलती है।

नारलाई– राजस्थान की पाली जिले में स्थित ऐतिहासिक गांव है जो जैकाल पहाड़ी (हाथी जैसी पहाड़ी) जैन व वैष्णव मंदिर और प्राचीन बावडियो के लिए जाना जाता है। यह गोड़वाड़ की पंच तीर्थी में से एक तीर्थ है। इस स्थान का प्राचीन नाम नन्दकुलवन्ति, नारदपुरी और नाडुलाई (नाडुलाड़गिका) था। ऐसी किवदंती है कि देवर्षि नारद ने इस स्थान पर घनघोर तपस्या की और अपने नाम से एक नगरी बसाई जिसे आज नारलाई के नाम से जाना जाता हैं । एक प्राचीन नगर के अवशेष आज भी जमीन में से निकलते हैं।

पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल

जवाई बांध – जवाई बांधपश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध है। इस बांध को मारवाड़ का अमृत सरोवर, मान सरोवर एवं मारवाड़ की जीवन रेखा भी कहा जाता है। यह बांध अरावली की तलहरी में लूनी नदी की सहायक नदी जवाई नदी का पानी रोककर एरिनपुरा ग्राम के निकट इस बांध का निर्माण किया गयाबेडा नदी जवाई नदी की प्रमुख सहायक नदी है। इस बांध की नींव 12 मई 1946 को जोधपुर के महाराजा उम्मेदसिंह द्वारा रखी गई इस बांध की भराव क्षमता 61.25 फीट है। जवाई बांध किसी पहचान का मोहताज नहीं है अनुकुल वातावरण के चलते अलग-अलग प्रजापियों के पशु पक्षियों का घर है, बड़ी बड़ी पहाड़ियां, प्राकृतिक गुफा, घास व वन क्षेत्र, यहां की आबो-हवा पर्याप्त भोजन व पानी की व्यवस्था वन्य जीवों के फलने-फुलने के लिए उपयुक्त है। यह क्षेत्र पैंथर व मगरमच्छ के लिए ख्याात रहा है। इनके अलावा, भालू धारीदार हाइना, लोमड़ी, नील गाय, भेडिया, चिंकारा, ब्लूबुल व कई स्थानीय व प्रवासी पक्षियों के लिए (आश्रय स्थल) शरण गाह है।

जवाई लेपर्ड्स हिल – पाली जिले में सुमेरपुर के पास स्थित जवाई लेपर्ड क्षेत्र प्राचीन ग्रेनाइट पहाड़ियों और विशाल जवाई बांध के लिए प्रसिद्ध है, इसे 'लेपर्ड्स हिल' के रूप में भी जाना जाता है । यह क्षेत्र अपनी अनूठी पैंथर सफारी ,प्रवासी पक्षियों, मगरमच्छों और अन्य वन्यजीवों के निवास स्थान के लिए पहचाना जाता है। यहाँ पैंथर और स्थानीय समुदाय के बीच अद्भुत सह-अस्तित्व देखने को मिलता है। जहाँ इंसान और तेंदुए बिना किसी संघर्ष के साथ रहते हैं बेरा, पैरवा, सैणा, जीवदा, बिसलपुर, दूदनी, कोठार, लालपुरा, सिवेरा और लुंदाड़ा समेत करीब 20 गांव ऐसे हैं, जहां पैंथर की 50से 60 फैमिली हैं ,जो यहाँ की चट्टानी गुफाओं में स्वतंत्र रूप से विचरण करती हैं। अक्टूबर से मार्च के बीच यहाँ की सैर करना सबसे अच्छा माना जाता है, प्रति वर्ष हजारों देसी व विदेशी पर्यटक भ्रमण हेतु आते है।

रणकपुर बांध – मघाई नदी पर बना रणकपुर बांध (सादडी बांध) पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। इस बांध का निर्माण जोधपुर रियासत के महाराजा सर प्रतापसिंह ने वर्ष 1942-48 में अरावली पर्वतमाला की तलहटी में करीब छ: महाड़ियों को मिलाकर बनाया था। यह बांध सागरतल से 221 मीटर कि उच्चाई पर बना है, इसकी भराव क्षमता 62.70 फीट (205 MCFT) है। इस बांध पर शाम के समय सूर्यास्त का दृश्य प्राकृतिक सुंदरता के साथ पर्यटकों को आकर्षित करता है।

ठंडी बेरी – घाणेराव – घाणेराव के समीप मारवाड़-मेवाड़ के रियासतकालीन रास्ते मे 600 फीट की ऊंचाई पर तीन नदियों, दो नालों को पार करने पर ठंडी बेरी दिखाई देती है,प्रारंभ में इस मीठा पानी के कुँए को स्थानीय लोग ठंडी बेरी कहते थे।ठंडी बेरी स्थल कोवन विभाग द्वारा 1978 में ठंडी बेरी बांध का रूप दिया। इस बांध की खासियत यह है, कि यह कभी सूखता नहीं। यहां तक कि इस सदी के सबसे भीषण अकाल छप्पनिया काळ में भी बांध से अविरल धाराएं झरनों के रूप में बहती रहीं, पूरे कुंभलगढ़ अभयारण्य में विचरण करने वाले वन्यजीवों की प्यास बुझाने का एकमात्र

स्त्रोत है। मानसून सीजन में अगर आप लेह–लद्दाख और कश्मीर की वादियों जैसा दीदार अगर पाली जिले में ही करना चाहते हैं तो आपको ठंडी बेरी जरूर जाना चाहिए। अरावली की पहाड़ियां के शांत वातावरण में जहाँ आपको हिरण, जंगली सूअर और विदेशी पक्षी देखने को मिल सकते हैं। रास्ते में मगरमच्छ धूप सेंकते देखे जा सकते हैं, और एडवेंचर का अहसास कराने वाली सड़कें और शीतल हवा के झोंके आपको रोमांचित कर देंगे।

हर–हर गंगें बीजापुर – पाली जिले के बीजापुर (बाली तहसील) के निकट स्थित हर–हर गंगे एक प्राचीन और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसे 'राजस्थान का मिनी हरिद्वार' भी कहा जाता है। यह स्थल लगभग 500 साल पुराना है और इसमें यहां हर–हर गंगे मां, हिंगलाज माता और नागरेश्वर महादेव के मंदिर स्थित हैं। जहां गौमुख से 24 घंटे निरंतर पानी बहता रहता है। यहाँ 5 चमत्कारी कुंड हैं। यह स्थान पहाड़ियों और जंगलों से घिरा है,यहां विभिन्न जातियों लोग अपने पूर्वजों की अस्थियां विर्सजन के लिए भी आते हैं, इसके साथ ही अठखेलियां करते बंदरों, कल–कल बहते झरने और हरी–भरी वादियां आपका मनमोह लेगी। यह स्थान अरावली की वादियों में स्थित होने के कारण मानसून के दौरान पर्यटकों की भीड़ लगी हुई है। आप प्राचीन मंदिर के दर्शन करने साथ झरने के पानी में नहाने व पहाड़ों में ट्रेकिंग का आनंद भी ले सकते है।

धार्मिक पर्यटन

रणकपुर जैन मंदिर – राजस्थान में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्यचारो और जंगलों से घिरे रणकपुर में भगवान ऋषभदेव का चतुर्मुखी जैन मंदिर है। भारत के जैन मंदिरो में शिल्प एवं विशालता की दृष्टि से सम्भवतः इसकी इमारत सबसे भव्य एंव विशाल है। यह गोडवाड़ के जैन पंचतीर्थो में प्रमुख माना जाता है। इसका निर्माण आज से करीब 600 वर्ष पूर्व महाराणा कुम्भा के काल में सेठ धरणशाह ने संवत 1446 ई. में प्रसिद्ध शिल्प विशेषज्ञ श्देपाश की देखरेख में करवाया था। सेठ धरणशाह ने कुम्भलगढ़ से मालगढ़ जाने वाले रास्ते में माद्रीपर्वत की छाया में बसे मादड़ी गांव को मंदिर निर्माण स्थल हेतु चुना, बाद में धरणशाह ने मादड़ी गांव का नाम बदलकर रणकपुर कर दिया। रणकपुर के इस चौमुखा मंदिर की इमारत का निर्माण लगभग 48000 वर्गफीट जमीन पर किया गया, जिसमें कुल 24 मण्डप, 84 शिखर और 1444 स्तम्भ है। इस मंदिर में चार कलात्मक प्रवेश द्वार है, मंदिर के मुख्य गृह में तीर्थकर आदिनाथ की संगमरमर से बनी चार विशाल मूर्तियां है, करीब 72 इंच ऊंची ये मूर्तियां चार अलग अलग दिशाओं की ओर उन्मुख है। इसी कारण इसे चतुर्मुख मंदिर कहा जाता है। मुख्य मंदिर के चारों तरफ उत्कीर्ण मूर्तियों में जनजीवन की झांकिया दिखाई देती है, ऊंचे तोरणद्वार, सभामंडप गर्भ गृह, देवकुलिकाय, विभिन्न मुद्राओं में उत्कीर्ण नृत्यागनाएं संगीत के विभिन्न वाद्य प्राकृतिक दृश्यावलिया, पौराणिक दृश्य समकालीन वेशभूषा आभूषण आदि अत्यंत सुंदरता के साथ प्रस्तुत किए गए है।

सूर्य मंदिर – यह जैन मंदिर के पास ही स्थित है, जिसे सूर्य नारायण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसमें नागर शैली में सफेद चूने पत्थर से सूक्ष्म आभूषणों का काम किया गया है। 13वीं सदी में बने इस मंदिर के ध्वस्त होने के बाद 15वीं शताब्दी में इसका पुर्ननिर्माण किया गया। सूर्य मंदिर का मुख पूर्व दिशा की ओर है, जिसमें भगवान सूर्य की रथ पर सवार मूर्ति दिखाई गई है, मंदिर की दीवारों पर योद्धाओं, घोड़ो और स्वर्गीय पिंडों की अदभुत नक्काशी हुई है, जो विगत युग के लोगों की कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती है। मंदिर के गर्भ गृह से पहले एक अष्टकोणीय मण्डप है, जिसमें छः बरामदे है, सूर्य मंदिर का प्रबंधन उदयपुर के शाही परिवार ट्रस्ट द्वारा किया जाता है।

परशुराम महादेव – पाली और राजसमंद जिले की सीमा पर अरावली पर्वत श्रृंखला की एक कन्दरा में स्थित परशुराम मन्दिर मूलतः भगवान शिव को समर्पित है। इसे 'राजस्थान का अमरनाथ तथा मरुस्थल का कैलाश' भी कहते हैं। परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है, अपनी तपोस्थली के लिए परशुराम ने अपने फरसे से अरावली पर्वत श्रृंखला में एक कन्दरा (गुफा) का निर्माण किया जो समुद्रतल से लगभग 3500 से 4000 मीटर की ऊंचाई परस्थितहैं। परशुराम गुफा से कुछ धार्मिक मान्यता भी जुड़ी है वही व्यक्ति बद्रीनाथ के कपाट खोलने का अधिकारी है जिसने परशुराम महादेव के दर्शन किए हों। परशुराम महादेव में सबसे पहले कुण्डधाम बना हुआ है। जिसे शिव कुण्ड कहा जाता है। शिव कुण्ड के निकट हनुमान जी का मन्दिर, शिव मन्दिर, गोविन्द स्वामी मन्दिर स्थित है। उक्त मन्दिरों के दर्शनी के पश्चात् 200 सीडियों के साथ परशुराम महादेव की पैदल चढाई प्रारम्भ होती है। यहां से लगभग 3 से 4 कि.मी. पहाड़ी मार्ग से चढ़ना पड़ता है। उक्त दूरी में पर्यटकों को विभिन्न प्रकार के आनंद प्राकृतिक वातावरण के साथ प्राप्त होते हैं।गुफा में प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग हैं , जिस पर लगातार जल अभिषेक होता रहता है तथा छत पर अनेक गौ–मुख और कमलाकार आकृतियों निर्मित है। स्थानीय लोग प्रतिवर्ष श्रवण सदी छठ और सप्तगी को यहा विशाल मेला भरता है। परशुराम महादेव स्थल का भौगोलिक रूप से विशेष महत्व है महादेव गुफा में चूना निर्मित स्टैलेग्माइट व स्टैलेक्टाइट स्थलाकृतिया देखने को मिलती हैसाथहीपहाड़ों में ट्रेकिंग का आनंद भी ले सकते है।

निम्बो का नाथ (निम्बेश्वर महादेव) – राजस्थान के पाली जिलें में फालना सांडेराव मार्ग के मध्य में अवस्थित निम्बों का नाथ महादेव मन्दिर जिसे निम्बेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक हिन्दू मान्यताओं के अनुसार अपने निर्वासन काल में पांडवों की माता कुन्ती द्वारा यहां भगवान शिव की पूजा की जाती थी। मन्दिर की दीवारें कलात्मक शिल्प और नक्काशी से युक्त थी यह मन्दिर कालान्तर में नष्ट हो गया था जो वि.सं. 1632 में पुनः प्रकाश में आया। यहां पर पाण्डवों द्वारा स्थापित नव दुर्गा मन्दिर और एक बावड़ी के प्रमाण भी प्राप्त हुए। मन्दिर में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा अत्यन्त सुन्दर एवं आकर्षक प्रतीत होती है। प्रतिवर्ष शिवरात्री और वैशाखी पूर्णिमा के दिन यहां मेले और उत्सव का आयोजन किया जाता है।

सोनाणा खेतलाजी – देसूरी तहसील के सारंगवास व सोनाणा गाँव में सूकड़ी नदी के तट पर स्थितश्री सोनाणा खेतलाजी मंदिर लगभग 800 वर्ष पूर्व निर्मित हुआ था। यह मंदिर प्राचीन राजपूत स्थापत्य कला की सुंदर कला को दर्शाता है।मारवाड़ क्षेत्र के विभिन्न जाति और धर्म के लोगों के लिए खेतलाजी स्थानीय लोक देवता हैं। श्री खेतलाजी को भगवान भैरव के रूप में पूजा जाता है जिन्हें भगवान शिव का पांचवा अवतार माना जाता है। श्री खेतलाजी को श्री भैरव या श्री क्षेत्रपाल जी के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर में स्वयंभू साँप की मूर्ति भी है जिसे श्री खेतलाजी का रूप माना जाता है। श्री खेतलाजी काशी से मंडोर आए थे बाद में, उन्होंने सोनाणा का दौरा किया। ऐसा माना जाता है कि भगवान भैरव ने सोनाणा खेतलाजी में स्थित गुफाओं में अपना निवास बनाया औरअरावली पर्वत श्रृंखला में ध्यान कर रहे ऋषियों की रक्षा करते थे।

मुछाला महावीर मन्दिर – घाणेराव कस्बे में स्थित भगवान महावीर स्वामी

को समर्पित एक जैन मन्दिर है।अरावली की पहाडियों में बने इस मन्दिर का निर्माण काल 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच माना जाता है।मन्दिर के प्रवेश द्वार पर दो हाथियों की प्रतिमा दो पहरेदारों के रूप में बनी है। यहा प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मेला भरता है।इस मन्दिर से जुड़ी एक कहानी भी क्षेत्र में प्रचलित है, कि मेवाड़ महाराणा ने अपने सरदारों सहित दर्शनार्थ पधारे मन्दिर के पुजारी को महाराणा को प्रसाद दिया जिसमे एक बाल देखकर एक सामन्त ने व्यंग्य किया कि आपके भगवान के मुछे है। पुजारी ने भगवान में श्रद्धा रखने के कारण हाँ कह दिया, तभी महाराणा ने भगवान की मुछे देखने की बात कही इस पर पुजारी ने तीन दिन का समय मागा महाराणा के क्रोध के डरे पुजारी ने बिना अन्न जल ग्रहण किए तीन दिन तक भगवान की गौर तपस्या की तीन दिन पश्चात् महाराणा वापस आये तो मूर्ति पर मुछे देखकर उन्हें विश्वास नहीं हुआ ओर उन्होने मुछ का एक बाल खिचलिया जहा से दूध की धारा फूट पड़ी महाराणा भगवान के सामने नतमस्तक हो गये। राजस्थान के गोड़वाड़ सर्किट में स्थित यह मन्दिर जैन सम्प्रदाय के पँच तीर्थों में सम्मिलित है।

राता महावीर बीजापुर – राता महावीर के नाम से प्रसिद्ध जैन तीर्थ प्राचीन हत्थुन्डी (वर्तमान बीजापुर) नामक गांव मे स्थित है। जैन मुनि जिनविजय जी ने राता महावीर को राजस्थान के 556 जैन जीनालयों में सर्वाधिक प्राचीन स्वीकार किया है। इस मन्दिर का उल्लेख मुनि जानसुन्दर द्वारा रचित पुस्तक ष्श्री पार्श्वनाथ भगवान की परम्परा का इतिहासष में भी मिलता है। पुस्तक के अनुसार जैन धर्म के 24वे तीर्थकर महावीर स्वामी के इस मन्दिर का निर्माण वि.स. 360 में वीर देव श्रेष्ठी द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के 30वे पटधर आचार्य सिद्धसुरी के आशीर्वाद से होना बताया गया है। मन्दिर में बनी भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा ईट और चुने से निर्मित है और इसका रंग लाल होने के कारण इसे राता महावीर के नाम से सम्बोधित किया जाता है। प्रतिमा की मुख्य विशेषता पीछे का आकार सिंह का और मुख हस्ती का (हाथी) होना है। हाथी का मुख होने के कारण ही इस नगरी को हस्तीकुण्ड के नाम से सम्बोधित किया जाता था। जो वर्तमानहत्थुन्डी (वर्तमान बीजापुर)के रूप में पहचाना जाता है। आज जहा मन्दिर बना है। वहां प्राचीन काल में एक वैभवशाली नगर हुआ करता था। 14वीं शताब्दी के एक लेख के अनुसार यहा 8 कुरो, बावड़ियों स्थित भी 160 पणिहारिया पानी भरती थी। वि.स. 2001 में मन्दिर का जीर्णोद्धार कार्य सम्पन्न हुआ और यहा 24 देव कुलिकाएं गुख्य मन्दिर में स्थापित करवाई गई जो मन्दिर द्वार के दोनों और 6-6 एवं अंदर की और दाहिने और बांये भाग में 6-6 के रूप में स्थित है। मन्दिर के गर्भ गृह में मूल नायक श्री महावीर स्वामी प्रभु की पद्मानस्थ रक्तप्रवाल वर्णी एक 135 से.मी. की अत्यन्त प्रभाव शाली प्रतिमा स्थापित है। जिसके गले में मोतियो की माला हाथों में बाहुबन्ध, पांव और हाथ में सुन्दर कड़े पहनाऐ गए है।

आदिनाथ का जैन – नारलाई के जैन मंदिरों में से यहसबसे पुराना मंदिर है जो दसवीं शताब्दी का प्रतीत होता है। यहाँ से प्राप्त शिलालेखों में से सबसे प्राचीन लेख वि.सं. 1187 का है जिसमें चौहान राजा रायपाल द्वारा मंदिर को दान दिये जाने का उल्लेख है। शिलालेखों से ज्ञात होता है कि पहले यह महावीर स्वामी का मंदिर था, बाद में यहाँ आदिनाथ की मूर्ति स्थापित की गई। एक लेख में मंदिर के निर्माणकर्ता का नाम राजा सम्प्रति लिखा हुआ है। विक्रम संवत् 1597 के एक लेख में कहा गया है कि यह मंदिर पहले खेड़ नगर में स्थित था इसे संडेरक गच्छीय यशोभद्र सूरी अपनी मंत्र शक्ति से उड़ा कर लाये थे। योगी तपेश्वरजी भी यशोभद्रजी के समकालिक थे। वे भी एक मंदिर खेड़ नगर से उड़ाकर लाये थे। अब इन दोनों योगियों को जसिया व केशिया कहा जाता है। इन दोनों के स्वर्गारोहण के पश्चात दो स्तूप पास-पास में बनाये गये। बताया जाता है कि ये दोनों स्तूप रोज घटते-बढ़ते रहते हैं। इस मंदिर का स्थापत्य और बनावट सुन्दर है। मंदिर के रंग मण्डप को सुन्दर भित्ति चित्रों से सजाया गया है। इस मंदिर को वीरा देवल भी कहते हैं। मंदिर के मूल गंभारे के ऊपर विशाल शिखर के आसपास देव कुलिकाओं के छोटे-छोटे शिखर बहुत सुंदर दिखाई देते हैं। नारलाई के अन्य जैन मंदिरों में गिरनार तीर्थ बहुत प्रसिद्ध है जिसमें नेमीनाथ की श्यामवर्णी प्राचीन प्रतिमा प्रतिष्ठित है। गिरनार पहाड़ी के दाहिनी ओर सहसावन तीर्थ है यहाँ पर नेमि-राजुल के पद चिन्ह हैं। कहा जाता है कि गिरनार पर्वत पर नेमिनाथ की स्थापना भगवान श्री कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न ने की थी। इस पर्वत को यादव टेकरी भी कहते हैं। इसके सामने की टेकरी को शत्रुञ्जय तीर्थ कहा जाता है। सुपार्श्वनाथजी का मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, गौड़ी पार्श्वनाथ, सोगटिया पार्श्वनाथ तथा श्री वासुपूज्य स्वामी का मंदिर भी कला, शिल्प व स्थापत्य के उत्कृष्ट नमूने हैं।

स्वर्ण मंदिर, फालना – गोडवाड सर्किट के फालना नगर में स्थित जैन स्वर्ण मंदिर (स्वर्ण जैन तीर्थ) अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, जो मुख्य रूप से भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है। मन्दिर के गर्भगृह में काले ग्रनाईट पत्थर से निर्मित जैन धर्म के 23वें तीर्थकर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ की प्रतिमा स्थापित है। पास ही श्री नाकौड़ा भैरव की पाषाण प्रतिमा भी विराजमान है। यह देश का पहला जैन स्वर्ण मंदिर माना जाता है, जिसके शिखर और दीवारों पर लगभग 90 किलो सोने की परत चढ़ाई गई है। जो अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की याद दिलाता हैं । मंदिर के गुंबद और प्रतिमा को सजाने के लिए जैन समुदाय की महिलाओं ने 90 किलो सोना दान किया था।सन् 2004 में भारत के स्व. उपराष्ट्रपति श्री भैरोसिंह शेखावत द्वारा इस मन्दिर का उद्घाटन सम्पन्न किया गया था। पर्यटकों के ठहरने और खाने की व्यवस्था भोजनशाला और धर्मशाला के रूप में उपलब्ध है।

संत शिरोमणि, रघुनाथ पीर धाम, ढालोप – अलख उपासक सिद्ध पुरुष सगसजी महाराज के राजस्थान की धरती पर अनेकानेक शिष्य हुए है, जिन्हें पीर की पदवी से नवाजा गया। दैवभूमि ढालोप मे प्रसिद्ध मेघवंशी समाज के संत शिरोमणि रघुनाथ पीर ने भी समस जी महाराज से दीक्षा लेकर ज्ञान रूपी आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त की थी।श्री रघुनाथ पीर ने अलख उपासना के माध्यम से अपने गुरु के निजारी दावे को आगे बढ़ाया। संत श्री रघुनाथ पीर का समाधि स्थल एवं भक्ति धाम ढालोप गाँव में स्थित है, जहा मारवाड़ क्षेत्र का ब्रह्माजी का एकमात्र मन्दिर है।परम संत श्री रघुनाथ पीर ने नाथ संप्रदाय के सिद्धो जसनाथ एवं लाडूनाथ जी को भी चुनौती दी और कई परचे व चमत्कार देकर उन्हें अंचभित किया। तब से नाथ संप्रदाय द्वारा आपको पीर की पदवी से नवाजा गया। श्री रघुनाथ पीर ने विक्रम संवत् 1385 में वैशाख माह शुक्ल पक्ष तिथि बारस शनिवार के दिन ढालोप में जीवित समाधि धारणकर अपने भक्तों को धर्म पर दृढ़ रहने की शिक्षा दी। प्रतिवर्ष बसंत पंचमी एवं फाल्गुन वदी पंचमी के दिन श्री रघुनाथ पीर की समाधि पर मेले का आयोजन होता है। राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश एवं अन्य अंचलों से लाखों लोग नमन करने पहुंचते है एवं पीरजी की कृपा से उनकी मुरादे पूरी होती है।

श्री आशापुरा माताजी मंदिर – नाडोल गाँव में स्थित एक प्रसिद्ध और

पूजनीय मंदिर है। यह मंदिर माँ आशापुरा माताजी को समर्पित है,माँ शाकम्भरी और आशापुरा दोनों एक ही एक स्वरूप है जिन्हें चौहान (चौहान राजपूत) वंश की कुलदेवी माना जाता है और राजस्थान तथा गुजरात में उनकी व्यापक रूप से पूजा की जाती है। श्री आशापुरा माताजी मंदिर के गर्भगृह में माँ आशापुरा माताजी की पवित्र मूर्ति स्थापित है। आशापुरा शब्द का अर्थ है आशाओं और इच्छाओं को पूरा करने वाली देवी। ऐसा माना जाता है कि सच्ची श्रद्धा से आने वाले भक्तों की मनोकामनाएँ देवी पूरी करती हैं। मंदिर का हर कोना आस्था परंपरा और इस भूमि की सुदृढ़ सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। यह मंदिर पारंपरिक राजस्थानी शैली की हिन्दू वास्तुकला को दर्शाता है, जिसमें सुंदर नक्काशीदार स्तंभ, गर्भगृह और जटिल पत्थर की कलाकृतियाँ हैं। ऐसा माना जाता है कि नाडोल स्थित मंदिर की स्थापना मध्यकाल में, संभवतः चौहान वंश के शासकों द्वारा की गई थी। एक शिलालेख के अनुसार वि.स. 1030 में सिंहराज जो चौहान वंश का प्रथम पुरुष था। सांभर का शासक बना इसी का छोटा भाई लाखणसि चौहान था जो महात्वाकांक्षी वीर पुरुष अरावली पर्वतों को पार करके गोडवाड प्रदेश में पहुंचा।

गोड़वाड़ प्रान्त में उन दिनों पाली, बाली, और नाडोल प्रमुख व्यापारिक केन्द्र थे। नाडोल में सामन्तसिंह चावड़ा नामक गुजरातियों का एक सामन्त शासन करताथा जो अयोग्य होने के कारण प्रजा ने सागत सिंह के स्थान पर राव लक्ष्मण को राजसिंहासन पर आसिन्न किया। इस प्रकार लक्ष्मण नाडोल के महाधिराजाराज बन गये। उन्होंने एक भव्य मन्दिर का निर्माण करवाया और माँ शाकम्भरी देवी को माता आशापुरा के नाम से प्रतिष्ठित किया गया। मन्दिर के समीप ही बावड़ी का निर्माण करवाया जिसे आज महाराव लाखणसिंह बावड़ी के नाम से जाना जाता है। आशापुरा माता धाम में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। लेकिन नवरात्रि में सबसे ज्यादा संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान विशेष पूजा, आरती और भजन गाए जाते हैं। माता में आस्था रखने वाले कई परिवार विशेष अवसरों, विवाह और अनुष्ठानों के दौरान आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर आते हैं।

श्री आई माता मंदिर – नारलाई गांव में सीरवी समाज के आराध्य देवी आई माताजी का प्रसिद्ध मंदिर मौजुद है, वही उत्तर पूर्व एक विशाल हाथीनमा पर्वत जिसका नाम जय एकलिंगजी जैकलजी है,इस पर्वत के शिखर पर 15 फीट उंची हाथी की सफेद प्रतिमा है। साथ ही 200 से 250 फीट की ऊंचाई पर पर्वत की अधर गुफा में एकलिंगजी का एक छोटा मंदिर भी मौजुद है। इसी पहाड़ की तहलटी में भंवर गुफा है, इसके निर्माण के बारे में बताया जाता है कि माताजी ने सोहन सीटीया चलाया और भंवर गुफा का प्रादुर्भाव हुआ तो अंदर शिवजी का शिवलिंग स्थान पाया गया। जो ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र बना हुआ है, भंवर गुफा को देखने के लिए बडी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते है। इस गुफा में प्रवेश करते ही अलग ही एहसास होता है। जिसकी लम्बाई करीब 500 मीटर से भी अधिक है,साथ ही नारलाई में कई ऐतिहासिक धरोहर आज भी मौजुद है।

अन्य दर्शनीय स्थल – पहाड़ी पर स्थित बैजनाथ महादेव, हिंगलाज माता मंदिर, गांव में स्थित तपेश्वर महादेव, चारभुजा तथा अन्य मंदिर दर्शनीय हैं।

